3 | राजधानी
स्मार्ट होगी अमीरुद्दौला लाइब्रेरी

6 | अभिमत
पुतिन का असाधारण राजनीतिक सफर

10 | स्पोर्ट्स
होल्डर ने अपनी टीम की तारीफ की

11 | विदेश
चीन की कार्रवाई उकसाने और अस्थिर करने वाली

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 10 अंक 264
लखनऊ, मंगलवार, 14 जुलाई, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

विवाह की संस्था में है रकुलप्रीत को विश्वास
विविध-12

गहलोत सरकार की क्रैश लैंडिंग पर आमादा पायलट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/जयपुर

- सुबह 109 विधायकों के समर्थन का दावा करने वाले सीएम शाम गए नंबर गेम में उलझे, आज फिर बुलाई गई विधायक दल की बैठक
- सचिन को भी भेजा गया न्योता लेकिन बागी उपमुख्यमंत्री नहीं होंगे शामिल, वीडियो जारी कर कराया ताकत (30) का अहसास
- दो विधायकों वाली भारतीय ट्राइबल पार्टी ने सरकार से समर्थन वापस लेकर गहलोत को दिया झटका, विधायकों से कहा वोटिंग से रहें दूर

राजस्थान की सियासत में कांग्रेस के भीतर से उठा रेगिस्तानी तूफान, जबर्दस्त राजनीतिक हलचल-कड़े संदेशों और दावों से भरा हुआ पूरा दिन बीतने के बाद और प्रचंड होता दिख रहा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उनसे दो-दो हाथ करने पर आमादा उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच अदावत की दीवार गुजरते पलों के साथ और ऊंची होती चली गई जिसे भेदने में समझौते का कोई भी फार्मूला कारगर नहीं हो सका। पायलट के कड़े तेवर से गहलोत सरकार का संकट गहराता गया जिसकी पुष्टि मंगलवार को फिर बुलाई गई कांग्रेस विधायक दल की बैठक से हो गई। सुबह दस बजे होने वाली सीएलपी की बैठक में पायलट को भी न्योता गया है और यह चेतावनी भी दी गई है कि गैरमौजूद रहने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी लेकिन, बागी प्रदेश अध्यक्ष ने साफ कर दिया है कि वे इसमें शामिल नहीं होंगे।

इतना ही नहीं, पहली बार अपनी ताकत का अहसास कराते और 109 विधायकों के समर्थन के गहलोत के दावे के झुठलाते सचिन ने सोमवार की रात दस बजे एक वीडियो भी जारी किया। इस वीडियो में वह अपने समर्थक विधायकों के साथ नजर आ रहे हैं। गुड़गांव मानेसर स्थित एक होटल में अपने समर्थकों के साथ टिके पायलट ने 30 के समर्थन का दावा किया है और, दोपहर में मुख्यमंत्री आवास पर शक्ति परीक्षण के बाद 109 विधायकों के समर्थन के गहलोत के दावे को खारिज करते हुए कहा है कि सीएम के पास सिर्फ 84 विधायक हैं, शेष उनके साथ हैं। तल्ख तेवर बरकरार रखते हुए उपमुख्यमंत्री ने न सिर्फ राहुल गांधी के साथ मिलने से मना कर दिया बल्कि, सोनिया-प्रियंका से बातचीत करने अथवा समझौते के लिए शर्त रखने के कांग्रेसी नेताओं के दावों को भी ठुकरा दिया। उन्होंने पार्टी की तरफ से उन्हें समझौता फार्मूला दिए जाने की बात भी खारिज कर दी और कहा कि वे कोई समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वे भाजपा में नहीं जाएंगे लेकिन, सूत्रों ने बताया कि वे भगवा पार्टी के संपर्क में हैं। (शेष पेज 9)

राजस्थान की सियासत में रेगिस्तानी तूफान

जयपुर से अपने समर्थक विधायकों को बस से ले जाते राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत

भाजपा की मांग, सदन में जल्द बहुमत सिद्ध करे राज्य सरकार

दीपक उप्रेती। नई दिल्ली

उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट द्वारा बागी तेवर अपनाए जाने के बाद राजस्थान में उभरे राजनीतिक संकट के मामले में भाजपा 'देखो और प्रतीक्षा' करो की नीति पर चल रही है। पार्टी ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस राज्य में अपने घर को सुव्यवस्थित रखने में पूरी तरह से विफल साबित हुई है और सरकार की अस्थिरता को लेकर दूसरे पर दोषारोपण कर रही है, जो उसके लिए कही से भी अच्छा नहीं है। भाजपा ने मांग की है कि गहलोत सरकार विधानसभा में जल्द से जल्द अपना बहुमत साबित करे। अशोक गहलोत सरकार को गिराने के लिए पर्याप्त संख्या में विधायकों को जुटाने में नाकाम रहे पायलट ने कहा कि वे ज्योतिरादित्य सिंधिया की तरह भगवा पार्टी में शामिल नहीं होने जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सिंधिया ने मार्च में मध्य प्रदेश में कांग्रेस सरकार को गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और वे भाजपा में शामिल हो गए थे। सूत्रों के मुताबिक भाजपा नेता राजस्थान के बागी उप मुख्यमंत्री के संपर्क में हैं लेकिन वे राज्य में नंबर गेम पूरी तरह से सामने आने का इंतजार कर रहे हैं। (शेष पेज 9)

राजनीतिक उठापटक के बीच एक बार फिर आईटी-ईडी ने मारे छापे

पायनियर समाचार सेवा। जयपुर

राजस्थान में सियासी संकट के बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करीबी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष और ज्वैलरी फर्म के मालिक राजीव अरोड़ा तथा कांग्रेस नेता धर्मेंद्र राठौड़ के यहां आयकर विभाग ने छापे मारे। इन दोनों नेताओं के राजस्थान, दिल्ली और महाराष्ट्र समेत 24 ठिकानों पर कार्रवाई की गई।

दोनों नेता पार्टी का चुनाव प्रबंधन और फंडिग का काम देखते हैं। ईडी ने जयपुर के पास कूकस स्थित होटल फेयर माउंट में भी छापा मारा। यह होटल अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत के करीबी का है। बीज निगम के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ के जयपुर स्थित अपार्टमेंट पर रेड किया गया। आयकर विभाग की टीम राठौड़ के निवास पर पहुंची। सूत्रों के अनुसार, ये छापे टैक्स चोरी की शिकायत को लेकर मारे गए हैं। राजस्थान में सरकार गिराने की कोशिशों के बीच इन छापेमारी पर सियासत शुरू हो गई। कांग्रेस ने कहा कि भाजपा गलत तरीके अपना रही है। (शेष पेज 9)

लखनऊ की दिव्यांशी ने 100 फीसदी अंक लेकर किया टॉप

सीबीएसई 12वीं के नतीजे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कोरोना के चलते लंबा इंतजार कराने वाले सीबीएसई 12वीं के नतीजे सोमवार को घोषित कर दिए गए। इस साल राजधानी के नवयुग रेडिएंस पब्लिक स्कूल की छात्रा दिव्यांशी जैन ने शत-प्रतिशत यानी 600 में से 600 अंक हासिल कर देश भर में टॉप किया है। इस बार घोषित नतीजों में यूपी का परिणाम 82.49 प्रतिशत है। दिव्यांशी ने इतिहास, अंग्रेजी, संस्कृत, भूगोल, अर्थशास्त्र और इंश्योरेंस जैसे विषयों में शत प्रतिशत अंक पाकर यह कीर्तिमान स्थापित किया है। बिना ट्यूशन यह उपलब्धि हासिल करने वाली दिव्यांशी शोध के क्षेत्र में जाना चाहती हैं। दिव्यांशी के पिता राजेश प्रकाश जैन स्टेशनरी व्यापारी हैं जबकि मां सीमा जैन गृहणी हैं। रोजाना तीन से चार घंटे पढ़ाई करने वाली दिव्यांशी ने हाईस्कूल में भी 98 प्रतिशत अंक हासिल किए थे।

सीबीएसई की इस साल की 12वीं की परीक्षा में 92.15 छात्राएं और 86.19 छात्र पास हुए हैं। बोर्ड का कुल पास प्रतिशत 88.78 रहा है। दिल्ली क्षेत्र में 2,37,901 छात्रों ने हिस्सा लिया था जिनमें 2,24,552 छात्र पास हुए हैं यानी कुल 94.39

परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विजयी मुद्रा में प्रसन्नता व्यक्त करती दिव्यांशी

फीसद छात्रों को अगली कक्षा में पहुंचने में सफलता मिली है। वहीं इस साल 16043 विदेशी छात्रों ने हिस्सा लिया था जिसमें से 15122 छात्र पास हुए हैं। त्रिवेंद्रम जोन से सबसे ज्यादा छात्र 97.76 फीसद छात्र पास हुए हैं। इसके बाद बेंगलुरू जोन से 97.05, चेन्नई से 96.17 फीसद छात्र सफल हुए हैं। इस बार 12 वीं की परीक्षा में 1,57,934 छात्र ऐसे हैं जो 90 फीसद से ज्यादा अंक पाए हैं। इनमें से 38,686 छात्र ऐसे हैं जिन्हें 95 फीसद अंक मिले हैं। स्कूल के हिसाब से रिजल्ट को देखें तो नवोदय विद्यालय से 98.70 प्रतिशत, केंद्रीय विद्यालय से 98.62 प्रतिशत और निजी स्कूलों से 88.22 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं। इसके साथ ही सीबीएसई की ओर से जारी रिलीज के मुताबिक जिन विषयों की परीक्षाएं नहीं हो पाईं थी उनका मूल्यांकन बच्चों द्वारा दिए जा चुके तीन विषयों के औसत के अनुसार किया गया है।

(संबंधित समाचार पेज 3)

भारत में 75,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगा गूगल

- सीईओ सुंदर पिचाई का ऐलान, इस निवेश से डिजिटल इंडिया के प्रधानमंत्री मोदी के इरादों को पूरा करने में मिलेगी मदद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

गूगल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई ने सोमवार को भारत में अगले पांच-सात साल में 10 अरब डालर यानी 75,000 करोड़ रुपए का निवेश करने की घोषणा की। कंपनी की गूगल फॉर इंडिया की पहल के तहत किए जाने वाले इस निवेश का मकसद देश में डिजिटलीकरण की प्रक्रिया को तेज करने में मदद करना है। भारतीय मूल के पिचाई ने सोमवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक ऑनलाइल बैठक भी की।

वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से गूगल फॉर इंडिया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पिचाई ने इस निवेश की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसके लिए कंपनी ने गूगल फॉर इंडिया डिजिटलीरण कोष बनाया है। यह घोषणा भारत के भविष्य और उसकी डिजिटल अर्थव्यवस्था में कंपनी के भरोसे को दिखाती है। गूगल के सीईओ ने कहा कि नई प्रौद्योगिकियों की पूरी ऐसी पीढ़ी है जिन्हें यहां भारत में पहले पेश किया जा रहा है। देश के लोगों को अब किसी प्रौद्योगिकी के आने का इंतजार करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, इस बात में कोई दोराय नहीं कि हम आज भारत और दुनियाभर में मुश्किल हालात का सामना कर रहे हैं। यह चुनौती भी दोतरफा है, यह हमारे स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था दोनों को प्रभावित करने वाली है और इसने हमें हमारे काम करने और जीने के तरीके के बारे में दोबारा सोचने पर मजबूर किया है। (शेष पेज 9)

पश्चिम बंगाल में फांसी से लटका मिला भाजपा विधायक का शव, बवाल

पायनियर समाचार सेवा। केलकाता

पश्चिम बंगाल में भाजपा विधायक देवेंद्र नाथ रॉय का शव रहस्यमय हालत में फांसी पर लटका मिला है। परिवार वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए सीबीआई जांच की मांग की है। वहीं, पुलिस ने सुसाइड नोट का हवाला देते हुए कहा कि राय ने वित्तीय समस्याओं के चलते आत्महत्या की है। नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोलकाता में राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया है। उत्तरी दिनाजपुर जिले के हेमताबाद निर्वाचन क्षेत्र से 2016 में विधायक बने 60 वर्षीय देवेंद्र राय सीपीआईएम के सदस्य थे और पिछले साल ही वह भगवा पार्टी में शामिल हुए थे। वह सोमवार सुबह उत्तर बंगाल के शहर रायगंज में घर से करीब एक किलोमीटर दूर एक दुकान के बरामदे में राय का शव फांसी लटका हुआ पाया गया। इससे इलाके में हड़कंप मच गया। रॉय के परिवार ने आरोप लगाया है कि उन्हें लगभग एक बजे कुछ लोग घर से बुलाकर ले गए थे। रॉय की पत्नी चंदिमा रॉय ने कहा कि उनके पति लगभग 1 बजे बाहर गए थे।

राजधानी में कोरोना के 196 नए रोगी, एक की मौत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सोमवार को स्टेट रिपोर्ट के मुताबिक राजधानी में 196 नए कोरोना संक्रमित मरीज पाए गए हैं। वहीं सीएमओ की तरफ से डीएम को भेजी गई रिपोर्ट में 197 मरीज और सीएमओ के स्तर मीडिया को दी गई रिपोर्ट में 90 नए मरीज कोरोना संक्रमित बताए गए हैं। मरीजों की संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने 64 नए कैण्टेन्मेंट जोन बनाने का निर्णय लिया है। वहीं एक मरीज की आज इलाज के दौरान मौत हो गई। सोमवार को राजधानी में नगर निगम के एक अवर अभियंता सहित एक लिपिक में कोरोना वायरस की पुष्टि हुई है। अभियंता के संक्रमित मिलने पर गोमती नगर का दफ्तर सील कर सेनिटाइजेशन किया जा रहा है। एयरपोर्ट के पांच कर्मचारियों में भी कोरोना वायरस की पुष्टि हुई है। इनमे 2 ड्राइवर और 3 फायरमैन शामिल है। रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद सभी कर्मचारियों के कमरे को सेनेटाइज़ेशन के बाद सील कर दिया गया है और संपर्क में आने वाले कर्मचारियों को होम क्वारंटाइन किया गया है। परिवहन निगम मुख्यालय के परिसर में सेंट्रल बैंक के एक कर्मचारी में कोरोना पॉजटिव होने की पुष्टि की गई है। कोरोना संक्रमण के बढ़ते दायरे के बीच वायरस की पहुंच विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय तक पहुंच गई है। राहत की बात यह है कि विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित की रिपोर्ट निगेटिव आई है। (शेष पेज 9)

सूबे में 1664 और मरीज मिले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सोमवार को सूबे में 1664 नए मरीज पाए गए हैं जबकि 12972 केस एक्टिव बताए गए हैं। वही अभी तक प्रदेश में 955 मरीजों की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 38130 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 869 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 24203 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। (शेष पेज 9)

हर दिन किए जाएं 50 हजार टेस्ट: योगी

- मुख्यमंत्री ने दिए वाराणसी, झांसी, कानपुर नगर, बरेली, देवरिया, गोरखपुर, बलिया तथा आजमगढ़ में विशेष सतर्कता के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टेस्टिंग क्षमता बढ़ाने का निर्णय लिया है। उन्होंने अधिकारियों को हर दिन 50 हजार टेस्ट करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आरटीपीसीआर से 30 हजार टेस्ट, रैपिड एन्टीजन टेस्ट से अठ्ारह से बीस हजार तथा ट्रूनैट मशीन से दो से ढाई हजार टैस्ट प्रतिदिन किए जाएं। इसके साथ ही वाराणसी, झांसी, कानपुर नगर, बरेली, देवरिया, गोरखपुर, बलिया तथा आजमगढ़ में विशेष सतर्कता बरतने के सीएम ने निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने पूरे प्रदेश में बाजारों की साप्ताहिक बंदी को शनिवार तथा रविवार को करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी आवास पर अनलाक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। प्रत्येक शनिवार तथा रविवार को पूरे प्रदेश में स्वच्छता एवं सेनिटाइजेशन का विशेष अभियान चलाने के निर्देश देते हुये उन्होंने कहा है इससे कोविड19 के साथ साथ वेक्टर जनित रोगों को भी रोकने में काफी सहायक है। उन्होंने स्वच्छता तथा सेनिटाइजेशन के लिए जिलों में नामित किए गए नोडल अधिकारियों को मुख्यालय से अपने अपने प्रभारी जनपद के कार्यों की समीक्षा करने के निर्देश भी दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जांच में कोविड19 से संक्रमित पाए गए लोगों के समुचित उपचार की व्यवस्था की जाए। अस्पतालों में वरिष्ठ चिकित्सक राउण्ड अवश्य करें। उन्होंने पुलिस बल को संक्रमण से सुरक्षित रखने के लिए सभी सावधानियां बरतने के निर्देश भी दिए। (शेष पेज 9)

घर या कार्यालय में भीड़ न जुटाएं मंत्री-विधायक

लखनऊ। राज्य सरकार के मंत्रियों में कोरोना संक्रमण के बढते मामलों को देखते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकार के मंत्रियों तथा विधायकों को बेहद सर्तकता और सावधानी बरतने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को सतर्क करने के साथ सलाह भी दी है कि घर या दफ्तर में भीड़ न जुटाने तथा संक्रमित होने के बाद अपने तथा घर के लोगों की जांच जरूर कराएं। कोरोना संक्रमण पर बेहद गंभीर सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने मंत्रियों को कम से कम लोगों के संपर्क में आने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मंत्रियों को कहा है कि वह अपने घर और दफ्तर में मिलने वालों की भीड़ जमा न करें। (शेष पेज 9)

बाजार

सेंसेक्स	36,693	99	
निफ्टी	10,802	34	
सोना	49,960	120	/10g
चांदी	53,320	858	/kg

क्विक न्यूज

अनंतनाग में हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच सोमवार सुबह हुई मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी समेत जैश-ए-मोहम्मद के दो आतंकवादी मारे गए। मुठभेड़ में एक महिला भी घायल हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि मारे गए आतंकवादियों में से एक की पहचान नासिर उर्फ शाहबाज उर्फ बाज बाई के रूप मे हुई है। वह पाकिस्तान निवासी है और ए श्रेणी का आतंकवादी है। दूसरे आतंकवादी की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने अनंतनाग जिले के श्रीगुफवारा इलाके में सोमवार तड़के घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया था।

कोरोना से लड़ रहे अमिताभ-अभिषेक की हालत में सुधार

- गहन इलाज की जरूरत नहीं, दोनों अभिनेताओं को दी जा रही है थेरपी

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई

बच्चन परिवार के जल्द स्वस्थ होने की कामना के साथ मुंबई में पेंटिंग बनाते कलाकार

कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद नानावती अस्पताल में भर्ती अभिनेता अमिताभ बच्चन और उनके बेटे अभिनेता अभिषेक बच्चन की हालत स्थिर है। अस्पताल सूत्रों ने कहा कि ये दोनों नानावती अस्पताल के पृथक-वास केंद्र में हैं। इन दोनों ने ट्विटर पर 11 जुलाई को संक्रमण होने की पुष्टि की थी और बताया था कि उनके सीधे संपर्क में जो भी आए हैं, उनकी जांच होगी।

इस संबंध में जानकारी रखने वाले अस्पताल के एक सूत्र ने बताया, 'ये दोनों पृथक वॉर्ड में हैं और इनकी हालत स्थिर है। मौजूदा समय में इन्हें गहन इलाज की जरूरत नहीं है। उनका इलाज किया जा रहा है और वे ठीक हैं। उन्हें इसके साथ ही थेरेपी भी दी जा रही है।' सूत्र ने बताया कि उनके शरीर के अंग सही तरह से काम कर रहे हैं और भूख लग रही है। सहायक नगर निगम आयुक्त (के वेस्ट वार्ड) विश्वास मोटे ने बताया कि बच्चन के घर काम कर रहे 26 कर्मचारी निगेटिव पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि जांच के आधार पर सभी कर्मचारी निगेटिव हैं। वहीं अन्य बीएमसी अधिकारी ने कहा कि सभी 30 कर्मचारियों को पृथकवास में रखा गया है लेकिन उनमें से सिर्फ 26 ही संक्रमण के उच्च खतरे में हैं । बाकी सभी को संक्रमित होने का ज्यादा खतरा नहीं है। रविवार को अभिनेत्री और अमिताभ बच्चन की 46 वर्षीय बहू ऐश्वर्या राय और उनकी पोती आराध्या भी संक्रमित पाई गईं। अभिषेक ने रविवार को ऐश्वर्या और आराध्या के भी संक्रमित होने की पुष्टि ट्विटर पर की और बताया कि वे दोनों घर में ही पृथक-वास में रहेंगे। अभिनेता ने बताया कि उनके पिता तब तक अस्पताल में रहेंगे जब तक डॉक्टर उन्हें अस्पताल से छुट्टी नहीं दे देते हैं। रविवार को 77 वर्षीय अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग पर लिखा कि उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामनाओं वाले संदेश उनके दिल को छू गए। अमिताभ ने लिखा, 'आपकी चिंताओं, प्रार्थनाओं और अभिषेक, ऐश्वर्या, आराध्या और मेरे लिए आपकी शुभेच्छाओं का मैं आभारी हूँ। सभी को धन्यवाद।' एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक, अस्पताल में भर्ती होने के बाद अमिताभ के फेफड़ों में कफ जमा हो गया था, जो अब काफी कम हो गया है। उनका ऑक्सीजन लेवल भी सामान्य है। नानावती अस्पताल की क्रिटिकल केयर सर्विस के डायरेक्टर डॉ. अब्दुल समद अंसारी की निगरानी में दोनों के सभी टेस्ट और जरूरी चेकअप किए जा रहे हैं। हॉस्पिटल की ओर से बताया गया कि अमिताभ और अभिषेक दोनों की हालत स्थिर है। दोनों आइसोलेशन वार्ड में अलग-अलग कमरों में हैं और दोनों के लक्षण हल्के हैं।

विवादित ढांचा ढहाए जाने के केस में मुझे गलत फंसाया गया : कल्याण

विधि संवाददाता। लखनऊ

अयोध्या के विवादित ढांचा को ढहाए जाने के आपराधिक मामले में सोमवार को सीबीआई की विशेष अदालत में सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह पेश हुए और सीआरपीसी की धारा 313 के तहत अपना बयान दर्ज कराया। उन्होंने इस मामले के षडयंत्र में शामिल होने से साफइंकार किया। कहा कि वो घटना के दौरान मुख्यमंत्री थे। उनकी सरकार ने ढांचे की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की थी। उन्होंने समय समय पर प्रशासनिक अधिकारियों को उचित कार्रवाई का भी निर्देश दिया था। उन्हें इस मामले में राजनीतिक कारणों से तत्कालीन केंद्र सरकार ने झूठा फंसाया है। वो निर्दोष हैं। इस दौरान अदालत में मुल्जिम संतोष दूबे भी बयान के लिए उपस्थित थे। लेकिन समयाभाव के कारण उनका बयान दर्ज नहीं हो सका। (शेष पेज 9)

श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर का प्रशासनिक अधिकार पूर्व राज परिवार को सौंपा

- सुप्रीम कोर्ट का महत्वपूर्ण निर्णय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने ऐतिहासिक श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर की संपदा और प्रबंधन अपने हाथ में लेने के लिए एक न्यास गठित करने का केरल सरकार को आदेश देने संबंधी उच्च न्यायालय का 2011 का फैसला सोमवार को निरस्त कर दिया। शीर्ष अदालत ने श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर के प्रशासन में त्रावणकोर राजघराने के अधिकार बरकरार रखे हैं।

श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर को देश के सबसे धनी और प्रसिद्ध मंदिरों में गिना जाता है। न्यायमूर्ति यू यू ललित की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अंतरिम उपाय के रूप में मंदिर के मामलों के प्रबंधन वाली प्रशासनिक समिति की अध्यक्षता तिरुवनंतपुरम के जिला न्यायाधीश करेंगे। शीर्ष अदालत ने इस मामले में उच्च न्यायालय के 31 जनवरी, 2011 के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर यह फैसला सुनाया। इस फैसले को चुनौती देने वालों में त्रावणकोर राजघराने के कानूनी प्रतिनिधियों भी शामिल थे। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ दायर याचिकाओं पर पिछले साल 10 अप्रैल को सुनवाई पूरी करते हुए कहा था कि इस पर निर्णय बाद में सुनाया जाएगा। इस भव्य मंदिर का पुनर्निर्माण 18वीं सदी में इसके मौजूदा स्वरूप में त्रावणकोर शाही परिवार ने कराया था, जिन्होंने 1947 में भारतीय संघ में विलय से पहले दक्षिणी केरल और उससे लगे तमिलनाडु के कुछ भागों पर शासन किया था। (शेष पेज 9)

जस्टिस शशिकांत पहुंचे बिकरू गांव, ली घटनाक्रम की जानकारी

● आयोग ने शुरू की जांच

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ कानपुर देहात

प्रदेश सरकार द्वारा गठित एकल आयोग ने कानपुर शूटआउट प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस शशिकांत अग्रवाल इसी सिलसिले में सोमवार को गैंगस्टर विकास दुबे के गांव बिकरु पहुंचे। उन्होंने डीएम ब्रह्मदेव तिवारी और एसएसपी दिनेश कुमार पी के साथ गांव वालों से बातचीत कर दो जुलाई को हुए घटनाक्रम की जानकारी ली। इस दौरान जस्टिस शशिकांत ने बिकरू गांव में विकास दुबे के घर के मलबे को देखा। इसके बाद उन जगहों पर गए, जहां मुठभेड़ के दौरान पुलिसकर्मियों की हत्या की गई थी। अधिकारियों ने वे घर भी दिखाए जहां से दो जुलाई की रात फायरिंग हुई थी।

उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने कानपुर कांड से संबंधित सभी एनकाउंटर की जांच के लिए बीते रविवार को हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस शशिकांत अग्रवाल के नेतृत्व में एकल आयोग का गठन किया है। यह आयोग बिकरू कांड से संबंधित एनकाउंटर के सभी मामलों की गहराई पूर्वक जांच करने के बाद दो महीने के अंदर शासन को अपनी रिपोर्ट देगा।

सोमवार की दोपहर बिकरू गांव पहुंचे जस्टिस अग्रवाल ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद ग्रामीणों से बातचीत कर हकीकत जानी। जस्टिस शशिकांत ने बिकरू गांव में विकास दुबे के घर के मलबे को देखा। इसके बाद उन जगहों पर गए, जहां मुठभेड़ के दौरान पुलिसकर्मियों की हत्या की गई थी। अधिकारियों ने वे घर भी दिखाए जहां से दो जुलाई की रात फायरिंग हुई थी। इसके बाद गांव वालों से बातचीत की और घटना वाली रात और विकास दुबे के अपराध की जानकारी ली।

विकास दुबे के घर के पास ही उन्होंने जिलाधिकारी डॉ. ब्रह्मदेव तिवारी और एसएसपी दिनेश कुमार पी से करीब 25 मिनट तक घटनाक्रम और विकास का घर गिराए जाने के संबंध में प्रश्न किए। उन्होंने दिनेश दुबे के बेटे मनोज दुबे समेत छह लोगों से शिकायतों को सुना और ग्रामीणों से पूछताछ की। करीब एक घंटे तक जांच और पूछताछ करने के बाद वह 1.30 बजे गांव से रवाना हो गए।

जांच में निर्दोष मिली मुठभेड़ में मारे गए अमर दुबे की पत्नी, होगी रिहा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

पुलिस मुठभेड़ में मारे गए बिकरू कांड के आरोपित अमर दुबे की पत्नी खुशी को पुलिस अब जेल से छुड़ाएगी। जांच में निर्दोष पाए जाने पर एसएसपी ने खुशी को जेल से छुड़वाने का आदेश जारी कर दिया है। चौबेपुर पुलिस 169 की रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल करेगी। इसके बाद खुशी को जेल से रिहा कर दिया जाएगा। विकास दुबे के रिश्ते में भतीजे अमर दुबे को पुलिस ने बीती 8 जुलाई को हमीरपुर जिले के मौदहा में मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। अमर की 29 जून को पनकी रतनपुर निवासी खुशी से शादी हुई थी। शादी के तीसरे दिन ही बिकरू कांड हो गया और अमर के फरार होने के बाद खुशी भी मायके भाग निकली थी। जांच में सामने आया कि बिकरू कांड में पुलिस वालों की हत्या में अमर की अहम भूमिका थी। पुलिस ने खुशी को भी उसके मायके से गिरफ्तार करके साजिश में शामिल होने का आरोपित बनाकर जेल भेज दिया था। इसके बाद जब बीते शुक्रवार की सुबह पुलिस ने मुठभेड़ में विकास दुबे को मार गिराया तो उसके बाद हिरासत में ली गयी उसकी पत्नी रिचा दुबे को रिहा कर दिया था। पुलिस ने पूछताछ के बाद रिचा को क्लीन चिट दे दी थी। इसी के बाद से पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठ रहे थे। कहा जा रहा था कि जब पुलिस की निगाह में विकास दुबे की पत्नी निर्दोष है तो फिर उस अमर दुबे की पत्नी का क्या दोष जिसकी 9 दिन पहले ही शादी हुई थी। मामला मीडिया में हाईलाइट होने के बाद एसएसपी कानपुर दिनेश कुमार पी ने इस पर संज्ञान लिया। एसएसपी का कहना है कि जांच में खुशी की संलिप्तता नहीं पाई गई है। चौबेपुर पुलिस कानूनी प्रक्रिया पूरी करके उसे जेल से छुड़वाएगी।

विकास दुबे एनकाउंटर की जांच हाईकोर्ट जज से कराने की याचिका खारिज

विधि संवाददाता। लखनऊ

हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने विकास दुबे एनकाउंटर की जांच हाईकोर्ट के वर्तमान अथवा सेवानिवृत जस्टिस से कराने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। पीठ ने राज्य सरकार द्वारा पहले ही इस मामले की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन करने के आधार पर याचिका को खारिज कर दिया। हालांकि पीठ ने याचिकाकर्ता को यह स्वतंत्रता भी दी है कि इस मामले में उचित अवसर पर वह नई याचिका दाखिल कर सकती है। जस्टिस पंकज कुमार जायसवाल एवं जस्टिस करुणेश सिंह पवार की पीठ ने यह आदेश स्थानीय वकील नंदिता भारती की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर दिया है। याचिका में इस मुठभेड़ की न्यायिक आयोग से जांच कराने के साथ ही पुलिस मुठभेड़ों के लिए यथोचित दिशा-निर्देश जारी करने का आदेश भी राज्य सरकार को देने की मांग की गई थी। याचिका का विरोध करते हुए अपर महाधिवक्ता वीके शाही ने कहा कि बीते 11 जुलाई को इस मामले की जांच एक अधिसूचना जारी करते हुए विशेष जांच टीम (एसआईटी) को सौंप दी गई है। इसके बाद 12 जुलाई को राज्य सरकार ने सेवानिवृत न्यायमूर्ति शशिकांत अग्रवाल को इस प्रकरण की जांच के लिए एकल आयोग के तौर पर नियुक्त किया है। यह आयोग विकास दूबे मुठभेड़ की जांच के अलावा दो व तीन जुलाई की रात्रि में आठ पुलिसकर्मियों की हत्या, विकास दूबे के साथियों के साथ पुलिस की हुई सभी मुठभेड़ों व विकास दूबे की पुलिस विभाग के लोगों के साथ साठगांठ की भी जांच करेगा। साथ ही यह आयोग ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने के संदर्भ में अपने सुझाव भी देगा।

बुलंदशहर में फिर दोहराई गई बिकरू कांड सरीखी गलती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● अपनी गलतियों से सबक न लेते हुए बिना सुरक्षा व्यवस्था के दबिश डालने पहुंची पुलिस

● हत्याभियुक्त और उसके परिजनों ने टीम पर किया पथराव व फायरिंग

अपनी गलतियों से भी सबक न लेना यूपी पुलिस का शगल बन गया है। कानपुर के बिकरू कांड सरीखी गलती पुलिस ने एक बार फिर दोहराई है। इस बार बुलंदशहर पुलिस बिना किसी सुरक्षा तैयारी के हत्याभियुक्त की तलाश में दबिश देने पहुंच गई। हत्याभियुक्त और उसके परिजनों ने अन्य लोगों के साथ मिलकर टीम पर पथराव करते हुए तमंचे से फायरिंग की। पथराव में दो सिपाही चोटिल हो गए। टीम ने फायरिंग करते हुए अपनी जान बचाई।

बार बार घटनाएं होने और डीजीपी के कड़े निर्देशों के बावजूद पुलिस सुधरने का नाम नहीं ले रही। बिना किसी ठोस तैयारी और सुरक्षा इंतजाम के शातिर हिस्ट्रीशीटर विकास दुबे के घर आधी रात दबिश देने का परिणाम पुलिस कानपुर में आठ साथियों की शहादत देकर भुगत चुकी है। इतनी बड़ी वारदात के बात भी उसकी कार्यप्रणाली में कोई परिवर्तन नहीं दिखाई पड़ रहा है।

डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी ने बीते 4 जून को ही निर्देश जारी किए थे कि थानाध्यक्ष का दायित्व होगा कि जब उनके अधीनस्थ कर्मचारी किसी कानून व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए थाने से प्रस्थान करते हैं अथवा किसी अभियुक्त की गिरफ्तारी की दबिश देते हैं , तब वह अपने साथ प्रदत्त दंगा रोधी उपकरणों से सुसज्जित होकर प्रस्थान करेंगे । यदि किसी अवसर पर यह पाया जायेगा कि दंगा रोधी उपकरणों का उपयोग न करने के कारण कोई कर्मचारी घायल होता है तो सम्बन्धित थाना प्रभारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। डीजीपी के इन निर्देशों का लगातार उल्लंघन हो रहा है। बुलंदशहर घटना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है जहां पुलिस टीम ने आधी अधूरी तैयारियों के साथ हत्यारोपी एक हिस्ट्रीशीटर को पकड़ने के लिए उसके घर पर आधी रात को दबिश दी। हिस्ट्रीशीटर और उसके परिजनों ने अन्य लोगों के साथ मिलकर टीम पर पथराव करते हुए तमंचे से फायरिंग कर दी। पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम ना होने के कारण पुलिस टीम को वहां से भागना पड़ा। इस घटना में पुलिस की लापरवाही की जांच के आदेश दिए गए हैं।

सपा सरकार में कभी भी अपराधियों को प्रश्रय नहीं दिया गयाः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि समाजवादी पार्टी हमेशा से ही अपराधियों के खिलाफ रही है। समाजवादी सरकार में कभी भी अपराधियों को प्रश्रय नहीं दिया गया। भाजपा ने न सिर्फ अपराधियों को पनाह दी है बल्कि अपराधों को रोक पाने में पूरी तौर पर विफल रही है। फर्जी एनकाउण्टर के उनके प्रयोग से अपराधी तो डरे नहीं, निर्दोष अवश्य भयग्रस्त हो गये। सबसे ज्यादा अपराधी भाजपा में ही हैं। आखिर भाजपा न्यायालयों पर भरोसा क्यों नहीं करती है। अखिलेश ने कहा कि सत्ता के मद में विधिक प्रक्रिया से बाहर जाकर पुलिस बल का दुरुपयोग करने से अपराधों पर रोक नहीं लग सकती। जब तक भाजपा अपने बचाव में दूसरों को फंसाने की रणनीति पर काम करती रहेगी तब तक सुशासन स्थापित नहीं हो सकता। बदले की भावना से विपक्ष पर हमलावर होने से भाजपा को कुछ मिलने वाला नहीं क्योंकि झूठ के पैर नहीं होते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में नफरत फैलाना और समाज को बांट कर राजनीति करना यह लोकतंत्र की स्वस्थ परम्पराओं के विरूद्ध है। सरकार की यह जिम्मेदारी है कि समाज में सभी के साथ बराबरी का व्यवहार होना चाहिए। जाति के आधार पर निर्णय करने से समाज में असंतोष व्याप्त होता है।

असफलता छुपाने के लिए जनता की सेहत से खिलवाड़ कर रही सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

यूपी में लगातार बढ़ रहे कोरोना संक्रमण को देखते हुए योगी सरकार के वीकेंड लॉकडाउन पर कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने तंज कसा है। प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर कहा है कि लगातार कोरोना के मरीज बढ़ रहे हैं और सरकार अपनी असफलता छुपाने के लिए जनता की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रही है। राज्य में 10 जुलाई की रात्रि 10 बजे से सोमवार सुबह 5 बजे तक आवश्यक सेवाओं को छोड़कर अन्य सभी प्रकार की गतिविधियों पर रोक लगाई गई थी। इस दौरान सभी कार्यालय, सभी शहरी व ग्रामीण हाट, बाजार, गल्ला मण्डी, व्यावसायिक प्रतिष्ठान इत्यादि बंद रहे। इसके बावजूद संक्रमण में कमी नहीं आने को लेकर प्रियंका ने आंकड़ों के जरिए योगी सरकार पर कटाक्ष किया। उन्होंने एक ग्राफ के जरिए आंकड़ा दर्शाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में 10 जुलाई को 1,347, 11 जुलाई को 1,403 और 12 जुलाई को संक्रमण के 1,388 नए मामले सामने आए। इनका हवाला देते हुए कहा कि लॉकडाउन के वीकेंड बेबी पैक का लॉजिक अब तक किसी को समझ नहीं आया। अपनी असफलता छुपाने के लिए खिलवाड़ जारी है। इसके साथ ही उन्होंने तंज कसा मर्ज बढ़ता गया ज्यों-ज्यों दवा की।

राज्यपाल ने केंद्र को भेजी यूपी की रिपोर्ट

लखनऊ। प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने केंद्र सरकार को यूपी की गतिविधियों के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट भेज दी है। रिपोर्ट में खास तौर पर बिकरू कांड को शामिल किया गया है। साथ ही प्रकरण की जांच के लिए सरकार द्वारा बनाई गई एसआईटी व जांच आयोग के बाबत भी रिपोर्ट में जगह दी गई है। गत शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य ने राजभवन जाकर राज्यपाल से मुलाकात की थी और सरकार के कामकाज से लेकर प्रदेश की ताजा स्थितियों से अवगत कराया था। बता दें राज्यपाल द्वारा अपने राज्य से संबंधित राजनीतिक, कानून व्यवस्था, विपक्षी दलों की मांग और अन्य गतिविधियों पर एक तथ्यपरक रिपोर्ट हर महीने भेजी जाती है। उसी क्रम में यह रिपोर्ट भेजी गई है।

माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के सत्यापन की रिपोर्ट 31 जुलाई तक तलब

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के राजकीय व अशासनिक सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के सत्यापन की रिपोर्ट शासन ने जिलों से 31 जुलाई तक तलब की है। प्रमुख सचिव माध्यमिक शिक्षा आराधना शुक्ला ने सत्यापन के लिए जनपद स्तर पर गठित होने वाली पांच सदस्यीय टीम में राजकीय इंटर कालेजों के प्रधानाचार्यों को भी शामिल करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उच्च शिक्षा से लेकर बेसिक शिक्षा में शिक्षकों के सत्यापन की प्रक्रिया चल रही है। इस प्रक्रिया के लिए प्रमुख सचिव माध्यमिक शिक्षा आराधना शुक्ला की तरफ से जारी आदेश में जनपद स्तर पर जिलाधिकारी या जिलाधिकारी द्वारा नामित अधिकारी की अध्यक्षता में गठित होने वाली टीम में जिला विद्यालय निरीक्षकए राजकीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य, प्रतिष्ठित अशासनिक सहायता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य को शामिल किया गया है। जबकि मंडलीय उप शिक्षा निदेशक को जांच समिति का नोडल अधिकारी बनाया गया है। यह कमेटी कालेजों के शिक्षकों से सम्बंधित शैक्षिक दस्तावेजों को एक प्रारूप के तहत तैयार करेगी। इसमे संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों को भी जांच के दायरे में लाया जाएगा। प्रारूप तैयार होने के बाद सम्बंधित बोर्ड एवं विश्वविद्यालय को भेजकर रिकार्ड का सत्यापन कराया जाएगा। प्रमुख सचिव ने इस बाबत जिलाधिकारियों से 31 जुलाई तक रिपोर्ट मांगी है।

जल निगम ने सरकार से मांगे तीन अरब रुपए

लखनऊ। आर्थिक तंगी से बाहर निकलने के लिये जल निगम ने राज्य सरकार से तीन अरब रुपये की मांग की है। यह धनराशि उन सरकारी योजनाओं की बकाया है जिनका क्रियान्वयन जल निगम ने किया है और सरकार ने सेन्टेज अभी तक नहीं दिया है। जल निगम को उम्मीद है कि सरकार से बकाया की उक्त धनराशि मिलने से वह आर्थिक तंगी से बाहर निकल सकेगा। मिली जानकारी के मुताबिक सरकारी की योजनाओं के क्रियान्वयन में परियोजना की कुल लागत की दस से बारह फीसदी धनराशि सेन्टेज के रूप में मिलती है। पिछले कुछ सालों में राज्य सरकार के ग्राम्य विकास तथा नगर विकास सहित कई विभागों की सीवरेज तथा पेयजल की अनेक योजनाओं को पूरा किया है। इन्हीं परियोजनाओं की तीन अरब से ज्यादा की जल निगम को उक्त विभागों से लेनी है।

प्रवासी मजदूरों के लिए आर्थिक पैकेज घोषित हो: लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने यूपी सरकार द्वारा सवा करोड़ रोजगार देने के दावे को झूठा करार देते हुए कहा कि सरकार तत्काल प्रवासी मजदूरों के लिए आर्थिक पैकेज देने की घोषणा करे।

कांग्रेस विधायक अदिति सिंह व राकेश सिंह की सदस्यता रद करने की याचिका खारिज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कांग्रेस नेतृत्व से बगावत कर भाजपा का समर्थन करने वाली कांग्रेस विधायक अदिति सिंह की विधानसभा सदस्यता रद्द करने की याचिका खारिज कर दी गई। इसको लेकर विधान सभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने आदेश जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही कांग्रेस के विधायक राकेश सिंह की सदस्यता रद्द करने की याचिका भी खारिज कर दी गई। कांग्रेस को इस फैसले से झटका लगा है क्योंकि पार्टी विरोधी रुख अपनाने के बाद अदिति सिंह की सदस्यता रद्द करने के लिए कांग्रेस नेतृत्व ने याचिका दाखिल की थी। अदिति सिंह रायबरेली के सदर से कांग्रेस विधायक हैं और तमाम मौके पर पार्टी विरोधी रुख अपनाती रही हैं। उन्होंने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के फैसले पर केंद्र की मोदी सरकार का समर्थन किया था। इसके अलावा कोरोना काल में अलग-अलग शहरों से यूपी के लिए पलायन कर रहे मजदूरों की मदद के लिए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने जब बसें भेजी तो अदिति सिंह ने प्रियंका को ही निशाने पर ले लिया और सार्वजनिक तौर पर उनके इस कठोर फैसले की निंदा की थी। अदिति ने टिवीट करके कहा है कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं, अदिति सिंह के भाजपा में शामिल होने की भी अटकलें हैं। देर-सबेर उनका भाजपा में जाना तय माना जा रहा है।

एयरपोर्ट पर प्रत्येक यात्री की थर्मल स्क्रीनिंग की जाएः अवस्थी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● अपर मुख्य सचिव गृह ने चौधरी चरण सिंह अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में की समीक्षा

अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी आज लोकभवन स्थित कमान्ड सेंटर में आयोजित एरोड्रम समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण चौधरी चरण सिंह अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सम्भावित आपात स्थितियों जैसे एयरक्राफ्ट हाइजैकिंग आदि से निपटने से सम्बन्धित व्यवस्था की समीक्षा की।

बैठक में अवस्थी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह पत्तन पर यात्रियों को बेहतर सुरक्षा व सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक इंतजाम प्राथमिकता से कराये जाएं। उन्होंने पत्तन पर कराये जा रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ली। सम्बन्धित अधिकारी द्वारा बताया गया कि पत्तन की कुछ भूमि सम्बन्धी विवाद से निर्माण कार्य में व्यवधान आ रहा है। इस पर अवस्थी ने इस भूमि सम्बन्धी विवाद के त्वरित निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर 30 जुलाई 2020 तक इस भूमि सम्बन्धी विवाद का समाधान सुनिश्चित कराएं। अवस्थी ने सम्बन्धित अधिकारियों को यह निर्देश भी दिए कि लखनऊ एयरपोर्ट पर स्थापित कोविड.19 हेल्प डेस्क पर पल्स आक्सी मीटर, थर्मल स्कैनर आदि की व्यवस्था करायी जायी तथा इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। प्रत्येक यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग की जाए तथा आवश्यकता अनुसार पल्स आक्सी मीटर का भी प्रयोग किया जाए। साथ ही पत्तन पर स्थापित कोविड.19 डेस्क की जानकारी आन जाने वाले यात्रियों को दी जाए। अवस्थी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि किसी भी तरीके से कोई भी व्यक्ति कोविड.19 की दशा में संदिग्ध लगता है तो तत्काल उसको पहचान कर उसकी जांच करायी जाए। अपर मुख्य सचिव ने लखनऊ विमानक्षेत्र के नए ले आउट के अनुसार राज्य पुलिस के एटीएस के प्रतिनिधि को सम्मिलित करते हुए नाका के स्थान को चिन्हित कर टर्मिनल.3 के फेस.1 का निर्माण कार्य दिसम्बर 2020 तक पूरे करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए।

पायनियर
वर्गीकृत

सूचना

मैंने अपने पुत्र आरिफ को गलत चाल-चलन के चलते समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इसके कृत्य से मेरे व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। हसीन पत्नी हनीफ व हनीफ पुत्र शफीक नि0 मो0 शिवपुरी बेगमबाग, शहर व कोतवाली लखीमपुर, जिला खीरी।

सूचना

सूचित हो कि अजीत कुमार शुक्ला की पत्नी का नाम दीप्ति शुक्ला है। जो कि कागजात में दीप्ती शुक्ला लिखा है। अतः उसका नाम बदल कर दीप्ति शुक्ला किया जाता है। नि0 ग्राम व पोस्ट-बावन, तहसील व जिला-हरदोई, उ0प्र0।

सूचना

मैं गुलशन कुमार अरोरा, म0नं0 414, वायु विहार हरजिन्द्र नगर, कानपुर-208007, मैं अपना पुराना नाम गुलशन कुमार पौल को बदल कर गुलशन कुमार अरोरा रख रहा हूँ। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये।

मानसून सत्र पर भी दिखेगा कोरोना का असर

बीस अगस्त से शुरू होने जा रहे सत्र में दर्शक दीर्घा में भी की जा रही सदस्यों को बैठाने की व्यवस्था

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कोरोना के प्रकोप का असर हर तरफ दिख रहा है। इस बार विधानमंडल के मानसून सत्र में भी कोरोना का असर दिखाई पड़ेगा। विधान मंडल के सत्र के दौरान सदस्यगण अगर दर्शक दीर्घा में बैठे दिखे तो अचरज नहीं होना चाहिए। कुछ ऐसी ही व्यवस्था इस बार के मानसून सत्र में दिखाई पड़ेगी। इसके लिए विधान सभा सचिवालय की तरफ से तैयारी शुरू कर दी गई है। दर्शक दीर्घा को सदस्यों के अनुसार व्यवस्थित किया जा रहा है। इसके अलावा नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विधान सभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित के बीच इस बात पर भी मंथन किया जा रहा है कि हर दल के 40 प्रतिशत ही सदस्यों को सदन में आमंत्रित किया जाए। दरअसल इस बार के मानसून सत्र में कोरोना के फैलते असर को देखते हुए व्यापक सावधानियों को बरता जाएगा। यह सावधानी विधान सभा सदस्यों के बैठने में भी रखी जाएगी। इसलिए सदस्यों के बैठने के बीच एक मीटर की दूरी होगी। अभी विधान सभा में माननीयों के बैठने के लिए 379 सीटें हैं जबकि सदन के कुल सदस्यों की संख्या 404 है। मौजूदा समय में ही विधान सभा मंडप में सभी सदस्यों के बैठने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं रहता है। कुछ सदस्य लॉबी में बैठे होते हैं तो ज्यादातर कई सदस्यगण अनुपस्थित ही रहते हैं। विधान सभा में इस समय बीजेपी और अपना दल मिलाकर 316 सदस्य हैं। सपा-48, बसपा-18, कांग्रेस-7, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी-4 और निर्दलीय सदस्यों की संख्या तीन है जबकि निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल और रालोद के एक-एक सदस्य हैं। विपक्षी दलों के सदस्यों की संख्या 77 करीब है उनके लिए अगर मंडप में नीचे की 157 सीटें छोड़ दी जाती हैं तो सत्ता पक्ष के सदस्यों को दर्शक दीर्घा में बैठना पड़ेगा, वह इसलिए क्योंकि विपक्षी दल मंडप में ऊपर की तरफ बनी दर्शक दीर्घा में बैठना पसंद नहीं करेंगे। मंडप में नीचे की तरफ राज्यपाल दीर्घा और मीडिया गैलरी का भी उपयोग किया जा सकता है। विधान सभा की नियमावली के अनुसार 28 अगस्त से पहले सदन की बैठक करना आवश्यक है। इसलिए 20 अगस्त से मानसून सत्र आयोजित किया जा रहा है। कोरोना के फैलते असर को देखते हुए सोशल डिस्टेसिंग का पूरा पालन किया जाएगा। इसलिए दर्शक दीर्घा का भी प्रयोग किया जाएगा। इस सत्र में सरकार चालू वित्तीय वर्ष के लिए अपना पहला अनुपूरक बजट भी पारित करेगी। इस सदन की खास बात होगी कि विपक्षी दलों को वेल में आने का भी कम मौका मिलेगा। क्योंकि उस दौरान भी सोशल डिस्टेसिंग का पालन करना जरूरी होगा।

सचिवालय में भी समूह ग और घ के 50 फीसदी कर्मचारी ही आएंगे

लखनऊ। सचिवालय में समूह ग और घ के 50 फीसदी कर्मचारी ही कार्यालय बुलाए जाएंगे। रोस्टर के अनुसार 50 फीसदी कर्मचारियों को बुलाया जाएगा। अपर मुख्य सचिव सचिवालय प्रशासन विभाग हेमंत राव ने शासनादेश जारी किया है। सचिवालय में तैनात समूह क और ख के सभी अधिकारी नियमित रूप से कार्यालय आएंगे । समूह ग और घ के जो 50 फीसदी कर्मचारी घर रहेंगे वह अपने साधनों के माध्यम से कार्यालय के संपर्क में रहेंगे।

NOTICE

Notice is hereby given to all concerened that Smt. Mithilesh Kumari, Address-41A Loniyan purwa-Sitapur has offered her property to Address - GATA No. 99 Ahatakaptan Habibpur - Sitapur to secure the loan granted / to be granted to M/S Mithilesh Kumari, Address - 41A, Loniyan purwa-Sitapur.
Any person having any right interest in the said property or have any objection in this regard should write to us within ten days from the publication of this notice for consideration of the bank.In case bank does not receive any objection within the stipulated period of ten days it will be considered this is free from any encumbrances/ charge/ claim whatsoever and bank shall proceed to accept the mortgage of the aforesaid property as security and as and when considered necessary bank will enforce the said mortgage security in its own right for realization of its total dues to the exclusive of claims of all other, if any.

Branch Manager
Indian Bank
Lalbagh Branch-Sitapur

भागवती एजूकेशन सेन्टर डिग्री कालेज
(अल्पसंख्यक संस्थान) मन्धना बिठूर रोड, कानपुर
सम्बद्ध- सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर।

सूचना

आप सभी छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि अल्पसंख्यक प्रबन्धकीय कोटे के अन्तर्गत बी०एड० सत्र 2020-22 की प्रवेश परीक्षा जोकि दिनांकः 25.07.2020 प्रस्तावित थी, कोविड-19 के कारण स्थगित की जाती है। बी०एड० 2020 प्रवेश परीक्षा की नई तिथि जानने के लिए हमारी वेबसाइट www.becdc.com पर देखें।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

सीबीएसई इंटर परीक्षा के नतीजे घोषित, होनहारों ने छू लिया आसमान

बेटी दिव्यांशी पर है राजधानी को नाज

ABHISHEK VERM
95.00%(CBSE X

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की तरफसे सोमवार को घोषित 12 वीं के नतीजों में राजधानी की दिव्यांशी जैन के साथ ही कई छात्र छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन कर राजधानी का नाम आगे बढ़ाया है। बात अगर रीजन के परिणामों की करें तो इस बार प्रयागराज रीजन का पास प्रतिशत 82.49 तथा नोएडा का 84.87 रहा। 12,03595 ने 12वीं कक्षा की परीक्षा के लिए अपना पंजीकरण कराया थाए जिसमें से 11,92961 से परीक्षा दी थी। इनमें 10,59080 ने परीक्षा पास की है। इस बार 157934 के 90 प्रतिशत से ऊपर तथा 38686 मेधावियों के 95 प्रतिशत से ऊपर नम्बर आए हैं।

लखनऊ पब्लिक स्कूल की छात्रा ऋचा ने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में 98.8 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। रिचा को केमेस्ट्री में 100 अंक मिले हैं। वहीं गणित और कम्प्यूटर साइंस में 99 अंक हासिल किए हैं। रानी लक्ष्मीबाई सीनियर सेकंडरी स्कूल के छात्र यश अग्रहरी ने 97.8 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। इसी स्कूल की श्रेया को भी 97.8 प्रतिशत अंक मिले हैं। आरएलबी के रितिक वर्मा ने 97ण्6 प्रतिशत और आस्था त्रिपाठी व समीन ने 97.4 प्रतिशत अंक पाए हैं। लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज के छात्र देव सिंह को 97 प्रतिशत और हर्ष कुमार गुप्ता को 96 प्रतिशत अंक पाकर परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। अवध कॉलिजिएट की छात्रा खुशी ने 97 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। सभी मेधावियों ने सफलता का श्रेय अपने माता पिता व टीचर्स को देते हुए कहा कि यदि मन लगाकर नियमित पढ़ाई की जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। उनका मानना है कि खुद का नोट्स बनाकर पढ़ाई करने के साथ ही टीचर्स द्वारा पढ़ाये गए पाठ को नियमित रिवीजन करते रहना चाहिये।

शोध के क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहती हैं नेशनल टॉपर दिव्यांशी

सीबीएसई इंटर की परीक्षा में हासिल किए 100 प्रतिशत अंक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

नवयुग रेडिएंस पब्लिक स्कूल की छात्रा दिव्यांशी जैन ने देश भर में टॉप कर लखनऊ का नाम आगे बढ़ाया है। दिव्यांशी को 100 में 100 प्रतिशत अंक मिले हैं। इस बार घोषित नतीजों में यूपी का परिणाम 82.49 प्रतिशत है। दिव्यांशी ने इतिहास, अंग्रेजी, संस्कृत, भूगोल, अर्थशास्त्र और इंश्योरेंस जैसे विषयों में शत प्रतिशत अंक पाकर यह कीर्तिमान स्थापित किया है। दिव्यांशी के पिता राजेश प्रकाश जैन की गणेशगंज में स्टेशनरी की दुकान है। दिव्यांशी की मां सीमा जैन गृहणी हैं। सफलता के बाद दिव्यांशी ने उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा से मुलाकात की। उपमुख्यमंत्री ने सफलता के लिए बधाई देते हुए आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया। अपनी सफलता पर दिव्यांशी का कहना है कि कोचिंग की ओर न

ध्यान देकर जो शिक्षकों ने पढ़ाया उसी को घर पर खूब पढ़कर ये मुकाम हासिल किया। दिव्यांशी रोजाना पांच घंटे पढ़ाई करती हैं। उनका कहना है कि पढ़ाई का उतना ही लाभ है, जितना समझ आए। दिव्यांशी कहतीं है कि भले ही लोगों को इतिहास जैसे विषयों को पढ़ने और याद करने में दिक्कत होती है लेकिन, उन्होंने कभी विषयों को रटने को कोशिश भी नहीं की। इतिहास को कहानी के रूप में समझा। संस्कृत भी गणित के जैसे फार्मूले होते हैं। उनको याद किया। फिलहाल दिव्यांशी ने दिल्ली विश्वविद्यालय से बीए ऑनर्स की पढ़ाई करने का फैसला लिया है। दिव्यांशी जैन शोध के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहती हैं।

राजनाथ सिंह ने टॉपर दिव्यांशी को फोन पर दी बधाई

लखनऊ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सीबीएससी बोर्ड इण्टर परीक्षा की टॉपर लखनऊ की बेटी दिव्यांशी जैन से फोन पर बात कर शत प्रतिशत अंक अर्जित करने पर बधाई दी और सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा मार्गदर्शन देने वाले माता पिता एवं गुरुजनों को भी शुभकामनायें दीं। नवयुग रेडियन्स की छात्रा एवं गुलाटी वाली गलीए बशीरतगंज निवासी दिव्यांशी जैन ने सीबीएससी इण्टर की परीक्षा में 600 में से 600 अंक अर्जित कर पिता राजेश जैन और माता सीमा जैन का मान बढ़ाया है। बशीरतगंज की पार्षद शशि गुप्ता ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की तरफसे पुष्पगुच्छ भेंटकर दिव्यांशी को बधाई दी।

बुलंद हैं टॉपरों के हौसले

आईएएस बनकर देश सेवा का सपना

ऋचा कहती हैं कि उन्होंने कोचिंग से दूरी बनाई। स्कूल में पढ़ाए गए टॉपिक को घर में दोहराया। अपने नोट्स बनाए। ऋचा बताती हैं कि पढ़ाई का बेस एनसीईआरटी की किताब को बनाया। उससे कॉन्सैप्ट क्लीयर करके शिक्षकों द्वारा बताई गई किताब से अभ्यास किया। रिचा के पिता संतोष कुमार बैंक में सीनियर मैनेजर हैं। बड़ी बहन अकांक्षा किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही हैं। वह आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं। फिलहाल इंजीनियरिंग की तैयारी कर रही हैं।

कार्डियोलॉजिस्ट बनना चाहते हैं ऋतिक

वहीं इंटरमीडिएट में 97.6 प्रतिशत अंको के साथ पास हुए ऋतिक भी आरएलबी के छात्र हैं। उनका कहना है कि देश में कार्डियोलॉजिस्ट सर्जन की संख्या बहुत कम है। इस लिए नीट क्वालीफाई करके कार्डियोलॉजिस्ट बनना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि

APOORVA SRIVASTAVA

पिता शैलेंद्र कुमार बाराबंकी के काजी बेहटा में रहते हैं। मां गृहणी हैं। ऋतिक ने बताया कि वह रोजाना चार से पांच घंटे पढ़ाई करते थे।

सिविल सेवा के क्षेत्र में जाना चाहती है अपूर्वा

आरएलबी में 12वी की छात्रा रही अपूर्वा श्रीवास्तव ने 91 फीसदी मार्क्स हासिल किए हैं। अपूर्वा आगे चलकर सिविल सेवा के क्षेत्र में जाना चाहती हैं। अपूर्वा के पिता का नाम विनीत श्रीवास्तव और मां का नाम निशा श्रीवास्तव है। अपनी सफलता के पीछे सारा श्रेय वह अपने टीचर्स व पेरेंट्स को देती हैं। उन्होंने बताया कि इस मेहनत के पीछे उन्होंने 3 से 4 घण्टे पढ़ाई की है। अगले साल बोर्ड के एग्जाम में शामिल होने वाले छात्रों के लिए टिप्स के रूप में उनका कहना है कि दिमाग पर प्रेशर नही लेना हैए जितने घण्टे भी पढ़ाई करें मन से करें।

मेधावियों को योगी व केशव ने दी बधाई

लखनऊ। सीबीएसई की तरफ से सोमवार को 12वीं के नतीजे घोषित किये जाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मेधावियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ट्वीट कर कहा है कि सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के आज घोषित परिणामों में उत्तीर्ण हुए सभी छात्र.छात्राओं को हार्दिक बधाई व उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं। हमारे विद्यार्थी देश का भविष्य हैं, अपनी मेधा व मेहनत के बल पर सफल हुए मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया जाएगा। वहीं अपने शुभकामना संदेश में केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि यह प्रतिभाये भारत का उज्जवल भविष्य है। इनकी प्रतिभा व ज्ञान से स्वर्णिम भारत बनेगा। यह प्रतिभाएं देश व समाज का पथ प्रदर्शक बनेगीं, देश हर क्षेत्र मे नई उड़ान भरेगा।

सिटी इण्टरनेशनल स्कूल के छात्रों ने बनाया कीर्तिमान

95%
AKASH VERMA

95%
ANMOL SRIVASTAVA

ABHITESH RAI
95.20% (CBSE XII)

मिहिर अग्रवाल, केथड्रिल

AMAN VERMA
4.20% (CBSE-XI

लखनऊ। सिटी इंटरनेशनल स्कूल मानस विहार इन्दिरा नगर के छात्रों ने सीबीएसई कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। विज्ञान के छात्र आकाश वर्मा और अनमोल श्रीवास्तव ने 95 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं, जबकि इसी विषय के छात्र अंश श्रीवास्तव ने 93 प्रतिशत, कृष्ण कुमार वर्मा ने 92 प्रतिशत अंक तथा मो दानिश सिद्दीकी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इसके अलावा ह्युमिनिटी विषय में नेहा महाजेर ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। उक्त जानकारी विद्यालय की प्रधानाचार्या सुश्री अर्चना गौर ने दी। विद्यालय की संस्थापिका डा. भारती गांधी और निदेशिका डा. सुनीता गांधी ने उत्कृष्ट सफलता और महान शैक्षणिक उपलब्धि पर इन अति मेधावी छात्रों, उनके टीचर्स तथा अभिभावकों को बधाई दी। प्रधानाचार्या अर्चना गौर ने कहा कि गुणात्मक शिक्षा के चलते ही यह परिणाम आए हैं।

पीजीआई निदेशक बने केजीएमयू के कार्यवाहक वीसी लिया चार्ज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो आरके धीमान ने सोमवार को किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति पद का पदभार ग्रहण कर लिया। विवि पहुंच कर प्रो धीमान ने यह चार्ज विवि के निवर्तमान कुलपति प्रो एमएलबी भट्ट से ग्रहण किया। बता दें कि प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की तरफ से निदेशक संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान प्रो आरके धीमान को अपने वर्तमान दायित्वों के साथ साथ कुलपति, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय का कुलपति पद सौंपा गया है। प्रो. आरके धीमान की कुलपति किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ के पद पर नियुक्ति 3 माह अथवा नियमित कुलपति की नियुक्ति अथवा अग्रिम आदेशों तक, जो भी पहले हो, तक की अवधि के लिये की गयी है। बता दें कि कुलपति प्रो मदनलाल बह्म भट्ट का विस्तारित कार्यकाल सोमवार को समाप्त हो रहा था।

स्मार्ट होगी अमीरुद्दौला लाइब्रेरी, पुस्तकों का होगा डिजिटलाइजेशन

मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में लाइब्रेरी की बोर्ड बैठक संपन्न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

शहर की सबस चर्चित अमीरुदौला पब्लिक लाइब्रेरी की मंडलायुक्त द्वारा बोर्ड मीटिंग में बच्चों, दिव्यांगों और वृद्धजनों के अलग-अलग जोन विकसित किए जाने का निर्णय लिया गया। किताबों का डिजिटलाइजेशन कराया जायेगा, जिसमें आउट आफ प्रिन्ट हैं, हिस्टोरिकल या जिनकी साइन्टिफिक वैल्यू है। लाइब्रेरी में स्कूली छात्रों का निरीक्षण करा उन्हें प्रेरित किए जाने के लिए कहा गया। साथ ही पुस्तकालय का एक एडवाइजरी बोर्ड तैयार कराकर शहर के अच्छे इतिहासकार, साहित्यकार, संस्कृतविद् को रखा जाये।

सोमवार को मण्डलायुक्त मुकेश कुमार मेश्राम की अध्यक्षता में अमीरूदौला पब्लिक लाइब्रेरी की शासी निकाय की वित्तीय वर्ष 2020-21 की बोर्ड बैठक कैसरबाग स्थित लाइब्रेरी में हुई। बैठक में अपर नगर आयुक्त अमित कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट सुशील प्रताप सिंह, उप शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) विभा श्रीवास्तव, पुस्तकालयाध्यक्ष हरिशचन्द्र सहित सभी संबन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। मण्डलायुक्त ने पिछली बैठक की कार्यवृत्त व वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्यय की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि पुस्तकाल में बच्चों, दिव्यागों, वृद्धजनों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों व अन्य लोगों के लिए प्रथक-प्रथक जोन विकसित किये जायें। उन्हीं किताबों का डिजिटलाइजेशन कराया जाये जो महत्वपूर्ण हों जैसे जो पुस्तकें आउट आफ प्रिन्ट हों हिस्टोरिकल या जिनकी साइन्टिफिक वैल्यू हो। स्कूलों के बच्चों को पुस्तकालय का निरीक्षण करायें। उनको पढ़ने के लिये पुस्तकें उपलब्ध करायें। इससे बच्चों का पुस्तकों की तरफ रूझान बढ़ेगा। इसके अलावा निबन्ध, कविता लेखन, वाद विवाद, कहानी लेखन, शायरी आदि प्रतियोगिता करायी जाएं। पुस्तकालय का एक एडवाइजरी बोर्ड तैयार कराकर शहर के अच्छे इतिहासकार, साहित्यकार, संस्कृतविद् को रखा जाये। जो व्यक्ति या संस्था पुस्तकालय में दान करता है उसको संरक्षक सदस्य बनाया जाये। उन लोगों के नाम बोर्ड पर अंकित किये जायें और उनको नि:शुल्क पांच मे बरशिप कार्ड दिये जायें। पुस्तकालय की डाक्यूमेन्ट्री तैयार कराकर पुस्तकालय का इतिहास, संग्रह, उपयोगिता आदि को वेबसाइट पर अपलोड किया जाये। लेखकों, साहित्यकारों और संगठनों को पुस्तकालय से जोड़ें। पुस्तकालय में त्रैमासिक डिजिटल मैगजीन प्रकाशित करायी जाये इसके लिये लाइब्रेरी विज्ञान के स्वंय सेवी विधार्थियों का सहयोग लिया जाये।

विश्वविद्यालय की परीक्षाओं पर निर्णय दो दिन में: डॉ शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कोरोना महामारी के दौर में विश्वविद्यालय की परीक्षाओं को लेकर चल रही उहापोह की स्थिति पर की स्थिति साफकरते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने कहा है कि इस पर निर्णय अगले एक-दो दिनों के अंदर ले लिया जाएगा। डॉ शर्मा की तरफसे यह बात एक कार्यक्रम के दौरान कही गई है।

डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि हमने कल ही शैक्षिक कलेंडर जारी किया था लेकिन यूजीसी की गाइडलाइन कुछ और हैं। उन्होंने कहा कि इधर जल्दी जल्दी यूजीसी की गाइडलाइन बदल कर आई हैं। हमने कोर्स शेड्यूल तैयार रखा था। परीक्षाएं कैसे होंगी या नहीं होंगी, क्या हम प्रमोशन देंगे, फाइनल इयर की परीक्षा लेंगे। इनके जवाब तलाशते हुए हम समाधान तक पहुंच चुके थे लेकिन इधर यूजीसी ने अपनी गाइडलाइन बदली हैं। उन्होंने कहा कि इस पर सामंजस्य स्थापित करते हुए हमें प्रमोशन देना है या परीक्षाएं लेनी है, इस निष्कर्ष पर हम एक दो दिन में पहुंच जाएंगे।

आत्मनिर्भर भारत के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय एमबीए में शुरू करेगा नया कोर्स

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज द्वारा सत्र 2020-21 से एमबीए (उद्यमिता और पारिवारिक व्यवसाय) शुरू किया जा रहा है। यह पाठ्यक्रम दो साल का एक पूर्णकालिक स्नातकोत्तर पेशेवर कार्यक्रम है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए स्पष्ट कॉल आत्मनिर्भर भारत से प्रेरित है। यह कोर्स भारत में अर्थव्यवस्था और एमएसएमई क्षेत्र के पुनरुत्थान को सक्षम करने के लिए बनाया गया है। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज के विशेष अधिकारी प्रो मनोज अग्रवाल ने बताया कि एमएसएमई भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं और आत्मानिभर भारत उद्यमशीलता को बढ़ावा देने और पारिवारिक व्यवसाय के विस्तार के साथ संभव है। उन्होंने यह प्रोग्राम न केवल युवा उद्यमियों को स्टार्ट अप शुरू करने के लिए प्रशिक्षित करेगाए बल्कि मौजूदा पारिवारिक व्यवसायों के साथ उन लोगों के कौशल को भी सामाजिक रूप से संवेदनशील बिजनेस लीडर्स बनने में सक्षम बनाएगा जो अपने परिवार के व्यवसाय को अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने में सक्षम होंगे। यह नई पीढ़ी को परिवार और सामाजिक जरूरतों के लिए बनाए गए वैचारिक ढांचे के एक सेट के साथ व्यवस्थित रूप से तैयार करेगा जिसके कारण वे और अधिक सफल हो। इस कार्यक्रम को कई नवीन शिक्षण विधियों जैसे कि इनक्यूबेशन सेंटरए हैंड्स ऑन ट्रेनिंग और बौद्धिक संपदा अधिकार सेल के साथ जोड़ा जाएगा जिसके कारण प्रतिस्पर्धी कारोबारी माहौल में पेटेंट की संख्या विकसित होगी।

जेआर ने सीनियर के खिलाफ दर्ज कराया छेड़खानी का केस

लखनऊ। केजीएमयू में एक डॉक्टर के खिलाफ जूनियर रेजीडेंट ने छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए चौक कोतवाली में तहरीर दी है। चौक पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक केजीएमयू के फार्मोकोलॉजी विभाग में तैनात वरिष्ठ डॉक्टर देवाशीष मुखर्जी पर उनके जूनियर रेजिडेंट ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि जूनियर रेजिडेंट ने इस पूरे मामले की प्रशासन से भी शिकायत की थी। जिसकी जांच केजीएमयू प्रशासन द्वारा की गई थी और दोनों पक्षों का बयान भी दर्ज कराया गया था। लेकिन केजीमयू प्रशासन की जांच से जूनियर रेजिडेंट संतुष्ट नहीं हुई थी। इसके बाद उसने चौक कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने जांच के बाद छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

रेलवे ठेकेदार पर बरसाईं गोलियां, साथी घायल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राजधानी के आलमबाग इलाके में उस समय हड़कम्प मच गया जब एटा से आये रेलवे ठेकेदार सुरेंद्र कालिया पर पैदल आये बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । वह अपनी इंडीवर गाड़ी में थे और उनके साथ तीन और लोग थे। इस गोलीबारी में उनका एक साथी रामरूप घायल हो गया जिसके पेट और पैर में गोली लगी है। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश पैदल ही भाग खड़े हुए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को ट्रामा में भर्ती कराया है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। शुरुआती छानबीन में रेलवे ठेकेदारी का विवाद सामने आया है जिसकी जांच की जा रही है। बाल बाल बचे सुरेंद्र ने जेल में बंद माफिया जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर हमला कराए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। हरदोई के रहने वाले सुरेंद्र कालिया, चालक व दो साथियों संग आलमबाग के अजन्ता अस्पताल में भर्ती परिचित जुबैर सिद्दीकी को देखने आए थे। सुरेन्द्र व जुबैर रेलवे में ठेकेदार हैं। शाम करीब सात बजे के आसपास जैसे ही वो अजंता हॉस्पिटल से निकलकर अपनी इण्डीवर गाड़ी से निकले। तभी कुछ ही दूर स्थित शराब ठेके के पास पहले से घात लगाये मौजूद दो बदमाशों ने गाड़ी पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। मौके पर पहुंचे जेसीपी नवीन अरोरा का कहना है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद मामले की छानबीन की जाएगी कि हमले का क्या कारण है। हमलावरों का सुराग लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है।

शाइन सिटी पर चला बुल्डोजर ध्वस्त किए गए अवैध निर्माण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

एलडीए द्वारा गोसाइंगंज, फैजुल्लागंज, आईआईएम रोड पर बन रही अवैध बिल्डिंगों पर सीलिंग की कार्रवाई की गयी है। विहित प्राधिकारी के आदेश पर कार्रवाई की गयी। गोसाईगंज के शाइन सिटी के डेवलपर से पास ले आउट दिखाने के लिए कहा गया, लेकिन ले आउट न दिखाने पर सीलिंग के आदेश दिए गए। इससे पूर्व नोटिस से शाइन और सांई सिटी के निर्माणों पर जरूरी कागजात की मांग की गयी। लेकिन कोई जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई की गयी। सोमवार को एलडीए वीसी शिवाकांत द्विवेदी के अवैध बिल्डिंगों पर सख्त कार्रवाई के आदेश का

नोटिस को नजरंदाज करने पर फैजुल्लागंज मड़ियाव में भी हुई सीलिंग की कार्रवाई

असर दिखने लगा है। आईआईएम पर अवैध कालोनी बसा कर बिल्डिंग खड़ी करने वालों पर कार्रवाई की गयी। विहित प्राधिकारी ऋतु सुहास ने सुनवाई के दौरान शाइन सिटी प्राइवेट लिमिटेड के राशीद नाईम के सालीटेयर सिटी कालोनी के नहर रोड मोहनलालगंज गोसाइगंज कार्यालय में नोटिस भेजा गया। यहां पर 90 हजार वर्ग मीटर के क्षेत्रफल में कालोनी विकसित की जा रही है, जिसके लेआउट मानचित्र दिखाने की मांग की गयी, लेकिन शाइन सिटी के स्टाफ के न दिखाने पर कार्रवाई की गयी। वहीं आईआईएम रोड के सेमरा गौड़ी पर जुबैर अहमद और अनवर सिद्दीकी के अवैध निर्माण पर कार्रवाई की गयी। इनके द्वारा प्लाट पर आरसीसी के पिलर खड़े किए जा रहे थे, जिस पर कार्रवाई की गयी। हालांकि इससे पूर्व एलडीए की विहित कोर्ट में विहित प्राधिकारी ने नोटिस भेजकर अपना पक्ष रखने के लिए कहा था, लेकिन संतुष्टि भरा जवाब न देने पर कार्रवाई की गयी। इसके साथ फैजुल्लागंज और मडियांव में भी अवैध निर्माण पर कार्रवाई की गयी।

प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व में भारत का बढ़ाया मान

उप मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ किया वर्चुअल संवाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

विधान सभावार वर्चुअल सम्मेलन को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को शाहजहांपुर के तिलहर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों से वर्चुअल संवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा अनेकानेक महत्वपूर्ण व क्रान्तिकारी कदम उठाए गए हैं। देश का मान सम्मान बढ़ा है। सामाजिक सरोकारों से जुड़ी अनेक महत्वाकांक्षी व विकासोन्मुखी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। धारा 370 व 35ए की समाप्ति, नागरिकता संशोधन कानून जैसे महत्वपूर्ण फैसलों से देश के लोगों में एक नई उर्जा व नये उत्साह का संचार हुआ है। एक देश में एक विधान, एक निशान, एक प्रधान की व्यवस्था कायम करके जहां डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार किया गया, वहीं अलगाववादी शक्तियों को मुहतोड़ जवाब दिया गया है। स्पष्ट नीति, सटीक निर्णय लेकर प्रधानमंत्री ने दुनिया को दिखा दिया कि भारत हर समस्या से लड़ने में पुरी तरह से सक्षम है। मोदी सरकार ने जनहित व लोकहित में उन फैसलों को अमलीजामा पहनाया है जो देश की एकता-अखण्डता को मजबूत करने वाले, सामाजिक व आर्थिक न्याय दिलाने के साथ-साथ हमारी वैचारिक प्रतिबद्धता को पूर्णता प्रदान करने वाले हैं। मोदी जी ने कोरोना संकटकाल में आत्मनिर्भर भारत बनाने का महामंत्र दिया। देश में साधन व संसाधनों को विकसित करने की दिशा में काम करके आपदा को अवसर में बदलने का कार्य किया जा रहा है।

मौर्य ने कहा कि युवाओं को रोजगार के नये अवसर सृजित करने व श्रमिकों को काम देने की दिशा में अभूतपूर्व फैसले लिये गये हैं। त्योहारों के समय प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के विस्तार से लोगों को लाभ मिल रहा है जिससे आशा की एक नई किरण जगी है। आत्मनिर्भर भारत बनाने के प्रधानमंत्री जी के संकल्प और भारत सरकार द्वारा दिए गए आर्थिक पैकेज से समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है। एग्रीकल्चर सेक्टर, एमएसएमई सेक्टर, कोल व माइनिंग सेक्टरों में लिये गये निर्णयों से देश आत्मनिर्भर होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जनभावनाओं व जन आकांक्षाओं के अनुरूप देश हित में क्रान्तिकारी कदम उठाये गये हैं और देश का मान सम्मान बढ़ा है। उन्होने प्रदेश सरकार के क्रियाकलापों की चर्चा करते हुये कहा कि कोरोना के दृष्टिगत अस्पतालों में बेड क्षमता बढ़ायी गयी है। प्रतिदिन जॉच की प्रक्रिया को तेज किया गया है। सेनेटाइजर के उत्पादन, श्रमिकों की स्किलमैपिंग, गरीबों को भरण पोषण भत्ता दिया गया। दूसरे राज्यों से आये लोगों को आर्थिक सहायता व राशन दिया गया तथा जनहित के फैसलों को अमलीजामा पहनाया गया। बाहर रह रहे लोगों को उनके घर तक पहुंचाने की सुचारू व्यवस्था की गयी। हाटस्पाट रणनीति देश के लिये रोल मॉडल बनी है। मनरेगा के तहत मजदूरों को भरपूर काम दिया जा रहा है। रेहड़ी पटरी दुकानदारों व ठेले पर सामान बेचने वाले लोगों को भी ऋण देने की व्यवस्था की गयी है। वन नेशन वन राशन कार्ड की व्यवस्था की गयी है।

बीजेपी आज करेगी 36 विधानसभा क्षेत्रों में वर्चुअल सम्मेलन

लखनऊ। बीजेपी विधानसभा सम्मेलनों के क्रम में आत्मनिर्भर भारत अभियान से समृद्ध भारत का संकल्प लेकर जनसंवाद अनवरत जारी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सहित प्रदेश पदाधिकारी, केन्द्रीय मंत्री, प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद व पार्टी के वरिष्ठ नेता विधानसभा सम्मेलनों में डिजिटल माध्यम से संवाद कर रहे हैं। पार्टी 14 जुलाई को 36 विधानसभा सम्मेलनों में संवाद के सतत् क्रम को विस्तार देगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह वाराणसी के सेवापुरी विधानसभा सम्मेलन को सम्बोधित कर आगामी चुनावों के लिए कार्यकर्ताओं को मंत्र सौंपेंगे। वहीं उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कानपुर के बिल्हौर व डा दिनेश शर्मा आगरा के बाह विधानसभा सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। जबकि केन्द्रीय मंत्री संतोष गंगवार सोनभद्र के राबर्ट्सगंज व संजीव बालियान शाहजहांपुर के ददरौल विधानसभा सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल विभाग को देश में मिला प्रथम स्थान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● भूजल संचयन, संरक्षण तथा समुचित उपयोग के लिए जन-जागरूकता जरूरीः जलशक्ति मंत्री

जलशक्ति मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रदेश में भूजल संचयन प्रबंधन तथा गिरते भूजल स्तर को बचाने के लिए उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल विभाग के प्रयासों तथा नेशनल हाइड्रोलॉजी परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए भारत सरकार द्वारा जून में जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश को देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार केरल को दूसरा तथा दामोदर रैली कारपोरेशन को तीसरा स्थान मिला है। नेशनल हाइड्रोलॉजी प्रोजेक्ट भारत सरकार की विश्व बैंक पोषित एक महत्वपूर्ण परियोजना है। इस परियोजना के तहत एक राष्ट्रीय स्तर का जल सूचना केन्द्र विकसित किया जाना है। इस सेन्ट्रल सेक्टर स्कीम के तहत विभिन्न राज्यों एवं केन्द्र की कुल 49 क्रियान्वयन एजेन्सियां काम कर रही हैं।

जलशक्ति मंत्री डॉ महेन्द्र सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल विभाग द्वारा भूजल संचयन एवं गिरते भूजल स्तर को बचाने के लिए सराहनीय कार्य किया जा रहा है। उन्होंने पूरे देश में पहला स्थान प्राप्त करने के लिए भूगर्भ जल विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों की प्रशंसा की। उन्होंने भूगर्भ जल स्तर को बचाने तथा डार्क जोन में गये क्षेत्रों को पुनः मूलरूप में वापस लाने के लिए निरंतर कार्य किये जाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल मार्गदर्शन में परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन के फलस्वरूप भूगर्भ जल विभाग को यह कामयाबी मिली है। उन्होंने अटल भूजल योजना को भी प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

महिलाओं के लिए आजीविका का साधन बनी सोलर लैंप योजना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

आईआईटी बॉम्बे, ईईएसएल, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वधान में 70 लाख स्टडी सोलर लैम्प योजना का कार्य उत्तर प्रदेश के 30 जनपदो के 75 ब्लॉको में किया जा रहा है। कक्षा 1 से 12 तक के ग्रामीण बच्चों को स्टडी सोलर लैम्प दिया जाना था । ये लैम्प की कीमत 700 रुपये है लेकिन सरकार सब्सिटी पर केवल बच्चों को 100 रुपये में दे रही है। यह जानकारियां वरिष्ठ परियोजना प्रबन्धक शैलेन्द्र द्विवेदी ने दी। श्री द्विवेदी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के 30 जिलों के 75 ब्लॉकों में 34 लाख बच्चों को स्टडी सोलर लैम्प दिया जाना है इसके सापेक्ष अभी तक वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 28 लाख बच्चों को स्टडी सोलर लैम्पों का वितरण किया गया और इस लैम्प का वितरण एवं रिपेयरिंग का कार्य समूह की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है ये योजना में अब तक 5000 महिलाओं को रोजगार मिला तथा इनमें से 700 महिलाओं ने सोलर स्मार्ट शॉप खोली है जो कि स्वयं आत्म निर्भर बनी है ये महिलाएं प्रत्येक दिन 300 रुपये से 500 रुपये तक कमा रही है।

कार्यालय नगर पंचायत सिधौली - सीतापुर

पत्रांक : 197/नीलामी/न0पं0सिधौली/2020-21 दिनांकः 13/07/2020

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सिधौली सीतापुर की सीमा के अर्न्तगत, **टैक्सी, टैम्पो स्टैण्ड पार्किंग शुल्क वसूली नीलामी। नीलामी वर्ष 2020-21 हेतु दिनांक 24.07.2020 दिन शुक्रवार को समय 12.00 बजे अपरान्ह कार्यालय नगर पंचायत सिधौली सीतापुर में होनी है।** इच्छुक ठेकेदार समय से उपस्थित होकर नीलामी बोली बोल सकते है। समय पर उपस्थित न होने वाले व्यक्तियों की नीलामी आपत्ति मान्य न होगी। नीलामी संबंधी अन्य जानकारी हेतु कार्यालय से कार्यालय दिवस मे सम्पर्क स्थापित करें।

ठेके की नीलामी में सम्मलित होने से पूर्व जिला मजिस्ट्रेट महोदय सीतापुर द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण-पत्र, हैसियत प्रमाण-पत्र व कार्यालय नगर पंचायत सिधौली द्वारा प्रदत्त अदेय प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा जो अनिवार्य है। सन्तोषजनक बोली न होने पर पुनः नीलामी की कार्यवाही करने हेतु अधोहस्ताक्षरी को पूर्ण अधिकार होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सिधौली
सीतापुर

अध्यक्ष
नगर पंचायत सिधौली
सीतापुर

उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड ई-निविदा सूचना

इस कार्यालय के द्वारा निम्नलिखित कार्य सम्पादन हेतु अनुभवी, दक्ष एवं व्यापारकर में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण **ई-टेन्डर** वेबसाइट www.etender.up.nic.in site पर उपलब्ध है। **ई-निविदा संख्या : ई0टी0-02/**वि0220के0वी0उ0सं0खं0(पं0)/2020-2021, विद्युत 220 के0वी0 उपसंस्थान पनकी, कानपुर के अन्तर्गत 132 के0वी0 उपकेन्द्र जवाहरपुरम् पर घास की कटाई आदि से सम्बन्धित कार्य। **अधिशासी अभियन्ता वि0 220 के0वी0 उ0सं0खं0, पनकी, कानपुर** संख्या : 850/वि220केवीउसंख(प)/टी-1 दिनांक : 13.7.2020 "राष्ट्र हित में बिजली बचायें" उपभोक्ता सेवा हेतु सम्पर्क करें-www.upptcl.org

जांच के नाम पर शिक्षकों के उत्पीड़न को लेकर सौंपा ज्ञापन

लखनऊ। फर्जी शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई के मुख्यमंत्री के आदेश के बाद चल रही सत्यापन की प्रक्रिया में जांच के नाम पर हो रहे उत्पीड़न एव जांच स्थगित किये जाने जाने को लेकर सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय सम्बद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ ने उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान शिक्षकों के उत्पीड़न रोकने की मांग को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। संघ के अध्यक्ष डॉ मनोज पांडेय के नेतृत्व में मिलने गए प्रतिनिधि मंडल का कहना था कि जांच के नाम पर पूरे प्रदेश मे विभिन्न प्रकार से शिक्षकों का उत्पीड़न किया जा रहा है जैसे कलेक्ट्रेट परिसर में बुलाये जाने तथा विभिन्न जनपदों मे जांच के नाम पर प्रमाण पत्रों यथा आरक्षण प्रमाण पत्रए दिव्यांग, हस्तलिखित अभिलेख इत्यादि के साथ भौतिक सत्यापन के नाम पर उत्पीड़न किये जा रहा है। लुआक्टा ने शासन द्वारा गठित जांच समिति में अपर जिलाधिकारी एवं उपजिलाधिकारी को अध्यक्ष तथा उससे अधिक वेतनमान के क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी एव राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य एवं वरिष्ठ शिक्षक को सदस्य नामित किये जाने पर आपत्ति जताई।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत जानपद खण्ड (वितरण), मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, न्यू हाइडिल कालोनी, सिविल लाइन, गोण्डा-271001, ई-निविदा सूचना संख्या-06/वि0जा0खं0(वि0)/गोण्डा/ई-टेन्डर/2020-21 अधोहस्ताक्षारी द्वारा निम्नलिखित निविदा के समक्ष उनके सम्मुख अंकित कार्य को सम्पादित कराने हेतु दो भागों में अलग-अलग अल्पकालीन निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड मुख्यालय लखनऊ की वेबसाईट "http://www.mvvnl.in" तथा उत्तर प्रदेश सरकार की ई-टेण्डर वेबसाईट "http://etender.up.nic.in" से देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते हैं। निविदा का प्रथम एवं द्वितीय भाग वेबसाईट पर लोड करने की अन्तिम तिथि दिनांक 27.07.2020 समय 17.00 बजे तक तथा निविदा का प्रथम भाग खोलने की तिथि 28.07.2020 समय 14.30 बजे से तकनीकी भाग खोला जायेगा। ई-निविदा में प्रतिभाग करने हेतु निविदा प्रपत्र का मूल्य, धरोहर धनराशि, जी0एस0टी0 पंजिकरण पत्र, पैन कार्ड, कैसिल्ड चेक की प्रति, पिछले तीन वर्षों का आयकर रिटर्न प्रमाण पत्र लगाना आवश्यक है। उक्त प्रपत्र धारक निविदादाता ही ई-निविदा में प्रतिभाग करने हेतु पात्र होगें। आर्हयता न पूर्ण करने की स्थिति में निविदादाताओं के भाग-2 पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा के प्रथम भाग के परीक्षणोपरान्त उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के द्वितीय भाग (वित्तीय भाग) को खोला जायेगा जिसकी सूचना अर्ह निविदाकारों को ई-मेल द्वारा दी जायेगी। निविदा प्रस्ताव केवल ई-टेण्डरिंग वेबसाईट "http://etender.up.nic.in" पर उक्त निर्धारित तिथि तक जमा किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र क्रय करने का मूल्य एवं धरोहर धनराशि जो "Executive Engineer Electricity Civil Division (Distribution) Gonda" के पंजाब नेशनल बैंक, गोण्डा के A/c No.-2024002100005846 एवं IFSC Code - PUNB0202400 में दिनांक 10.07.2020 के पश्चात् ही RTGS/NEFT के माध्यम से सीधे खाते में जमा की जायेगी तथा साक्ष्य के रूप में योज्य यूटी0आर0 संख्या, खाते का नाम, निर्गतकर्ता बैंक अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित एवं निविदादाता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित प्रति पार्ट-1, के साथ अपलोड करना आवश्यक होगा, अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्रथम भाग खोलने की तिथि के दिन सार्वजनिक अवकाश होने की स्थिति में या इन्टरनेट / तकनीकी बाधित होने पर निविदा अगले कार्य दिवस को उपरोक्त समय तक खोला जायेगा। निविदा की वैधता न्यूनतम 120 दिन होगी। निविदा के अन्तर्गत मात्रा 25 प्रतिशत कम या अधिक हो सकती है। भविष्य में इस निविदा में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खोलने की तिथि में विस्तार होता है तो उसकी सूचना ई-टेण्डर वेबसाइट "http://etender.up.nic.in तथा म0वि0वि0नि0लि0 मुख्यालय लखनऊ की वेबसाईट-"http://www.mvvnl.in" पर उपलब्ध कराई जायेगी। शीघ्र सफलतापूर्वक कार्य सम्पादित करने वाले निविदादाता को कार्य आवंटन में प्राथमिकता दी जायेगी। अधो-हस्ताक्षरी को पूर्ण अधिकार होगा कि बिनाकारण बताये किसी या सभी निविदाओं को निरस्त कर अथवा दो या दो से अधिक ठेकेदारों में विभक्त कर सकते हैंनिविदायें आनलाईन डालने हेतु निविदादाता को किसी डिजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट सर्टिफाईंग अथारिटी द्वारा जारी डिजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है। **क्र0सं0** 1, **निविदा विशिष्ट संख्या - 08/वि0जा0ख0(वि0)/गोण्डा/ई-निविदा/2020-21, कार्य का नाम** विद्युत जानपद खण्ड (वि0)-गोण्डा के अन्तर्गत आमंत्रित होने वाली विभिन्न ई-निविदाओं को वेबसाइट पोर्टल पर अपलोड करने इत्यादि का कार्य। **कार्यावधि** 12 माह , **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) (जी0एस0टी0 सहित)** 236.00, **धरोहर धनराशि (रू0)** 2000.00, **निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय** 27.07.2020 सायं 5.00 बजे तक, **निविदा खोले जाने का तिथि** 28.07.2020, **अधिशासी अभियन्ता, गोण्डा,** पत्रांक-1787, दिनांक-10.07.2020, **"राष्टहित में बिजली बचायें"**

पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, अल्प-कालीन ई-निविदा सूचना

अनुभवी ठेकेदारों / फर्मो से निम्नलिखित कार्य हेतु निविदायें दो भागों में आन-लाईन आमंत्रित की जाती है, आनलाइन निविदा http://etender.up.nic.in पर दिनांक 30.07.2020 को अपरान्ह 11.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है एवं जिसके खुलने की तिथि 30.07.2020 को अपरान्ह 02.00 बजे निर्धारित है। निविदा के प्रथम भाग में निविदा प्रपत्र मूल्य एवं धरोहर धनराशि, जो कि दिनांक - 29.07.2020 तक (आर0टी0जी0एस0 /एन0ई0एफ0टी0) द्वारा अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, फतेहपुर के बैंक खाता संख्या 0170002100023127 (IFSC Code-PUNB0017000, Punjab National Bank, Fatehpur) में जमा की जायेगी तथा बैंक जमा की साक्ष्य यथायोज्य यू0टी0आर0 संख्या पे-इन-स्लिप की मूलप्रति (इश्यू बैंक के कन्फर्मेशन मेल की प्रति) ई-निविदा प्रपत्रो के साथ ऑनलाइन अपलोड की जायेगी, एवं सम्बन्धित बैंक से पुष्टि तथा निविदा के प्रथम भाग की शर्तों के पूर्ण होने के उपरान्त ही निविदा का द्वितीय भाग खोला जायेगा। निविदा का प्रथम भाग खुलने पर फर्मो द्वारा सभी शर्तें पूरी करने वाले ठेकेदारों /फर्मो के सभी अभिलेखों की सत्यता की जांच इस कार्यालय द्वारा करायी जायेगी। फर्जी अभिलेख / प्रपत्र पाये जाने पर सम्बन्धित फर्म के विरूद्ध काली सूची में डालने की कार्यवाही की जायेगी। निविदा खुलने की तिथि को अवकाश होने पर अगले कार्य दिवस पर निविदा खोली जायेगी। **1. ई निविदा संख्या-42/वि0वि0मं0फ0/कार्य/2020-21 : कार्य का विवरण -** विद्युत वितरण मण्डल, फतेहपुर के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रो पर स्थापित 11 एवं 33 के0वी0 वी0सी0बी0 के प्रोटेक्शन का परीक्षण एवं पावर परिवर्तक की टेस्टिंग का कार्य। निविदा का मूल्य रू0 590.00 (रू0 500.00 + रू0 90.00 जी0एस0टी0), धरोहर धनराशि 5000.00 (रू0 पॉच हजार) मात्र। **2. ई-निविदा संख्या-43/वि0वि0मं0फ0/कार्य/2020-21 - कार्य का विवरण-**विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम, फतेहपुर के अन्तर्गत विद्युत वितरण उपखण्ड-टाउन एवं राधानगर के अन्तर्गत विभिन्न 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रों पर स्थापित 11 के0वी0 इनकमिंग एवं आउटगोइंग वी0सी0बी0 की सुचारू संचालन के दृष्टिगत 6 माह की अवधि हेतु विभिन्न अनुरक्षण एवं परीक्षण का कार्य। निविदा का मूल्य रू0 590.00 (रू0 500.00+रू0 90.00 जी0एस0टी0), धरोहर धनराशि :- 5000.00 (रू0 पॉच हजार) मात्र। **3. ई निविदा संख्या-44/वि0वि0मं0फ0/कार्य/2020-21:- कार्य का विवरणः-** विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम, फतेहपुर के अन्तर्गत विद्युत वितरण उपखण्ड-मलवां एवं चुरियानी के अन्तर्गत विभिन्न 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रों पर स्थापित 11 के0वी0 इनकमिंग एवं आउटगोइंग वी0सी0बी0 की सुचारू संचालन के दृष्टिगत 6 माह की अवधि हेतु विभिन्न अनुरक्षण एवं परीक्षण का कार्य। निविदा का मूल्य रू0 590.00 (रू0 500.00 + रू0 90.00 जी0एस0टी0), धरोहर धनराशि :- 5000.00 (रू0 पॉच हजार) मात्र। **शर्ते :** 1. कार्य एक या कई फर्मो को आवंटित किया जा सकता है। 2. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये किसी भी निविदा/सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। 3. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। 4. निविदा की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश या अन्य कारणों से कार्यालय बन्द होने की स्थिति मे अगले कार्य दिवस जिसमे कार्यालय खुला होगा, खोली जायेगी। 5. सम्बन्धित कार्यो हेतु सिर्फ अनुभवी ठेकेदारों / फर्मो को ही निविदा से सम्मिलित किया जायेगा। 6. उपरोक्त निविदा मे सम्मलित होने वाले निविदादाताओं के लिए विद्युत सुरक्षा निदेशालय से जारी "क" श्रेणी का वैध लाइसेन्स अनिवार्य होगा। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल, फतेहपुर।** पत्रांक-1743, दिनांक-13.07.2020, **"राष्ट्रहित में बिजली बचाएं"**

बंटवारे में विस्थापित होकर आए लोगों की जमीनों का आकलन शुरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● सरकार की ओर से गठित समिति ने काम किया शुरू

भारत पाकिस्तान बंटवारे के दौरान भारत में आकर रह रहे विस्थापित सिख एवं गैर सिख किसानों को जमीन का मालिकाना हक देने के लिए योगी सरकार द्वारा गठित समिति ने काम शुरू कर दिया है। मंडलायुक्त के नेतृत्व में गठित यह 6 सदस्य समिति 1980 से जमीनों की स्थिति की जांच पड़ताल कर रही है। इस संबंध में मंत्री बलदेव सिंह औलख ने बताया कि 20 जून को मेरे नेतृत्व कुछ अकाली प्रतिनिधि व सिख संगठन के लोग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले थे जिसके आधार पर समिति का गठन कर जांच कराई जा रही है। मंत्री श्री औलख ने बताया कि योगी सरकार ने इसके लिए सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश के छह जिलों क्रमशः लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, पीलीभीत, बरेली, रामपुर, बिजनौर जिलों को चयनित किया है। मामले की विस्तृत रूपरेखा तैयार करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जिलों से संबंधित मंडलायुक्त के नेतृत्व में 6 सदस्य समिति का गठन किया है। यह समिति अपनी जांच रिपोर्ट 3 माह में मुख्यमंत्री के सम्मुख प्रस्तुत करेगी। श्री औलख ने कहा कि किसी भी सिख व गैर सिख किसान के साथ अन्याय नहीं होगा। उन्होंने बताया इस समिति ने जमीनों की जांच शुरू कर दी है। इस समिति में जनपद से सम्बन्धित मण्डल के मण्डलायुक्त अध्यक्ष व मण्डल के मुख्य वन संरक्षक व सम्बन्धित जनपद के प्रभागीय बनाधिकारी , सम्बन्धित मण्डल के मुख्य अभियन्ता व सम्बन्धित जनपद के अधिशासी अभियंता सिंचाई एवं मंडल के उप गन्ना आयुक्त, अपर जिला अधिकारी सदस्य सचिव बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह सभी अधिकारी मौका स्थल पर जाकर किसानों की जमीनों का आकलन कर रहे हैं और या देख रहे हैं कि किसान कब से उक्त भूमि पर जुताई बुआई कर रहा है।

गोमतीनगर नगर निगम कार्यालय में मिला कोरोना पेशेंट, किया सील

● नगर निगम मुख्यालय में लगा जांच शिविर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कोरोना का कहर कालोनी से लेकर सरकारी कार्यालया में जारी है। नगरनिगम के गोमतीनगर कार्यालय में कोरोना का पेशेंट मिलने पर हड़कंप मच गया। जोनल अधिकारी ने कोरोना की सूचना अधिकारियों को दी। नगर आयुक्त के निर्देश पर कार्यालय को सील कराकर सैनिटाइज्ड किया गया। वहीं कोरोना की मु त टेस्टिंग नगर निगम मु यालय में किया गया, जिसमें 50 कर्मियों ने टेस्ट कराया।

शहर में कोरोना क हर दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है। सार्वजनिक स्थलों के साथ घर और कार्यालयों में तेजी से पैर पसार रहा है। सोमवार को नगर निगम के गोमतीनगर कार्यालय जोन चार में कोरोना का मरीज मिलने पर हड़कंप मच गया। आनन फानन में कर्मचारियों ने इसकी सूचना नगर स्वास्थ्य अधिकारी सुनील रावत को दी। साथ नगर आयुक्त डॉ इंदमणि त्रिपाठी को दी गयी। नगर आयुक्त ने तत्काल कार्यालय को बंद करने का आदेश दिया। कार्यालय को बंद कर सैनिटेशन कार्य कराया जा रहा है। उत्तर प्रदेश नगर निगम कर्मचारी संघ के पदाधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि कार्यालय में एक कर्मी कोरोना पॉजिटीव पायागया है, जिसके चलते कार्यालय बंद कर दिया गया है। हाल ही में जोन आठ नगर निगम कार्यालय में बाबू को कोरोना की रिपोर्ट पॉजिटीव आने से समस्या बढ़ गयी थी, जिसके बाद सैनिटेशन कराया गया। इसके साथ ही कोविड से बचाव संबंधित सभी प्रोटोकॉल के तहत प्रबंध किए गए। लालबाग मु यालय में कोविड 19 के खतरे को भांपते हुए अपर नगर आयुक्त अमित कुमार के नेतृत्व में मु त कोरोना की टेस्टिंग करायी गयी। इसमें अपर नगर आयुक्त सहित 50 कर्मचारियों ने कोविड टेस्ट में शामिल हुए। परीक्षण किए गए कर्मियों की रिपोर्ट 15 जुलाई को दी जाएगी। इसके साथ ही इंदिरानगर के मानस इंक्लेव में कोरोना पेशेंट मिलने से हड़कंप मचा हुआ है। मानस इंक्लेव आवासीय कल्याण समिति के महामंत्री बृजेश श्रीवास्तव ने नगर निगम और क्षेत्रीय पार्षद से सैनिटेशन कार्य कराने की मांग की है।

दो सिपाही समेत तीन और संक्रमित, दहशत बढ़ी

मोहनलालगंज। कोतवाली के दो और सिपाही तथा एक दुकानदार में भी सोमवार को कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। इस तरह मोहनलालगंज में अब तक निकले संक्रमितों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। जिसे लेकर मोहनलालगंज के लोगों में खासी दहशत है। उधर संक्रमण का दायरा बढ़ने के साथ सोमवार को ब्लाक की टीम ने कोतवाली और तहसील परिसर में सेनेटाइजेशन किया।

परिवहन निगम मुख्यालय में स्थित बैंक का कर्मचारी निकला संक्रमित

लखनऊ। परिवहन निगम मुख्यालय के परिसर में सेंट्रल बैंक का एक कर्मचारी कोरोना पॉजटिव निकला। यह खबर सोमवार को मुख्यालय में आग की तरह फैल गई। मुख्यालय पर तैनात कर्मियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में बैंक कर्मियों को जांच कराने की सलाह देकर छुट्टी कर दिया गया। इस बीच सोमवार को पूरा दिन बैंक बंद रहा। इस मामले को लेकर निगम मुख्यालय के अफसरों ने कहा कि बैंक समेत पूरा मुख्यालय सेनेटाइज कराया जाए। क्योंकि मुख्यालय समेत अन्य रोडवेज कर्मियों के खाते इसी बैंक में है। जहां कर्मियों का आना जाना लगा रहता है।

इंग्लैण्ड के तीन विश्वविद्यालयों में सीएमएस छात्रा का चयन

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) की मेधावी छात्रा जान्हवी प्रिया ने उच्च शिक्षा हेतु इंग्लैण्ड के तीन विश्वविद्यालयों में चयनित होकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतिभाशाली छात्र को इंग्लैण्ड की यूनिवर्सिटी ऑफ बाथ, यूनिवर्सिटी ऑफ लीड्स एवं डरहम यूनिवर्सिटी द्वारा उच्चशिक्षा हेतु आमन्त्रित किया गया है। जान्हवी ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता के दम पर यह उपलब्धि अर्जित की है एवं अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों व सीएमएस के वातावरण को दिया है।

बुजुर्ग की ट्रेन से कटकर मौत

लखनऊ। राजधानी के गोसाईगंज थाना क्षेत्र मे एक 70 वर्षीय व्यक्ति की ट्रेनसे कटकर मौत हो गई। गोसाईगंज पुलिस ने बताया कि सोमवार को अपूनगंज गोसाईगज रेलवे स्टेशनमास्टर की ओर से सूचना मिली थी कि रहमतनगर छंगरौली रेलवे स्टेशन के पास भदुअवा गेट के पास एक अज्ञात व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची और मृतक की शिनाख्त कराई। मृतक के बेटे अजय सिंह यादव ने ग्राम भदुआ थाना गोसाईगंज निवासी अपने पिता राम सिंह यादव (70) के रूप में की।

छेड़छाड़ का आरोपित गिरफ्तार

लखनऊ। युवती को काफी समय से छेड़छाड़ कर परेशान करने व धमकी देने के आरोपित को गुडम्बा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर गुडम्बा रीतेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती का आरोप है कि सेक्टर एच जानकीपुरम निवासी दिवाकर मिश्रा काफी समय से उसका पीछा कर परेशान करता था। मना करने के बावजूद वह छेड़छाड़ कर मानसिक प्रताड़ना दे रहा था। विरोध करने पर धमकी देने लगा। इंस्पेक्टर के मुताबिक पीड़िता की तहरीर पर रविवार को आरोपित के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर सोमवार को उसे 23 नंबर चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

रेलवे के मनोरंजन केंद्र में लटकता मिला विवाहिता का शव

लखनऊ। राजधानी के बाजारखाला इलाके में रेलवे के मनोरंजन केंद्र में एक विवाहिता का शव फंदे से लटकता मिला। जिससे हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि अभी हाल ही में मृतका की शादी हुई थी। फिलहाल पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। जानकारी के अनुसार बाजारखाला द्वारा बताया गया कि वादी शैलेन्द्र कुमार पुत्र राजेन्द्र कुमार निवासी ओमपुरवा थाना चकेरी जनपद कानपुर नगर ने थाना बाजारखाला पर सूचना दिया कि वादी की बहन शालिनी उर्फरोज मैरी उम्र करीब 21 वर्ष की शादी दिसम्बर 2019 में अमन मसीह पुत्र संजय मसीह निवासी मनोरंजन केन्द्र ऐशबाग थाना बाजारखाला लखनऊ के साथ हुई थी। वादी का कहना है कि ससुरालीजन दहेज की मांग को लेकर अक्सर बहन को प्रताड़ित करते थे और हम लोगो से अकेले में बात नही करने देते थे।

स्टाइपेंड में बढ़ोतरी न होने से नाराज इंटर्न डॉक्टरों ने किया प्रदर्शन

लखनऊ। पिछले 10 वर्षो से इंटर्न डॉक्टरों के स्टाइपेंड में बढोत्तरी न होने से किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के नाराज डॉक्टरों ने सोमवार को काली पट्टी बांधकर शातिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद डॉक्टरों ने इस बाबत डीएम को ज्ञापन सौंपकर स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि एमबीबीएस व बीडीएस इंटर्न के स्टाइपेंड में पिछले 10 सालों से कोई बढौतरी नही हुई है। जबकि महंगाई में कई गुना बढ़ोतरी हुईए पर स्टाइपेंड 7500 रुपए प्रतिमाह पे अभी भी बना हुआ है।

दुराचार के मामले में मुल्जिम की जमानत अर्जी खारिज

लखनऊ (विसं)। पिस्तौल की नोक पर एक विवाहिता के साथ दुराचार करने के मामले में निरुद्ध मुल्जिम अर्जुन यादव की जमानत अर्जी फास्ट ट्रैक की विशेष अदालत ने खारिज कर दी है। विशेष जज अन्जू कन्नौजिया ने प्रथम दृष्टया मुल्जिम के अपराध को गंभीर करार दिया है। 10 मार्च, 2020 को इस मामले की एफआईआर पीड़िता के पति ने थाना मड़ियांव में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील अरुण पांडेय के मुताबिक मुल्जिम ने होली के दिन इस कुकर्म को अंजाम देने के बाद मोबाइल से वीडियो भी बना लिया था। जिसकी बिना पर वो पीड़िता को ब्लैकमेल करता और जब घर में कोई नहीं होता था, तो उसके साथ दुराचार करता था।

लाइसेंस के लिए टाइम स्लाट ले चुके आवेदकों को परेशानी

लखनऊ। लॉक डाउन के साथ शुरू हुई आवेदकों की मुसीबत अभी खत्म नहीं हो पाई थी एक बार सार्वजनिक बंदी ने राजधानी में लाइसेंस आवेदकों की दिक्कतें फिर बढ़ा दी। आरटीओ ऑफिस में लाइसेंस का आवेदन कर जिन लोगों ने शनिवार को टाइम स्लॉट ले रखा था, अब उन्हें दूसरी डेट मिलेगी। शहर में शनिवार और रविवार को सार्वजनिक बंदी होने से यहां पर आरटीओ और एआरटीओ कार्यालय बंद रहेंगे। ऐसे में जिन लोगों ने शनिवार को लाइसेंस के लिए आवेदन कर रखे है उनकी तारीखे आगे शिफ्ट की जाएंगी। हालांकि यह प्रक्रिया परिवहन विभाग के लिए आसान नहीं होगी। अगले तीन महीने तक लाइसेंस को लेकर सभी तारीखें पहले ही एलॉट की जा चुकी है। इस बावत एआरटीओ प्रशासन संजय तिवारी का कहना है कि लाइसेंस को लेकर आवेदकों को किसी तरह की समस्या नहीं होने दी जाएगी। सार्वजनिक बंदी के दिन वाले आवेदकों की तारीखे शिफ्ट किए जाने के प्रयास जारी है।

इस बार राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए शिक्षकों को करनी होगी फाइल मेंटेन

लखनऊ। इस बार राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए शिक्षकों को कड़ी प्रतिस्पर्धा से गुजरना होगा। इसके लिए शासन स्तर पर प्रधानाचार्य व अध्यापकों के लिए विद्यालय प्रबंधन, कक्षा प्रबंधन व स्कूल प्रदर्शन से संबंधित कुल 95 अंकों के मानक तय किए गए हैं। मानक तय किए गए हैं। इन मानकों में न्यूनतम 40 फीसदी अंक पाने वाले शिक्षक ही शामिल किए जाएंगे। इस बाबत प्रमुख सचिव माध्यमिक शिक्षा आराधना शुक्ला ने आदेश जारी कर दिए हैं।

अलग-अलग दिन खुलेंगी दुकानें

निगोहां। सोमवार को निगोहां थाने पर व्यापरियों की एक बैठक व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र दीक्षित के साथ सम्पन्न हुई । व्यापरियों व थाना प्रभारी के बीच यह तय हुआ कि कस्बे में स्थित व्यापरियों का व्यापार भी होता रहे।जिसके लिए दुकानों को खोलने के लिए दिन निश्चित किया गया है सप्ताह में सोमवार बुधवार व शुक्रवार को कपड़े, रेडीमेड, जूता, सर्राफा, बर्तन, प्लास्टिक सैलून व धोबी वही अंडे व चाट आटोगेराज सहित साइकिल की दुकानें खुलेंगी वही मंगलवार गुरुवार को मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर व बुक स्टाल एवं कास्मेटिक व फर्नीचर की दुकानें खुली रहेंगी । व्यापारी सप्ताह में 5 दिन व्यापार कर सकेंगे। वही काफी व्यापरियों ने इस आतंरिक बन्दी का विरोध किया है और नाराजगी जाहिर की है।

आड-इवेन फार्मूला लागू कराने की तैयारी में प्रशासन

मोहनलालगंज। कोरोना के बढ़ते प्रकोप को लेकर बाजार में भीड़ घटाकर सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन कराने के लिए प्रशासन मोहनलालगंज तहसील की सभी बाजारों में दुकानें खोलने के लिए आड इवेन फार्मूला लागू कराने की तैयारी में है। जिसे लेकर सोमवार को एसडीएम और थाना प्रभारियों ने व्यापारियों के साथ बैठक कर अविलम्ब प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। जिसका उल्लंघन करने पर प्रशासन सख्ती बरतने पर विचार कर रहा है।

'पीएम का देश के प्रति समर्पण व सैनिकों के पराक्रम से पीछे हटा चीन'

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

● जलालपुर विधान सभा की वर्चुअल रैली में मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे कानून मंत्री बृजेश पाठक

जनपद में भारतीय जनता पार्टी की ओर से विधान सभाओं में वर्चुअल रैली जारी है। कोरोना महामारी के शुरुआत से ही भारतीय जनता पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं से वार्ता के लिए वर्चुअल माध्यमों को आधार बनाकर उन्हें आदेश निर्देश देने का कार्य शुरू किया था जो आज भी जारी है।

भारतीय जनता पार्टी ने जलालपुर विधान सभा क्षेत्र में अपने कार्यकर्ताओं की विधान सभा स्तर की वर्चुअल रैली की। भाजपा जिला अध्यक्ष कपिल देव वर्मा की अध्यक्षता और जिला महामंत्री मिथिलेश त्रिपाठी के संचालन में जलालपुर विधानसभा की रैली के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए प्रदेश सरकार के विधि न्याय और कानून मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि भारत के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की देश के प्रति समर्पण और भारतीय सैनिकों के पराक्रम के कारण आज चीन जैसे देश को भारत की सीमा से काफी दूर हटने को मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री जी की दूर दर्शिता और जनता के सहयोग से भारत ने कोरोना महामारी के भयावह स्थिति को काबू में कर अमेरिका जैसे सुविधा सम्पन्न देश को भी कोरोना के प्रकोप से हुए जनहानि को काबू में कर रखा है। श्री पाठक ने भाजपा कार्यर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि चीन के वुहान प्रांत से ही वहां शिक्षा ग्रहण करने वाले केरल के एक छात्र के द्वारा 20 जनवरी को कोरोना बीमारी भारत में आया। उन्होंने कहा कि देश को अखंड

वर्चुअल रैली को सम्बोधित करते कानून मंत्री बृजेश पाठक पायनियर

देखने की इच्छा शक्ति के साथ अपना बलिदान देने वाले जनसंघ संस्थापक डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के सपने को प्रधान मंत्री जी ने कश्मीर से धारा 370 व 35 ए हटा कर पूरा किया है। सैकड़ों साल से हिन्दुओं के आराध्य भगवान श्री राम के जन्म भूमि पर भव्य मंदिर निर्माण का रास्ता भी भाजपा की सरकार के प्रयास से ही प्रशस्त हुआ है। उन्होंने तीन तलाक कानून समाप्त होने को भी भाजपा सरकार का सराहनीय कदम बताया। विधान सभा क्षेत्र की बूथ स्तर तक की रैली को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने मुख्य अतिथि सहित रैली में शामिल सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद में संगठन को चुस्त दुरुस्त बनाने के लिए सभी के साथ मिल कर पुरजोर तरीके से प्रयास कर अब तक की सबसे मजबूत संगठन बना कर सभी विधान सभाओं में पार्टी का परचम लहराने का कार्य करेंगे। हमारे निष्ठावान कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ हैं। विधान सभा रैली के अंत में जलालपुर विधान सभा से भाजपा प्रत्याशी रहे डाक्टर राजेश सिंह ने भाजपा जिला अध्यक्ष कपिल देव वर्मा की अनुमति से रैली में शामिल सभी का आभार प्रकट करते हुए रैली के सम्पन्न होने की घोषणा किया।

विधान सभा की रैली में भाजपा क्षेत्रीय मंत्री रमापति मौर्य,पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्रकाश यादव, शिव नायक वर्मा,जिला मंत्री चंद्रिका प्रसाद,अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री बच्चू लाल भारती, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पूर्व सदस्य के के मिश्र,डाक्टर रजनीश सिंह,अल्प संख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मीसम रजा,पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष शत्रुघन सोनी,भाजपा नेता अनन्त राम मिश्र,पूर्व मंडल अध्यक्ष मानिक चंद सोनी व सुरेश गुप्त, प्रदीप कुमार सिंह कक्कू, प्रहलाद वर्मा, मण्डल अध्यक्ष संजीव मिश्र, रणंजय सिंह,दिनेश चौधरी, राजाराम मौर्य,सुनील गुप्त, हरिदर्शन राजभर, संजीव सिंह, कृष्ण गोपाल कसौधन, देवेश मिश्र, सुंद्रावती राजभर, आदि शामिल रहे।

विधायक सुरेश तिवारी ने रूदौली में कार्यकर्ताओं को किया सम्बोधित

अयोध्या(सं.)। भाजपा द्वारा आयोजित रुदौली विधानसभा के वर्चुअल सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रुप में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय मंत्री व कैंट विधायक सुरेश तिवारी ने कहा कि वैश्विक बीमारी कोरोना से उपजे संकट काल में भी देश आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। सरकार ने इसको साकार स्वरुप प्रदान करने के लिए बीस लाख करोड़ के राहत पैकेज की घोषणा की है। उत्तर प्रदेश इसमें अपना प्रमुख योगदान देने वाला है। उन्होने कहा कि बदलते वैश्विक समीकरण के बीच भारत ने खुद को पथ प्रदर्शक के रुप में प्रस्तुत किया है। कोरोना को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा किये गये कार्यो की तारीफ दूसरे देश भी कर रहे है। प्रवासी मजदूरों को उनके गांव में सरकार रोजगार मुहैया करा रही है। विधायक रामचन्दर यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार ने वन नेशन वन राशनकार्ड की ऐतिहासिक घोषणा की है। इसका सबसे ज्यादा फायदा प्रवासी मजदूरों को मिलेगा। सरकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के अंतिम व्यक्ति को दिया जा रहा है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि लाकडाउन के समय गरीबों व जरुरमंदों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी। विधानसभा व मण्डल स्तर पर इसके लिए जिले में संयोजक बनाये गये। इसकी लगातार मानीटरिंग जिला मुख्यालय से की गयी कोई भूखा न सोए तथा कोई अभावग्रस्त न रहे। हमें इस आपदा को अवसर में बदलना है और इसमें प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी चाहिए। इस अवसर पर बाबा सच्चिदानन्द दास, शिवगोविनन्द पाण्डेय, धर्मेन्द्र सिंह, राजीव तिवारी, बबिता सिंह, निर्मल शर्मा, शान्ति देवी रावत, शिवराम यज्ञसेनी, संतोष मिश्र, अंजनी साहू, रामदीन वर्मा, विजय शंकर शुक्ल, शेखर गुप्ता, शीतला शुक्ल, उमाशंकर गुप्ता, राज किशोर सिंह, रघुनन्दन चौरसिया, सुरेश चन्द्र मिश्र, राजेश गुप्ता, गुलाब चन्द्र कौशल, संतोष जायसवाल, चन्द्रबली सिंहए देवेन्द्र मणि त्रिपाठी, सुधीर सिंह मुन्ना, हर्षवर्धन सिंह मौजूद रहे।

एनटीपीसी ने प्रतिष्ठित सीआईआई-आईटीसी सस्टेनेबिलिटी अवार्ड 2019 हासिल किया

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

भारत की सबसे बड़ी बिजली उत्पादन कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने कारपोरेट एक्सीलेंस श्रेणी में उत्कृष्ट उपलब्धि के तहत सी.आई.आई.-आई.टी.सी. सस्टेनेबिलिटी अवार्ड 2019 हासिल किया। साथ ही कंपनी ने सीएसआर की श्रेणी में महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रशस्ति भी प्राप्त की है। एनटीपीसी हमेशा पावर स्टेशनों के आसपास अपने समुदायों के सतत विकास के लिए प्रयास करता है। इसका प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम बालिका सशक्तीकरण मिशन (जेम) है। यह एक 4 सप्ताह का आवासीय कार्यक्रम है जिसके तहत एनटीपीसी के पावर स्टेशनों के आसपास रहने वाली वंचित वर्ग की स्कूली बालिकाओं की सहायता की जाती है ताकि उनका समग्र विकास हो सके। एनटीपीसी ने संविदाकारों के श्रम सूचना प्रबंधन प्रणाली सी.एल.आई.एम.एस. (क्लिम्स) की भी शुरुआत की है, जिसके माध्यम से ठेका मजदूरों को परियोजना स्थलों पर महीने के अंतिम दिन भुगतान किया जाता है। सी.आई.आई.-आई.टी.सी. सस्टेनेबिलिटी अवार्ड, सस्टेनेबिलिटी की दिशा में किए गए उत्कृष्ट प्रयासो को मान्यता देते है और पुरसकृत करते है। देश में सस्टेनेबिलिटी की दिशा में पहचान के लिहाज से इसे सबसें विश्वसनीय प्लेटफार्म माना जाता है। 62110 मेगावाटकी कुल स्थापित क्षमता के साथ एनटीपीसी समूह के पास 70 बिजली स्टेशन है, जिनमे 24 कोयला, 7 कंबाइंड साइकिल गैस लिक्विड फ्यूल, 1 हाइड्रो, 13 नवीकरण और 25 सहायक और जेवी पावर स्टेशन है।

शत प्रतिशत रहा तक्षशिला का परीक्षाफल

रिचा मिश्रा

अम्बेडकरनगर। जिले के अग्रणी संस्थान तक्षशिला अकादमी के 12वीं के रिजल्ट घोषित हुऐ जिसमें सभी छात्र सफल रहे । विद्यालय की रिचा मिश्रा ने विज्ञान वर्ग में 96.4 प्रतिशत अकों के साथ प्रथम स्थान और उत्कर्ष मिश्रा ने 94.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में वाणिज्य वर्ग के आयुष तिवारी 92.6 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम एवं रोशनी अन्दानी 92.2 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिषेक तिवारी एवं प्रबंधक रितेश पाण्डेय ने देश के भावी कर्णधार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और हृदय की अनंत गहराइओं से शुभकामनाएं प्रेषित की।

लूटी गई पिकअप के साथ चार अभियुक्त गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

चिलुआताल थाना के मजनू चौकी अंतर्गत 10 जून को रात्रि में शेरपुर चमराह फेर लेन से लूटी गई पिकअप गाड़ी को चिलुआताल पुलिस व क्राइम ब्रांच सर्विलांस के सहयोग से चार शातिर अंतर्जनपदीय लुटेरों को पिकअप के साथ किया गिरफ्तार। लूटी गई पिकअप को बरामदगी हेतु लगाये गए अधिकारियों ने सर्विलांस क्राइम ब्रांच चिलुआताल पुलिस मजनू चौकी प्रभारी की मदद से जरिए मुखबीर की सूचना पर फर्टीलाइजर रोड विश्व भारती स्कूल के पास एक पिकअप गाड़ी और एक अदद मोटरसाइकिल के साथ चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक उत्तरी अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि अभियुक्त शिवम जयसवाल व अमर रत्नाकर द्वारा बताया गया कि तीसरा साथी रामरक्षा यादव निवासी नकहा नंबर दो टोला गिदहवा के मकान में किराए पर रहते हैं। हम लोगों ने मिलकर घटना को अंजाम दिया। हमारे चौथे साथी राधेश्याम सिंह उर्फ मामा पुत्र गणेश सिंह निवासी कंठीछापर थाना जटहा बाजार कुशीनगर के रहने वाले हैं तथा कुख्यात अभियुक्त चंदन सिंह के फइली शातिर अभियुक्त राणा प्रताप सिंह उर्फ पिंकू सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी पाली थाना सहजनवा गोरखपुर का सगा मामा है। जो अवैध शराब का कारोबार कर बिहार राज्य को सप्लाई करता है। राधेश्याम सिंह को शराब ढोने के लिए पिकअप गाड़ी की आवश्यकता थी। इन्हीं के कहने पर हम तीनों ने मिलकर इस घटना को अंजाम दिया। गिरफ्तार करने वालों में प्रमुख रूप से संजय मिश्रा प्रभारी निरीक्षक, उप निरीक्षक सादिक परवेज, प्रभारी स्वाट क्राइम ब्रांच उपनिरीक्षक छोटे लाल, चौकी प्रभारी मजनू, हेड कांस्टेबल शशिकांत राय, स्वाट टीम क्राइम ब्रांच हेड कांस्टेबल योगेश सिंह, एसओजी टीम क्राइम ब्रांच हेड कांस्टेबल रामेश्वर दुबे, एसओजी टीम क्राइम ब्रांच कांस्टेबल रसीद अख्तर खान, स्वाट टीम क्राइम ब्रांच कांस्टेबल सनातन सिंह, क्राइम ब्रांच कांस्टेबल मोहसिन खान, कांस्टेबल कुतुबुद्दीन, क्राइम ब्रांच धर्मेंद्र नाथ तिवारी, क्राइम ब्रांच अरुण कुमार यादव, क्राइम ब्रांच हेड कांस्टेबल राघवेंद्र, चिलुआताल कांस्टेबल सुरेंद्र भास्कर आदि शामिल रहें।

सांसद ने जानी लोगों की समस्याएं

अम्बेडकरनगर। सांसद रितेश पाण्डेय ने जलालपुर विधानसभा क्षेत्र में मालीपुर धमरूआ चितौना कला कालेपुर महुवल आदि ग्रामों का दौरा कर लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका मौके पर ही निराकरण किया। उसी क्रम में उनको बताया गया कि ग्राम बरौली आशानंदपुर गुवांवा जमालपुर ठटठा, बीबीपुर, भुसौली कबूलपुर, सलाहपुर अकबेलपुर सिकंदरपुर इटौरी आदि ग्राम सभाओं में 10 वर्ष पहले राजीव गांधी योजना में लगे तार 1 केबिल जर्जर हो गये है और टूट कर गिर जा रहे है कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है और इन ग्रामों को टिकरी फीडर से जोड़ा गया है। जिससे लो बोल्टेज की समस्या बराबर बनी है। सभी ग्रामों के अधिकांश उपभोक्ता को दो दो विद्युत हेतु धमरूआ में एवं सब स्टेशन बनाया जाय और तब तक उपरोक्त ग्रामों को रूकुनपुर मालीपुर सब स्टेशन से जोड़ दिया जाये।

चेकिंग के दौरान गैंगस्टर गिरफ्तार

गोरखपुर। अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों को पकड़ने में लगी बेलीपार पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान बांसगांव रोड से जाते हुए गैंगेस्टर एक्ट के अभियुक्त रमन सिंह पुत्र सूर्यनारायण सिंह ग्राम भैरोपुर थाना बांसगाँव, उम्र करीब 58 वर्ष, हंसनाथ यादव उर्फ हंसा पुत्र राम प्रसाद यादव, ग्राम जगदीशपुर थाना बांसगाँव उम्र करीब 33 वर्ष, पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया। पकड़े गये व्यक्ति से भागने का कारण पुछा गया तो उन्होंने बताया कि हम लोगो के विरूद्ध बासगांव थाने पर गैगेस्टर एक्ट का मुकदमा लिखा हुआ है, इसलिये आप लोगों को देखकर भागने लगे। हम लोग तथा चिल्लुपार थाना बड़हलगंज के मेरे साथी हम सभी लोग वकील से मुकदमे के सम्बन्ध में राय लेने के लिये जनपद मुख्यालय गये थे। दो साथी कौड़ीराम की तरफचले गए। पुलिस टीम ने पकड़े गए दोनों अभियुक्तों को साथ लेकर बगहावीर बाबा स्थान पर पहुंची।

एसडीएम भरत लाल सरोज कोरोना संक्रमित

● प्रशासनिक खेमे में अफरा-तफरी

● संपर्क में आये कर्मचारियों को चिन्हित करने की प्रक्रिया शुरू

● पूरे कलेक्ट्रेट का होगा सेनिटाइजेशन

● 48 घंटे के लिए बंद होगा कलेक्ट्रेट

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

एसडीएम भरत लाल सरोज (फाइल फोटो) पायनियर

कोरोना संक्रमण को नियंत्रित करने में काफी हद तक सफल रहे इस जिले में एक उपजिलाधिकारी के कोरोना संक्रमित पाये जाने के बाद प्रशासनिक स्तर पर खलबली मच गयी है। कलेक्ट्रेट में सम्बद्ध व प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट भरत लाल सरोज को कोरोना से संक्रमित पाया गया है। एसडीएम भरत लाल सरोज का स्वास्थ्य बीते तीन दिनों से खराब चल रहा था। उन्हें ठण्डी लगकर बुखार आ रहा था तथा गले में खराश बना हुआ था जिसके बाद उनकी कोरोना जांच करायी गई। जांच में उन्हें कोरोना से संक्रमित पाया गया है। एसडीएम के कोरोना संक्रमित पाये जाने के बाद कलेक्ट्रेट में अफरा-तफरी मच गयी है तथा विगत दस दिनों में उनके सम्पर्क में आये हुए लोगों व कर्मचारियों को चिन्हित किये जाने का कार्य शुरू हो गया है। फ्लिहाल प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट होने के कारण भरत लाल सरोज के पास दो दर्जन से अधिक विभागों की पत्रावलियां हस्ताक्षर के लिए आतीं थी। ऐसे में बड़ी संख्या में कर्मचारी इनके सम्पर्क में थे। इसके अलावां वह जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी के भी सम्पर्क में रहते थे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी के अनुसार चिन्हित किये जा रहे सभी कर्मचारियों की जांच करायी जायेगी तथा कलेक्ट्रेट को सेनिटाइज करने के लिए 48 घंटे तक बन्द रखा जा सकता है। उल्लेखनीय है कि एसडीएम भरत लाल सरोज जिले के दूसरे अधिकारी हैं जिन्हें कोरोना का संक्रमण हुआ है। इसके पूर्व जिला अस्पताल के सीएमएस रहे डॉ0 एसपी गौतम कोरोना से संक्रमित पाये गये थे जिनकी इलाज के दौरान मौत हो चुकी है। जिले में मौजूदा समय में कोरोना के कुल 12 सक्रिय मामले हैं जिनमें से सात रमाबाई में भर्ती हैं जबकि चार लखनऊ में हैं। उपजिलाधिकारी को मेडिकल कालेज सद्दरपुर में भर्ती कराया गया है।

तीन साल पुराने मुकदमे होंगे वापस

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

चिलुआताल थाना क्षेत्र के भगवानपुर में सड़क जाम करने के दौरान लोगों के खिलाफ दर्ज हुए मुकदमे वापस होंगे। सड़क जाम करने के दौरान तत्कालीन एएसपी चारू निगम के साथ नगर विधायक डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल की नोकझोक हुई थी। तब विपक्ष ने विधायक पर तीखे हमले किए थे। अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन में विधायक और एएसपी के बीच हॉटटॉक का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

बात वर्ष 2017 में उस समय की है योगी आदित्यनाथ यूपी के सीएम बने तो भगवानपुर कोईलहवा में लोगों ने शराब की दुकान बंद कराने की मांग उठाई। चिलुआताल पुलिस ने सहयोग नहीं किया तो लोग सड़क पर उतर आए। भगवानपुर के पास ही रोड जाम करके प्रदर्शन करने लगे। इसकी सूचना पाकर नगर विधायक डॉ. राधा मोहनदास अग्रवाल भी मौके पर पहुंचे। जनता के साथ खड़े विधायक ने उनकी मांगों का समर्थन करते हुए दुकान बंद कराने की मांग की। सीओ गोरखनाथ का चार्ज संभाल रहीं एएसपी चारू निगम फेर्स के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने पब्लिक को हटाने के लिए पुलिस बल का प्रयोग किया। इस दौरान विधायक के साथ उनकी कहासुनी हुई। तभी एएसपी की आंखों में धूल के कण पड़ गए जिसे निकालने के लिए उन्होंने रुमाल लगाया तो उनकी आंखों से आंसू आ गए। इस दौरान तमाम मोबाइल कैमरों में कैद हुए वीडियो को विपक्ष ने तिल का ताड़ बना दिया। कहा गया कि विधायक की डांट से एएसपी रो पड़ीं। इस मामले का वीडियो वायरल होने पर चारू निगम ने खुद ही बताया था कि धूल का कण पड़ने से उनकी आंखों में आंसू आए थे।

नगर विधायक का जताया आभार

इस मामले में पार्षद राजकुमार सहित 18 नामजद और सौ से अधिक अज्ञात लोगों पर मुकदमे दर्ज हुए। पुलिस ने कई दिनों तक दबिश देकर आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की। उत्पीड़न के खिलाफ विधायक ने विरोध मुखर किया तो पुलिस शांत हुई। इस मामले में करीब ढाई साल के बाद प्रदेश सरकार के विधि, न्याय तथा ग्रामीण अभियंत्रण मंत्री ब्रजेश पाठक ने ग्रामीणों के खिलाफदर्ज मुकदमे को वापस लेने के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश डीएम गोरखपुर को दिए हैं। इससे भगवानपुर के लोग काफी खुश हैं। लोगों ने नगर विधायक का आभार जताया है कि उनके प्रयास से यह सफलता मिली। मुकदमा वापस होने पर पुलिस किसी का बेवजह उत्पीड़न नहीं कर सकेगी।

शिक्षक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

मिल्कीपुर, अयोध्या। इनायतनगर थाना क्षेत्र के पारा मरेमा निवासी करीब 45 वर्षीय शिक्षक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है शिक्षक की मौत की वजह जहरीला पदार्थ खाकर आत्म हत्या किया जाना बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घनश्याम दुबे पुत्र माता प्रसाद दुबे उम्र करीब 45 वर्ष मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र स्थित बलदेव विद्यापीठ इंटर कॉलेज सेवरा मे सहायक अध्यापक पद पर अध्यापन कार्य कर रहे थे। मृतक के परिजनों ने बताया कि बीते रविवार की रात वह खाना खाने के उपरांत अपने कमरे में सोने चले गए थे। सोमवार की अल सुबह परिवारी जनों ने उन्हें बेहोशी की हालत में कमरे में पड़े देखा। जानकारी मिलते ही परिजन उन्हें इलाज के लिए आनन.फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जिला अस्पताल में इलाज के दौरान शिक्षक की मौत हो गई। शिक्षक की मौत की खबर मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और उनके घर कोहराम मच गया। शिक्षक के 90 वर्षीय वृद्ध पिता व परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। बताया जाता है कि श्री दुबे की नियुक्ति मैनेजमेंट कमेटी द्वारा की गई थी। जिस पर न्यायालय के आदेश पर करीब 20 वर्षों से वेतन भी ले रहे थे। लेकिन कुछ दिनों से डिप्रेशन में रहते थे। शिक्षक घनश्याम दुबे विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित अन्य साथी शिक्षकों से भी अपनी व्यथा से अवगत कराया करते थे और कहा करते थे कि अब मैं जहर खाकर जान दे दूंगा। बताया जाता है कि साथी शिक्षक उन्हें गलत कदम उठाने से बराबर रोका करते थे। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल शिक्षक की संदिग्ध मौत का खुलासा नहीं हो सका। हालांकि पुलिस घटना की गहन छानबीन में जुटी है। लेकिन ग्रामीण शिक्षक की मौत आत्महत्या मानकर चल रहे हैं।

श्रावण मास के दूसरे सोमवार को अयोध्या में गूंजे बम भोले के जयकारे

संवाददाता। अयोध्या

● सीमा सील होने के बावजूद सुबह से ही शिव भक्तों ने शिवालयों में किया जलाभिषेक

● श्रावण मास के सोमवार को देखते हुए पूरे जिले में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

श्रावण मास के दूसरे सोमवार को वैष्णो नगरी अयोध्या बाबा भोले के जयकारे से गुंजायमान हो उठी। वैसे तो वैश्विक महामारी कोरोना के कारण अयोध्या में बाहर से आने वाले श्रद्धालु को प्रतिबंधित कर दिया गया है इसके बावजूद भी स्थानीय लोग ही भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक कर रहे हैं। लेकिन महामारी को देखते हुए मंदिरों में भगवान की गर्भगृह में भक्तों के प्रवेश पर रोक लगा दिया गया है वही मंदिरों पर सुरक्षा व्यवस्था भी सख्त की गई है जिससे शिव मंदिरों पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित ना हो सके। गत बर्षो के भांति इस वर्ष भी श्रावण मास के सोमवार को बाबा भोले का अभिषेक अयोध्या के सभी मंदिरों में हो रहा है अंतर बस इतना है कि इस बार स्थानीय लोग ही अभिषेक कर रहे हैं बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या में प्रवेश वर्जित कर दिया गया। मां सरयू के पावन तट पर स्थित नागेश्वर नाथ मंदिर और क्षीरेश्वर नाथ मंदिर में सुबह से ही भक्तों भगवान का जलाभिषेक करके मनोवांछित फल प्राप्त कर रहे हैं।

श्रीराम जन्मभूमि के परकोटे रामकोट मोहल्ले में स्थित लव कुश मंदिर में श्रावण मास के दूसरे सोमवार को भगवान शिव का भव्य श्रृंगार किया गया। भगवान शिव को फूल माला और बेले की लड़ी से सजाया गया उसके उपरांत गौमाता के दूध सरयू जल पंचामृत वैदिक विद्वानों द्वारा भगवान शिव का महा अभिषेक

हुआ जिसमें दर्जनों भक्तों ने भगवान शिव का अभिषेक किया अभिषेक के उपरांत आरती पूजन और प्रसाद वितरण का भी कार्यक्रम किया गया। लव.कुश मंदिर के महंत रामकेवल दास जी महाराज ने बताया की लव कुश मंदिर में भगवान शिव अनंत काल से विराजमान हैं वैसे तो प्रतिदिन भगवान शिव का अभिषेक किया जाता है लेकिन श्रावण मास के सोमवार को विशेष अभिषेक और पूजन का आयोजन होता है जिसमें भगवान शिव में श्रद्धा रखने वाले सैकड़ों भक्त आते हैं और भगवान का अभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त करते है। कोरोना महामारी और लॉकडाउन के बावजूद भी मंदिर में श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को महा अभिषेक का आयोजन होगा जिसमें सरकार के दिशानिर्देशों को पूर्ण रुप से पालन किया जाएगा। श्री दास ने बताया की इस वर्ष श्रावण मास में पांच सोमवार पढ़ रहे हैं जिसका बहुत महत्व है जो भी व्यक्ति पांचों सोमवार को भगवान शिव का अभिषेक करता है उसको मनोवांछित फल प्राप्त होता है। अयोध्या एसपी सिटी विजय पाल सिंह के मुताबिक गाइडलाइन के मुताबिक मंदिर में दर्शन पूजन का क्रम चल रहा है लेकिन इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग ब्रह्मास्त्र को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है साथ ही बताया कि 55 घंटे के लगे लॉक डाउन के बाद मंदिरों का बाजारों में अधिक भीड़ एकत्रित ना हो उसके लिए मोबाइल स्क्वायड व स्थानों पर तैनात पुलिसकर्मियों को लगाया गया है।

सादगी के साथ मनाया गया नाबार्ड का 39 वां स्थापना दिवस

अयोध्या। राष्ट्रव्यापी संकट को देखते हुए इस बार जनपद अयोध्या में नाबार्ड का 39 वां स्थापना दिवस बहुत ही सादगी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम स्थानीय आरसेटी में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में परमेश्वर लाल पोद्दार, जिला विकास प्रबंधकए नाबार्ड द्वारा वृक्ष लगाकर ग्रामीण समृद्धि के लिए काम करने का प्रण लिया गया। इस कार्यक्रम में आरसेटी निदेशक संजीव कुमार और वित्तीय सलाहकार पी के त्रिपाठी के साथ.साथ सभी कर्मचारियों ने सहभागिता की। इसके अलावे इस अवसर पर रक्तदान कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें जिला विकास प्रबंधक श्री पोद्दार के अलावे कई लोगों ने रक्तदान कर ग्रामीण उन्नति हेतु प्रयास करने का संकल्प लिया। स्थापना दिवस कार्यक्रम में रामकिशोर शर्मा, अर्जुन सेन, बिनोद शर्मा, अमित श्रीवास्तव, सुभाष कुमार, रागिनी सिंहए धर्मपाल, अजीत के अलावे कई समाजसेवियों और स्थानीय लोगों ने सहभागिता की।

धारावी मॉडल की सफलता

डब्लूएचओ ने की तारीफ

विश्व स्वास्थ्य संगठन-डब्लूएचओ ने एशिया की सबसे बड़ी मलिन बस्ती धारावी में कोरोनावायरस का सामुदायिक प्रसार रोकने में सफलता की प्रशंसा की है। यहां प्रति वर्ग किलोमीटर जनसंख्या घनत्व 2.27 लाख है। इटली, स्पेन व दक्षिण कोरिया के साथ ही मुंबई की मलिन बस्ती क्लस्टर ने दिखा दिया है कि महामारी का प्रकोप चाहे जितना गंभीर हो और वह खराब ढांचागत संरचना वाले क्षेत्र में हो, फिर भी उस पर नियंत्रण किया जा सकता है। इसके लिए केवल समन्वित प्रयास करने होते हैं। धारावी में 6.5 लाख लोग 2.5 किलोमीटर के क्षेत्र में रहते हैं जो सोशल डिस्टेंसिंग, बार-बार हाथ धोने तथा हवादार स्थान में रहने के मंत्रों द्वारा महामारी से संघर्ष में बाधा पैदा करता है। यहां कम से कम 7-8 लोग छोटे 100 वर्ग फीट के स्थान में रहते हैं तथा हर रोज पानी के लिए लाइन लगाते हैं। 80 प्रतिशत मलिन बस्ती निवासी सामुदायिक शौचालयों का प्रयोग करते हैं तथा ताजी हवा आना लगभग असंभव है क्योंकि घर और फैक्ट्रियां संकरी गलियों में एक ही मकान में हैं। इसके बावजूद 7 जुलाई को मलिन बस्ती में केवल एक मामला सामने आया और 10 जुलाई तक यहां केवल 2,359 मामले थे। पश्चिमी मीडिया के संपादकीयों में धारावी को टाइम बम बताया गया था जो एक निश्चित समय पर फटने वाला था।

वृहन्मुंबई नगर निगम-बीएमसी ने महामारी को यहां रोकने के लिए क्या किया? चूंकि बाकी मुंबई एक हाटस्पाट की तरह थी, ऐसे में धारावी ने सारे तर्क पीछे छोड़ कर कोरोना संकट से मुक्ति पाई है। बीएमसी ने समस्या से सीधे निपटने के लिए समुदाय को अपने साथ लिया। इसने हर परिवार तक पहुंचने के लिए टीमें बनाईं और वे धारावी में लगभग सात लाख लोगों तक पहुंची तथा संक्रमित लोगों के लक्षण पहचाने। 1 अप्रैल से 10 जुलाई के बीच डाक्टरों व निजी क्लीनिकों ने 47,500 परिवारों की जांच की। 3.6 लाख से अधिक लोगों

की जांच की गई जिनमें से 14,970 लोगों की जांच मोबाइल वैनों के माध्यम से हुई। इस प्रकार बोझ से लदे स्वास्थ्य केन्द्रों को सहायता मिली। यहां 8,246 वृद्धों की निगरानी की गई तथा महामारी के कोई लक्षण दिखते ही उनका गहन परीक्षण किया गया। बीएमसी ने लोगों को निर्भय होकर सामने आने के लिए फीवर क्लीनिक चलाए। उसने लोगों में आक्सीजन स्तर की जांच की तथा 95 प्रतिशत से कम होने पर उनको क्वारंटीन केन्द्रों में ले जाया गया। बीएमसी ने 350 निजी चिकित्सकों की सेवायें लीं जो किसी में लक्षण पाए जाने पर उसे बिना परीक्षण के ही स्वेच्छा से क्वारंटीन होने को तैयार करते थे। चूंकि धारावी में घर पर क्वारंटीन का सवाल नहीं उठता था, इसलिए स्थानीय क्लबों व स्कूलों को क्वारंटीन सुविधाओं में बदला गया था जहां मुफ्त भोजन तथा स्वास्थ्य जांच की सुविधा थी। केवल गंभीर स्थिति वाले रोगियों को ही अस्पतालों में भर्ती किया गया, जबकि 90 प्रतिशत रोगियों का इलाज मलिन बस्ती में ही किया गया। सभी निजी अस्पतालों को इलाज के लिए तैयार किया गया तथा रिकार्ड 14 दिन में 200 बेड का एक अस्पताल स्थापित किया गया। धारावी ने सामुदायिक सहभागिता पर अधिक ध्यान दिया। राजनेताओं व एनजीओ ने हजारों लोगों को मुफ्त भोजन तथा राशन दिया, जबकि बालीवुड अभिनेताओं व बिजनेसमैनों ने आक्सीजन सिंलिंडर, दस्ताने, मास्क, दवायें व वेंटीलेटर दान में दिए। धारावी ने टेस्टिंग, ट्रेसिंग, आइसोलेटिंग व ट्रीटिंग के मुख्य सिद्धान्त का पालन किया और इस प्रकार वह वायरस का संक्रमण फैलने से रोकने तथा उसकी श्रृंखला तोड़ने में सफल हुई। लाकडाउन की सफलता के लिए मुफ्त भोजन व राशन निवासियों को दिए गए जो बेरोजगार होकर अपने घरों में फंस गए थे और उनकी आमदनी का कोई रास्ता नहीं था। ऐसे में आश्चर्य नहीं कि धारावी गरीब देशों तथा दिल्ली व अन्य शहरों के लिए आशा की किरण की तरह सामने आई है। इससे हम सीख सकते हैं कि समस्या से निपटने में मानवीय प्रयास सबसे अच्छा इलाज है।

पुतिन का असाधारण राजनीतिक सफ़र

पिछले दो दशक में रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर व्लादीमिरोविच पुतिन की बेलगाम शक्तियां बढ़ी हैं। उनको असाधारण लोकप्रियता प्राप्त है। सर्वोच्च स्तर पर उनकी पोल रेटिंग 90 प्रतिशत तक पहुंची थी।

माखन सैकिया
(लेखक अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ हैं)

वैश्विक महामारी तथा रूस में लाखों लोगों के घर पर क्वारंटीन होने को देखते हुए पुतिन ने रूसी संविधान में संशोधन किए। देश की संसद रूसी राज्य दूमा ने इन संशोधनों को मंजूरी दे दी है जिनमें राष्ट्रपति के कार्यकाल का विस्तार 2036 तक करना शामिल है। इससे पुतिन को 2024 से शुरू होकर 6 साल के दो और कार्यकाल मिल जाएंगे। निसंदेह रूसी विधायिका ने इसके पक्ष में 383 वोट दिए तथा विरोध में कोई नहीं था। अब पुतिन 83 वर्ष की आयु होने तक राष्ट्रपति बने रहेंगे और यह उनका पद पर 36वां कार्यकाल होगा। यह असाधारण संसदीय कदम अब उनको 83 वर्षीय पूर्व कास्मोनाट तथा दूमा की सदस्य वालेन्तिना तेरेश्कोवा के समकक्ष ले जाएगा। उन्होंने कहा था, 'पुतिन हम सबसे ज्यादा जानते हैं। हमें किसी कृत्रिम संविधानों की क्या जरूरत है।

हमें ईमानदार, खेले तथा सार्वजनिक रूप से सारी सीमायें समाप्त करते हुए संविधान में उनको इच्छानुसार राष्ट्रपति कार्यकाल देने चाहिए। स्थिति की मांग और लोगों की इच्छा को देखते हुए वर्तमान राष्ट्रपति इस पद के योग्य हैं।' इस प्रकार तेरेश्कोवा ऐसे समझौते का हिस्सा बनी हैं जो रूस पर पुतिन का शिकंजा पूरी तरह मजबूत कर देगा। राष्ट्रपति कार्यकाल की सीमा समाप्त करने का अर्थ है कि वे जोसेफस्टालिन के बाद देश के सबसे लंबे समय तक शासक बन जाएंगे।

वर्तमान समय में असहाय रूसी विपक्ष गुस्से से भरा है। एक पूर्व सांसद व विपक्षी नेता दिमित्री गुदकोव ने कहा, 'एक ब्रेझनेव युग था जब प्रदर्शन बहुत खराब था। पुतिन स्वयं को हमेशा के लिए ईश्वर समझ लेंगे।' लेकिन अब इस गुस्से का पुतिन पर कोई फर्क नही पड़ता है। उनका शासन नए युग में प्रवेश कर रहा है और उनके केजीबी के पूर्व साथी रूस में प्रशासन से लाभ उठा रहे हैं। दूमा द्वारा सार्वजनिक रूप से संशोधन स्वीकार करने के बाद पुतिन ने कोविड-19 के समय में सार्वजनिक जनमत संग्रह क्यों कराया? यह एक परंपरागत तकनीक है जिसका प्रयोग तानाशाही शासक जनता से वैधता पाने के लिए करते हैं। इसका उद्देश्य 'लोकतंत्र क्लब' में बने रहना है। पुतिन व उनका प्रशासन 1999 में सत्ता में आने के बाद से यही कर रहे हैं।

लेकिन अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पुतिन की आक्रामकता से चिन्ता है। इसलिए उनको गंभीरता से लिया जाना चाहिए। यदि वे कुछ करने की बात कहें तो इसका अर्थ होता है कि वे इसके लिए तैयार हैं। वे कठिन समस्याओं को हल करना जानते हैं। दुनिया को उनकी क्रेमलिन की टीम अपनी योग्यता दिखा देना चाहती है। हालांकि, वे लो-प्रोफाइल रखते हैं, पर उन्होंने अमेरिकी राजनीति में हस्तक्षेप कर अपनी छाप छोड़ी है। पिछले दशकों में उन्होंने सावधानी से एक व्यवस्था बनाई है जहां उनको केवल चयनित लोगों से ही संपर्क करना होता है। वे राजनीति व प्रशासन के सामान्य क्षेत्रों से संबंध नहीं रखते हैं। वे हर संभव बाधा के लिए रणनीति बनाने का काम करते हैं।

पुतिन के साथ रूस निश्चित रूप से एक स्थिर राजनीतिक व्यवस्था की ओर बढ़ेगा। लेकिन कुछ लोगों का आरोप है कि सरकार कुछ लोगों का पक्ष लेती है। उनका दावा है कि पुतिन के समय में

1991 में केजीबी से सेवानिवृत्त होने के बाद पुतिन सेंट पीटर्सबर्ग मेयर कार्यालय में एक पद पाने में सफल हुए और 1994 में शहर प्रशासन के उप-प्रमुख बन गए। 1997 में पुतिन ने एक राजनीतिक पार्टी का संचालन किया जिसे 'अवर होम रसिया, यानी नैश डोम रसिया' कहा जाता था। हालांकि, इस पार्टी को 2006 में भंग कर दिया गया, पर पुतिन ने चालाक केजीबी एजेंट की तरह इसे सत्ता की सीढ़ी चढ़ने के अज्ञात राजनीतिक मंच की तरह प्रयोग किया।

स्वतंत्रता व राजनीतिक गतिशीलता समाप्त हो गई है। यदि वे 2036 तक पद पर रहेंगे तो यह नहीं कहा जा सकता कि 'पुतिन के बाद कौन आएगा'। इसका कारण सरल है क्योंकि पुतिन विपक्ष में किसी को मजबूत नहीं होने देंगे या ऐसा वारिस भी नहीं तैयार करेंगे जो सुदूर भविष्य में उनका स्थान ले सके। यह रूसी राज्य के सभी आयामों पर पूर्ण नियंत्रण तथा उस समय तक सभी संभावित राजनीतिक विरोधियों को दबाए रखना है।

ऐसे में सबसे बड़ा रहस्य यह है कि वे इस कद तक कैसे पहुंचे? उनकी जड़ों को देखते हुए आसानी से अनुमान लगाया जा सकता है कि वे बहुत मामूली परिवार से सामने आए। उनके पिता सोवियत नौसेना में काम करते थे तथा माता फैक्ट्री कामगार थीं। परिवार एकसाथ एक निम्न आयवर्ग वाली सामुदायिक आवास परियोजना में रहता था। लेकिन किसी प्रकार वे कालेज में शिक्षा पाने तथा बाद में विधि की शिक्षा पाने में सफल हुए। विधि विद्यालय से स्नातक बनने के बाद उन्होंने 16 साल तक केजीबी एजेंट का काम किया।

वास्तव में केजीबी 1954 से लेकर 1991 तक संघ के ऐतिहासिक विघटन तक सोवियत संघ की प्रमुख सुरक्षा एजेंसी थी। स्पष्ट रूप से यह संगठन खुफिया क्षेत्र में असाधारण सेवा देता था इसकी एक शाखा 'गुप्त पुलिस' थी। 1988 में व्हाइट हाउस के आधिकारिक फोटोग्राफर ने पाया कि पुतिन अनजाने ही मास्को में सामान्य पर्यटक के रूप में अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन की जासूसी कर रहे थे। 1991 में केजीबी से सेवानिवृत्त होने के बाद पुतिन सेंट पीटर्सबर्ग मेयर कार्यालय में एक पद पाने में सफल हुए और 1994 में शहर प्रशासन के उप-प्रमुख बन गए। 1997 में पुतिन ने एक राजनीतिक पार्टी का संचालन किया जिसे 'अवर होम रसिया, यानी नैश डोम रसिया' कहा जाता था। मूल रूप से इस पार्टी की स्थापना 12 मई, 1995 को तत्कालीन राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन के प्रधानमंत्री विक्टर चेर्नोमाइरदिन ने की थी। शुरुआत में उदारवादी व केन्द्रवादी राजनीतिक आंदोलन के रूप में उभरी इस पार्टी का मुख्य लक्ष्य सरकार के लिए तकनीकी और सुधारवादी समर्थकों को एकत्र करना था। हालांकि, इस पार्टी को 2006 में भंग कर दिया गया, पर पुतिन ने चालाक केजीबी एजेंट की तरह इसे सत्ता की सीढ़ी चढ़ने के अज्ञात राजनीतिक मंच की तरह प्रयोग किया।

इसके बाद वे मास्को चले गए और वहां 1997 में राष्ट्रपति येल्तसिन के कर्मचारियों के प्रमुख बन गए। सारे राजनीतिक मानकों को तोड़ते हुए वृद्ध व बीमार येल्तसिन ने उनको प्रधानमंत्री बनाते हुए अपना वारिस घोषित कर दिया। 31 दिसंबर, 1999 को उनके अचानक इस्तीफे के बाद पुतिन रूसी संघ के कार्यकारी राष्ट्रपति बन गए। आज उनके पास 70 बिलियन डालर संपत्ति है। संभवत: उनकी संपत्ति अब तक किसी राज्याध्यक्ष द्वारा एकत्र संपत्ति से अधिक है। इससे वे सर्वाधिक शक्तिशाली तथा अपने विपक्षियों को हाशिए पर धकेलने में सक्षम बन जाते हैं।

रूस में लोकतंत्र के सामान्य उपकरणों, जैसे स्वतंत्र मीडिया, स्वतंत्र चुनाव तथा स्वतंत्र न्यायपालिका का अभाव है। बाहरी दुनिया तक पहुंचने वाले कुछ स्वतंत्र पेपर व पत्रिकायें राज्य स्वामित्व वाले रूसी टीवी तथा उसके द्वारा दुनिया को भेजे जाने वाले संदेश का मुकाबला नहीं कर सकती हैं। इस प्रकार शुद्ध रूप से 'सहमति का निर्माण' किया जाता है। वर्तमान समय में रूस की एक और समस्या यह है कि इसकी जनता स्थानीय गवर्नरों व अपने सांसदों को चुनने में सक्षम नहीं है।

पर्यावरण प्रभाव आकलन पर नई घोषणा

पर्यावरण प्रभाव घोषणा प्रारूप में ज्यादा कठोर उपाय होने चाहिए। लेकिन इसमें अनेक बिंदु कमजोर हैं जो उद्देश्य को प्रभावित कर सकते हैं।

कोटा श्रीराज
(लेखक पर्यावरण पत्रकार हैं)

नई पर्यावरण प्रभाव आंकलन -ईआईए प्रारूप घोषणा, 2020 सही समय पर आई है जिसका उद्देश्य 2016 की घोषणा का स्थान लेना है। इस समय पर्यावरण व मनुष्य, दोनों गंभीर कष्टों का सामना कर रहे हैं। मानव जाति द्वारा पर्यावरण के दुरुपयोग के कारण ज़ूनोटिक बीमारियां जैसे कोविड-19 वापस आ गई हैं। मानवजाति का वर्चस्व है और इस प्रक्रिया ने हमारे ग्रह के विभिन्न पर्यावरणीय आयामों के बीच संवेदनशील संतुलन को नुकसान पहुंचाया है। भारत में भी आर्थिक विकास के नाम पर पर्यावरणीय दृष्टिकोण से गलत अवधारणा वाली परियोजनाओं ने लगतार देश की पर्यावरणीय बेहतरी से समझौता किया है। जीवन्त ईआईए व्यवस्था के अभाव में इसे अनुमति मिली है जो परियोजना का कठोरतापूर्वक मूल्यांकन नहीं करती है। इसके कारण पर्यावरणीय संवेदनशीलता का समुचित आंकलन नहीं होता है, बल्कि स्थानीय व देशी समुदायों के प्रति परियोजना डिजाइनरों की जिम्मेदारी भी तय नहीं की जाती है जिन पर परियोजना का प्रभाव पड़ता है। भारत को कठोर विनियमनों की आवश्यकता है जिनमें 'प्रदूषक द्वारा भुगतान' को कठोरता से लागू किया जाए। इसे यह भी सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि पर्यावरणीय अनुमति-ईसी प्रमाणपत्र का दुरुपयोग कर इसे विकास के नाम पर पर्यावरण को क्षति पहुंचाने का माध्यम न मान लिया जाए। लेकिन तमाम बातों के बावजूद अभी देश में आदर्श ईआईए का सपना पूरा नहीं हुआ है।

भारत में ईआईए का प्रारम्भ 1977-78 में नदी परियोजनाओं के मूल्यांकन से हुआ था। इसके बाद यह काफी आगे बढ़ा है लेकिन आज भी ऐसी परियोजनाओं के अनेक उदाहरण हैं जिन्होंने पर्यावरण, मनुष्यों व वन्यजीवों को भारी नुकसान पहुंचाया है। इस सवाल का फौरन जवाब मिलने की आवश्यकता है कि इन परियोजनाओं ने ईआईए आवश्यकतायें कैसे पूरी कर ईसी प्राप्त कर लिया। हाल ही में असम के तिनसुकिया में आयल इंडिया लिमिटेड के गैस कुंए में आग लगना इस बात का प्रमाण है कि जीवन्त ईआईए व्यवस्था के अभाव में पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इस विभीषिका ने डिब्रू-साइखोवा राष्ट्रीय पार्क को भारी नुकसान पहुंचाया है जो कुंए से केवल 900 मीटर दूर स्थित है। इससे मागुरी-मोटापंग वेटलैंड को भी नुकसान पहुंचा है, चिडियां मरी हैं तथा वन्यजीवों पर संकट आया है। यहां घर, खेत, पेड़ और पानी पर तेल की पतली पर्त जम गई है जहां तीन नदियां ब्रह्मपुत्र नदी में मिलती हैं। पूरे क्षेत्र में बार-बार भूकंप आ रहे हैं। इसके बावजूद परियोजना पर काम धड़ल्ले से जारी है। पर्यावरण कानूनों का इस प्रकार सार्वजनिक उद्यम द्वारा उल्लंघन ईआईए अवधारणा का अपमान व मजाक के सिवा और कुछ नहीं है।

एक और उदाहरण विशाखापट्टनम में एलजी पोलीमर्स प्लांट में 7 मई को हुई स्टियरीन गैस लीक है जिसके भयानक परिणाम निकले हैं। पता चला है कि पिछले दो दशक से बिना उचित अनुमति के यह प्लांट चल रहा था। दुख की बात है कि ऐसे अन्य अनेक उदाहरण हैं जिनसे सवाल उठता है कि ऐसी परियोजनाओं को कौन अनुमति दे देता है।

ईआईए मूलत: भारतीय पर्यावरण संरक्षण का मूलाधार है और यह 'सावधानी सिद्धान्त' पर आधारित है। इसका अर्थ है कि हमें अपनी कार्रवाई के पर्यावरण व मनुष्यों पर पड़ने वाले प्रभावों का पूर्वानुमान करना चाहिए। लेकिन यह 'दूरदृष्टि' गायब है जिसे हमारे ईआईए में फौरन स्थान मिलना चाहिए ताकि आर्थिक विकास की कीमत पर्यावरण को न भुगतनी पड़े। लेकिन पर्यावरणीय रूप से संवेदनहीन परियोजनाओं के कारण ऐसा हो रहा है जिनको अनुमति मिल रही है। इन परिस्थितियों में ईआईए 2020 प्रारूप घोषणा जारी हुई है जिसमें पर्यावरण पर खतरे को देखते हुए परियोजनाओं के लिए कठोर उपाय होने चाहिए थे। लेकिन आश्चर्य है कि इसमें कुछ उल्लेखनीय कमजोर बिंदु हैं जो ईआईए का उद्देश्य ही समाप्त कर देते हैं।

यह प्रारूप घोषणा बाद में अनुमति की व्यवस्था करती है जिसका अर्थ है कि यदि कोई परियोजना बिना आवश्यक अनुमतियों व पर्यावरणीय अनुमति के लग गई है तो यह काम करना जारी रख सकती है। यह पूर्णत: अस्वीकार्य है क्योंकि इसके कारण ऐसी परियोजनाओं की बाढ़ आ सकती है जो बिना महत्वपूर्ण अनुमतियों के काम करती हों। इसके साथ ही प्रारूप में एक ऐसा प्राविधान किया गया है जो हमारे लोकतंत्र में स्थानीय समुदायों से विचार-विमर्श की आवश्यकता ही समाप्त कर देता है। यह सार्वजनिक विमर्श को प्रस्तावित परियोजना के प्रभाव तक सीमित कर देता है। इसका अर्थ है कि आम आदमी की आवाज को खामोश कर दिया जाएगा और उसके लोकतांत्रिक अधिकार छीन लिए जाएंगे। इस प्रारूप में ऐसी परियोजनाओं की सूची दी गई है जिनको सार्वजनिक विमर्श से अलग रहने की छूट दी गई है। ये क्षेत्र विकास परियोजनायें, सिंचाई परियोजनाओं का आधुनिकीकरण, राजमार्ग परियोजनायें तथा रक्षा व राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी परियोजनायें हैं।

हालांकि, सुरक्षा व राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी परियोजनायें उचित ही सुरक्षा कारणों से सार्वजनिक विमर्श के दायरे से बाहर रखी गई हैं, पर सूची में शामिल बाकी परियोजनाओं को सार्वजनिक सहभागिता व बहस से बाहर रखना उचित नहीं है। इन कमियों के कारण यह प्रारूप 2016 के संस्करण से बेहतर नहीं है और यह ईआईए के पुराने संस्करण से प्राप्त उपलब्धियों को भी नुकसान पहुंचा सकता है। सरकार को प्रारूप 2020 के कुछ चिन्ताजनक आयामों पर पुन: विचार करना चाहिए ताकि भारतीय पर्यावरण व मानवता का भविष्य तथाकथित आर्थिक विकास के कारण खतरे में न पड़े जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता हो।

आप की बात

रेलवे का निजीकरण

भारतीय रेलवे, भारत में प्रथम रेल यात्रा की शुरुआत वर्ष 1853 में हुई थी। जिसके बाद 1900 में भारतीय रेलवे तत्कालीन सरकार के अधीन आ गई थी। धीरे धीरे विकास हुआ और वर्ष 2019 मैं लखनऊ से नई दिल्ली के बीच भारत की पहली प्राइवेट ट्रेन तेजस एक्सप्रेस की शुरुआत हुई , जिसे भारत में रेलवे में निजीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम माना गया। निजीकरण में किसी विशेष सार्वजनिक संपत्ति अथवा कारोबार को किसी निजी संस्था को दे दिया जाता है। अभी रेल मंत्रालय ने यात्रियों की ट्रेन सेवाओं के संचालन के लिए निजी क्षेत्र हेतु रिक्वेस्ट फॉर क्वालीफिकेशन को लाकर निजीकरण की दिशा में कदम उठाया है। निजीकरण से कितना नुकसान होगा या कितना फायदा होगा? रेलवे में निजीकरण के कई कारण हो सकते हैं जैसे सेवाओं का आधुनिकीकरण, खानपान, कोच, सेवाओं की गुणवत्ता आदि। अब सवाल यह है कि निजी कंपनियों को देने से जो एक सीमित कवरेज हो जाएगा उससे लोगों को कितना फायदा और कितना नुकसान होगा, और सुरक्षा का सवाल भी उठता है यदि कोई दुर्घटना हो जाती है तो वह सरकार के पाले में आ जाता था परंतु अब निजी कंपनियों के आने से वह कंपनियां कितना नुकसान उठाएंगी?

- **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

अर्थव्यवस्था पर ध्यान

रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने उचित ही रेखांकित किया है कि कोरोना वायरस के कारण पैदा हुई महामारी ने विश्व व्यवस्था, वस्तुओं व सेवाओं की आपूर्ति तथा पूंजी और श्रम के आवागमन पर गंभीर असर डाला है। छ: माह से अधिक समय से दुनिया कोरोना संक्रमण के व्यापक प्रसार से हुई लाखों लोगों की मौत व बीमारी के संकट से जूझ रही है। इसकी रोकथाम के लिए बड़े पैमाने पर लॉकडाउन, आर्थिक गतिविधियों को सीमित या बंद करने तथा आवाजाही रोकने जैसे कदम उठाने पड़ रहे हैं, जिससे जीवन का हर पक्ष प्रभावित हुआ है। ऐसे में अर्थव्यवस्था में वृद्धि की बात तो दूर उसे गतिशील रख पाना भी बड़ी चुनौती है। इस चुनौती ने भारत को भी परेशानी में डाल दिया है। प्रधानमंत्री मोदी इस आपदा के प्रारंभिक चरण से ही देश को आश्वस्त करते रहे हैं कि वंचित वर्ग व कामगार तबके को राहत और रोजगार मुहैया कराने के साथ उद्योग व कारोबारी जगत की भी मदद के लिए मुस्तैद हैं। विभिन्न सरकारी योजनाओं व राहत पैकजों के साथ रिजर्व बैंक भी अपने स्तर पर वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने जैसे उपाय कर रहा है। यह हम सहज ही अनुभव कर सकते हैं कि महामारी ने आर्थिक और सामाजिक स्थिति को बदल कर रख दिया है।

- **भूपेंद्र सिंह रंगा**, हरियाणा

लापरवाही न बरतें

प्रधानमंत्री मोदी ने जब भी देश को संबोधित किए या किसी विशेष कार्यक्रम को या फिर कोई मीटिंग,सब में उन्होंने इसी बात पर जोर दिया कि लापरवाही न बरतें। शुरू में लगे लॉक डाउन के दौरान लोगों ने अपने व अपने परिवार की रक्षा के लिए, मास्क लगाए, दो गज दूरी व समय समय पर हाथ धोए। लेकिन,अब लोग इसे लापरवाही में ले रहे हैं, जिसका परिणाम है कि हालात बद से बदतर होते जा रहे। हमेशा प्रधानमंत्री ने विशेष मूल मंत्र का जिक्र किया,लोगों को जागरूक किया। बावजूद इसके लोग स्वयं से सतर्क और सावधानी नहीं रख रहे।क ई लोगों ने तो ये भी मानसिकता बना ली है कि जब ईश्वर या अल्लाह चाहेगा तो हो जाएगा, और मुझे बुला लेगा,उनके अनुसार कोरोना कोई बीमारी नहीं सिर्फ छलावा है। इतना तो उन्हें भी सोचना चाहिए कि सिर्फ भारत ही नहीं पूरा विश्व इस महामारी से प्रभावित है। बॉलीवुड जगत के महानायक के परिवार को हो सकता है, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री को हो सकता है तो हमें भी इससे बच कर रहने की आवश्यकता है।

- **अमन जायसवाल**, दिल्ली

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

फरमाया

बढ़ती जनसंख्या चुनौती बन गई है। यदि हम विकसित देशों के बराबर खड़े होना चाहते हैं तो हमें जनसंख्या नियंत्रण कानून लाना होगा।

- **गिरिराज सिंह**
केंद्रीय मंत्री

विवादित ढांचा विध्वंस प्रकरण में तत्कालीन केन्द्र की कांग्रेस सरकार के इशारे पर राजनैतिक विद्वेष से मेरे उपर झूठे और निराधार आरोप लगाकर मुझे गलत फंसाया गया है। मैं निर्दोष हूं।

- **कल्याण सिंह**
वरिष्ठ भाजपा नेता

कोरोनावायरस महामारी से पैदा संकट के दौर में भाजपा नेता मानवता से परे हटकर सरकार गिराने की साजिशों में लिप्त हैं।

- **अशोक गहलोत**
राजस्थान के मुख्यमंत्री

श्रावण मास का दूसरा सोमवार

शिवालयों में श्रद्धालुओं ने किया दर्शन-पूजन

● काशी विश्वनाथ, गौरी-केदारेश्वर महादेव, तिलभाण्डेश्वर महादेव, जागेश्वर महादेव एवं गंगा तट के मंदिरों में रही भीड़, डीएम कौशल राज शर्मा एवं नवागत एसएसपी अमित पाठक ने बाबा के दरबार में टेका मत्था, श्रद्धालुओं के 'हर हर महादेव व काशी विश्वनाथ की' जयकारा से परिसर गूंज उठा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

श्रावण मास के दूसरे सोमवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर प्रांगण का मंगला आरती करने से पहले बाबा का हरियाली श्रृंगार अशोक की पत्तियों, विभिन्न प्रकार के सुगन्धित फूलों से मंदिर को सजाया गया था।श्री काशी विश्वनाथ बाबा का मंगला आरती के बाद सुबह पांच बजे श्रद्धालुओं के लिए मंदिर का कपाट खोल दिया गया। श्रावण मास के दूसरे सोमवार को श्रद्धालुओं ने मास्क एवं सोशल डिस्टेसिंग कर श्रद्धालुओं ने एक-एक कर गर्भगृह से बाहर केवल दर्शन-पूजन ही कर पाये। आज बाबा को कोई भी जलाभिषेक नहीं कर पाया। लाइन में लगकर श्रद्धालुओं ने बाबा का दर्शन-पूजन कर बाहर निकले। इसी क्रम में काशी खंड के अन्य शिवालयों जैसे गौरी-केदारेश्वर महादेव, तिलभाण्डेश्वर महादेव, नरहरपुरा स्थित जागेश्वर महादेव, त्रिलोचन महादेव एवं कुछ श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान करने के बाद घाट पर स्थित अन्य शिवालयों में पहुँचकर बाबा का जलाभिषेक कर बेलपत्र, धतुरा, कमल का फूल, प्रसाद आदि भोग चढ़ाया।

विदित हो कि रविवार को स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शहर में कोरोना के 60 संक्रमित मरीज पाये जाने से प्रशासन की हाथ-पांव फूलने लगे थे जिसके कारण श्रद्धालुओं को बाबा के दरबार में सिर्फदर्शन-पूजन करने दिया गया। श्रद्धालुओं द्वारा साथ में ले जाया गया गंगाजल को छत्ताद्वार पर ही पुलिस-प्रशासन रोक ले रही थी। श्रावण के दूसरे सोमवार को बाबा का प्रांगण भव्यतम रूप से सजावट किया गया है जिससे श्रद्धालु देकर गदगद हो रहे थे। प्रशासन ने श्रद्धालुओं के दर्शन-पूजन के लिए सुबह पांच बजे से रात 10 तक ही दर्शन-पूजन करने दिया गया। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम एवं प्रत्येक श्रद्धालुओं की स्क्रीनिंग एवं मास्क चेकिंग के बाद ही मंदिर परिसर में दर्शन-पूजन के लिए जाने दिया जा रहा था। श्रावण के दूसरे सोमवार को डीएम कौशल राज शर्मा एवं नवागत एसएसपी अमित पाठक ने श्री काशी विश्वनाथ के दरबार में पहुँचकर दर्शन-पूजन किया तथा अपना कार्यभार ग्रहण किया। इन अधिकारियों के साथ ज्ञानवापी अपर पुलिस अधीक्षक सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

मारकण्डे महादेव का दर्शन व गंगा में स्नान करने गये दो युवक समाये

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

● एक का शव मिला दूसरे की तलाश जारी

चौबेपुर थाना क्षेत्र के नरपतपुर डूबकियां गांव निवासी सतीश गुप्ता 23 वर्ष एवं संदेश बरनवाल 22 वर्ष की सोमवार को सुबह गंगा स्नान करने उतरे और गहरे पानी में चले जाने से दोनों की डूबने से मौत हो गई। घटना की खबर सुनते ही चौबेपुर थानाध्यक्ष संजय त्रिपाठी मौके पर पहुँचकर मल्लाहों की मदद से शव को खोजवाया, करीब दो घंटे बाद युवक सतीश का बॉडी गंगा से निकाल लिया गया जबकि संदेश नामक युवक की शव की खोज जारी है।

मिली जानकारी के मुताबिक चौबेपुर थाना क्षेत्र के नरपतपुर डूबकिया निवासी सतीश गुप्ता व संदेश बरनवाल अपने अन्य दो साथियों के साथ श्रावण का सोमवार होने के नाते कैथी स्थित मारकण्डे महादेव के दर्शन-पूजन के लिए गंगा के तट पर पहुँचे। सतीश व संदेश नामक युवक ने बोतल में गंगाजल भरने के बाद कपड़े के पास रखे और ढकवा गांव स्थित गौरीशंकर घाट पर गंगा में स्नान के लिए उतर गये। भागीरथी के तेज बहाव में दोनों युवक डूब गये और काफी देर तक न निकलने पर उनके साथी चिल्लाने लगे लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। इसकी सूचना परिजनों तथा पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुँचकर गोताखोंरों माध्यम से करीब दो घंटे में संतीश का शव गंगा से खोज निकाला लेकिन संदेश का शव काफी देर तक नाव से खोजने में जुटे हैं। समाचार लिखे जाने तक शव का खोजबीन जारी रहा। दोनों युवकों के गंगा में डूबने से हुई मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। गांव के दो युवकों की गंगा में समा जाने की सूचना पर सैकड़ों गांव वासी गंगा के किनारे पहुंचे।

मौके पर पुलिस मौजूद, दूसरे युवक की तलाश जारी: गंगा नदी में युवकों के डूबने की सूचना पाकर थानाध्यक्ष संजय त्रिपाठी भी मौके पर पहुंच गए। दो घंटे बाद सतीश गुप्ता का शव ढूढने में वे सफल रहे। पुलिस ने शव को कब?जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं संदेश बरनवाल का शव अभी नहीं मिल पाया है और गोताखोर उसे खोजने में लगे हुए हैं। दोनों युवक अभी पढ़ाई करने के साथ अपने.अपने पिता के परचून की दुकान में हाथ बंटाते थे। सतीश की दुकान डुबकियां व संदेश के पिता की दुकान चौबेपुर में है।

विविध न्यूज

शोध केन्द्रित एकीकृत वैश्विक दवा की घोषणा

प्रयागराज। कोविड 19 से ग्रसित एक हजार रोगियों का जिनको फेबीफ्लू की खुराक दी गई थी उनकी पोस्ट मार्केटिंग सर्विलांस ग्लेनमार्क द्वारा किया गया। इसके अलावा भारत में ओरल एंटीवायरल फेबीफ्लू से बड़े पैमाने पर रोगियों को फायदा पहुंचा है। जिसे देखते हुए ग्लेनमार्क ने दवा की कीमत सत्ताईस फीसद कम की है। इसकी कीमत में कमी का उद्देश्य देश भर में कोविड 19 रोगियों के लिए फेबीफ्लू को अधिक सुलभ बनाना है। शोध केन्द्रित एकीकृत वैश्विक दवा कंपनी ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स ने घोषणा की है कि कंपनी ने एक हजार रोगियों में दवा की प्रभावकारिता और सुरक्षा की बारीकी से जांच करने के लिए फेबीफ्लू पर पोस्ट मार्केटिंग सर्विलांस अध्ययन शुरू किया है। आलोक मलिक सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और हेड इंडिया बिजनेस ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड ने बताया कि यह अध्ययन ओपन लेबल मल्टीसेंटर सिंगल आर्म स्टडी के रूप में उन रोगियों पर किया गया जिनको यह ओरल एंटीवायरल दिया गया था। कोविड 19 के वयस्क रोगियों में एक कम्बिनेशन थिरेपी के रूप में दो एंटीवायरल दवाओं फेविपिरविर और उमिफेनोविर की प्रभावकारिता का मूल्यांकन करने के लिए नैदानिक परीक्षण के एक और तीसरे चरण का भी संचालन कर रहा है।

जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक संपन्न

प्रयागराज। उद्यमियों की समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित करने के दिए निर्देश। प्रयागराज। जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में संगम सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने उद्यमियों से वार्ता करते हुए उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने सभी सम्बधित विभागों के अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि उद्योग धंधों को बढ़ावा देना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है। उन्होंने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही या उदासिनता नहीं होनी चाहिए। बैठक में जिलाधिकारी प्रकरणों से संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रकरणों को शीघ्रता से निस्तारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्युत विभाग द्वारा इलेक्ट्रीसिटी ड्यूटी में छूट न दिये जाने से सम्बधित प्रकरण के उठाये जाने पर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता को एक सप्ताह में प्रकरण को निस्तारित करने का निर्देश दिया। मण्डी सचिव को निर्देशित किया कि एक सप्ताह में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। बैठक में आयुक्त उद्योग ए के चैरसिया जे बी सिंह क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारी एवं उद्योग बंधुओं में जगदीश गुलाटीए विजय केशरवानी मौजूद थे।

लॉकडाउन के बाद ऑड-इवेन के तर्ज पर खुली दुकानें

वाराणसी। लॉकडाउन के बाद सोमवार को दूकाने खुली तो लोगों ने आवष्यक वस्तुओं की खरीदारी किया। जिला प्रषासन की ओर से मास्क लगाने और सामाजिक दूरी की हिदायत दी गई थी, लेकिन खरीदारी के दौरान सोषल डिस्टेंसिंग का किसी को कोई ख्याल नहीं रहा। हालाकि बिना मास्क घर से निकलने और सामाजिक दूरी का अनुपालन नहीं करने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई का कोई डर नहीं दिखा। जिला प्रषासन के मुताबिक बिना काम के घर से बाहर निकलने वाले और गलियों में घूमते या खेलते हुए पकड़े जाने वालों को पेड क्वारंटाइन में भेजने की कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा के मुताबिक सप्ताह में सोमवार से शुक्रवार तक सभी दुकानें, बाजार, माल, निजी व सरकारी आफिस, दवाई की दुकानें, सभी मंडियां, पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी, ट्रांसपोर्ट आफिस, गलियों में घूम कर वेंडिंग सहित सभी आर्थिक गतिविधियां शाम 4 बजे तक ही अनुमन्य है। शाम 4 बजे इन सभी गतिविधियों को बंद करना आवश्यक है। बता दें की अब सप्ताह में दो दिन शनिवार और रविवार को साप्ताहिक बंदी रहेगी। जिलाधिकारी के मुताबिक दुकानें और मार्केट लेपट-राइट या ऑड-इवन की पूर्व निर्धारित व्यवस्था के तहत खुलेंगी और इस दौरान कोरोना से बचाव के नियम सख्ती से लागू होगा। शाम 5 से सुबह छह बजे तक लोगों का घर से बाहर निकलना प्रतिबंधित किया गया है। यह प्रतिबंध शहर और ग्रामीण क्षेत्र दोनों में लागू किया गया है। सभी सरकारी और निजी अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लिनिक, उनके अंदर दवाई की दुकानें, सभी छोटे बड़े कारखाने और सरकारी कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट्स इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे।

साकेत नगर कालोनी में हॉटस्पॉट क्षेत्र घोषित हुआ, सैनिटाइज का किया जा रहा कार्य

● पांच दिनों में 193 नए कोरोना के नए संक्रमित मरीज

पायनियर समाचार। वाराणसी

वाराणसी जिले में कोरोना का संक्रमण थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को भी 60 लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि होने के बाद सोमवार को भी सुबह 11 बजे तक 20 लोग संक्रमित मिले हैं इसके बाद कुल संक्रमित मरीजों की संख्या जहां 878 पहुंच गई है, वहीं आइसोलेशन वार्ड में भर्ती होने वालों की संख्या भी 400 के पार हो गई है। अब भी आइशोलेशन वार्ड में 413 का इलाज चल रहा है।

सीएमओ डॉक्टर वीबी सिंह ने बताया कि आईएमएस बीएचयू के माइक्रोबायोलॉजी लैब से सोमवार सुबह मिले 91 सैंपल की रिपोर्ट में 20 मरीजों में कोरोना की पुष्टि हुई है। पिछले पांच दिनों में ही जिले में 193 नए मरीज मिल चुके हैं। लंका थाना क्षेत्र के साकेत नगर कालोनी सहित दर्जनों से

ज्यादा हॉटस्पॉट क्षेत्र घोषित कर प्रशासन ने सील कर दिया है। शहर बनारस में रविवार को साठ कोरोना संक्रमित पाये जाने स`अब तक का सबसे तगड़ा धमाका हुआ। संक्रमण के आंकड़ों को ध्वस्त कर कोरोना ने नया रिकार्ड बना दिया है। एक ही दिन में सबसे ज्यादा 60 मामले रविवार को सामने आए इसके साथ ही जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों में से ईएसआईसी में दो तथा दीन दयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय में इलाज करा रहे एक सहित कुल तीन कोरोना मरीज का सैंपल निगेटिव आने पर उन्हें रविवार को स्वस्थ घोषित कर घरों के लिए रवाना कर दिया गया। नगर निगम हॉटस्पॉट क्षेत्र में सैनिटाइज बराबर कराने के साथ चूना का जमकर छिड़काव करा रही है जिससे हॉटस्पॉट क्षेत्र में छोटे-छोट मच्छर भी खत्म हो जा रहे हैं।

डीरेका के कोविड-19 अस्पताल का डीएम ने किया निरीक्षण: जिले में कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ने पर कोविड अस्पतालों की व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त करने में प्रशासन जुट गया। जिलाधिकारी ने रविवार को डीएलडब्ल्यू स्थित कोविड अस्पताल का निरीक्षण कर वहॉ का व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सीएमओ व डीरेका कोविड अस्पताल के चिकित्साधिकारी को इलाज करा रहे कोविड मरीजों को परेशानी न होने देने की हिदायत दी।

सीबीएसई बोर्ड इंटर का परिणामः केवी बीएचयू एवं जैपुरिया स्कूल्स बाबतपुर के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया

वाराणसी। सी.बी.एस.ई. द्वारा घोषित कक्षा बारह के परिणाम में सेठ एम. आर. जैपुरिया स्कूल्स बाबतपुर के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। ह्रषिका चौबे ने 95.8 प्रतिशत के साथ प्रथम, विशाल यादव ने 94.8प्रतिशत एवं लतिका सिंह ने 94.6प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त कुशाग्र शर्मा, कुशाग्र श्रीवास्तव, विशाल गिरी, निखिल कुमार, मनीषा जायसवाल, अंशित कुमार गुप्ता व गौरव गुप्ता ने शीर्ष दस स्थानों में जगह प्राप्त की। इस वर्ष के परिणामों में कुशाग्र श्रीवास्तव, स्वस्तिका गुप्ता, हर्ष केशरी, विमल केशरी, पल्लवी कुमारी, अर्चा मिश्रा ने विभिन्न विषयों में शतप्रतिशत अंक प्राप्त किये। छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर अपने बधाई संदेश में चेयरमैन दीपक कुमार बजाज ने कहा कि परीक्षाएँ बच्चों का सकारात्मक मूल्यांकन करते हुए भविष्य के लिए राह दिखाती है। स्कूल की प्रधानाचार्या सुधा सिंह ने कहा कि शिक्षा की यात्रा में कक्षा बारह एक महत्वपूर्ण पड़ाव है और निश्चय ही इस सफलता से उनके उत्साह व ऊर्जा में वृद्धि होगी। छात्र-छात्राओं के उत्कृत प्रदर्शन पर सेठ एम. आर जैपुरिया स्कूल्स बनारस के प्रबंध निदेशक मनोज बजाज, अधिशासी निदेशक श्याम सुन्दर बजाज, अनिल के. जाजोदिया एवं नरेद्र पाण्डेय ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकामना के साथ बधाई संदेश दिए। विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्डए नई दिल्ली की कक्षा बारहवीं की परीक्षा में केंद्रीय विद्यालय बीण् एचण् यूण् की प्रथम एवं द्वीतीय पाली का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की प्रथम पाली की छात्रा सौम्या पराशर ;कला वर्गद्ध ने सर्वाधिक 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। संजना शिखर 96.0 प्रतिशत, तान्या सिंह 95.8 प्रतिशत (वाणिज्य वर्ग) और दिव्यांशी उपाध्याय (विज्ञान वर्ग) ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया ।

ट्रिपलआईटी ने 30 जुलाई से की नए शैक्षणिक सत्र की घोषणा

पायनियर समाचा सेवा। प्रयागराज

कोरोना जैसी वैश्विक आपदा के बीच भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद ने अपने शैक्षणिक संत्र को पूर्णतया नियमित बनाये रखते हुए एक बड़ी उपलब्धि हासिल किया है। सोमवार को संस्थान ने अपने नए शैक्षिक सत्र को 30 जुलाई से शुरू करने की घोषणा की है। संस्थान ने बी टेक दूसरे वर्ष से लेकर अंतिम वर्ष एम्टेक अंतिम वर्ष तथा अन्य कक्षाए को 30 जुलाई से आरंभ करने की पूरी तैयारी कर ली है। डॉ. मनीष गोस्वामी एसोसिएट डीन परीक्षा ने आज शैक्षिक कैलंडर जुलाई दिसम्बर 2020 को जारी कर दिया है। जिसमें विस्तृत विवरण का उल्लेख किया गया है। उल्लेखनीय है की कैरोना जैसी विपदा में देश के अन्य आईआईटी एनआईटी एवं विश्वविद्यालयो में अंतिम सत्र की परीक्षा अभी तक संपन्न नही हो पायी है। वहीँ ट्रिपल आईटी ने ऑनलाइन मोड में इसे पूरा करके नए सत्र को समय पर शुरू करने का निर्णय ले लिया जो संस्थान के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है।संस्थान के निदेशक प्रोण् पी नागभूषण ने कहा कि वैश्विक महामारी को संस्थान के छात्रों और संकाय सदस्यों ने एक चुनौती को स्वीकार किया और समय पर परीक्षा करवाना समय पर परिणाम और अब नियमित आनलाइन शैक्षणिक सेमेस्टर शुरुआत कर एक उदाहरण पेश किया है। उन्होंने बताया कि संस्थान द्वारा दो वर्ष पूर्व परम्परागत मूल्यांकन पद्धति की जगह पर वर्षभर लगातार सीखने की प्रक्रिया एवं मूल्यांकन प्रणाली को लागू करके संस्थान के शैक्षणिक सत्र को नियमित करने में महतवपूर्ण सफलता मिली है।

जीका वायरस एनएस-1 प्रोटीन मस्तिष्क संक्रमण का कारणः प्रो. सुनीत सिंह

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

● बीएचयू मॉलिक्यूलर बायोलॉजी के प्रो. सुनीत को मिली सफलता

● जीका वायरस के मस्तिष्क संक्रमण में भूमिका को खोज निकाला

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय चिकित्सा विज्ञान संस्थान में मॉलिक्यूलर बायोलॉजी विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुनीत कुमार सिंह के शोध समुह ने जीका वायरस के एनएस-1 प्रोटीन के जीका वायरस के मस्तिष्क संक्रमण मैं अहम् भूमिका को खोज निकाला है। बीएचयू के प्रो. सुनीत कुमार सिंह एक प्रख्यात वायरोलॉजिस्ट हैं जो राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विषाणुओं पर शोध कार्य करने के लिये जाने जाते है।

प्रो. सिंह के मुताबिक जीका वायरस एक मच्छर जनित वायरस है, जो एडीज मच्छर द्वारा प्रेषित होता है। यह वही मच्छर है जो डेंगू, चिकनगुनिया और येलो फीवर वायरस के संक्रमण का कारण बनता है। जीका वायरस संक्रमण से शिशुओं में माइक्रोसेफ्ली या वयस्कों में गुइलाइन बार्रे सिंड्रोम होता है। माइक्रोसेफ्ली एक ऐसी स्थिति है जहां नवजात शिशुओं में मस्तिष्क का आकार असामान्य या अविकसित होता है। जीका वायरस का इन्क्यूबेशन पीरियड 2-7 दिनों का होता है। 2015 में ब्राजील, उत्तरी अमेरिका, प्रशांत और दक्षिण-पूर्व एशिया में इसका प्रकोप देखा गया। बताया जा रहा है की करीबन 1.5 मिलियन लोग जीका वायरस से संक्रमित हो चुके है। जिसमें करीब 3,500 से अधिक शिशुओं में माइक्रोसेफली के मामले दर्ज किए गए है। भारत 2018 में 157 जीका वायरस संक्रमण के मामले सामने आये। जीका वायरस के खिलाफ कोई निश्चित एंटीवायरल नहीं हैं और केवल रोगसूचक उपचार का पालन किया जाता है। जीका वायरस के के वैक्सीन का निर्माण अभी भी परीक्षण के विभिन्न स्तरों पर चल रहा है।

पौधे बाँटकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

रूरा (कानपुर देहात)। पौधा रोपण सबका संवैधानिक मूल कर्तव्य है प्रकृति हमारी आवश्यकताओं को पूरा करने में समर्थ है हमारे लालच को नहीं। हर व्यक्ति सात सौ रुपये प्रत्येक के हिसाब से हरदिन तीन सिलेंडर आक्सीजन का अवशोषण करता है और सत्तर साल तक जीवित रहने पर वह पाँच करोड़ उन्तीस लाख रुपये का प्रकृति का कर्ज दार होता है कर्जदार को मोक्ष तभी मिलता है जब वह पौधा रोपण करके कर्ज उतारे उक्त बात गाँधी पीस फाउण्डेशन नेपाल से पर्यावरण योद्धा सम्मान प्राप्त पर्यावरण मित्र नवीन कुमार दीक्षित ने मंण्डी समिति के पास राहगीरों को कढ़ी पत्ता मीठी नीमए तथा शिवद्रुम के पौधे वितरित करते हुए कही।

पुलिस की मदद व नेताओं की पनाह से विकास ने खड़ा किया अपराधिक सम्राज्य

● एसआईटी की जांच में खुल कर बोले पीडित व ग्रामीण, संतोष शुक्ला हत्याकाण्ड के मामले को दोबारा खोले जाने से आरोपियों में दहशत व्याप्त

● आतंकी का विरोध करने पर मिलती थी नृशंस हत्या की सजा, शिवली थाने में पीडितों ने एसआइटी टीम को सुनायी अपनी व्यथा

रविकान्त दुबे। कानपुर देहात

अपराधी केवल अपराधी ही होता है न तो उसकी कोई जाति होती है और न कोई धर्म होता है उसका केवल इतना काम है कि अपनी दबॅगई व दहशत से निर्दोष लोगों की नृशॅस हत्या कर उनकी जमीन व सम्पत्ति पर कब्जा कर राजनैतिक गलियारे में हनक बढाने के साथ पुलिस को अपनी अवैध कमाई के टुकडे फेंककर अपना वर्चस्व कायम करना होता है। उसकी हनक के चलते अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के साथ राजनीति में अपना मुकाम बनाने की महत्वाकॉक्षा पाले लोग भी उसके पिछलग्गू बन उसके गलत कामों को सही साबित करने की कैम्पनिंग करने में जुटे हुये है। पूर्व चैयरमैन शिवली ने विकास दुबे के काले कारनामों का चिट्ठा खोलते हुये बताया कि दबॅगई व दहशत से शिवली के लोगों को निजात मिली है, विकास के खिलाफमंत्री की थाने के अन्दर हुयी हत्या के मामले में जब उसके खिलाफ कानून अपना शिकॅजा नहीं कस पाया तो उसका रूतबा और ज्यादा बढ़ गया। भगवान के घर देर है अन्धेर नहीं उसके पापों का घडा भर गया था जिसका फल सबके सामने है विकास के गुर्गों के खिलाफभी सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही कर इस गिरोह को नेस्ताबूद किया जाना शॉति व कानून व्यवस्था के लिये आवश्यक है।

विकास दुबे के मददगार अफसरों तथा उस पर मेहरबान लोगों का कच्चा चिट्ठा खोलेगी: दुर्दात हिस्ट्रीशीटर विकास दुबे के एनकाउंटर के बाद अब इस मामले की जांच कर रही एसआइटी की निगाहें उसकी मदद करने वाले सभी अफसरों के साथ राजनीतिक आकाओं पर भी है। बेहद सख्त माने जाने वाले अपर मुख्य सचिव संजय आर भूसरेड्डी के नेतृत्व में गठित स्पेशल इंवेस्टीगेशन टीम (एसआइटी) ने तैनाती होने के अगले ही दिन कानपुर के चौबेपुर के बिकरू गांव जाकर छानबीन शुरू कर दी है। एसआइटी को अपनी जांच रिपोर्ट 31 जुलाई तक देनी है। इसके तहत पहले ही दिन 50.55 लोगों से पूछताछ की गई है।

कानपुर के चौबेपुर के बिकरू गांव में दो.तीन जुलाई की रात में सीओ सहित आठ पुलिसकर्मियों की हत्या के मामले में मुख्य आरोपित विकास दुबे की मदद करने वाले चौबेपुर के तत्कालीन थाना प्रभारी विनय तिवारी के साथ क्षेत्र के दारोगा केके शर्मा तो जेल में हैं। अब बारी विकास दुबे के अन्य मददगार अधिकारियों के साथ उसको राजनीतिक शरण देने वालों की है। अपर मुख्य सचिव संजय आरण् भूसरेड्डी की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय एसआईटी ने पहले ही दिन ही अपने तेवरों से जाहिर कर दिया कि काले कारोबार को चलाने वाले गैंगस्टर विकास दुबे पर मेहरबान रहे अफसरों पर शामत आने वाली है। अपर मुख्य सचिव संजय भूसरेड्डी की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन किया गया है। इसमें अपर पुलिस महानिदेशक हरिराम शर्मा और पुलिस उप महानिरीक्षक जे रवींद्र गौड़ एसआईटी के सदस्य हैं। इनसे शासन ने 31 जुलाई तक जांच रिपोर्ट तलब की है।

एसआइटी को विकास दुबे और उसके सहयोगियों के पूरे साम्राज्य की कुंडली खंगालने में खासी मशक्कत करनी होगी। उसके मददगारों की सूची भी इतनी लंबी हो सकती है कि उन तक पहुंचने में समय लग सकता है। इसके बाद भी तय समय में रिपोर्ट देने की मंशा को एसआईटी ने गठन होने के अगले ही दिन घटनास्थल पर पहुंचकर जाहिर कर दी है। विकास दुबे और उसके साथियों की काली कमाई से जुटाई गई संपत्तियों का ब्योरा जुटाने के लिए ईडी की

एसआईटी टीम को दुर्दान्त अपराधी व उसके गिरोह के कारनामों के सम्बन्ध में जानकारी देते शिवली के पूर्व चैयरमैन लल्लन बाजपेई

एक टीम फिर कानपुर जाने की तैयारी में है। अपनी जांच शुरू करने से पहले पुलिस से अबतक सामने आए सभी तथ्य जुटाने में लगी है ईडी। आयकर विभाग से भी संपर्क साधा गया है।

गांव में खुलने लगी आतंक की कहानी: एसआइटी के सामने दिल दहलाने वाले बिकरू कांड और विकास दुबे से आतंक की कहानी खुलकर सामने आने लगी है। विकास के खौफके साए में जी रहे लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया तो सामने आकर उन्होंने दर्द बयां किया। कभी न बोलने वालेए रास्ता बदलकर गुजरने वाले लोगों ने अपनी पीड़ रखी। किसी ने अपनी जमीन पर कब्जे की शिकायत की तो किसी ने थाने में पीटने की जानकारी दी। इस जांच दल ने ग्रामीणों से भी विकास की करतूतों पर चर्चा की। विकास और उसके गुर्गे नहीं थे तो गांव के लोगों ने खुलकर बात रखी। गफूर ने बताया कि 1993-94 में उन्होंने राशन नहीं मिलने की शिकायत की थी। इसके बाद विकास ने शिवली थाने बुलवाया।

पुलिस की मौजूदगी में उसे थाने के भीतर पीटा गया। सुशील पांडेय ने बताया कि पहले उनके पिता अटल बिहारी पांडेय ग्राम प्रधान हुआ करते थे। विकास ने बूथ कैप्चरिंग कराकर प्रधानी पर कब्जा किया तो अभी तक उसके चंगुल से मुक्त नहीं हो पाई। उसके भय से लोग वोट डालने से कतराते थे। गोकुल ने बताया कि विकास अपनी सरकार चलाता था। गांव में यदि किसी का विवाद होता था तो गुर्गों को भेजकर घर पर बुलवा लेता था। घर के अपने लोगों से पिटवाता था। बकरुद्दीन ने एसआईटी को बताया कि उसे पट्टे पर जमीन मिली थी। विकास ने अपने खास को कब्जा दिला दिया। यह लोग आज तक कई तहसील व थाने के चक्कर आज तक लगा रहे हैं लेकिन उसे कब्जा नहीं मिल पाया। राजू ने बताया कि उसने शिवराजपुर की एक एजेंसी से ट्रैक्टर खरीदा था। किस्त नहीं जमा कर पाया तो ट्रैक्टर सरेंडर कर दिया। बदले में 1ण्30 लाख रुपए मिलने थेए लेकिन विकास ने किसी दूसरे को ट्रैक्टर दिलवा दिया। ट्रैक्टर की किस्त आज भी वह भर रहा है।

एसटीएफ का शिकंजा विकास दुबे की जमानत लेने वालों पर: एसटीएफ ने हिस्ट्रीशीटर विकास दुबे के दो मददगारों से पूछताछ की। इनमें से एक ने विकास की एक मुकदमे में जमानत भी ली थी। दोनों ने एसटीएफ को बताया कि बिकरू कांड के बाद विकास दुबे से उनका सम्पर्क नहीं हुआ था। इन दोनों को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। इन दोनों को लखनऊ के कृष्णानगर और बंथरा से बुलाया गया था। यह लोग विकास के सम्पर्क में पिछले दस वर्ष से थे। इन दोनों ने यह भी बताया कि लखनऊ और कानपुर की जमीन के लिये स्टाम्प पेपर भी उनके माध्यम से ही खरीदे गए थे। विकास को जब उनसे काम होता था तो वह कानपुर से उन लोगों के लिये गाड़ी भिजवाता था। इसके अलावा कोई भी काम होता था तो उसके लिये मेहनताना के तौर पर कुछ रकम जरूर देता था। इतना ही नहीं विकास के लिये इन लोगों ने कई लोगों से सम्पर्क किया था जो विकास दुबे के लिये जमानत लेते थे।

पिछली कार्रवाई की भी पड़ताल होगी: एसआईटी विकास दुबे के खिलाफ पहले से हुई पुलिस कार्रवाइयों और उससे की गई पूछताछ में सामने आए तथ्यों की भी पड़ताल कर सकती है। एसटीएफसे भी ऐसे कई तथ्य उसे हासिल हो सकते हैं। बिकरू कांड में शहीद हुए सीओ बिल्हौर देवेन्द्र मिश्रा की तत्कालीन थानाध्यक्ष चौबेपुर विनय तिवारी के खिलाफ तत्कालीन एसएसपी को लिखी गई चिट्ठी तो पहले से ही एसआईटी के पास है। चिट्ठी अपने-आप में थाने की कार्यशैली बयां करने के लिए पर्याप्त है। इसके अलावा कानपुर नगर और कानपुर देहात जिले की पुलिस तो पूरी तरह जांच के दायरे में होगी। दोनों जिलों में उसके विरुद्ध दर्ज मुकदमों की लिस्ट काफी लंबी है।

राजस्व विभाग की टीम एसआइटी के रडार पर: विकास दुबे की अकूत संपत्ति के मामले में राजस्व विभाग की टीम भी एसआईटी के रडार पर है। कानपुर को साथ लखनऊ में जमीनों पर कब्जे और उसकी खरीद-फरोख्त में प्रशासनिक अमले के सहयोग से इनकार नहीं किया जा सकता।

थानेदार विनय तिवारी व दारोगा केके शर्मा पहले ही गिरफ्तार: विकास दुबे के काले कारोबार को दबाने के मामले के साथ ही उसको पुलिस की दबिश की जानकारी देने के मामले में पुलिस ने आठ जुलाई को ही चौबेपुर के तत्कालीन थानेदार विनय तिवारी व बीट इंचार्ज दारोगा केके शर्मा को 120बी के तहत गिरफ्तार किया था। इनको तो छोटी मछली माना जा रहा है। विनय तिवारी पर विकास दुबे के बचाव का आरोप है। इसके साथ केके शर्मा को विकास ने फोन पर पुलिस टीम गांव में ना भेजने की हिदायत दी थी। केके शर्मा को डर है कि पुलिस कहीं उसका भी एनकाउंटर न कर दे।

ईडी और कानपुर आयकर विभाग भी जांच में जुटा: ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की टीम ने भी रविवार को बिकरु गांव का दौरा किया। ईडी ने गांव वालों से बात की। पुलिस वालों से पूछताछ की है। ईडी ने विकास दुबे की संपत्तियों का ब्योरा जुटा है।

शिवराज सिंह चौहान ने किया मंत्रियों को विभागों का आवंटन, सिंधिया समर्थकों को मिले अहम मंत्रालय

भाषा। भोपाल

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भाजपा के केन्द्रीय एवं राज्य स्तर के नेताओं के साथ विचार-विमर्श करने के बाद मंत्रिपरिषद में शामिल किए गए नए मंत्रियों को अखिरकार सोमवार सुबह विभागों का आवंटन कर दिया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थकों को अहम विभाग दिए गए हैं। 28 नए मंत्रियों ने दो जुलाई को शपथ ग्रहण की थी। मुख्यमंत्री सहित मंत्रिपरिषद में कुल 34 सदस्य हैं। इनमें 14 मंत्री फिलहाल विधायक नहीं हैं, जिनमें से 11 सिंधिया के कट्टर समर्थक हैं। मार्च में कांग्रेस के 22 विधायक विधानसभा से त्यागपत्र देने के बाद भाजपा में शामिल हो गए थे। इसके चलते प्रदेश में 15 माह पुरानी कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार गिर गई थी।

सिंधिया के प्रबल समर्थक तुलसीराम सिलावट को मत्स्य विभाग दिया गया है, उनके पास पहले से ही जल संसाधन विभाग है। गोविंद सिंह राजपूत को राजस्व और परिवहन विभाग दिया गया है। सिलावट और राजपूत को मंत्रिपरिषद के अप्रैल माह में हुए पहले विस्तार में शामिल किया गया था।

सिंधिया के साथ कांग्रेस छोड़ने वाले 22 नेताओं में से 14 को मंत्रिपरिषद में शामिल किया गया है। ए सभी फिलहाल विधायक नहीं है और इन्हें आगामी उपचुनाव में उतरना होगा। कांग्रेस के एक और विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी ने रविवार को भाजपा में शामिल होने के लिए विधानसभा से त्यागपत्र दे दिया। कांग्रेस के 23 विधायकों ने भाजपा में शामिल होने के लिए विधानसभा से त्यागपत्र दे दिया है और दो विधायकों का निधन हो गया है। यानी विधानसभा में इस वक्त कुल 25 सीटें रिक्त हैं। इनके लिए जल्द ही उपचुनाव कराए जाएंगे।

सिंधिया के अन्य समर्थकों में डॉ. प्रभुराम चौधरी को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, प्रद्युम्न सिंह तोमर को ऊर्जा, महेन्द्र सिंह सिसोदिया को पंचायत एवं ग्रामीण विकास और इमरती देवी को महिला एवं बाल विकास विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुख्यमंत्री चौहान ने अपने पास सामान्य प्रशासन, जनसंपर्क, नर्मदा घाटी विकास, विमानन और अन्य विभागों को रखा है, जो किसी को आवंटित नहीं किए गए हैं।

भाजपा के वरिष्ठ विधायक डॉ. नरोत्तम मिश्रा के पास गृह विभाग है, लेकिन मिश्रा को सिंधिया समर्थक डॉ. प्रभुराम चौधरी के लिए स्वास्थ्य विभाग छोड़ना पड़ा है। डॉ. चौधरी भी एक चिकित्सक हैं। मिश्रा को संसदीय कार्य और विधि विभाग भी सौंपे गए हैं। भाजपा के वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव को लोक निर्माण विभाग और कुटीर एवं ग्रामोद्योग, विजय शाह को वन, जगदीश देवड़ा को वित्त एवं वाणिज्य कर, भूपेन्द्र सिंह को नगरीय विकास और यशोधरा राजे सिंधिया को खेल एवं युवा कल्याण विभाग दिया गया है, जबकि कमल पटेल के पास किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग बरकरार है।

पटना में सीबीएसई कक्षा 12 का परिणाम आने के बाद एक दूसरे को मिठाई खिलाती हुई छात्राएं।

थलसेना प्रमुख ने पठानकोट-जम्मू क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास अग्रिम इलाकों का दौरा किया

जम्मू। थलसेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे ने सोमवार को अंतराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के पास अग्रिम इलाकों का दौरा किया और जम्मू-पठानकोट क्षेत्र में तैनात सैनिकों की तैयारियों और सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। यह जानकारी एक रक्षा प्रवक्ता ने दी। उन्होंने सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए कठुआ, सांबा, जम्मू और पठानकोट सहित राइजिंग स्टार कोर की कमान में आने वाले क्षेत्रों का दौरा किया। पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल आरपी सिंह, राइजिंग स्टार कोर के जीसीओ लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी, जीओसी टाइगर डिवीजन मेजर जनरल वीबी नायर और एयरफोर्स स्टेशन जम्मू के एयर ऑफिसर कमांडिंग (एओसी) एयर कमोडोर एएस पठानिया ने थलसेना प्रमुख की अगवानी की।

लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने परिचालन संबंधी तैयारियों, सुरक्षा बुनियादी ढांचे के उन्नयन और आंतरिक सुरक्षा मामलों के संबंध में जनरल नरवणे को जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताा कि थलसेना प्रमुख ने जीओसी टाइगर डिवीजन के साथ अग्रिम क्षेत्रों में परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान विभिन्न अधिकारियों और जवानों के साथ बातचीत की।

सचिन पायलट सच्चे कांग्रेसी पार्टी नही छोड़ेगे: शिवकुमार

बेंगलुरु। राजस्थान में तेजी से बदलते राजनीतिक घटनाक्रम के बीच कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष डी. के. शिवकुमार ने सोमवार को विश्वास जताया कि उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट कांग्रेस नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने पायलट को सच्चा कांग्रेसी बताया। उन्होंने भाजपा पर अपने एजेंडे के तहत कांग्रेस को अस्थिर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। शिवकुमार ने कहा, नहीं, वह (पायलट) नहीं छोड़ेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि वह नहीं छोड़ेंगे। वह अपने पिता (राजेश पायलट) की तरह बहुत ईमानदार कांग्रेसी नेता हैं। पिछले छह-सात साल से पार्टी में अपना पूरा योगदान दिया है। अध्यक्ष (राजस्थान राज्य इकाई) के तौर पर पार्टी के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। कुछ मुद्दे हो सकते हैं, मैं मना नहीं कर रहा हूं, सब कुछ सुलझा लिया जाएगा। राजस्थान में राजनीतिक संकट के बीच सोमवार को जयपुर में कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की एक महत्वपूर्ण बैठक होने वाली है जिसमें पार्टी के सभी विधायकों की उपस्थिति अनिवार्य करने के लिए व्हिप जारी किया गया है।

कर्नाटक में विपक्षी दलों ने सरकार से पूरे राज्य में लॉकडाउन लागू करने का आग्रह किया

भाषा। बेंगलुरु

कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी के मद्देनजर बेंगलुरु में मंगलवार से सात दिवसीय लॉकडाउन लागू किए जाने की तैयारियों के बीच, विपक्षी दलों ने कर्नाटक सरकार से पूरे राज्य में लॉकडाउन लागू करने का आग्रह किया है। जनता दल (सेक्यूलर) के नेता एच डी देवेगौड़ा और कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वर खांडरे ने पूरे राज्य में लॉकडाउन लागू करने की मांग की है। बेंगलुरु के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में लॉकडाउन लागू करने के सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए देवेगौड़ा ने कहा,'मैं सरकार से पूरे राज्य में लॉकडाउन लागू करने का मीडिया के माध्यम से आग्रह करता हूं।

पूर्व प्रधानमंत्री ने राज्य और पूरे देश के लोगों से अपील की कि वे बाहर निकलते समय मास्क पहनें, सामाजिक दूरी बनाए रखें, नियमित रूप से सैनिटाइजर से हाथ साफ करें और जरूरी काम होने पर ही बाहर निकलें। उन्होंने कहा कि संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए उपायों और राहत पैकेज को लागू करने में अनियमितताओं को लेकर सरकार के खिलाफ कई नेताओं ने आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा,'इस बारे में अगले विधानमंडल सत्र में चर्चा करेंगे। फिलहाल लोगों का स्वास्थ्य महत्वपूर्ण हैं इसलिए इस पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

देवेगौड़ा ने कहा कि सरकार को इस दिशा में काम करना चाहिए। हम सभी सरकार के साथ हैं, कृपया लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ न करें। कोविड-19 संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी के मद्देनजर कर्नाटक सरकार ने शनिवार को बेंगलुरु के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 14 से 22 जुलाई तक पूर्ण लॉकडाउन की घोषणा की थी। लॉकडाउन 14 जुलाई रात आठ बजे से 22 जुलाई सुबह पांच बजे तक लागू रहेगा।

इस बीच, कांग्रेस नेता खांडरे ने मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा को याद दिलाया कि कोविड-19 के मामले न केवल बेंगलुरु में, बल्कि राज्य के सीमावर्ती जिलों में भी बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बीदर, कलबुर्गी, यादगीर, रायचूर, कोप्पल, बल्लारी जिलों में स्थिति नियंत्रण से बाहर हो रही है। उन्होंने कहा, राज्य में कम से कम पंद्रह दिन के लिए एक बार फिर से सख्त लॉकडाउन लागू कर स्थिति को नियंत्रण में लाएं। मैं सरकार से अपील करता हूं कि इस लॉकडाउन अवधि में अपनी पिछली कमियों को सुधारें और भविष्य में महामारी से निपटने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएं।

त्विक न्यूज

ओडिशा में दो कट्टर माओवादियों ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण

मलकानगिरी। ओडिशा के मलकानगिरी जिले में एक महिला सहित दो कट्टरपंथी माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दोनों पर कुल छह लाख का इनाम घोषित था और वे कई मामलो में वांछित थे। उन्होने बताया कि प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) की स्थानीय समिति के एक सदस्य कन्ना मधी और निकटवर्ती छत्तीसगढ़ की माओवादी लाके पूनम ने रविवार को मलकानगिरी के पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश डी. खिलाड़ी के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। दोनो का कहना है कि नक्सलियो द्वारा निर्दोष लोगो से की जाने वाली वाली जबरन वसूली और शोषण के कारण उनका नक्सलवाद से मोहभंग हो गया। एसपी ने बताया कि मलकानगिरी जिले के कलिमेला इलाके के रहने वाले मधी (24) पर ओडिशा सरकार ने चार लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। वही बीजापुर जिले के भूमन गांव की लाके (22) पर दो लाख रुपए का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वाले दोनो नक्सलियो ने कहा कि उन्होने हिंसा का रास्ता छोड़ने और समाज की मुख्यधारा मे लौटने का फैसला किया, क्योकि उन्हे एहसास हुआ कि माओवादी गरीबो की मदद करने के बजाय निर्दोष आदिवासियो से जबरन वसूली कर रहे है और उनकी हत्या कर रहे है। दोनो ने वरिष्ठो द्वारा उनके साथ बुरा व्यवहार करने का आरोप लगाया। सुरक्षा बलो के अभियानो ने भी उन पर दबाव डाला। एसपी ने कहा कि दोनो को ओडिशा सरकार के आत्मसमर्पण और पुनर्वास योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी और घर के निर्माण, अपनी पसंद के व्यापाराव्यवसाय मे अध्ययन एवं प्रशिक्षण के लिए भी वित्तीय मदद की जाएगी।

आठवले ने शरद को राजग में शामिल होने का सुझाव दिया

नई दिल्ली। आरपीआई (ए) के प्रमुख एवं केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने सोमवार को राकांपा प्रमुख शरद पवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) मे शामिल होने का सुझाव दिया और कहा कि उनके (पवार) अनुभव से महाराष्ट्र और देश दोनो के विकास मे लाभ मिलेगा। आठवले ने अपने बयान मे कहा कि पवार को प्रधानमंत्री मोदी के साथ आ जाना चाहिए। दोनो नेताओ के बीच अच्छे रिश्ते है और प्रधानमंत्री मोदी, पवार का सम्मान भी करते है। हाल मे चीन से जुड़े मुद्दो सहित कई विषयो पर पवार ने भी सकारात्मक रुख व्यक्त किया है। उन्होने कहा कि ऐसे मे पवार के राजग मे शामिल होने से उनके अनुभव का देश और महाराष्ट्र दोनो को लाभ मिलेगा। आरपीआई प्रमुख ने कहा कि यह उनकी निजी राय है, लेकिन अवसर आने पर वे इस बारे मे राकांपा नेता से बात कर सकते है। उन्होने कहा कि अगर ऐसा होता है तो महाराष्ट्र मे भाजपा, राकांपा और आरपीआई की महायुति बनेगी।

यूडीएफ वाम सरकार के खिलाफ लाएगी अविश्वास प्रस्ताव

तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस नीत यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) ने राज्य की वाम मोर्चे वाली सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का निर्णय किया है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन से इस्तीफे की मांग करते हुए यूडीएफ ने आरोप लगाया है कि हाल मे राजनयिक सामान के जरिए हुई सोने की तस्करी के तार मुख्यमंत्री कार्यालय से जुड़े है। यूडीएफ के संयोजक बेनी बेहनन ने कहा कि यूडीएफ ने विधानसभा अध्यक्ष पी श्रीरामकृष्णन के खिलाफ भी प्रस्ताव आगे बढ़ाने और उनका इस्तीफा मांगने का निर्णय लिया है। बेहनन ने कहा, आज यूडीएफ की बैठक मे सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव और अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव लाने का निर्णय लिया गया है। यूडीएफ ने यह काम सदन मे विपक्ष के कांग्रेस नेता रमेश चेन्नीथला को सौंपा है। उन्होने कहा कि अध्यक्ष का कथित संबध तस्करी से जुड़े एक आरोपी से है और इसलिए उन्हे पद से हटने की जरूरत है। यूडीएफ संयोजक ने कहा कि वह मुख्यमंत्री का इस्तीफा मांगते हुए अपना विरोध जारी रखेगे। आरोपी को बचाने का प्रयास अब प्रत्यक्ष तौर पर सामने आ गया है। पूर्व आईटी सचिव जो कि मुख्यमंत्री के सचिव भी रह चुके है, उनका एक आरोपी के साथ संपर्क होने का मामला अब बिल्कुल स्पष्ट है। सोने की तस्करी मामले मे स्वप्ना सुरेश और संदीप नायर मुख्य आरोपी है। इन्हे कोच्चि मे रविवार को एनआईए की अदालत ने हिरासत मे भेज दिया। इनकी गिरफ्तारी बेंगलुरु से हुई थी और इस मामले ने राजनीतिक तूफान ला दिया।

भावनगर के सिहोर में आंबेडकर की प्रतिमा को अपवित्र किया

भावनगर। गुजरात के भावनगर जिले के सीहोर शहर मे सोमवार को बाबासाहेब आंबेडकर की एक आवक्ष प्रतिमा को अपवित्र कर दिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि किसी ने आवक्ष प्रतिमा को एक बाल्टी से ढक दिया और पास मे एक शराब की खाली बोतल रख दी। यह हरकत मध्यरात्रि से सुबह आठ बजे के बीच की गई। आसपास के लोगो ने सुबह सीहोर पुलिस थाने मे संपर्क किया जिसके बाद भादसं की धारा 295 के तहत अज्ञात व्यक्तियो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होने बताया कि लोगो ने बाद मे आवक्ष प्रतिमा को साफ किया।

रांची में एक सरकारी अस्पताल में कोविड-19 का टेस्ट कराने के लिए लाइन में लगे हुए लोग

फारूक, उमर ने हिरासत में रखे गए 16 नेकां नेताओं की रिहाई के लिए अदालत का रुख किया

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) ने पिछले साल पांच अगस्त से अपने घरों में अवैध रूप सै नजरबंद किए गए पार्टी के 16 सदस्यों की जल्द रिहाई का अनुरोध करते हुए सोमवार को जम्मू एवं कश्मीर उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। केंद्र ने पिछले साल पांच अगस्त को ही पूर्ववर्ती राज्य का विशेष दर्जे वापस लेने की घोषणा की थी। नेकां अध्यक्ष और लोकसभा सदस्य फारूक अब्दुल्ला तथा नेकां उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों की असंवैधानिक और अवैध नजरबंदी को चुनौती देते हुए बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाएं दायर कीं। पूर्व मुख्यमंत्री, फारूक अब्दुल्ला ने अली मोहम्मद सागर, अब्दुल रहीम राठेर, नासिर असलम वानी, आगा सैयद महमूद, मोहम्मद खलील बंद, इरफान शाह और साहमीमा फिरदौस की रिहाई के लिए याचिका दायर की है। उनके पुत्र और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मोहम्मद शफी उरी, आगा सैयद रुहुल्ला मेहदी, चौधरी मोहम्मद रमज़ान, मुबारक गुल, वशीर वीरी, अब्दुल मजीद लारमी, बशारत बुखारी, सैफुद्दीन भट और मोहम्मद शफी की नजरबंदी को चुनौती दी है।

वरिष्ठ वकील शरीक रियाज ने दोनों नेताओं की ओर से याचिकाएं दायर की हैं। पार्टी प्रवक्ता इमरान नबी डार ने कहा कि सख्त लोक सुरक्षा कानून के तहत हिरासत से रिहा किए जाने के बाद पार्टी सदस्यों को लगातार नजरबंद रखा गया है। उन सदस्यों को राहत मुहैया कराने के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा, किसी भी प्रशासनिक आदेश के बिना नजरबंदी गैराकानूनी है और यह मानव अधिकारों और व्यक्तिगत स्वतंत्रता को कमतर करती है। प्रवक्ता ने उम्मीद जताई कि अदालत से उनके सहयोगियों को राहत मिलेगी जो बिना किसी गलती के भी पांच अगस्त, 2019 को संविधान के अनुच्छेद 370, अनुच्छेद 35 ए के प्रावधानों को निरस्त करने के बाद से परेशानी झेल रहे हैं।

2014 में समर्थन देने का प्रस्ताव शिवसेना को भाजपा से दूर रखने की चाल थी: पवार

भाषा। मुंबई

राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने कहा है कि महाराष्ट्र में सरकार बनाने के लिए 2014 में भाजपा को बाहर से समर्थन देने की उनकी पेशकश एक राजीतिक चाल थी, जिसका मकसद शिवसेना को उसके उस समय के सहयोगी दल से दूर रखना था। पवार ने स्वीकार किया कि उन्होंने भाजपा और शिवसेना के बीच दूरियां बढ़ाने के लिए कदम उठाए। लंबे समय से सहयोगी रही भाजपा और शिवसेना ने मुख्यमंत्री पद साझा करने के मुद्दे पर पिछले साल के राज्य विधानसभा चुनावों के बाद राहें जुदा कर ली थी।

पवार ने कहा कि पिछले साल के विधानसभा चुनाव के बाद, भाजपा नेताओं ने राज्य में देवेंद्र फडणवीस सरकार को समर्थन देने के लिए उनसे संपर्क किया था, लेकिन उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कहा कि राकांपा भाजपा के साथ नहीं जाएगी और अगर संभव होगा तो वह शिवसेना के साथ सरकार बनाएगी या विपक्ष में बैठेगी। शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस के साथ मिलकर सत्तारूढ़ महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के गठन में मुख्य भूमिका निभाने वाले पवार ने शिवसेना के मुखपत्र सामना में एक साक्षात्कार में कहा, भाजपा को इस बात में यकीन नहीं है कि गैर भाजपा दलों को लोकतांत्रित व्यवस्था में काम करने का अधिकार है।

तीन हिस्सों वाली साक्षात्कार श्रृंखला का अंतिम हिस्सा मराठी दैनिक समाचार पत्र में सोमवार को प्रकाशित हुआ। पहली बार, किसी गैर शिवसेना नेता को प्रकाशन की मैराथन साक्षात्कार श्रृंखला में जगह दी गई है। पवार ने कहा, मैंने (2014 के विधानसभा चुनावों के बाद) जान-बूझकर बयान दिया था क्योंकि मैं नहीं चाहता था कि शिवसेना और भाजपा साथ आए। जब मुझे एहसास हुआ कि चुनाव के बाद गठबंधन की संभावना बन रही है तो मैंने बयान दिया जिसमें घोषणा की कि हम भाजपा सरकार को बाहर से समर्थन देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, लेकिन उसने काम नहीं किया। शिवसेना सरकार में शामिल हो गई

और गठबंधन सरकार ने कार्यकाल पूरा किया।

दिग्गज नेता ने कहा कि उनका मानना था कि महाराष्ट्र में भाजपा को सत्ता में आने देना शिवसेना और अन्य दलों के हित में नहीं था। उन्होंने कहा, केंद्र में भाजपा (2014 में) सत्ता में थी और अगर वह महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ पार्टी बनती है तो यह शिवसेना के लिए नुकसान होगा। भाजपा नहीं मानती कि किसी गैर भाजपाई पार्टी को लोकतांत्रिक व्यवस्था में काम करने का अधिकार है। मुझे पता था कि सभी अन्य दलों को खतरा है। बाहर से समर्थन देने वाला बयान एक राजनीतिक चाल थी। पवार ने कहा, मैं मानता हूं कि मैंने भाजपा और शिवसेना के बीच दूरी बढ़ाने के लिए कदम उठाए।

पवार ने पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के दावे से इनकार किया कि वह (पवार) पिछले साल सरकार बनाने के लिए भाजपा के साथ बातचीत कर रहे थे और बाद में यू-टर्न ले लिया। उन्होंने कहा, कुछ भाजपा नेताओं ने सरकार बनाने को लेकर मुझसे और मेरे सहयोगियों से बातचीत की थी और कहा था कि वह शिवसेना को शामिल नहीं करना चाहते। उन्होंने कहा कि चूंकि मेरे प्रधानमंत्री के साथ अच्छे रिश्ते हैं, इसलिए उन्हें हस्तक्षेप करना चाहिए और मुझे अपनी सहमति देनी चाहिए। पवार ने कहा, इसलिए, मुझे और मेरी पार्टी को लेकर किसी तरह के भ्रम की स्थिति या अवधारणा से बचने के लिए, मैंने संसद भवन में प्रधानमंत्री के कक्ष में उनसे मुलाकात की और उन्हें बताया कि राकांपा भाजपा के साथ नहीं जा सकती। अगर संभव होगा तो हम शिवसेना के साथ सरकार बनाएंगे या विपक्ष में बैठेंगे।

पवार के महाराष्ट्र में सरकार गठन के लिए वरिष्ठ भाजपा नेताओं से बातचीत करने संबंधी फडणवीस के बयान को लेकर उन पर निशाना साधते हुए राकांपा नेता ने कहा, वह कहां थे? मुझे नहीं लगता कि राष्ट्रीय स्तर पर निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनका कोई स्थान है। पवार ने कहा कि फडणवीस मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रसिद्ध चेहरा बन गए थे जबकि विपक्ष के लिए वह सिर्फ सक्रिय विधायक थे और राज्य में तथा राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा की निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनका मत नहीं लिया जाता। उन्होंने कहा कि फडणवीस अब तक इस बात को स्वीकार नहीं कर पाए हैं कि वह फिर से सरकार (पिछले साल) नहीं बना पाए।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, सत्ता स्थाई नहीं है। लोगों द्वारा जो भी जिम्मेदारी दी जाए, हमें उसे स्वीकार करना चाहिए। मैंने जब 1980 में मुख्यमंत्री का पद गंवाया था तो मैं विपक्ष का नेता बना। उस भूमिका को मैंने ज्यादा पसंद किया।

भोपाल में सावन के दूसरे सोमवार को भगवान शिव की पूजा करते हुए भक्त।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 14 जुलाई, 2020

19 राज्यों में कोरोना से ठीक होने की दर राष्ट्रीय औसत से बेहतर

भाषा। नई दिल्ली

केंद्र ने मंगलवार को कहा कि 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कोविड-19 से मरीजों के ठीक होने की दर राष्ट्रीय औसत 63.02 प्रतिशत से बेहतर है। केंद्र ने कहा कि उसके द्वारा राज्य सरकारों के समन्वय में उठाए गए कदमों से मरीजों के ठीक होने की दर में क्रमिक बढ़ोतरी हुई। उसने यह भी कहा कि देश के 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कोविड-19 के कारण मृत्युदर राष्ट्रीय औसत 2.64 प्रतिशत से नीचे है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि घर पर पृथकवास के नए नियमों और मानकों तथा ऑक्सीमीटरों के इस्तेमाल ने बिना लक्षण वाले या हल्के लक्षण वाले मरीजों पर नियंत्रण रखने में मदद की और अस्पतालों पर



बोझ भी नहीं बढ़ा। मंत्रालय ने कहा, कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम के लिए केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा उठाए गए अति-सक्रिय, पूर्वानुमानित और समन्वित कदमों से कोविड-19 से ठीक होने वाले मरीजों की संख्या में क्रमित बढ़ोतरी हुई। इसमें कहा गया कि जांच में इजाफा और समय पर निदान से कोविड-प्रभावित मरीजों के बीमारी के अग्रिम चरण में जाने से पहले ही पहचान हो जाती है। मंत्रालय ने कहा कि निषिद्ध क्षेत्रों और निगरानी कार्यक्रमों को प्रभावी तरीके से लागू करने से यह सुनिश्चित हुआ कि संक्रमण की दर नियंत्रण में रहे। इसमें कहा गया कि एक श्रेणीबद्ध नीति और समग्र दृष्टिकोण के कारण बीते 24 घंटों के दौरान 18,850 मरीज ठीक हुए जिससे देश में इस महामारी से अब तक ठीक होने वाले लोगों की कुल संख्या बढ़कर 5,53,470 हो गई। मंत्रालय ने कहा कि ठीक होने की दर में भी सुधार हुआ है और अब यह 63.02 प्रतिशत है, और 19 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में मरीजों के ठीक होने की दर राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है। जिन राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में मरीजों के ठीक होने की दर राष्ट्रीय दर से ज्यादा है उनमें लद्दाख (85.45 प्रतिशत), दिल्ली (79.98 प्रतिशत) उत्तराखंड (78.77 प्रतिशत), छत्तीसगढ़ (77.68 प्रतिशत), हिमाचल प्रदेश (76.59 प्रतिशत), हरियाणा (75.25 प्रतिशत), चंडीगढ़ (74.6 प्रतिशत), राजस्थान (74.22 प्रतिशत), मध्य प्रदेश (73.03 प्रतिशत) और गुजरात (69.73 प्रतिशत) शामिल हैं। इसके अलावा त्रिपुरा (69.18 प्रतिशत), बिहार (69.09 प्रतिशत), पंजाब (68.94 प्रतिशत), ओडिशा (66.69 प्रतिशत), मिजोरम (64.94 प्रतिशत), असम (64.87 प्रतिशत), तेलंगाना (64.84 प्रतिशत), तमिलनाडु (64.66 प्रतिशत) और उत्तर प्रदेश (63.97 प्रतिशत) में भी मरीजों के ठीक होने की दर राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है। मंत्रालय ने कहा कि देश में इस समय कोविड-19 के 3,01,609 मरीज उपचाराधीन हैं और अस्पतालों, कोविड देखभाल केंद्रों या घर पर पृथक-वास में चिकित्सकों की निगरानी में हैं।

बिशप फ्रेंको की जमानत रद्द गैर जमानती वारंट जारी

कोट्टयम (केरल)। केरल में एक नन से बलात्कार के आरोपी बिशप फ्रेंको मुलक्कल को दी गई जमानत सोमवार को एक स्थानीय अदालत ने रद्द कर दी। मामले में सुनवाई में पेश नहीं होने पर उनकी जमानत रद्द कर दी गई और उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया। बिशप सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सत्र अदालत में मौजूद नहीं थे। मुलक्कल के वकील ने अदालत को सूचित किया कि उनके मुवक्किल इसलिए हाजिर नहीं हो सके क्योंकि वह कोविड-19 संक्रमित एक शख्स के साथ संपर्क के कारण स्व-पृथकवास में हैं। गत एक जुलाई को पिछली सुनवाई के दौरान भी वह अदालत में पेश नहीं हुए थे। उनके मुवक्किल ने तब कहा था कि वह पंजाब के जालंधर में कोविड-19 निषिद्ध क्षेत्र में फंसे होने की वजह से नहीं आ सके। अभियोजन पक्ष ने सोमवार को आरोपी के दावे को खारिज करते हुए कहा कि जालंधर में जिस जगह वह रहते हैं, वह एक जुलाई को निषिद्ध क्षेत्र नहीं था। अदालत ने अभियोजन पक्ष की इस दलील पर विचार करते हुए पादरी की जमानत खारिज कर दी कि वह मुकदमे में देरी कराने की कोशिश कर रहे हैं।

जबलपुर में सोमवार श्रावण के पवित्र महीने में भगवान शिव का 'अभिषेक' करने के लिए नर्मदा नदी से पानी लेकर जाते कांवरियां

आईएलएस ने कोरोना की दवा बनाने की दिशा में मदद के लिए बड़े कदम उठाए

भाषा। भुवनेश्वर

कोविड-19 के लिए दवा बनाने में मदद करने में सक्षम एक बड़ी उपलब्धि के तहत यहां के इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज (आईएलएस) ने वेरो कोशिकाओं का इस्तेमाल करते हुए मरीज के नमूनों से कोरोना वायरस का इन विट्रो (टेस्ट ट्यूब) कल्चर सफलतापूर्वक स्थापित किए हैं। संस्थान के एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

इन विट्रो कल्चर मनुष्य या जानवरों की बजाय टेस्ट ट्यूब में जैविक लक्षणों के अध्ययन से जुड़ा है। अधिकारियों ने बताया कि बायोटेक्नोलॉजी विभाग के तहत स्वायत्त संस्थान, आईएलएस ने देश के अलग-अलग स्थानों से नमूने लेकर 17 वायरस कल्चर स्थापित किए हैं जिनमें वायरस लोड (विषाणु की मात्रा) अलग-अलग था। पूरी तरह कोशिका आधारित निष्क्रिय टीकों को विकसित करने के लिए वीरो सेल कल्चर तकनीक का दुनिया भर में इस्तेमाल होता है। आईएलएल के निदेशक अजय परीडा ने कहा, यह महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि भारत की केवल तीन अन्य प्रयोगशालाओं ने अब तक वायरस कल्चर स्थापित करने में सफलता प्राप्त की है। संभावित दवा लक्ष्यों की जांच एवं स्क्रीनिंग, दवा तैयार करने के साथ ही टीकों के विकास में यह अहम हो सकता है। परीडा ने भरोसा जताया कि यह कोविड-19 वैश्विक महामारी के खिलाफ जंग में और भविष्य की तैयारी में देश के लिए महत्त्वपूर्ण संसाधन साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में, ए वायरल कल्चर कोविड-19 वैश्विक महामारी के निदान, जांच एवं प्रबंधन में योगदान देने वाले विभिन्न एंटीवायरल उत्पादों की जांच एवं प्रमाणन के लिए उद्योगों के साथ-साथ शिक्षाविदों के लिए भी उपयोगी होंगे। एक अधिकारी ने बताया कि इन वायरस कल्चर को सभी अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल एवं सुरक्षा उपायों का पालन करते हुए वैज्ञानिक सोमा चटोपाध्याय और गुलाम एच सैयद के नेतृत्व में आईएलएस की टीम ने विकसित किया है।

ठाकरे के स्मारक के स्थान पर अस्पताल बनना चाहिए: एआईएमआईएम सांसद

औरंगाबाद। आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) सांसद इम्तियाज जलील ने सोमवार को कहा कि यहां जिस स्थान पर शिवसेना के दिवंगत संस्थापक बाल ठाकरे का स्मारक बनाया जा रहा है वहां अस्पताल बनना चाहिए। गत सप्ताह महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री और शिव सेना नेता सुभाष देसाई ने स्मारक समेत औरंगाबाद महानगर पालिका परियोजनाओं की समीक्षा की थी। जलील ने कहा, सिडको की जमीन पर अस्पताल का निर्माण बाल ठाकरे को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अस्पताल का नामकरण उनके नाम पर किया जा सकता है। आम लोगों को स्मारक की बजाय एक अस्पताल की अधिक आवश्यकता है। एआईएमआईएम नेता ने शिवसेना नीत राज्य सरकार की प्राथमिकता पर भी सवाल खड़े किए। वरिष्ठ शिवसेना नेता और पूर्व सांसद चंद्रकांत खैरे से संपर्क किए जाने पर उन्होंने कहा कि स्मारक किसी भी हाल में बनेगा। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र के लिए बालासाहेब ठाकरे के योगदान की याद में स्मारक बनाया जा रहा है। जलील हमेशा हमारी परियोजनाओं का विरोध करते हैं। परियोजना चालू रहेगी।

न्यायालय का अमरनाथ तीर्थयात्रियों संबंधी याचिका पर विचार से इंकार

भाषा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने कोविड-19 के मद्देनजर इस साल श्री अमरनाथ यात्रा के श्रद्धालुओं को सीमित करने के लिए दायर याचिका पर सोमवार को विचार से इंकार कर दिया। न्यायालय ने कहा कि यह मसला स्थानीय प्रशासन पर छोड़ना होगा।

न्यायमूर्ति डा धनन्जय वाई चन्द्रचूड़, न्यायमूर्ति इन्दु मल्होत्रा और न्यायमूर्ति के एम जोसेफ की पीठ ने इस मामले की वीडियो कांफ्रेन्सिग के माध्यम से सुनवाई करते हुए कहा, हमें अधिकारों के वर्गीकरण के सिद्धांत का सम्मान करना है। इसके साथ ही पीठ ने कार्यपालिका के दायरे में आने वाले इस मामले पर गौर करने से इंकार कर दिया और कहा कि इसे कानूनी मानकों के अनुसार ही देखना होगा। पीठ ने कहा, हमारा मत है कि संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत अपनाया गया तरीका अनुचित है। यात्रा के आयोजन का सवाल स्थानीय प्रशासन पर छोड़ देना चाहिए। निश्चित ही किसी भी नतीजे पर पहुंचने का निर्णय कानून और संबंधित कानूनी प्रावधानों पर आधारित होगा। शीर्ष अदालत श्री अमरनाथ बर्फानी लंगर्स आर्गेनाइजेशन द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस याचिका में अनुरोध किया गया था कि कोरोना संक्रमण के मद्देनजर इस साल यात्रा में आने वाले यात्रियों को सीमित करने का निर्देश केन्द्र, जम्मू कश्मीर प्रशासन और श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड को दिया जाए। याचिका में इंटरनेट और टेलीविजन के माध्यम से श्री अमरनाथ जी का साक्षात दर्शन कराने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया था।

पीठ ने इस संगठन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत की इस दलील पर भी गौर किया कि शीर्ष अदालत ने भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के समय भी इस तरह की सीमा निर्धारित की थी। पीठ ने कहा कि बाद में न्यायालय ने अपने आदेश में संशोधन करके पुरी में रथ यात्रा निकालने की अनुमति प्रदान कर दी थी। पीठ ने कहा, हम यह निर्धारित करने के लिए तैयार नहीं है कि क्या एक विशेष क्षेत्र में यात्रा की अनुमति दी जानी चाहिए या नहीं। इन मसलों पर जिला प्रशासन द्वारा ही विचार करने की आवश्यकता है। अमरनाथ यात्रा का आयोजन करने या नहीं करने का मसला स्थानीय प्राधिकारियों पर ही छोड़ देना बेहतर है।

जम्मू कश्मीर प्रशासन ने पांच जुलाई को फैसला किया कि अमरनाथ यात्रा के लिए रोजाना 500 तीर्थयात्रियों को ही जम्मू से अमरनाथ गुफा तक सड़क मार्ग से ही जाने की अनुमति दी जाएगी। बताया जाता है कि श्राइन बोर्ड सिर्फ 15 दिन के लिए ही यात्रा की अनुमति देने पर विचार कर रहा है।

रेलवे ने 2030 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित किया

भाषा। नई दिल्ली

रेलवे ने 2030 तक विभिन्न उपायों को अपनाकर अपने कार्बन उत्सर्जन को शून्य कर पूरी तरह हरित होने का लक्ष्य निर्धारित किया है। रेलवे ने सोमवार को कहा कि इस पहल के तहत रेल लाइनों के विद्युतीकरण, ऊर्जा दक्षता सुधारने और अक्षय ऊर्जा स्रोतों का इस्तेमाल करने जैसे उपाय अपनाए जाएंगे। रेलवे ने बड़ी लाइन के सभी मार्गों का दिसंबर 2023 तक विद्युतीकरण करने का भी लक्ष्य निर्धारित किया है।

रेलवे की तरफ से जारी बयान में कहा गया, रेलवे विद्युतीकरण, इंजन और ट्रेनों की ऊर्जा दक्षता में सुधार के साथ स्थाई उपकरणों और प्रतिष्ठानोंस्टेशनों के लिए हरित प्रमाणन हासिल करने, डिब्बों में जैव शौचालय बनाए जाने तथा अपनी ऊर्जा जरुरतों के लिए नवीकरणीय स्रोतों पर निर्भरता तथा शून्य कार्बन उत्सर्जन को प्राप्त करना इस रणनीति का हिस्सा है। इसमें कहा गया कि रेलवे ने 40,000 से ज्यादा रूट किलोमीटर (आरकेएम) का विद्युतीकरण पूरा कर लिया है जो ब्रॉड गेज मार्गों का 63 प्रतिशत है। इसमें कहा गया कि 2014-20 की अवधि के दौरान 18,605 किलोमीटर मार्ग का विद्युतीकरण कार्य किया गया जबकि 2009-14 की अवधि के दौरान महज 3,835 किलोमीटर मार्ग का विद्युतीकरण पूरा हुआ था। कोविड-19 महामारी की अवधि के दौरान 365 किलोमीटर प्रमुख संपर्क कार्य भी पूरे किए गए।

बयान में कहा गया कि कोविड की अवधि में मुंबई-हावड़ा के कटनी-सतना खंड (99 आरकेएम) को इलाहाबाद के माध्यम से हावड़ा के लिए वैकल्पिक रास्ता दिया गया है। इसमें कहा गया कि इसी तरह इंदौर-गुना-बीना मार्ग पर पचोर-मक्सी (88 आरकेएम) खंड पर मक्सी-भोपाल-बीना के लिए एक वैकल्पिक रास्ता उपलब्ध कराया गया है।

पेज एक का शेष

गहलोत सरकार की क्रैश...

गहलोत सरकार की मुश्किलें बढ़ाते पायलट खेमे के विधायकों ने सोशल मीडिया पर भी मोर्चा खोल दिया और गुलामी नहीं करने जैसे ट्वीट किए। एक विधायक ने गहलोत सरकार से विधानसभा में शक्ति परीक्षण की भी मांग कर दी। संदेश बिल्कुल स्पष्ट है कि पायलट अब कांग्रेस की पकड़ से इतनी दूर जा चुके हैं जहां से वापसी फिलहाल मुमकिन नहीं लग रही। उन्होंने इस बार गहलोत से अपनी रार को प्रतिष्ठा की लड़ाई बना लिया है खासकर, साजिश के केस में समन किए जाने की घटना के बाद। अपने इरादों से आलाकमान को आगाह करते सचिन ने खुलकर कहा कि कोई अपना घर नहीं छोड़ना चाहता लेकिन ऐसी बेइज्जती उन्हें बर्दाश्त नहीं। ऐसे में कांग्रेस आलाकमान को यह तय करना पड़ेगा कि वह सचिन व पार्टी सरकार की कीमत पर गहलोत का पक्ष लेता रहेगा या फिर कोई बड़ा निर्णय लेकर अपने दमदार पायलट को रोक लेगा। हालांकि, पिछले 72 घंटे में उसकी तरफ से किए गए प्रयासों या दिए गए संदेशों से ऐसा कोई आभास नहीं मिला है। इससे पहले, दोपहर में शक्ति प्रदर्शन कर 109 विधायकों के समर्थन का दावा करने वाले गहलोत इनमें से 7 की गैरमौजूदगी और, देर शाम दो विधायकों वाली भारतीय ट्राइबल पार्टी की समर्थन वापसी से नंबर गेम में बुरी तरह उलझते दिखाई दिए। गहलोत खेमा दिन भर समर्थक विधायकों की संख्या घटाता-बढ़ाता रहा। कभी 109, कभी 102 और फिर 106 का समर्थन हासिल होने की बात कही सुनी जाती रही। ऊंचे दावों और दम दिखाने के इस खेल को आगे बढ़ाते सचिन पायलट की तरफ से कहा गया कि मुख्यमंत्री आवास पर हुई विधायकों की परेड में सिर्फ 84 एमएलए ही शामिल थे, शेष सभी उनके साथ हैं। यदि संकट टलने या सब कुछ ठीक होने की उनकी बात में दम होता तो फिर मंगलवार को दोबारा विधायक दल की बैठक नहीं बुलाने की जरूरत नहीं पड़ती।

भाजपा की मांग...

पायलट के दिल्ली आकर राज्य के मुख्यमंत्री के खिलाफ अपना विरोध सार्वजनिक करने से एक दिन पहले केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से राजस्थान में पैदा हुए राजनीतिक संकट के सिलसिले में विचार-विमर्श किया था। बहरहाल सूत्रों ने पायलट के भाजपा के केंद्रीय नेताओं से मुलाकात की बात से इनकार किया है। उन्होंने कहा ' यह अफवाह गहलोत के खेमे से उड़ाई गई है जिससे कि राज्य के उप मुख्यमंत्री की निष्ठा पर सवाल उठाया जा सके।' इस सवाल पर कि राज्य में बदलते घटनाक्रमों के बीच भाजपा क्या कदम उठाएगी, सूत्रों ने कहा ' भाजपा सीधे दखल देने लायक स्थिति अभी नहीं बनी है।' सिंधिया की तरह पायलट की भूमिका पर उन्होंने कहा, 'विपक्षी दल द्वारा विकल्प के तौर पर चुनौती पेश करने से पहले राजस्थान में बागियों की संख्या 50 या उससे अधिक होनी चाहिए।'

राजनीतिक उठापटक के बीच...

राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि गहलोत के करीबी कुछ निर्दलीय विधायकों के घरों और फर्मों पर भी छापे मारे जा सकते हैं। कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि भाजपा की ओर से हर बार जांच एजेंसियों को आगे किया जाता है। सुबह से ही कांग्रेस के साथियों पर इस तरह से छापेमारी करवाकर डराने की कोशिश की जा रही है। राजस्थान में भी आयकर विभाग की कार्रवाई मध्य प्रदेश कर्नाटक सहित कई राज्यों के सियासी संकट के दौरान हुई आयकर छापे की कार्रवाई की तर्ज पर है।

भारत में 75,000 करोड़...

लेकिन चुनौतियों का समय भी नवोन्मेष के अतुल्नीय क्षण दे सकता है। पिचाई ने कहा कि कंपनी इस बात को लेकर प्रतिबद्ध है कि भारत को ना केवल नवोन्मेष की अगली लहर का लाभ मिले बल्कि वह इसमें अग्रणी भी हो। पिचाई ने कहा, आज मैं गूगल फॉर इंडिया डिजिटलीकरण कोष की घोषणा करते हुए रोमांचित महसूस कर रहा हूं। इस पहल के तहत हम अगले पांच से सात साल में भारत में 10 अरब डालर यानी 75,000 करोड़ रुपए का निवेश करेंगे।

राजधानी में कोरोना ...

जबकि उनके विशेषकार्याधिकारी पंकज मिश्रा को कोरोना संक्रमण के चलते पीजीआई में भर्ती कराया गया है। इनके अलावा निजी सचिव अजय प्रताप सिंह को लोहिया संस्थान में भर्ती कराया गया है। वहीं विधानसभा अध्यक्ष ने पिछले 10 दिन के अंदर सम्पर्क में आये सभी लोगों से जांच कराने की अपील की है। सीएमओ डॉ. नरेंद्र अग्रवाल के मुताबिक सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर 1103 लोगों के सैम्पल टीम द्वारा लेकर जांच हेतु केजीएमयू भेजे गये थे। जिनमें आज महानगर में6, इन्दिरानगर में 12, मोहनलालगंज में 3, अंसल में 1, माल एवेन्यू में 1, आलमबाग में 2, अलीगंज में 1, बंगला बाजार में 1, बंथरा में 2, माल में 2, हजरतगंज में 1, रायबरेली रोड में 2, चिनहट में 2, बाजार खाला में 3, गोमतीनगर में 6, दुबग्गा में 1, जिला कारागार में 2, कुर्सी रोड में 1, मोहनलालगंज में 3, मोहिनीपुरवा.1, वजीरगंज.1, गोमतीनगर में 2, केजीएमयू में 1, चौक में 2, माडल हाउस में 1, राजाजीपुरम में 2, आशियाना में 1, कैसरबाग.2ए बीकेटी.1, आर्यानगर.2ए काकोरी में 1, पान दरीबा में 1, ओमेक्स में 1, सदर में 1, कृष्णानगर.1, फैजाबाद रोड.1, कैण्ट में 17, सीतापुर रोड से 1 पाजिटिव रोगी पाये गये। किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह के मुताबिक कृष्णानगर निवासी 69 वर्षीय पुरुष को 11 जुलाई की रात्रि 11 बजकर 39 मिनट पर भर्ती किया गया था। रोगी को मधुमेह और मानसिक अवसाद की समस्या भी थी। रोगी संक्रमण की वजह से एक्यूट रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम की स्थिति में चला गया था। आज इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं आज कुल 43 रोगियों को स्वस्थ होने के उपरान्त डिस्चार्ज किया गया। साथ ही 64 क्षेत्रों को कन्टेनमेन्ट जोन बनाये जाने एवं 12 कन्टेनमेन्ट जोन हटाये जाने हेतु जिलाधिकारी को पत्र लिखा गया है।

सूबे में 1664 नए...

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज आगरा में 9, मेरठ में 57, नोएडा में 90, लखनऊ में 196, कानपुर में 83, गाज़ियाबाद में 120, सहारनपुर में 13, फ़िरोजाबाद में 10, मुरादाबाद में 56, वाराणसी में 67, रामपुर में 14, जौनपुर में 23, बस्ती में 10, बाराबंकी में 3, अलीगढ़ में 30, हापुड़ में 21, बुलंदशहर में 33, अयोध्या में 13, गाजीपुर में 6, अमेठी में 1, आजमगढ़ में 11, बिजनौर में 13, प्रयागराज में 48, सम्भल में 20, बहराइच में 3, संत कबीर नगर में 22, प्रतापगढ़ में 2, मथुरा में 16, सुल्तानपुर में 16, गोरखपुर में 47, मुजफ्फरनगर में 41, देवरिया में 69, लखीमपुर खीरी में 1, गोण्डा में 4, अमरोहा में 11, अम्बेडकर नगर में 3 ,बरेली में 29, इटावा में 9, हरदोई में 47, महराजगंज में 12, फतेहपुर में 12, कौशाम्बी में 37, कन्नौज में 5, पीलीभीत में 8, शामली में 9, बलिया में 29, जालौन में 3, सीतापुर में 1, बदांयू में 35, भदोही में 8, झांसी में 36, चित्रकूट में 1, मैनपुरी में 33, मिर्जापुर में 14, फर्रुखाबाद में 9, उन्नाव में 13, बागपत में 1, औरैया में 1, श्रावस्ती में 4, एटा में 5, बाँदा में 5, हाथरस में 1, मऊ में 3, चंदोली में 13, कानपुर देहात में 6, शाहजहांपुर में 18, कासगंज में 9, कुशीनगर में 44, सोनभद्र में 11, हमीरपुर में 9, ललितपुर में 2 कोरोना संक्रमित मरीज पाए गए हैं।

हर दिन किए जाए...

मुख्यमंत्री ने जनपद वाराणसी, झांसी, कानपुर नगर, बरेली, देवरिया, गोरखपुर, बलिया तथा आजमगढ़ में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिक संक्रमण वाले जनपदों में मेडिकल जांच के लिए मोबाइल टेस्टिंग वैन का उपयोग किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को जनपदों में मुख्य चिकित्सा अधिकारियों तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग को सभी मेडिकल कालेजों के प्रधानाचार्यों से नियमित संवाद रखते हुए कार्यों की जानकारी प्राप्त करने के निर्देश भी दिए। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव सूचना एवं गृह अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा रजनीश दुबे तथा सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

घर या कार्यालय में ...

इसके साथ ही बेहद जरूरी होने पर ही वह फील्ड में जाएं। उन्होंने कहा कि मंत्री भी फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करें। अपने घर और दफ्तर को पूरी तरह से सैनिटाइज कराएं। विदित हो कि प्रदेश सरकार के मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह, धर्म सिंह सैनी, जय प्रताप सिंह, चेतन चौहान, उपेंद्र तिवारी तथा रघुराज सिंह के कोरोना पॉजिटिव निकलने बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी को यह सख्त निर्देश दिया है। सबसे पहले सरकार के मंत्री जय प्रताप सिंह में कोरोना के लक्षण पाये गये थे। इसके बाद कैबिनेट मंत्री मोती सिंह का पूरा परिवार कोरोना संक्रमित हो गया था। इसके बाद तो कोरोना संक्रमित मंत्रियों की लाइन लग गई। आयुष मंत्री धर्म सिंह सैनी संक्रमित पाए गए। होमगार्ड व राजनैतिक पेंशन मंत्री चेतन चौहान तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उपेंद्र तिवारी के साथ श्रम राज्य मंत्री रघुराज सिंह के कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद इलाज करा रहे हैं। कोरोना के संक्रमण ने विधानसभा सचिवालय को भी चपेट में लिया है। प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष के ओएसडी पंकज मिश्रा कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। इसके साथ ही विधानसभा अध्यक्ष का एक गार्ड भी कोरोना संक्रमित मिला है। इन सबके संक्रमित पाये जाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामले को देखते हुए मोबाइल वैन के जरिए हर मोहल्ले में जांच के निर्देश दिये हैं। अब मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि शीघ्र आरटी-पीसीआर को मोबाइल वैन के जरिए हर घर तक पहुंचाया जाए। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों की जांच हो सके।

विवादित ढांचा ढहाए ...

विशेष जज सुरेंद्र कुमार यादव ने उनके बयान के लिए 16 जबकि शेष मुल्जिमों के बयान के लिए 14 जुलाई की तारीख मुकर्रर की है। सीबीआई की विशेष अदालत में इस मामले का विचारण अपने अंतिम दौर में हैं। इस मामले के कुल 32 मुल्जिमों में 25 का बयान दर्ज हो चुका है। अब सिर्फ लालकृष्ण आडवाणी व मुरली मनोहर जोशी समेत सात मुल्जिमों का बयान दर्ज होना बाकी है।

श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर...

शीर्ष अदालत ने यह फैसला सुनाते हुए कहा कि त्रावणकोर राजपरिवार के पूर्व शासक की मृत्यु हो जाने से राजघराने के अंतिम शासक के भाई मार्तंड वर्मा और उनके कानून वारिसों के सेवायत के अधिकार (पुजारी के रूप में देवता की सेवा करने और मंदिर का प्रबंधन करने का अधिकार) पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि शाही परिवार के अंतिम शासक की मृत्यु राज्य सरकार को समिति के प्रबंधन अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं देती है क्योंकि इस मामले में संपदा राज्य को वापस मिलने संबंधी कानून लागू नहीं होता है ।

जवाहरबाग कांड की सीबीआई जांच के लिए याचिका दायर

भाषा। नई दिल्ली

मथुरा के जवाहर बाग में 2016 को हुई हिंसक झड़प में शहीद पुलिस अधिकारी की पत्नी ने इस मामले की केन्द्रीय जांच ब्यूरो से जांच के लिए उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की है। जवाहर बाग को लोगों के कब्जे से हटाने की कार्रवाई के दौरान दो जून, 2016 को हुई हिंसा में दो पुलिस अधिकारियों सहित 20 से ज्यादा व्यक्ति मारे गए थे। इस हिंसक झड़प में शहीद हुए मथुरा के पुलिस अधीक्षक (नगर) मुकुल द्विवेदी की पत्नी अर्चना द्विवेदी ने याचिका में कहा है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने दो मार्च 2017 को सीबीआई को दो महीने के भीतर जांच पूरी करने का आदेश दिया था। लेकिन अब 40 महीने बीत चुके हैं और अभी तक राज्य के ताकतवर नेताओं और शीर्ष अधिकारियों से पूछताछ नहीं की गई है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने जनवरी, 2014 में राम वृक्ष यादव के संगठन आजाद भारत विधिक वैचारिक को इस मैदान में दो दिन के लिए प्रदर्शन करने की अनुमति प्रदान की थी। हालांकि, इस संगठन के सदसयों ने दो साल से भी अधिक समय तक इस सार्वजनिक पार्क में कब्जा जमाए रखा। इस संगठन का दावा है कि उसका संबंध नेताजी सुभाष चंद्र बोस से है। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद बड़े पैमाने पर हिंसा के बाद पार्क में डेरा जमाए लोगों को वहां से बेदखल किया जा सका। अधिवक्ता अश्विनी कुमार दुबे के माध्यम से दायर इस याचिका में अर्चना द्विवेदी ने सारे मामले की दो महीने के भीतर जांच के लिए पर्याप्त संख्या के साथ सीबीआई के दल का गठन करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। जवाहर बाग में हुई हिंसा में पुलिस अधीक्षक मुकुल द्विवेदी के साथ ही थाना प्रभारी फराह, संतोष यादव और कई अन्य की जान चली गई थी। याचिका में कहा गया है कि इस मामले में अभी तक तत्कालीन जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्वाई नहीं की गई है जिन्होंने जानबूझकर याचिकाकर्ता के पति को निहत्थे पुलिसकर्मियों के साथ पार्क खाली कराने की कार्वाई का आदेश दिया था। याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता को इसमें एक बड़ी साजिश लगती है और उसका मानना है कि न्यायालय के उचित आदेश के बगैर इस मामले में सच्चाई सामने नहीं आएगी। याचिका के अनुसार ऐसा लगता है कि इस मामले में सीबीआई पर दोषी नेताओं और शीर्ष अधिकारियों को बचाने का बहुत ज्यादा दबाव है। याचिका में उप्र सरकार को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह इस घटना की गहराई से जांच करने के लिए सीबीआई को सारे जरूरी रिकार्ड मुहैया कराए और उन लोगों की पहचान बताए जो ड्यूटी में लापरवाही के लिए जिम्मेदार हैं और मथुरा जिला प्रशासन की कार्रवाई को रोक रहे हैं।

आईएसकेपी मामले में एनआईए ने पुणे से दो लोगों को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। एनआईए ने पुणे से पत्रकारिता की एक छात्रा सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर भारत में आतंकवादी हमले की योजना बनाने और प्रतिबंधित इस्लामिक स्टेट खोरासान प्रोविंस (आईएसकेपी) के तहत आईएसआईएस आतंकवादी समूह की विचारधारा को बढ़ावा देने का आरोप है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के एक प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि एजेंसी ने रविवार को पुणे में छापेमारी की थी और नबील एस. खत्री (27) तथा सादिया अनवर शेख (22) को आईएसकेपी मामले में गिरफ्तार किया था। दोनों पुणे के निवासी हैं। उन्होंने कहा कि खत्री पुणे में जिम चलाता है जबकि सादिया बारामती में जनसंचार और पत्रकारिता की दूसरे वर्ष की छात्रा है। यह मामला आठ मार्च को दिल्ली पुलिस की विशेष प्रकोष्ठ ने दर्ज किया था। अधिकारी ने बताया कि दिल्ली के जामिया नगर से जहांजेब सामी वानी और उसकी पत्नी हिना बशीर बेग को गिरफ्तार करने के बाद मामला दर्ज किया गया था।

यूपी पुलिस को विकास दुबे के दो सहयोगियों की ट्रांजिट रिमांड मिली

भाषा। ठाणे

महाराष्ट्र के ठाणे की एक अदालत ने सोमवार को उत्तर प्रदेश पुलिस को कुख्यात अपराधी विकास दुबे के दो सहयोगियों की चार दिन की ट्रांजिट रिमांड प्रदान की। इन्हें हाल ही में गिरफ्तार किया गया था। ठाणे के ढोकली इलाके की एक चॉल से महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते ने शनिवार को अरविंद उर्फ गुड्डन त्रिवेदी (45) और उसके चालक सुशील कुमार उर्फ सोनू तिवारी (30) को गिरफ्तार किया था।

उत्तर प्रदेश पुलिस ने दोनों को प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट ए बी कादियान के समक्ष पेश किया, जिन्होंने 16 जुलाई तक की ट्रांजिट रिमांड प्रदान की। साथ ही आदेश दिया कि दोनों को राज्य से ले जाने से पहले उनकी कोरोना वायरस की जांच की जाए। कानपुर के चौबेपुर इलाके के बिकरु गांव में तीन जुलाई की रात को कुख्यात अपराधी विकास दुबे को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर हुए हमले में आठ पुलिसकर्मी मारे गए थे। बाद में मध्य प्रदेश के उज्जैन से गिरफ्तार किए गए दुबे को उत्तर प्रदेश लाने के दौरान सड़क दुर्घटना में वह वाहन कथित तौर पर पलट गया, जिसमें दुबे को लाया जा रहा था। इस दौरान कथित तौर पर भागने के प्रयास के बीच दुबे पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था। त्रिवेदी और तिवारी की ओर से पेश वकील अनिल जाधव और जिया शेख ने कहा कि दोनों का कानुपर मामले से कोई संबंध नहीं है और दोनों को दुबे का सहयोगी होने के संदेह में गिरफ्तार किया गया था। वकीलों ने अदालत से कहा कि महाराष्ट्र पुलिस को दोनों की तस्वीर इंटरनेट पर मिली, जिसके बाद दोनों को दुबे का सहयोगी मानकर पकड़ लिया गया। आरोपियों के वकीलों ने दोनों को विमान द्वारा उत्तर प्रदेश ले जाने का अनुरोध किया, जिसका विरोध करते हुए राज्य की ओर से पेश वकील जयश्री कोरदे ने कहा कि इतनी कम समयावधि में विमान का टिकट उपलब्ध नहीं होगा।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 14 जुलाई, 2020

बदतर हालात में दर्शकों के बिना होगा महिला अंडर 17 विश्व कप

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के महासचिव कुशाल दास ने सोमवार को कहा कि कोरोना वायरस महामारी के बढते मामलों के बीच फीफा अंडर 19 महिला विश्व कप दर्शकों के बिना भी हो सकता है। दो बार स्थगित हो चुका यह टूर्नामेंट अगले साल 17 फरवरी से सात मार्च के बीच होगा।

अशोक कुमार को मोहन बागान लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार

कोलकाता। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के बेटे और भारत की 1975 विश्व कप जीत के नायकों में शामिल अशोक कुमार को मोहन बागान फुटबॉल क्लब के स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।कोविड-19 महामारी की मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन ऑनलाइन होगा। मोहन बागान दिवस हर साल 29 जुलाई को मनाया जाता है।

पूर्व टेनिस खिलाड़ी मार्डी फिश ने सेलेब्रिटी गोल्फ खिताब जीता

स्टेटलाइन (अमेरिका)। पूर्व टेनिस खिलाड़ी और अमेरिकी डेविस कप टीम के कप्तान मार्डी फिश ने पूर्व फुटबालर काइल विलियम्स को हराकर अमेरिकी सेंचुरी गोल्फ चैंपियनशिप का खिताब जीता। एटीपी टूर में छह बार के विजेता 38 वर्षीय फिश ने कहा, मै लंबे समय से यहां अच्छा प्रदर्शन करना चाहता था। कोरोना वायरस महामारी के कारण यह सेलेब्रिटी टूर्नामेंट ऐजवुड ताहो गोल्फ कोर्स पर दर्शकों के बिना खेला गया। इस टूर्नामेंट की इनामी राशि छह लाख डालर थी।

मोरीकोवा ने प्लेऑफ में जीत दर्ज करके वर्कडे ओपन का खिताब जीता

डबलिन (ओहियो)। कोलिन मोरीकावा वर्कडे चैरिटी ओपन गोल्फ टूर्नामेंट मे आखिरी क्षणों तक भी विजेता नहीं लग रहे थे लेकिन मुरीफील्ड विलेज में उन्होंने प्लेऑफ मे जस्टिन थामस को हराकर अपने करियर की दूसरी जीत दर्ज की। मोरीकावा अपने आखिरी तीन होल से पहले थामस से तीन शॉट से पीछे चल रहे थे लेकिन वह छह अंडर 66 का स्कोर बनाकर उनकी बराबरी पर आ गए और आखिर में विजेता के लिए प्लेऑफ का सहारा लेना पड़ा।

नैपोली ने एसी मिलान से 2–2 से ड्रा खेला

मिलान। नैपोली के कोच गेनारा गाटुसो का एसी मिलान के खिलाफ इटालियन फुटबॉल लीग सेरी ए मे पहला मैच 2-2 से बराबरी पर छूटा। नैपोली की तरफ से जियोवानी डि लोरेंजो और ड्राइस मर्टन्स ने गोल किए। मिलान को थियो हनर्नडिज ने शुरू मे बढ़त दिलाई थी जबकि खेल समाप्त होने से 17 मिनट पहले फ्रैंक केसी ने पेनल्टी पर बराबरी का गोल किया। नैपोली इटालियन लीग मे छठे स्थान पर बना हुआ है।

होल्डर ने अपनी टीम की तारीफ की

●चौथे दिन टीम का प्रयास उनके कार्यकाल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

भाषा। साउथम्पटन

वेस्टइंडीज के कप्तान जैसन होल्डर ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के दौरान चौथे दिन अपनी टीम की शानदार वापसी की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में टीम का यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। होल्डर ने कहा, शनिवार का प्रयास इस टीम का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रयास था। इसमें केवल गेंदबाजों का ही योगदान नहीं रहा। क्षेत्ररक्षकों ने भी अहम भूमिका निभाई और हम सभी ने पूरे दिन खुद को ऊर्जावान बनाए रखा। मैं अगर इसे अपने लिए सर्वश्रेष्ठ कह रहा हूं तो इसका कारण यह है कि जब भी मैंने अपने गेंदबाजों से पूरे दमखम के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए कहा तो उन्होंने कभी नहीं कहा कि नहीं, मैं नहीं दे सकता हूं। मैं बहुत थका हुआ हूं। वे बस अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते रहे। एक समय जब स्टोक्सी (बेन स्टोक्स) और जॉक (क्राउली) बल्लेबाजी कर रहे थे तो तब लग रहा था कि मैच हमारे हाथ से खिसक सकता है।

स्टोक्स ने पहले टेस्ट से ब्रॉड को बाहर रखने के फैसले का बचाव किया

साउथम्पटन। इंग्लैंड के कार्यवाहक कप्तान बेन स्टोक्स को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच मे हार के बावजूद तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड को अंतिम एकादश से बाहर रखने के फैसले पर खेद नही है। ब्रॉड को अंतिम एकादश में जगह नही दी गई थी जिस पर उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया जताई थी। ब्रॉड ने कहा था कि वह इस फैसले से गुस्से मे तथा हताश और निराश है। स्टोक्स ने कहा कि ब्रॉड की प्रतिक्रिया स्वाभाविक है। स्टोक्स ने बीबीसी स्पोर्ट से कहा, स्टुअर्ट का इंटरव्यू शानदार था। जिस खिलाड़ी ने 100 से अधिक टेस्ट मैच खेले हो और ढेर सारे विकेट लिए हो उसकी तरह की भावना और खेलने की तीव्र इच्छा लाजवाब है। ब्रॉड ने अभी तक 138 टेस्ट मैचो मे 485 विकेट और 121 वनडे मे 178 विकेट लिए है। स्टोक्स ने मार्च के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट शुरू होने पर पहले टेस्ट मैच के लिए टीम के चयन का बचाव किया। जहां तक चयन की बात है तो अगर हम इस पर खेद व्यक्त करते है तो इससे उन खिलाड़ियों के पास अच्छा संदेश नही जाएगा जो इस मैच मे खेले थे। हमने वह फैसला किया जो इस खेल मे आगे हमारे लिए फायदेमंद हो सकता है।

करियर को बचाने के लिए बटलर के पास दो टेस्ट मैच है : गॉ

साउथम्पटन। इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदगाज डेरेन गॉ का मानना है कि लय हासिल करने की कोशिश कर रहे विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर वेस्टइंडीज के खिलाफ बाकी बचे दो मैचों में अगर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके तो टीम में उनकी जगह खतरे में है। बटलर पिछली 12 पारियों में अर्धशतक लगाने में नाकाम रहे है। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में जर्मेन ब्लैकवुड का कैच टपका दिया था।

इंग्लैंड के लिए बल्लेबाजी अब भी सरदर्द : हुसैन

साउथम्पटन। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच मे कार्यवाहक कप्तान बेन स्टोक्स के फैसले पर सवाल उठाने के बाद भी टीम के लिए बल्लेबाजी सरदर्द बनी हुई है।अनुभवी स्टुअर्ड ब्रॉड को टीम मे शामिल नही करने पर मैच से पहले ही इस फैसले पर सवाल उठने लगे थे। ब्रॉड के मद्दे या टॉस जीत कर बल्लेबाजी के फैसले पर ध्यान नही भटकाइए।

दूसरे टेस्ट में भी ब्रॉड का खेलना तय नहीं

साउथम्पटन। इंग्लैड के क्रिकेट कोच क्रिस सिल्वरवुड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट में तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड की वापसी की गारंटी देने से इनकार करते हुए सोमवार को कहा कि चयन के विकल्प खुले है। ब्रॉड को श्रृंखला के पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम मे जगह नही दी गई थी जिसे मेहमान टीम ने रविवार को साउथम्पटन मे जीत लिया। इस तेज गेंदबाज ने मैच के दौरान साक्षात्कार देते हुए कहा था कि वह हताश, निराश और नाराज है।

न्यूज़ीलैंड के क्रिकेटरों ने लिंकन में टीम अभ्यास शुरू किया

भाषा। वेलिंगटन

न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रिकेटरों ने कोविड-19 महामारी के कारण लंबे विश्राम के बाद सोमवार से लिंकन के हाई परफोरमेन्स सेंटर में टीम अभ्यास शुरू कर दिया। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि सितंबर तक कुल छह राष्ट्रीय शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कोरोना वायरस के कारण न्यूजीलैंड में मार्च से ही क्रिकेट गतिविधियां ठप्प थी। एनजेडसी ने कहा, न्यूजीलैंड के शीर्ष पुरुष और महिला क्रिकेटर इस सप्ताह लिंकन स्थित हाई परफोरमेन्स सेंटर में टीम अभ्यास में वापसी करेंगे। सर्दियों के आगामी महीनों में आयोजित किए जाने वाले छह राष्ट्रीय शिविरों में से यह पहला शिविर होगा। इसमें कहा गया है, दक्षिणी द्वीप और वेलिंगटन में रहने वाले पुरूष और महिला खिलाड़ी इस सप्ताह कैंटरवबरी में अभ्यास पर लौटेंगे जबकि खिलाड़ियों के लिए दूसरा बड़ा शिविर 19 जुलाई से माउंट मॉनगानुई के बे ओवल में आयोजित किया जाएगा। जिन पुरुष खिलाड़ियों ने सोमवार को अभ्यास में हिस्सा लिया उनमें टॉम लैथम, हेनरी निकोल्स, मैट हेनरी और डेरिल मिचेल शामिल थे। कप्तान केन विलियसमन अगले सप्ताह माउंट मॉनगानुई में शुरू होने वाले शिविर में हिस्सा लेंगे।

स्टीड ने विलियमसन को टेस्ट कप्तानी से हटाने के प्रयास की अटकलों को खारिज किया

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने सोमवार को इन अटकलों को खारिज किया कि उन्होंने केन विलियमसन को टेस्ट कप्तानी से हटाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि इन अटकलों मे कोई सच्चाई नही है और कप्तान के साथ उनके रिश्ते मजबूत है। इस साल की शुरुआत मे आस्ट्रेलिया के हाथों न्यूजीलैंड की 0-3 की हार के बाद इस तरह की अटकलें सामने आई थी कि स्टीड ने टेस्ट कप्तानी के लिए विलियमसन पर बाएं हाथ के बल्लेबाज टॉम लैथम को तरजीह दी है। पहले बार इस मुद्दे पर अपना पक्ष रखते हुए स्टीड ने न्यूजहब से कहा, इसमे कोई सच्चाई नही है... निश्चित तौर पर यह मेरे लिए खबर है... निश्चित तौर पर इस तरह की किसी चीज को लेकर कोई बात नही हुई। इस समय केन पर ही हमारी नजरें है। वही वह खिलाड़ी है जिसका हम समर्थन कर रहे है, वह इस टीम के लिए शानदार नेतृत्वकर्ता रहा है और मुझे यकीन है कि भविष्य मे भी रहेगा।

पुडुचेरी के साथ 1000 रन का सत्र सौराष्ट्र की तुलना में अधिक ध्यान खींच सकता है: जैकसन

भाषा। नई दिल्ली

गत रणजी ट्रॉफी चैंपियन सौराष्ट्र की ओर से शानदार प्रदर्शन के बावजूद शेल्डन जैकसन राष्ट्रीय चयनकर्ताओं का ध्यान नहीं खींच पाए लेकिन पुड्डुचेरी से जुड़ने का मुश्किल फैसला करने के बाद उन्हें उम्मीद है कि कहीं छोटी टीम की ओर से ढेरों रन बनाकर वह अधिक लोगों को आकर्षित कर सकते हैं। जैकसन ने पिछले दो सत्र में 800 से अधिक रन बनाए हैं और मार्च में सौराष्ट्र के पहले रणजी ट्रॉफी खिताब में उन्होंने अहम भूमिका निभाई। जैकसन ने 18 साल में विभिन्न आयु वर्ग में सौराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने के बाद कहा कि यह पेशेवर क्रिकेटर के रूप में विभिन्न संभावनाओं पर गौर करने का समय है। यह पूछने पर कि क्या पैसा इस कदम के पीछे का महत्वपूर्ण कारण है, पेशेवर के रूप में खेलना शुरू करने के लिए यह मेरा पहला कदम है। अगर मैं अच्छा करूंगा तो पैसा मिलेगा ही। इस साल मैंने पैसा पर अधिक ध्यान नहीं दिया। अगर मैं अच्छा करता हूं तो मुझे यकीन है कि कई दरवाजे खुलेंगे। जैकसन पारस डोगरा और पंकज सिंह के साथ पुड्डुचेरी के मेहमान खिलाड़ी होंगे। हम पिछले छह महीने से बात कर रहे थे। यह मुश्किल फैसला था लेकिन आप अपने पेशे के साथ भावना नहीं जोड़ सकते और ऐसा भी नहीं है कि आप हमेशा के लिए अपना घर छोड़कर जा रहे हैं। आप निश्चित समय के लिए जा रहे हैं। निश्चित तौर पर अपने दोस्तों को छोड़कर मैं भावुक हूं और सौराष्ट्र की ओर से खेलने का मौका देने के लिए शाह परिवार (निरंजन शाह और उनके बेटे जयदेव शाह) को धन्यवाद देना चाहता हूं।

सेविला चौथी जीत से चैंपियंस लीग में जगह बनाने के करीब

भाषा। मैड्रिड

सेविला ने मालोर्का को 2–0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपनी लगातार चौथी जीत दर्ज की जिससे वह चैंपियन्स लीग के अगले सत्र के लिए क्वालीफाई करने के करीब भी पहुंच गया। फारवर्ड लुकास ओकामपोस और यूसुफ एन नेसेरी ने सेविला की तरफ से गोल किए। इससे सेविला की टीम चौथे स्थान पर अपनी जगह पक्की करने से केवल एक अंक पीछे रह गई है। यूरोप की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता चैंपियन्स लीग में चोटी के चार स्थानों पर रहने वाली टीमें भाग लेती हैं। सेविला के अभी एटलेटिको मैड्रिड के समान 66 अंक हैं लेकिन गोल अंतर के कारण वह चौथे स्थान पर है। वह पांचवें स्थान के विल्लारीयाल से नौ अंक आगे है और एक अंक हासिल करने पर उसका कम से कम चौथा स्थान हो जाएगा।

लीस्टर की बड़ी हार से चैंपियन्स लीग की उम्मीदों को लगा झटका

लंदन। पिछले साल सितंबर से ही शीर्ष चार में चल रहे लीस्टर सिटी की इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में बोर्नमाउथ के हाथों 4–। से करारी हार से चैंपियन्स लीग में जगह बनाने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। बोर्नमाउथ पर दूसरी डिवीजन में खिसकने का खतरा मंडरा रहा है लेकिन इस जीत से उसने शीर्ष डिवीजन में बने रहने की उम्मीदें बरकरार रखी। लीस्टर ने जेमी वार्डी के 23वें मिनट में किए गए गोल से बढ़त बनाई लेकिन बोर्नमाउथ ने दूसरे हाफ में शानदार वापसी की।

रीयाल की टीम काफी मजबूत लग रही है, बार्सीलोना का खिताब जीतना मुश्किलः गार्सिया

नई दिल्ली। स्पेन के पूर्व मिडफील्डर लुई गार्सिया का मानना है कि गत चैंपियन बार्सीलोना के लिए ला लीगा का खिताब बरकरार रख पाना काफी मुश्किल है क्योंकि चिर प्रतिद्वंद्वी रीयाल मैड्रिड के अंक तालिका में पिछड़ने की संभावना नहीं है। रीयाल मैड्रिड की टीम तीन सत्र में पहला ला लीगा खिताब जीतने के करीब है। टीम अभी अंक तालिका में शीर्ष पर चल रही है और उसने बार्सीलोना पर एक अंक की बढ़त बना रखी है जबकि उसने एक मैच कम भी खेला है।

खेल पंचाट ने मैनचेस्टर सिटी पर चैंपियन्स लीग में खेलने का दो साल का प्रतिबंध हटाया

जिनेवा। खेल पंचाट ने मैनचेस्टर सिटी पर चैंपियन्स लीग मे भाग लेने पर लगाए गए दो साल के प्रतिबंध को सोमवार को हटा दिया। खेल पंचाट ने यूरोपीय फुटबॉल की संचालन संस्था यूएफा के प्रतिबंध के खिलाफ टीम की अपील को बरकरार रखा लेकिन जांचकर्ताओं के साथ सहयोग करने मे विफल रहने पर उस पर 10 मिलियन यूरो (85 करोड़ रूपए से ज्यादा) का जुर्माना लगाया। तीन न्यायाधीशो के पैनल ने कोच पेप गार्डियोला की टीम को अगले सत्र मे चैंपियंस लीग के ग्रुप चरण मे खेलने की अनुमति दे दी है। इस फैसले से मौजूदा सत्र की प्रतियोगिता मे सिटी का स्थान प्रभावित नही होगा। टूर्नामेंट अगले महीने शुरू होगा। सिटी के हक मे फैसला जाने से वह अगले सत्र मे यूएफा पुरस्कार राशि मे दस लाख डॉलर (लगभग 75 करोड़ रूपए) का हकदार होगा। मैनचेस्टर सिटी से पहले पेरिस सेंट-जर्मेन और गलतासरे की टीमो ने पिछले दो वर्षो मे यूएफा के खिलाफ खेल पंचाट का फैसला अपने हक मे हासिल किया है। मैनचेस्टर सिटी की ओर से जारी बयान मे कहा गया, क्लब आज के फैसले का स्वागत करता है, जो क्लब की स्थिति और जो सबूत पेश करने मे सक्षम होने का प्रमाण है।

सिटी की अदालत में जीत से ईपीएल में शीर्ष चार के लिए होड़ बढ़ी

लंदन। मैनचेस्टर सिटी के चैंपियन्स लीग मे भाग लेने पर लगे प्रतिबंध को सोमवार को सफलतापूर्वक पलटने से इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) मे यूरोप के शीर्ष क्लब टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाली आखिरी दो टीमो को लेकर आपसी होड़ गहरा गई है। चैंपियन्स लीग मे प्रत्एक लीग से शीर्ष चार मे रहने वाली टीमे भाग लेती है। लिवरपूल और सिटी पहले ही क्वालीफाई कर चुके है जबकि चेल्सी, मैनचेस्टर यूनाईटेड और लीस्टर सिटी के बीच बाकी बचे दो स्थानो के लिए मुकाबला कड़ा हो गया है। यहां तक वॉल्वरहैम्पटन वांडरर्स और शैफील्ड यूनाईटेड भी शीर्ष चार मे जगह बनाने की दौड़ मे है। अगर सिटी पर लगा प्रतिबंध बरकरार रहता तो पांचवे स्थान की टीम भी चैंपियन्स लीग के लिए क्वालीफाई कर जाती। लीस्टर इनमे से सबसे ज्यादा चिंतित टीम होगी। वह सितंबर से ही शीर्ष चार मे शामिल थी लेकिन लीग की वापसी के बाद उसने छह मे से केवल एक मैच जीता है और इस बीच उसने छह अंक ही हासिल किए जिससे वह तीसरे से चौथे स्थान पर खिसक गई। उसे रविवार को दूसरी डिवीजन मे खिसकने के कगार पर पहुंच चुकी बोर्नमाउथ के हाथो 4-। से हार झेलनी पड़ी और अगर मैनचेस्टर यूनाईटेड अपने अगले मैच मे साउथम्पटन को हरा देता है तो लीस्टर पांचवे स्थान पर खिसक जाएगा। चेल्सी अभी 35 मैचो मे 60 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है जबकि लीस्टर के इतने ही मैचो मे 59 अंक है। यूनाईटेड के 34 मैचो मे 58 अंक है और अगले मैच मे जीत से वह तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। वॉल्वस के 55 और शैफील्ड के 54 अंक है और ए भी शीर्ष चार मे जगह बनाने की दौड़ मे है।

हमारे खिलाड़ियों को मेगन रेपिनो की तरह सोच विकसित करनी होगी : भारतीय कोच मेमोल रॉकी

नई दिल्ली। भारतीय महिला फुटबॉल टीम की मुख्य कोच मेमोल रॉकी ने अपनी खिलाड़ियों से 2019 फीफा विश्व कप गोल्डन बॉल और गोल्डन बूट पुरस्कार विजेता मेगन रेपिनो की तरह खेल के प्रति दृष्टिकोण विकसित करने का सुझाव दिया। एआईएफएफ टीवी से बात करते हुए मेमोल ने कहा वह अमेरिका की रेपिनो से 2019 फीफा महिला विश्व के दौरान फ्रांस में मिली थी। मेगन के साथ मेरी संक्षिप्त बातचीत हुई थी। उसका रवैया शानदार था। वह खेल में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है। लेकिन उसमें अहंकार बिल्कुल नहीं है।

आईओए महासचिव ने लैंगिक समानता पर प्रस्ताव मांगा

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने सोमवार को स्वीकार किया कि खेल संचालन में लैंगिक समानता के लिए उसे पहल करनी होगी और देश में खेल की सर्वोच्च संस्था ने कार्यकारी परिषद को प्रस्ताव तैयार करने को कहा जो सुनिश्चित करेगा कि उसकी आम सभा में राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) के तीन प्रतिनिधियों में से एक महिला हो। आईओए महासचिव राजीव मेहता ने आईओए अधिकारियों को पत्र लिखा है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने सभी राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (आईओसी) को लैंगिक समानता बनाए रखने का निर्देश दिया है।

जेवियर गोंजालेज स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच नियुक्त

नई दिल्ली। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम एफसी गोवा ने स्पेन के जेवियर गोंजालेज को स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच नियुक्त किया। क्लब ने सोमवार को बताया कि गोंजालेज आईएसएल नए सत्र और एएफसी चैम्पियन्स लीग में नए मुख्य कोच जुआन फेरैन्डो की कोचिंग टीम का अभिन्न हिस्सा होंगे। मैं एफसी गोवा से जुड़ कर खुश हूं। वे आईएसएल में सफल क्लब हैं और एएफसी चैंपियन्स लीग में भी खेलेंगे।

निर्यात बढ़ाने, आयात निर्भरता कम करने के लिए व्यापक संभावनाओं वाले क्षेत्रों की पहचान की गईः गोयल

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि कुछ ऐसे क्षेत्रों की पहचान की गई है जहां देश के लिए आयात निर्भरता कम करने, निर्यात बढ़ाने और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा 12 क्षेत्र हैं जहां काम काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। इनमें खाद्य प्रसंस्करण, जैविक खेती, लोहा, एल्यूमिनियम और तांबा, कृषि रसायन, इलेक्ट्रानिक्स, औद्योगिकी मशीनरी, फर्नीचर, चमडा और जूते, वाहन कलपुर्जे, कपड़े और कोविड-19 किट (कवरआल), मास्क, सेनिटाइजर और वेंटीलेटर्स शामिल हैं। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि कोविड-19 महामारी ने एक बड़ा पाठ पढ़ाया है कि कुछ भूक्षेत्रों के ऊपर जरूरत से ज्यादा निर्भरता से संकट के समय में समस्या खड़ी हो सकती है।

पाम्पियो, सीतारमण, जयशंकर अगले सपताह भारत-अमेरिका व्यावसायिक सम्मेलन को संबोधित करेंगे

वाशिंगटन। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पॉम्पियो, भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अगले सप्ताह दोनों देशों के बड़े-बड़े उद्योगपतियों और आर्थिक विशेषज्ञों की उपस्थिति वाले बड़े शिखर सम्मेलन को संबोधित करेंगे। यह वर्चुअल सम्मेलन दुनियाभर में कोविड- 19 के बढ़ते प्रभाव और चीन की आक्रामक कार्वाई के बीच हो रहा है जिसमें दोनों देशों और दुनिया के लिए बेहतर भविष्य पर चर्चा होगी। अमेरिका- भारत व्यवसाय परिषद (यूएसआईबीसी) द्वारा आयोजित किया जाने वाला यह सम्मेलन 21 और 22 जुलाई को दो दिन चलेगा। यूएसआईबीसी की अध्यक्ष निशा देसाई बिस्वाल ने पीटीआई- भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, इस साल के सम्मेलन का विषय बेहतर भविष्य का निर्माण पर केन्द्रित होगी। हम अमेरिका- भारत गलियारा को लेकर मजबूती के साथ प्रतिबद्ध हैं, इससे बेहतर भविष्य का निर्माण होगा।

मई में रिजर्व बैंक डॉलर का शुद्ध लिवाल रहा, 4,363 अरब डॉलर की की खरीद की

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्तवर्ष के पहले महीने अप्रैल में डालर की शुद्ध बिकवाली करने के बाद मई के महीने में 4,363 अरब डॉलर की विशुद्ध लिवाली की रिजर्व बैंक के आंकड़ों सेयह जानकारी प्राप्त हुई है। मई महीने के दौरान, रिज़र्व बैंक ने हाजिर बाजार से 4.663 अरब डॉलर की खरीदारी की, जबकि 30 करोड़ डालर की बिक्री की। अप्रैल में, केंद्रीय बैंक विशुद्ध रूप से 1.142 अरब डॉलर का बिकवाल था। रिज़र्व बैंक ने मई 2019 में 2.538 अरब डॉलर की शुद्ध खरीद की थी। उसने मई 2019 में हाजिर बाजार से विशुद्ध रूप से 5.118 अरब डॉलर की खरीद की और 2.580 अरब डॉलर की बिक्री की थी। वित्तवर्ष 2019-20 में, केंद्रीय बैंक, 45.097 अरब डॉलर का शुद्ध खरीदार था।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 99 अंक सुधरा

● रिलायंस तीन प्रतिशत चढ़ा

भाषा। मुंबई

वैश्विक बाजारों से सकारात्मक संकेत मिलने और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में तेजी के चलते बंबई शेयर बाजार (बीएसई) का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सोमवार को 99 अंक बढ़कर 36,693.69 अंक पर बंद हुआ। बाजार में शुरूआत काफी तेज रही लेकिन शाम तक यह तेजी बरकार नहीं रह सकी। सेंसेक्स कारोबार की शुरुआत में 430 अंक ऊपर चढ गया था। लेकिन वित्त कंपनियों और एचीएफसी बैंक आर एचडीएफसी के शेयरों में गिरावट से अंत में यह पिछले कारोबारी सत्र के बंद के मुकाबले 99.36 अंक यानी 0.27 प्रतिशत बढ़कर 36,693.69 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी सूचकांक भी 34.65 अंक बढ़कर 10,802.70 अंक पर बंद हुआ। समाप्ति पर यह दिन के उच्चस्तर से 80 अंक से नीचे आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के शेयरों में सबसे ज्यादा तीन प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया। कंपनी ने कहा कि उसकी इकाई जियो प्लेटफार्म्स में वायरलेस प्रौद्योगिकी क्षेत्र की शीर्ष कंपनी क्वालकॉम ने मामूली 0.15 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है जिसके लिए 730 करोड़ रुपए मिलेंगे। आरआईएल का शेयर मूल्य 3.23 प्रतिशत बढ़कर।,938.70 रुपए पर पहुंच गया। इसके अलावा टेक महिन्द्रा, एचसीएल टेक, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, एचयूएल और आईटीसी भी बढ़त दर्ज करने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल रहे। वहीं एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी के शेयरों में दो प्रतिशत तक गिरावट से सूचकांक की तेजी थम गई। एचडीएफसी बैंक ने बैंक में कर्ज देने के अनुचित तौर तरीके अपनाए जाने और उसकी वाहन वित्त उपलब्ध कराने वाली इकाई में हितों के टकराव के मामले में जांच करवाई है। पावर ग्रिड, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक और कोटक बैंक में भी गिरावट दर्ज की गई। बाजार कारोबारियों के मुताबिक सूचकांक के लिहाज से अधिक वजन रखने वाले शेयरों में खरीदारी- बिकवाली से उतार- चढ़ाव का दौर चलता रहा। हालांकि, सकारात्मक वैश्वकि संकेतों से कुल मिलाकर धारणा सकारात्मक बनी रही। क्षेत्रवार सूचकांक में बीएसई ऊर्जा सूचकांक, दूरसंचार, प्रौद्योगिकी, आईटी, धातु और एफएमसीजी समूह सूचकांक 2.47 प्रतिशत तक बढ़ गए।

डॉलर के मुकाबले रुपया 75.19 पर लगभग अपरिवर्तित

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार मे भारी उतार चढ़ाव के बीच अन्तरबैक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार मे सोमवार को रुपया 75.19 रुपए प्रति डॉलर पर लगभग अपरिवर्तित रुख दर्शाता बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि रुपए मे कारोबार सीमित दायरे मे सिमटा रहा क्योकि निवेशकों को बाजार के आगे के संकेतों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े आने का इंतजार है। चार घंटे के संक्षिप्त कारोबारी सत्र के दौरान रुपया डालर दर 75.08-75.21 के बीच रही। कारोबार के अंत मे रुपया मात्र एक पैसे की तेजी के साथ 75.19 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ। शुक्रवार को यह 75.20 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

खुदरा मुद्रास्फीति जून में बढ़कर 6.09 प्रतिशत पर पहुंची

नई दिल्ली। खाद्य पदार्थ महंगा होने से खुदरा मुद्रास्फीति जून मे बढ़कर 6.09 प्रतिशत पर पहुंच गई। सरकार के सोमवार को जारी आंकड़े के अनुसार पिछले महीने मे खाद्यमुद्रास्फीति बढ़कर 7.87 प्रतिशत हो गई। पिछले साल जून महीने मे उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर 3.18 प्रतिशत थी। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति मे कहा कि मुद्रास्फीति का आंकड़ा कोरोना वायरस महामारी के कारण पाबंदियों की वजह से सीमित संख्या मे बाजारों से एकत्रित आंकड़ों पर आधारित है।

कोविड-19 के टीके में देरी हुई तो भारत की जीडीपी घट सकती है 7.5 प्रतिशत तक : रपट

भाषा। मुंबई



कोविड-19 का टीका आने में यदि लंबा समय लगता है तो इसका असर देश की अर्थव्यवस्था पर ज्यादा पड़ सकता है। वैश्विक ब्रोकिंग कंपनी बैंक ऑफ अमेरिका सिक्युरिटीज के मुताबिक यदि टीका आने में लंबा समय लगा तो भारतीय अर्थव्यवस्था 2020-21 में 7.5 प्रतिशत तक सिकुड़ने का अनुमान है। हालांकि, परिस्थितियां यदि उम्मीद के मुताबिक रहती हैं तो तब ब्रोकिंग कंपनी ने भारतीय अर्थव्यवस्था में चार प्रतिशत गिरावट का अनुमान लगाया गया है। कंपनी के अर्थशास्त्रियों ने एक हफ्ते के भीतर ही देश की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि को लेकर अपने अनुमान को संशोधित किया है। रपट के मुताबिक देश में आर्थिक गतिविधियों में आई गिरावट के चलते यदि उम्मीद के अनुरूप स्थिति रहती है तब भी अर्थव्यवस्था चार प्रतिशत सिकुड़ने का अनुमान है।

दिसंबर अंत तक आ सकता है आईआरएफसी का आईपीओ

भाषा। नई दिल्ली

सरकार साल के अंत तक इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन लि. (आईआरएफसी) का आरंभिक आईपीओ लाने पर गौर कर रही है। इस निर्गम से सरकार को 500 से।,000 करोड़ रुपए तक मिल सकते हैं। आईआरएफसी भारतीय रेलवे की विस्तार योजनाओं के वित्त पोषण के लिए पूंजी बाजार से कोष जुटाती है। कोविड-19 की स्थिति सुधरने और निवेशकों खासकर खुदरा क्षेत्र में मांग बेहतर होने के साथ कभी भी आईपीओ लाया जा सकता है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज की वार्षिक बैठक पहली बार आनलाइन होगी

भाषा। नई दिल्ली

देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) बुधवार को पहली बार अपनी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) का आनलाइन आयोजन करेगी। कंपनी इसके लिए एक नया वर्चुअल प्लेटफार्म बनाएगी जिसमें 500 स्थानों से एक लाख से अधिक शेयरधारक एकसाथ लॉग कर सकेंगे। आरआईएल की अब तक सभी एजीएम लोगों की व्यक्तिगत उपस्थिति के साथ होती रहीं हैं। ऐसे में मुंबई से बाहर रहने वाले शेयरधारक इस सालना कार्यक्रम में बहुत कम ही भागीदारी कर पाते हैं। लेकिन अब नई परिस्थितियों में मुंबई से बाहर के निवेशक भी एजीएम कार्यक्रम को सीधे देख सेकेंगे।

रिलायंस का बाजार पूंजीकरण 12 लाख करोड़ रुपए के पार

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का बाजार पूंजीकरण सोमवार को 12 लाख करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गया। कंपनी के शेयरो मे तेजी के चलते उसने इस मुकाम को हासिल किया है। बीएसई पर कंपनी का शेयर 2.97 प्रतिशत चढ़कर।,934.30 रुपए पर बंद हुआ। दिन मे कारोबार के दौरान यह 3.64 प्रतिशत बढ़कर।,947 रुपए पर पहुंच गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर कंपनी का शेयर 3.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ।,938.70 रुपए पर बंद हुआ।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने एमसीएलआर में कटौती की

मुंबई। यूनियन बैंक ऑफइंडिया ने आज सभी अवधि के लिए मार्जिनल कॉस्ट ऑफफंड्स आधारित लेंडिंग रेट(एमसीएलआर) में 20 पॉइंट की कटौती की घोषणा की है। एक साल की एमसीएलआर अब 7.60 से घटकर 7.40 हो गई है। संशोधित एम सी एल आर 11 जुलाई 2020 से प्रभावी होगाए यह जुलाई 2019 के बाद से बैंक द्वारा तेरहवीं बार कम किया है। संशोधित एम सी एल आरए 11 जुलाई से प्रभावी है।

विप्रो की छंटनी करने की कोई योजना नहीं

बेंगलुरू। विप्रो के चेयरमैन रिशद प्रेमजी ने सोमवार को कहा कि कोविड-19 संकट के चलते कंपनी की किसी कर्मचारी को नौकरी से निकालने की फिलहाल कोई योजना नही है। कंपनी की 74वीं वार्षिक आम सभा सोमवार को ऑनलाइन माध्यम से की गई। इस दौरान कंपनी के एक शेयरधारक के सवाल का जवाब देते हुए प्रेमजी ने यह बात कही। हम कई परिचालन एवं अन्य तरीकों से अपनी लागत घटाने की कोशिश कर रहे है, लेकिन हमने किसी कर्मचारी को नौकरी से नही निकाला है और न ही हमारी फिलहाल ऐसी कोई योजना है।

देश में हवाई यात्रा में 2020 में आ सकती है 49 प्रतिशत गिरावट

नई दिल्ली। कोविड-19 संकट और उससे जुड़े लॉकडाउन ने भारतीय विमानन क्षेत्र की कमर तोड़ दी है। विमानन कंपनियों के अंतरराष्ट्रीय संगठन आईएटीए का अनुमान है कि 2020 मे देश मे हवाई यात्रियों की संख्या मे 49 प्रतिशत की गिरावट आएगी। इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) ने सोमवार को कहा कि 2020 मे भारतीय विमानन कंपनियों की आय पिछले साल के मुकाबले 11.61 अरब डॉलर कम रहेगी। रपट मे एशिया-प्रशांत क्षेत्र मे हवाई यात्रा की मांग में 53.8 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान लगाया गया है।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 14 जुलाई , 2020

चीन की कार्रवाई उकसाने और अस्थिर करने वाली: रिचर्ड वर्मा

भाषा। वाशिंगटन

भारतीय सीमा दक्षिण चीन सागर और हांगकांग का दिया हवाला

अमेरिका के पूर्व शीर्ष राजनयिक ने भारत के साथ लगने वाली सीमा के पास और दक्षिणी चीन सागर, ताइवान जलडमरूमध्य तथा हांगकांग में चीन की हालिया कार्रवाई को उकसाने एवं अस्थिर करने वाली बताया है। पांच मई के बाद से आठ हफ्ते से ज्यादा वक्त तक पूर्वी लद्दाख के विभिन्न स्थानों पर भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच गतिरोध बना हुआ है।

गलवान घाटी में हिंसक झड़प होने के बाद दोनों देश के बीच तनाव कई गुना बढ़ गया था। इस झड़प में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे। चीनी पक्ष की तरफ भी सैनिक हताहत हुए थे लेकिन उसने अभी तक इसके ब्योरे उपलब्ध नहीं कराए हैं। दोनों पक्ष ने तनाव कम करने के लिए पिछले कुछ हफ्तों में कई चरण की कूटनीतिक एवं सैन्य वार्ताएं की हैं। पूर्वी लद्दाख में तनाव करीब दो महीने पहले बढ़ गया था जब करीब 250 चीनी एवं भारतीय सैनिकों के बीच पांच और छह मई को हिंसक आमना-सामना हुआ था।

पेगोंग सो में हुई घटना के बाद इसी तरह की घटना नौ मई को उत्तरी सिक्किम में भी हुई। भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत रिचर्ड वर्मा ने बताया, चीन की कार्वाई, न सिर्फ भारत के साथ लगने वाली सीमा पर बल्कि दक्षिण चीन सागर, ताइवान जलडमरूमध्य और हांगकांग में भी, उकसाने और अस्थिर करने वाली है। चीन विवादित दक्षिण चीन सागर के लगभग समूचे हिस्से पर अपना दावा करता है जबकि ताइवान, फिलीपीन, ब्रुनेई, मलेशिया और वियतनाम भी इसके कुछ-कुछ हिस्सों पर अपना अधिकार जताते हैं। बीजिंग ने दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीप और सैन्य संस्थापनों को निर्माण किया हुआ है। वर्मा ने कहा, हमारी साझेदारी का मुख्य स्तंभ अब मुक्त एवं स्वतंत्र हिंद-प्रशांत, विधि के शासन , अंतरराष्ट्रीय नियमों, विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और एशिया में विधि आधारित क्रम के प्रति प्रतिबद्धता पर निर्भर करती है। अमेरिका सामरिक रूप से महत्त्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की व्यापक भूमिका पर जोर देता रहा है। भारत, अमेरिका और विश्व की कई अन्य शक्तियां क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य पैंतरेबाजी की पृष्ठभूमि में मुक्त, स्वतंत्र एवं संपन्न हिंद-प्रशांत चाहती हैं। वर्मा ने कहा, 1959 में, सीनेटर केनेडी ने संसद में जोशपूर्ण भाषण दिया था कि, एशिया का भाग्य भारत पर निर्भर करता है और भारत का विशेष महत्व है .. जो पूरे एशिया में लोकतंत्र के परीक्षण का प्रतीक है। उन्होंने कहा, अमेरिका-भारत के रिश्ते को पिछले दो दशकों में वाशिंगटन में द्विपक्षीय समर्थन मिला है और खुशनसीबी से यह आज तक ऐसा ही है। वर्मा ने कहा कि इसका श्रेय विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और अन्य अमेरिकी सरकारी एजेंसियों के साथ ही कांग्रेस को जाता है कि भारत के साथ अमेरिका की साझेदारी सही रास्ते पर है। वर्मा ने ऑनलाइन पढ़ाई पर छात्रों के अमेरिका छोड़ने संबंधी ट्रंप प्रशासन के निर्णय को बेतुका और संकीर्ण मानसिकता वाला करार दिया।

दक्षिण अफ्रीका में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर कर्फ्यू का ऐलान

भाषा। जोहानिस्बर्ग

शराब बिक्री पर फिर प्रतिबंध हालांकि कोविड-19 से निपटने के लिए बनाई गई पांच स्तरीय रणनीति योजना मे कोई बदलाव किए बिना मौजूदा स्थिति को तीसरे स्तर में ही रखा गया है

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर देश में जारी आपात स्थिति को 15 अगस्त तक बढ़ाने की घोषणा की है। रामाफोसा ने रात नौ बजे से सुबह चार बजे तक रोजाना कर्फ्यू की घोषणा भी की और चिकित्सा सुविधाओं पर दबाव कम करने के लिए शराब की बिक्री और वितरण पर भी फिर प्रतिबंध लगा दिया।

पारिवारिक भेंट और सामाजिक दौरे भी प्रतिबंधित होंगे। हालांकि कोविड-19 से निपटने के लिए बनाई गई पांच स्तरीय रणनीति योजना में कोई बदलाव किए बिना मौजूदा स्थिति को तीसरे स्तर में ही रखा गया है। रामाफोसा ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका में कोविड-19 के अभी 2,76,242 पुष्ट मामले हैं और 4,079 लोगों की इससे जान गई है, जिनमें से एक चौथाई पिछले सप्ताह के हैं।राष्ट्रपति ने कहा कि रोजाना औसतन 12,000 नए मामले सामने आने आ रहे हैं। उन्होंने कई नागरिकों के मास्क लगाने और सामाजिक दूरी बनाए रखने जैसे एहतियाती नियमों का पालन ना करने को लेकर नाराजगी भी जताई ।रामाफोसा ने कहा, हम में से कई लगातार लॉकडाउन के नियमों को नजरअंदाज कर रहे हैं। वे दूसरों का सम्मान करने और उनकी रक्षा करने की जिम्मेदारी नहीं समझ रहें। उन्होंने कहा, वायरस से निपटने की हमारी लड़ाई के बीच कई लोग ऐसे भी हैं जो पार्टी कर रहे हैं, शराब पी रहे हैं और बिना मास्क के भीड़ वाले स्थानों पर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंतिम संस्कार में 50 लोगों के जाने की ही अनुमति है और 1000 से अधिक लोग अंतिम संस्कार में जा रहे हैं और वायरस फैला रहे हैं ।राष्ट्रपति ने कहा, इसी तरह लापरवाही से वायरस फैलता है। उन्होंने वैश्विक महामारी से निपटने के लिए विभिन्न योजनाओं का भी ऐलान किया। इनमें इनमें कोविड--19 परीक्षणों के लिए 48 घंटे का एक टर्नअराउंड टाइम , अस्पतालों में बिस्तरों की संख्या में वृद्धि, गैर-आवश्यक उद्देश्यों से ऑक्सीजन की आपूर्ति का विचलन और स्टील तथा मोटर वाहन विनिर्माण संयंत्रों सहित विभिन्न दक्षिण अफ्रीकी संगठनों द्वारा वेंटिलेटर का तेजी से निर्माण शामिल है।

पुलिस अधिकारी का व्यक्ति की गर्दन पर घुटना रखने वाला वीडियो सामने आने के बाद लोगों में गुस्सा

एपी। एलेनटाउन (अमेरिका)

पेनसिल्वानिया में एक पुलिस अधिकारी का एक व्यक्ति की गर्दन पर घुटना रखकर उसे काबू करने की कोशिश करने का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद इसके विरोध में प्रदर्शन शुरू हो गए और स्थानीय ब्लैक लाइव्स मैटर (काले लोगों का जीवन मायने रखता है) समूह ने इसमें शामिल अधिकारियों को निलंबित करने की मांग की। इस वीडियो को वाहन से गुजर रहे एक राहगीर ने शनिवार रात में शूट किया था। इसमें एलेनटाउन का एक अधिकारी एक आदमी को जमीन पर गिराकर उसे काबू करने की कोशिश के दौरान उसके गर्दन पर घुटना रखे दिख रहा है। यह घटना सेंट ल्यूक्स अस्पताल के सेक्रेड हार्ट कैम्पस के आपात कक्ष के बाहर हुई। एक अधिकारी ने पहले अपनी कोहनी व्यक्ति के गर्दन पर रखी हुई थी और बाद में उसने अपना घुटना रखा। वहीं अन्य अधिकारी व्यक्ति का हाथ पकड़े हुए थे। वीडियो में प्रतीत हो रहा है कि व्यक्ति विरोध नहीं कर रहा है। एलेनटाउन पुलिस ने रविवार रात बयान जारी किया कि मामले की जांच की जा रही है। कुछ सप्ताह पहले मिनियापोलिस में एक काले व्यक्ति जॉर्ज फ्लॉइड की गर्दन पर श्वेत पुलिसकर्मी ने कई मिनट तक घुटने रखे थे, जिसके बाद उसकी मौत हो गई थी। इस घटना के बाद दुनिया भर में पुलिस सुधार और नस्लवाद को लेकर व्यापक प्रदर्शन हुए थे।

पाकिस्तान मे कोरोना वायरस संक्रमण के मामले ढाई लाख से अधिक

इस्लामाबाद । पाकिस्तान मे पिछले 24 घंटे मे कोरोना वायरस संक्रमण के 2,769 नए मामले सामने आने के बाद देश मे कुल संक्रमितो की संख्या ढाई लाख से अधिक हो गई ।राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय के अनुसार, 69 और मरीजो की मौत हो गई है जिसके बाद कुल मृतको की संख्या बढ़कर 5,226 हो गई। वही।,837 मरीजो की हालत नाजुक है। स्वस्थ होने की दर बढ़ रही है और अब तक 161,917 मरीज स्वस्थ हो चुके है। देश मे कुल 251,625 संक्रमण मामलो मे से सिंध मे 105,533 मामले, पंजाब मे 87,043, खैबर पख्तुनख्वा मे 30,486, इस्लामाबाद मे 14,108 मामले, बलूचिस्तान मे 11,185, गिलगित-बाल्टिस्तान मे।,671 और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर मे।,599 मामले है।

अमेरिकी नौसैन्य अड्डे में पोत पर आग लगने से 57 लोग झुलसे

सैन डिएगो (अमेरिका) (एपी)। अमेरिका के सैन डिएगो स्थित नौसैन्य अड्डे पर युद्ध पोत पर लगी आग में कम से कम 57 लोग झुलस गए। रियर एडमिरल फिलिप सोबेक ने बताया कि यूएसएस बोनहोम्मे रिचर्ड में रविवार सुबह उस इलाके में आग लगी जहां पर वाहनों को रखने की जगह थी और वहां पर मरम्मत कार्य चल रहा था। अमेरिका नौसेना ने बताया कि शुरुआत में 17 नौसैनिकों और चार आम नागरिकों के झुलसने की सूचना थी, लेकिन सोमवार तड़के आग से घायल होने की संख्या 57 हो गई जिनमें से पांच लोगों को अस्पताल में निगरानी में रखा गया है। नौसेना ने बताया कि पोत पर लगी आग को बुझाने के लिए अग्निशमन दल के कर्मचारी पानी की बौछारें मार रहे हैं और हेलीकॉप्टर से भी पानी का छिड़काव किया जा रहा है।

पोर्ट आफ सेन डियागो में एक पोत में लगी आग को बुझाते हार्बर पुलिस के दमकलकर्मी

अमेरिका में सिख समुदाय ने पंजाब के विकास के लिए काम करने की प्रतिबद्धता जताई

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका में सिख समुदाय ने पंजाब के विकास, खासकर शिक्षा एवं पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने की प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने अपनी समस्याओं के समाधान में यहां भारतीय दूतावास के प्रयासों की सराहना की।प्रमुख सिख अमेरिकी कारोबारी गैरी ग्रेवाल ने अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीज सिंह संधू के साथ पिछले हफ्ते हुई समुदाय की पहली डिजिटल बैठक के बाद पीटीआई-भाषा से कहा कि अमेरिका के सिख पंजाब के विकास के लिए निवेश करने के इच्छुक हैं। देश के करीब 100 प्रमुख सिख नेताओं ने संधू के साथ इस डिजिटल बैठक में हिस्सा लिया था जिसे समुदाय के साथ संपर्क करने के उनके प्रयासों के तहत आयोजित किया गया था।ग्रेवाल ने कहा, उन्होंने हमें कई अच्छी चीजें करने के लिए प्रोत्साहित किया। ईश्वर की यहां हम पर कृपा है, हमें उसे दूसरों के साथ साझा करना चाहिए... विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की पेशकश करनी चाहिए। हर कोई (सिख समुदाय से) बैठक में शामिल होकर बहुत खुश था। इस दौरान बहुत से विचार साझा किए गए। उन्होंने यह भी बताया कि समुदाय के कई सदस्यों ने पाकिस्तान के साथ करतारपुर गलियारा फिर से खोले जाने पर भी चर्चा की।इकोसिख के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सिख अभियान के सह-संस्थापक डॉ राजवंत सिंह ने कहा, मैं इसकी प्रशंसा करता हूं कि राजदूत संधू ने इस संवाद के लिए सिख समुदाय के सदस्यों को आमंत्रित किया और इस बातचीत के दौरान दिए गए सुझाव पंजाब में युवा पीढ़ी की बेहतरी के लिए सकारात्मक योगदान देने की दिशा में कई लोगों को काम करने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि यह महत्त्वपूर्ण है कि विशाल पंजाबी एवं सिख प्रवासी समुदाय पंजाब के पुनर्निर्माण और राज्य के लिए उज्ज्वल भविष्य बनाने में व्यस्त है।

रूस के संविधान में बदलाव के साथ समलैंगिक शादियों की उम्मीद खत्म

एपी। सेंट पीटर्सबर्ग

फाइल फोटो

रूस में समलैंगिक शादियां करने वाले जोड़ों की उम्मीद एक जुलाई को खत्म हो गई जब मतदाताओं ने संविधान में कई संशोधनों को मंजूरी दे दी और इनमें से एक बदलाव केवल महिला और पुरुष के बीच हुए विवाह को कानूनी मंजूरी देने से संबंधित है।

रूस में एलजीबीटी समुदाय के लोग गैर पारंपरिक लैंगिकता के खिलाफ खुलेआम दिखने वाले आक्रोश के कारण ज्यादा सामने नहीं आते हैं। 2017 में शादी करने वाली इरिना और एनेस्टेसिया की अपने घर में आधिकारिक रूप से शादी करने की सारी उम्मीदें एक जुलाई को इन संशोधनों के साथ धूमिल पड़ गईं। उन्हें अब वे अधिकार कभी नहीं मिल सकेंगे जो विपरीत लैंगिक जोड़ों को प्राप्त हैं।उन्हें अदालत में अपने साथी के खिलाफ गवाही देने से इनकार करने की अनुमति नहीं होगी, उन्हें एक-दूसरे से विरासत में अपने आप कुछ नहीं मिलेगा और वे अस्पताल में एक-दूसरे को देखने नहीं जा सकते जो केवल परिवार के सदस्यों को आने की अनुमति देते हैं। किसी एक साथी के बच्चे पर दूसरे साथी का कानूनी अधिकार नहीं होगा।भले ही रूस ने दशकों पहले समलैंगिकता को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया था, लेकिन समलैंगिकों के खिलाफ द्वेष अब भी बहुत ज्यादा है। मॉस्को की नगर सरकार ने 2012 में गे प्राइड परेड को अगले 100 वर्षों के लिए प्रतिबंधित कर दिया था।अगले साल, संसद ने सर्वसम्मति से एक कानून पारित किया जो नाबालिगों के बीच, गैर पारंपरिक यौन संबंधों के दुष्प्रचार को रोकता है। यहां समलैंगिक समुदाय पर अक्सर हमले होते रहते हैं।

उत्तरी अफगानिस्तान में तालिबान का आत्मघाती हमला और गोलीबारी, नौ लोगों की मौत

एपी। काबुल

हमला समांगन प्रांत की राजधानी ऐबक में हुआ, खुफिया सेवा विभाग को बनाया निशाना, सुरक्षा बलों से घंटों चली मुठभेड़, 63 लोग घायल

उत्तरी अफगानिस्तान में चरमपंथियों और सरकारी सुरक्षा बलों के बीच हुई गोलीबारी में कम से कम नौ लोग मारे गए जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। गोलीबारी एक कार में सवार तालिबान आत्मघाती हमलावर द्वारा धमाका किए जाने के बाद शुरू हुई। प्रांतीय परिषद सदस्य राज़ मोहम्मद खान ने बताया कि हमला समांगन प्रांत की राजधानी ऐबक में हुआ। उन्होंने बताया कि हमले में एक महिला सहित नौ लोगों की मौत हुई है जबकि 63 अन्य घायल हए हैं।

खान ने चेतावनी दी कि यह शुरुआती आंकड़े है और हताहतों की संख्या और बढ़ सकती है। उन्होंने बताया कि गोलीबारी में तालिबान के कम से कम दो लड़ाके मारे गए हैं। इससे पहले प्रांतीय अस्पताल के प्रमुख अब्दुल खलील मुसादिक ने बताया था कि कम से कम 43 लोग घायल हुए हैं जिनमें बच्चों सहित अधिकतर आम नागरिक हैं जिन्हें स्थानीय अस्पताल में ले जाया गया है। प्रांतीय परिषद के उप प्रमुख मोहम्मद हासिम सरवारी के मुताबिक आत्मघाती हमलावर ने ऐबक स्थित खुफिया सेवा विभाग को निशाना बनाया और उसके बाद अन्य तालिबान लड़ाकों ने अफगान बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि धमाका इतना जोरदार था कि उसे कई मील दूर से सुना गया है और इससे कई इमारतों और घरों को नुकसान पहुंचा है। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने कहा कि प्रांत में सक्रिय तालिबान ने हाल में अपने हमलों में तेजी लाई है और इस धमाके और हमले के पीछे उसका हाथ है। तालिबान लड़ाकों और सुरक्षा बलों के बीच घंटों मुठभेड़ चलती रही और दूरस्थ स्थान होने की वजह से सटीक सूचना नहीं आई है।

उल्लेखनीय है कि समागम प्राचीन व्यापार मार्ग पर स्थित है और हाल में तालिबान के हमले यहां बढ़े हैं, लेकिन इलाके में इस्लामिक चरमपंथियों खासतौर पर उज्बेक के साथ भी संघर्ष बढ़े हैं क्योंकि वे इस्लामिक मूवमेंट ऑफ उज्बेकिस्तान से अधिक जुड़े हुए हैं। प्रांतीय गवर्नर के प्रवक्ता एस्मातुल्ला मुरादी के मुताबिक तालिबान ने रविवार को उत्तरी कुंदूज प्रांत में 14 जांच चौकियों को निशाना बनाया जिसमें अफगान सुरक्षा बल के कम से कम 14 सदस्य मारे गए।

फ्रेंच गुयाना के 367 एअर बेस पर अपनी यात्रा के दौरान पहुंचे फ्रांस के प्रधानमंत्री जीन कैसटेक्स

चीन में हो रही है कोविड-19 की उत्पत्ति का पता लगाने की कोशिश

एपी। सेंटपीटर्सबर्ग

अमेरिका कोरोना वायरस संक्रमण से दुनिया में सबसे बुरी तरह प्रभावित है और सोमवार को फ्लोरिडा ने देश में एक दिन में सबसे ज्यादा संक्रमण के मामले सामने आने का रिकॉर्ड बनाया। इस बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के दो विशेषज्ञ चीन में महामारी की उत्पत्ति का पता लगाने के लिए भेजे गए मिशन का हिस्सा बने हैं। इस विषाणु का सबसे पहले पिछले साल मध्य चीन के वुहान शहर में पता चला था। चीन शुरू में जांच की अनुमति देने को तैयार नहीं था लेकिन कई देशों द्वारा डब्ल्यूएचओ से व्यापक जांच कराने की मांग के बाद उसने इजाजत दे दी।

अमेरिका के जॉन्स हॉपकिंस विश्वविद्यालय के आंकड़ों के असोसिएटेड प्रेस द्वारा हाल में किए गए विश्लेषण के मुताबिक अमेरिका में वायरस से मौत का आंकड़ा बढ़ रहा है खासकर दक्षिण और पश्चिम में। यद्यपि यह अप्रैल में महामारी के शीर्ष पर रहने के दौरान हो रही मौत के आंकड़ों से काफी कम हैं। फ्लोरिडा विश्वविद्यालय की महामारी रोग विशेषज्ञ डॉ. सिंडी प्रिन्स ने कहा, मुझे वास्तव में लगता है कि हम इसे नियंत्रित कर सकते हैं और यह मानवीय तत्व है जो सबसे ज्यादा जटिल है। यह हमारे देश का प्रयास होना चाहिए। जब हम संकट में हों तो हमें साथ मिलकर कोशिश करनी चाहिए और हम निश्चित रूप से यह नहीं कर रहे हैं। व्हाइट हाउस कोरोना वायरस कार्यबल के सदस्य एडमिरल ब्रेट गिरोयर ने सार्वजनिक रूप से मास्क पहनने को नितांत अनिवार्य बताया, जिसका कुछ अमेरिकी राज्यों में विरोध किया जा रहा है। स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग के सहायक मंत्री गिरोयर ने एबीसी को बताया, अगर हम यह नहीं करते हैं तो हम वायरस पर नियंत्रण नहीं कर पाएंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी शनिवार को पहली बार सार्वजनिक रूप से मास्क पहना, डेमोक्रेट नेता नैंसी पेलोसी ने कहा कि रविवार को दिखा कि उन्होंने (ट्रंप ने) अपनी आदत को बदल लिया है। फ्लोरिडा में रविवार को जारी स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक शनिवार को 15,299 और लोग संक्रमित पाए गए जबकि राज्य में कुल मामलों की संख्या 2,69,811 हो गई है जबकि 45 और लोगों ने इस महामारी से अपनी जान गंवा दी। इससे पहले एक दिन में सबसे ज्यादा मामलों का रिकॉर्ड कैलीफोर्निया का था जहां बुधवार को 11,694 मामले सामने आए थे। शोधकर्ताओं ने आशंका जताई है कि अमेरिका में कम से कम अगले कुछ हफ्तों तक मरने वालों की संख्या बढ़ेगी लेकिन कुछ को लगता है कि इसमें उस तरह से बढ़ोतरी नहीं होगी जैसी बसंत में देखने को मिल रही थी।

फ्रांस के पिघलते ग्लेशियर से 1966 के भारतीय अखबार मिले

इस स्थान पर उसी साल एअर इंडिया का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था

भाषा। लंदन

पश्चिमी यूरोप में मोंट ब्लैंक पर्वत श्रृंखला पर फ्रांसीसी बोसन्स ग्लेशियरों से 1966 में इंदिरा गांधी की चुनावी विजय की सुर्खियों वाले भारतीय अखबार मिले हैं। इस स्थान पर उसी साल एअर इंडिया का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। फ्रांस के एक अखबार के अनुसार 24 जून, 1966 को यूरोप की सर्वोच्च पर्वत श्रृंखला में एअर इंडिया का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसके मलबे में से नेशनल हेराल्ड और इकनोमिक टाइम्स समेत करीब एक भारतीय अखबारों की प्रतियां मिली हैं।

फ्रेंच रिसॉर्ट ऑफ चामोनिक्स से भी ऊपर, 1350 मीटर की ऊंचाई पर एक कैफे-रेस्तरां चलाने वाले टिमोथी मोटिन को यह अखबार मिला। ब्रिटेन के द गार्डियन अखबार और अन्य एजेंसियों ने स्थानीय फ्रांसीसी अखबार ली डाउपिन लिबेरे को टिमोथी द्वारा दी गई जानकारी के हवाले से लिखा वे अभी सूख रहे हैं लेकिन बहुत अच्छी स्थिति में हैं। आप उन्हें पढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा, यह असामान्य बात नहीं है। जब भी हम दोस्तों के साथ ग्लेशियर पर घूमते हैं तो हमें दुर्घटनाग्रस्त विमान का मलबा मिलता है। आपको अनुभव से समझ में आ जाता है कि कहां पर चीजें हैं। एअर इंडिया बोइंग 707 विमान हवाई यातायात नियंत्रण से संबंधित किसी संवादहीनता की वजह से पहाड़ों में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें उस पर सवार चालक दल के सदस्यों समेत सभी 177 लोग मारे गए थे। मोटिन का कैफे बोसन ग्लेशियर से करीब 45 मिनट की पैदल दूरी पर है। मोटिन ने कहा कि उन्हें किस्मत से अखबार मिल गए क्योंकि जिस बर्फ में वह करीब छह दशक से दबे हुए थे, वह शायद हाल ही में पिघलनी शुरू हुई थी।

'कुछ स्लो चलें, दो सेकेंड रुकें, थोड़ा दम ले लें और फिर आगे बढ़ें'

तनु वेड्स मनु और मोहब्बतें जैसी फिल्मों में अपने अभिनय के दमदार प्रदर्शन से वो पहले ही दर्शकों को प्रभावित कर चुके हैं। जी हां, हम प्रसिद्ध अभिनेता जिमी शेरगिल की बात कर रहे हैं। पायनियर संवाददाता मुस्बा हाशमी के साथ एक विस्तृत बातचीत में उन्होंने डिजिटल मीडिया पर अपनी नई सीरीज़ योर ऑनर के मिलने तथा अपने कॅरियर की दशा-दिशा जैसे विषयों पर विस्तार से बात की। प्रस्तुत हैं बातचीत के अंश..

■ आपने योर ऑनर जैसे शो को किस विशेषता के चलते स्वीकार किया?

इसकी स्क्रिप्ट अद्भुत ढंग से लिखी है और मैं तो पहले से ही मूल इजराइली सीरीज़ क्रोडो देख ही चुका हूं। इसके निर्देशक, निर्माता और एप्लॉज़ इंटरटेन्मेंट की पूरी टीम के अलावा इसके कलाकारों के चयन के कारण मैं ने इसे करना स्वीकार किया था। इसके अलावा इसमें मेरा चरित्र बहुआयामी है और यही कारण है कि मैं इसे करने से इंकार नहीं कर सका।

■ आप अपने वास्तविक जीवन में भी पिता हैं तो क्या इससे आपको अपने चरित्र को निभाने में किसी प्रकार की मदद मिली थी?

इसमें मेरा चरित्र पहले से ही बहुत विस्तृत है। लेकिन ये भी सच है कि इस सीरीज़ में मेरे वास्तविक बेटे की आयु का ही बेटा है और इस बात से मुझे अपने रोल को सही ढंग से करने में वास्तव में बहुत मदद मिली थी। कई बार सीन को समझने के लिए मैं स्वयं को अपने बेटे के साथ उस स्थिति में डालकर समझने का प्रयास करता था कि मैं ऐसे में क्या प्रतिक्रिया करूंगा। सीन को और वास्तविक बनाने में इस बात का बहुत प्रभाव पड़ा है। अत: एक अभिनेता के रूप में मुझे सीन को समझने में वास्तव में काफी मदद हुई।

■ क्या आप किसी रोल को स्वीकार करने से पहले किसी चेक-लिस्ट के धरातल पर टेस्ट करते हैं?

नहीं ऐसा तो बिलकुल नहीं है। मैं तो पूरी तरह से स्क्रिप्ट पर निर्भर करता हूं। मेरे द्वारा किसी भी रोल को स्वीकार करने से पहले उसकी स्क्रिप्ट, कहानी और चरित्र का उत्कृष्ट होना आवश्यक है। जहां तक ओटीटी में मेरे पदार्पण की बात है तो बता दूं कि मेरे दोनों ही प्रोजेक्ट्स रंगबाज और योर ऑनर में मेरे चरित्र अद्भुत थे।

■ क्या आपके समक्ष कभी ऐसा कोई प्रोजेक्ट आया था जिसे लेकर आप प्रारंभ में तो आशंकित थे लेकिन बाद में वो सफल साबित हुआ?

मेरे विचार से यदि मैं किसी प्रोजेक्ट को करने समय उसके अनुबंध पर हस्ताक्षण करता हूं तो फिर इसमें किसी प्रकार की आशंका का तो प्रश्न ही नहीं उठता। आप हस्ताक्षर केवल इसीलिये करते हैं क्योंकि आप उस प्रोजेक्ट को लेकर आश्वस्त होते हैं, आपने अपना होमवर्क कर रखा होता है, इसकी कहानी भी सुनी हुई होती है, स्क्रिप्ट भी पढ़ी हुई होती हैं तो फिर आपको पता ही होता है कि आप क्या करने जा रहे हैं। इसे आप दूसरी प्रकार से भी देख सकते हैं। कई बार जब आपको कहानी और स्क्रिप्ट तो पता होती हैं और आप इन्हें देखकर शूटिंग करना प्रारंभ कर देते हैं। लेकिन बाद में आपको पता चलता है कि ये किसी दूसरी ही दिशा में जा रही है तो आप अचरज से भर उठते हैं। आपकी टीम भी कई बार कहानी से समझौता करती दिखती है।

लेकिन मुझे फिल्म 'यहां' के बारे में

> मेरा मानना है कि हमें कुछ स्लो चलना चाहिये। आजकल हर ओर दबाव रहता है। लेकिन ये भी है कि अब सभी के लिए काम उपलब्ध है। यदि आज किसी के पास काम नहीं है तो कल अवश्य होगा। मेरा कहना है कि थोड़ा स्लो हो जाएं, कुछ सेकेंड रुकें, दम ले लें और फिर प्रारंभ करें।

आज भी याद है। इसे मैंने शूजित सरकार के लिए किया था। इसके माध्यम से वो निर्देशन में पदार्पण कर रहे थे। इसकी शूटिंग मनाली में हुई थी और उस दिन मेरा सेट पर पहला दिन था। सीन पूरा होते ही मैंने उसे मॉनिटर पर देखा जो मैं सामान्यत: नहीं करता हूं। बस मैं पहले दिन अपनी लुक आदि को समझने के लिए ही इसे देखा करता हूं। जब मैंने शॉट देखा तो सभी लोग दंग रह गए। लोगों ने कहा कि शूजित तो हॉलिवुड फिल्म बना रहे हैं। क्योंकि इसमें मेरा परिचय पीठ के पीछे से किया गया था जो उस समय सामान्य नहीं था। आज भी हम कहा करते हैं कि जिस प्रकार से उसमें शूटिंग की गई थी वो तत्कालीन समय से आगे की बात थी। ये मेरी प्रिय फिल्मों में से एक है।

■ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर काम करने में आपको सबसे अच्छी बात क्या लगती है?

अभिनेता के रूप में मैंने इसे करने के दौरान पूरा आनंद लिया था। यदि मुझे कहानियां मिलती रहें तो मैं ओटीटी पर भी काम करता रहूंगा। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अभिनेता और निर्देशक को काम करने के लिए थोड़ा अधिक समय मिल जाता है। जब तक मुझे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर काम करने का कोई कटु अनुभव नहीं मिल जाता मैं इसमें शतप्रतिशत योगदान देता रहूंगा (हंसते हुए)।

■ क्या आप पुराने जमाने के किसी शो को ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिए रीमेक बनाए जाते देखना पसंद करेंगे?

पुराने समय के किसी शो की बात करें तो तथ्य तो यही है कि सबके तो रीमेक बन ही गए हैं। लेकिन एक ब्रिटिश सीरीज़ है- हसल, मैं इसका रीमेक बनते देखना चाहता हूं। इसकी कहानी अद्भुत है और इसका रीमेक बनाए जाना चाहिये।

■ अभिनेताओं तथा अन्य वर्किंग पेशेवरों की दृष्टि से आप इस इंडस्ट्री में किस प्रकार के सुधार करना चाहते हैं?

मैं पहले ही कई परिवर्तन देख चुका हूं। जब मैं 1993 में इंडस्ट्री में आया था और मुझे माचिस फिल्म मिली थी। उस समय पांच निर्माता होते थे और इतने ही चैनल हुआ करते थे। इसके अलावा सबकुछ सी-ग्रेड हुआ करता था। अच्छी सामग्री सीमित थी और बस यही विकल्प आपके पास हुआ करते थे। अब पांच या छह निर्देशकों तथा बैनर्स द्वारा सभी को तो काम दिया नहीं जा सकता। लेकिन उसके बाद से हर क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन आए हैं। आज ढेर सारे टीवी चैनल हैं जिनपर बड़े बड़े शोज़ चला करते हैं, वेब सीरीज़ भी बनाई जा रही हैं, कुल मिलाकर हर ओर कुछ न कुछ हो रहा है। पहले के सिंगल स्क्रीन थियेटरों से लेकर अब के बहुस्क्रीन वाले मल्टीप्लेक्स आ चुके हैं और प्रगति अभी चल ही रही हैं बस आपको परिवर्तनों के साथ सामंजस्य स्थापित करना होता है। मेरा मानना है कि हमें कुछ स्लो चलना चाहिये। आजकल हर ओर दबाव रहता है। लेकिन ये भी है कि अब सभी के लिए काम उपलब्ध है। यदि आज किसी के पास काम नहीं है तो कल अवश्य होगा। मेरा कहना है कि थोड़ा स्लो हो जाएं, कुछ सेकेंड रुकें, दम ले लें और फिर प्रारंभ करें।

ट्रेंड बाजार

विवाह की संस्था में है रकुलप्रीत को विश्वास

बॉलिवुड अभिनेत्री रकुलप्रीत सिंह का प्यार होने और विवाह की संस्था में विश्वास है। उनका कहना है कि उन्हें समझ नहीं नहीं आता कि लोगों को ये किसी भी प्रकार से दबाव जैसा क्यों लगता है।

रकुल ने बताया, 'मैं अब काफी बदल चुकी हूं। मैं जो थी अब वो नहीं हूं, और अपने लिए प्यार का अर्थ मैं अपने माता-पिता में देखती हूं। मैं पूरी तरह से विवाह नामक संस्था में विश्वास करती हूं। मेरे अनुसार ये बहुत सुंदर होती है। जब आप किसी से प्यार करते हैं तो आप उन्हें हृदय की गहराइयों से प्यार करते हैं। और मैं ऐसी ही हूं।'

इस अभिनेत्री ने ये भी बताया कि किसी लड़के में वो किन गुणों की अपेक्षा करती हैं, 'उसे लंबा होना चाहिये। हील्स पहनकर भी मैं उसे थोड़ा ऊपर ही देख पाऊं। वो बुद्धिमान होना चाहिये और जीवन में उसका कोई लक्ष्य अवश्य होना चाहिये।'

जगदीप के जाने का राजकुमार संतोषी को दुख

निर्माता निर्देशक राजकुमार संतोषी ने बताया कि 'मेरे लिए व्यक्तिगत दुख है। मैं प्रारंभ से ही जगदीप जी का फैन रहा हूं। उन्होंने मेरे पिता की फिल्म 'हम पंछी एक डाल के' में काम किया था। जब मैंने फिल्म 'घायल' उसमें भी उन्होंने एक छोटा रोल किया था लेकिन फिल्म की लंबाई कम करने के लिए उनका सीन हटा दिया गया था। किसी भी फिल्म की कास्टिंग के समय मैं उनके बारे में अवश्य सोचता था।'

फेयरनेस क्रीम के विज्ञापन से अदिति ने किया इंकार

अभिनेत्री अदिति राव हैदरी ने बताया कि उन्होंने अपने कॅरियर के प्रारंभ में एक गोरा बनाने वाली क्रीम का एड करने से मना कर दिया था। उन्होंने बताया, 'हमारी पीढ़ी के सिलेब्रिटीज़ अब समावेशी विश्व बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। अपने कॅरियर के प्रारंभ में मुझे एक गोरेपन संबंधी विज्ञापन का हिस्सा बनने का अवसर मिला था। इससे मुझे काफी फुटेज मिल सकता था और चीजें मेरे लिए कुछ और आसान होती। लेकिन मैंने इस अवसर का लाभ लेना उचित नहीं समझा। मैं ऐसे परिवार से आती हूं जिसमें लोगों को धर्म, जाति, रंग और क्षेत्र या लुक से अलग हटकर समानता के आधार पर रहना सिखाया गया था। ऐसे में मैं किसी भेदभावजनित विज्ञापन का समर्थन कर उसका हिस्सा नहीं बन सकती थी।'

अमित जी और अभिषेक के जल्द ठीक होने की कामना : हेमा

भाषा। मथुरा

बॉलीवुड की ड्रीमगर्ल एवं मथुरा लोकसभा क्षेत्र से सांसद हेमा मालिनी ने अपने शुभचिंतकों को आश्वस्त करते हुए कहा है कि वह पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं और उन्हें कुछ नहीं हुआ है।

अपने वीडियो संदेश में उन्होंने कहा, मुझे मालूम हुआ है कि अमित जी और अभिषेक (बच्चन) कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। लेकिन मुझे पूर्ण विश्वास है कि वे जल्द ही ठीक होकर वापस आएंगे।

मालूम हो कि अमिताभ बच्चन एवं उनके अभिनेता पुत्र अभिषेक बच्चन में कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई है। इसी बीच, एक खबर यह भी आई कि बॉलीवुड अभिनेत्री हेमा मालिनी भी कोरोना संक्रमित हो गई हैं और उन्हें

अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस वजह से उनके स्वास्थ्य को लेकर सवाल उठे तो हेमा मालिनी ने अपने स्थानीय प्रतिनिधि के माध्यम से रविवार को तीन वीडियो क्लिप जारी कर न केवल इस खबर की का खण्डन किया, बल्कि अमिताभ बच्चन एवं उनके पुत्र के कोरोना संक्रमित होने तथा अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी मिलने पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए उनके जल्द ठीक होने की कामना की। उन्होंने कहा, मैं ईश्वर की विशेष अनुकंपा से पूरी तरह ठीक हूं। मुझे कुछ नहीं हुआ है। मैं भली प्रकार से अपने घर पर ही रह रही हूं, किसी अस्पताल में भर्ती नहीं हूं।

बच्चन पिता-पुत्र के बारे में उन्होंने कहा, मुझे यह जानकर दुख हुआ कि अमित जी और अभिषेक जी दोनों संक्रमित हो गए हैं। लेकिन मैं जानती हूं कि उन्होंने बहुत मुश्किलों का सामना किया है और वह कई बार अस्पताल में भर्ती हुए हैं, पर हर बार वह स्वस्थ्य होकर वापसी करते रहे हैं। मालिनी ने कहा, हमारी कामना है कि पिता-पुत्र दोनों ही जल्द स्वस्थ्य होकर घर लौटें।

नेल्सन मंडेला की बेटी जिंजी मंडेला का निधन

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के रंगभेद विरोधी नेता नेल्सन और विनी मंडेला की बेटी जिंजी मंडेला का 59 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। सरकारी टेलीविजन साउथ अफ्रीका ब्रॉडकास्टिंग कारपोरेशन ने बताया है कि मंडेला का सोमवार सुबह जोहानिसबर्ग के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह अपनी मृत्यु के समय डेनमार्क में दक्षिण अफ्रीका

की राजदूत के तौर पर सेवाएं दे रही थीं।

मंडेला की बेटी 1985 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोगों की नजरों में तब आईं जब श्वेत अल्पसंख्यक सरकार ने नेल्सन मंडेला को कैद से रिहा करने की पेशकश की बशर्ते वह रंगभेद के खिलाफ अपने आंदोलन, अफ्रीका नेशनल कांग्रेस, द्वारा की गई हिंसा की निंदा करें। दक्षिण अफ्रीका में उस वक्त रंगभेद का कट्टर भेदभाव प्रभावी था। जिंजी मंडेला ने एक सार्वजनिक बैठक में प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए अपना पत्र पढ़ा था। इस बैठक का प्रसारण दुनिया भर में हुआ था।

> जिंजी मंडेला ने एक सार्वजनिक बैठक में प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए अपना पत्र पढ़ा था। इस बैठक का प्रसारण दुनिया भर में हुआ था।

अभिनेत्री दिव्या चौकसे का निधन

मुंबई। अभिनेत्री-गायिका दिव्या चौकसे कैंसर से डेढ़ साल से चल रही जंग हार गईं और रविवार को उनका निधन हो गया। वह 28 साल की थीं।

दिव्या की पहली फिल्म है अपना दिल तो आवारा (2016) में उनके साथ काम कर चुके निर्देशक मंजोय मुखर्जी के अनुसार अभिनेत्री ने अपने गृहनगर भोपाल में अंतिम सांस ली।

मुखर्जी ने बताया, वह करीब डेढ़ साल से कैंसर से जूझ रही थीं। वह सही हो गई थीं, लेकिन कुछ महीने बाद कैंसर फिर उभर गया। इस बार वह उबर नहीं सकीं। आज सुबह भोपाल में उनका निधन हो गया।

अमित साध की कोविड-19 जांच रिपोर्ट निगेटिव आई

मुंबई। अभिनेता अमित साध ने सोमवार को कहा कि कोविड-19 की जांच रिपोर्ट में वह संक्रमित नहीं पाए गए हैं। उन्होंने अपने प्रशंसकों को उनकी दुआओं के लिए धन्यवाद दिया। रविवार को साध ने ट्वीट किया था कि वे बिल्कुल ठीक हैं लेकिन एहतियातन कोविड-19 की जांच कराएंगे।

गौरतलब है कि शनिवार को महानायक अमिताभ बच्चन और उनके बेटे अभिषेक बच्चन कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं।

कुछ दिन पहले 44 वर्षीय अभिषेक और साध एक साथ अपने नए शो ब्रीथ:इनटू द शैडोज के लिए डब करते नजर आए थे।

अमित ने सोमवार को ट्वीट किया, आपकी दुआओं और चिंता के लिए आप सभी का धन्यवाद। यह पहली बार है जब मैं खुशी से कह सकता हूं कि मैं निगेटिव हूं। इससे जूझ रहे लोगों के लिए मैं प्रार्थना करुंगा। आप सभी को मेरा प्यार। एक साथ रहकर ही मजबूती से हम इसका सामना कर सकते हैं।

सोनू सूद ने मारे गए, घायल प्रवासियों के 400 से अधिक परिवारों की मदद करने का लिया संकल्प



मुंबई। अभिनेता सोनू सूद ने कोरोना वायरस के कारण लागू लॉकडाउन में मारे गए और घायल हुए प्रवासी मजदूरों के 400 से अधिक परिवारों की आर्थिक मदद करने का संकल्प लिया है। फिल्म दबंग के अभिनेता ने उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड सहित विभिन्न राज्यों के अधिकारियों के साथ संपर्क किया और लॉकडाउन में जान गंवाने वाले प्रवासी मजदूरों का पता और बैंक विवरण लिया। सूद ने एक बयान में कहा, मैंने मारे गए या घायल हुए प्रवासियों के परिवारों के सुरक्षित भविष्य के लिए मदद करने का फैसला किया है। मुझे लगता है कि उनकी मदद करना मेरी व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। सूद हजारों प्रवासियों को उनके गृह राज्यों में पहुंचाने के लिए परिवहन की व्यवस्था कर रहे हैं। पिछले महीने, अभिनेता ने 300 से अधिक प्रवासी श्रमिकों को गृह राज्य भेजने में मदद करने के लिए चार्टर्ड विमानों की व्यवस्था की थी।

> मुझे लगता है कि उनकी मदद करना मेरी व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। मैं हजारों प्रवासियों को उनके गृह राज्यों में पहुंचाने के लिए परिवहन की व्यवस्था कर रहा हूं।

'टीम के रूप में परदे पर महिलाओं का चित्रण महत्वपूर्ण'

> 'मेरे विचार से परदे पर महिलाओं का टीम के रूप में एकजुट होना और समस्याओं का समाधान करना महत्वपूर्ण परिवर्तन है क्योंकि महिलाएं अपने वास्तविक जीवन में हर दिन यही करती हैं।'

हॉलिवुड अभिनेत्री नाओमी स्कॉट का कहना है कि परदे पर महिलाओं को एकजुट होकर टीम के रूप में काम करते दिखाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया, 'मेरे विचार से परदे पर महिलाओं का टीम के रूप में एकजुट होना और समस्याओं का समाधान करना महत्वपूर्ण परिवर्तन है क्योंकि महिलाएं अपने वास्तविक जीवन में हर दिन यही करती हैं।' यही कारण है कि हाल के चार्लीज़ एंजेल्स के नए दृष्टिकोण वाले नए संस्करण उनके लिए महत्वपूर्ण हैं। स्कॉट इससे पहले एलिजाबेथ बैंक्स के निर्देशन तथा क्रिस्टेन स्टीवर्ट तथा एला बैलिंस्कावाली के साथ उनकी पहली फिल्म में काम कर चुकी हैं।

सीबीएसई इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित

विद्याज्ञान के इण्टरमीडिएट के मेधावी

स्टडी वेल पब्लिक स्कूल के इण्टरमीडिएट के मेधावी

सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के इण्टरमीडिएट के मेधावी

'विद्या के ज्ञान' से जिला टॉपर बने अनुराग-कविता

अनुराग

कविता

संवाददाता। सीतापुर

बोर्ड इण्टरमीडिएट परीक्षा परिणाम सोमवार को जैसे ही घोषित हुआ। छात्र-छात्राओं के चेहरों पर मुस्कान तैर गई। परीक्षाफ्ल में पिछले कई वर्षो की भांति इस वर्ष भी सुरैंचा स्थित विद्याज्ञान स्कूल का दबदबा रहा और जिले को टॉप-3 छात्र-छात्राएं यहीं से निकले। अनुराग तिवारी व कविता यादव ने 98.20 प्रतिशत अंको के साल जनपद में संयुक्त रूप से पहला स्थान, चांदनी सिंह व संघमित्रा मौर्या ने 97.60 प्रतिशत अंको के साथ जनपद में संयुक्त रूप से दूसरा एवं अभय दीक्षित व सुरमई तिवारी ने 97.20 प्रतिशत अंको के साथ जनपद में संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिले की टॉप-10 लिस्ट में ज्यादातर होनहार विद्याज्ञान स्कूल के ही रहे। इंटरमीडियट परीक्षा में जिले के 1269 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें 1246 उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार जनपद का परीक्षाफ्ल 98.19 प्रतिशत रहा।

महर्षि विद्यालय के मेधावी

विनीत कुमार सिंह 96 प्रतिशत
अभय रावत 95 प्रतिशत
नवनीत वर्मा 94 प्रतिशत
प्रशान्त भारती 94.2 प्रतिशत
लक्ष्य महावर 92.4 प्रतिशत

लखनऊ पब्लिक स्कूल के इण्टरमीडिएट के मेधावी

सेक्रेडहार्ट इंटर कॉलेज के मेधावी...

ये हैं सीबीएसई इंटर के टॉपर

अनुराग तिवारी	98.20	विद्याज्ञान	प्राची पटेल	96.20	विद्याज्ञान
कविता यादव	98.20	विद्याज्ञान	पल्लवी	96.20	विद्याज्ञान
चांदनी सिंह	97.60	विद्याज्ञान	अवनी भार्गव	96.20	स्टडीवेल पब्लिक स्कूल
संघमित्रा मौर्या	97.60	विद्याज्ञान			
सुरमई तिवारी	97.20	विद्याज्ञान			
अभय दीक्षित	97.20	विद्याज्ञान	नंदिनी गुप्ता	96.20	सिंघानिया एजूकेशन
रोली द्विवेदी	97.00	विद्याज्ञान			
भव्या शुक्ला	97.00	विद्याज्ञान	अनिकेत शर्मा	96.20	एल्पिस ग्लोबल बिसवां
संदीप कुमार	97.00	विद्याज्ञान			
वैभवी श्रीवास्तव	97.00	केन्द्रीय विद्यालय	कामाक्षी शर्मा	96.20	एलपीएस सीतापुर
वर्षा सिंह	96.80	विद्याज्ञान			
आकाश सिंह	96.80	विद्याज्ञान	सत्यम कुमार पांडेय	96.20	एल्पिस ग्लोबल
मीनाक्षी यादव	96.80	विद्याज्ञान			
आरती राज	96.80	ज व ा ह र नवोदय खैराबाद	दीक्षा मौर्या	96.00	विद्याज्ञान
			रितेश राजपूत	96.00	विद्याज्ञान
क्षमा सिंह	96.60	विद्याज्ञान	वैभव मौर्या	96.00	विद्याज्ञान
मनोज सिंह	96.	विद्याज्ञान	निर्भय कुमार	96.00	विद्याज्ञान
भव्या पांडेय	96.60	सुमित्रा मार्डन	विनीत दीक्षित	96.00	महर्षि विद्या मंदिर
आर्यन तिवारी	96.40	विद्याज्ञान	जैसमीन कौर	96.00	केन्द्रीय विद्यालय
अंशिका	96.40	विद्याज्ञान			
सुबोध कुमार मार्डन	96.40	स ु म ि त्रा	इशिता कोहली	96.00	स्टडीवेल पब्लिक स्कूल
श्रृष्टि शुक्ला	96.40	सेक्रेड हार्ट			
ओजस्वी पांडेय	96.40	सिंघानिया एजूकेशन	अमृता मल्ल	95.80	विद्याज्ञान
			दीपिका तिवारी	95.80	विद्याज्ञान
शुभम	96.40	जवाहर नवोदय खैराबाद	आयुष कुमार	95.80	स्ट डी वे ल पब्लिक स्कूल
			संदेश सिंह	95.80	सेक्रेड हार्ट
कुनाल मिश्र	96.40	स्टडीवेल पब्लिक स्कूल	प्लाक्षा श्रीवास्तव	95.80	सेक्रेड हार्ट
			सलोनी तिवारी	95.80	सेक्रेड हार्ट

क्विक न्यूज

दरोगा और दीवान किए गए निलंबित

तालगांव सीतापुर। तालगांव थाना क्षेत्र में गोमांस बरामद होने के मामले में एसपी आरपी सिंह ने हल्का इंचार्ज त्रिभुवन कुमार व दीवान संजय प्रताप को निलंबित कर दिया है। बता दें कि रविवार को इमलिया गांव में गोमांस मिला था। जिसमें तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार भी किया गया था। लेकिन श्रावण माह में इस प्रकार की घटना होने से ग्रामीणों में रोष था। जिसके चलते एसपी ने यह कार्रवाई की।

कच्ची दीवार ढहने से मासूम की जान गई, दो जख्मी

मछरेहटा सीतापुर। थाना मछरेहटा इलाके में एक कच्ची दीवार अचानक भरभरा कर गिर गई। जिसके मलबे में एक 12 वर्षीय बच्ची की दबकर मौत हो गई। क्षेत्र के गांव मंसूरनगर निवासी अलीमुद्दीन की 12 वर्षीय बेटी महनाज, गांव की 10 वर्षीय निशा पुत्री हामिद और 12 वर्षीय माहिदा पुत्री वकरुद्दीन के साथ खेल रही थी अलीमुद्दीन के घर में बनी कच्ची दीवार गिरी तो मलबे में दबकर महनाज की मौत हो गई। वहीं निशा और माहिदा का इलाज जारी है।

कांग्रेस कार्यकर्ता की मौत या हत्या!

लहरपुर सीतापुर। दो दिन पूर्व संदिग्ध हालातों में लापता हुए कांग्रेस कार्यकर्ता का शव बाराबंकी क्षेत्र में पल्होपुर के पास नहर में उतराता मिला। जिसकी बाइक लहरपुर क्षेत्र में निकली नहर में मिली और मोबाइल सूर्यकुंड से बरामद हुआ रहस्यमयी तरीके से गायब होने के बाद इस प्रकार शव, बाइक और मोबाइल बरामद होना कई सवाल खड़ा कर रहा है। बता दें कि शहनवाज उर्फगोलू (28) पुत्र शरीफनिवासी मो. आजादनगर लहरपुर वर्ष 2014 में लहरपुर का नगर अध्यक्ष रह चुका था। इस वक्त वह कांग्रेस कार्यकर्ता रहा था। बीते शुक्रवार को वह अपने घर से बाइक पर सवार होकर निकला था। जिसके बाद उसे पड़ोस के मोहल्ला शाकुलीपुर में देखा गया था जहां वह गेम खेल रहा था। एक फोन आने पर उठकर चला गया था जिसके बाद वापस नहीं और उसके भाई जावेद ने तहरीर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। रविवार को उसका शव बाराबंकी क्षेत्र पल्होपुर इलाके से निकली नहर में मिला उसकी आपचे बाइक लहरपुर नहर के पास मिली और मोबाइल सूर्यकुंड के पास मिला। इलाके के लोगों ने हत्या की आशंका जताई। कोतवाल लहरपुर ओपी राय ने बताया कि मामले में अभी तक कोई आरोप की तहरीर नहीं मिली है। शव का पीएम बाराबंकी पुलिस द्वारा कराया जा रहा है। कार्रवाई जारी है।

चोरों ने उड़ाया लाखों का माल

सांडा सीतापुर। पुलिस चौकी सांडा क्षेत्र के गांव भवानीपुर मजरा बोहरा में रविवार रात चोर घर का दरवाजा खोल कर कमरे में रखी अलमारी का दरवाजा तोड़कर हजारों की नगदी व जेवर लेकर फरार हो गए राजेंद्र पुत्र महंगे राम ने बताया कि वह रविवार रात घर के सभी लोग छत पर सो रहे थे खिड़की के रास्ते से घर में घुसकर चोर कमरे में रखी अलमारी का दरवाजा तोड़कर सोने का हार झाला, मांग बिंदी नथुनी दो अंगूठी डेढ़ तोले की चेन और 64 हजार की नकदी बर्तन और कपड़े भी उठा ले गए। राजेंद्र ने चौकी में तहरीर दी है।

मारपीट में घायल युवक ने दम तोड़ा

हरगाँव सीतापुर। हरगाँव थाना क्षेत्र के नया गाँव मजरा पीरोजपुर में रविवार शाम आपसी विवाद के चलते हुई मारपीट में 22 वर्षीय युवक अखिलेश पुत्र राम गुलाम गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसको तत्काल परिजनों ने सीएचसी हरगाँव में भर्ती कराया जहाँ से उसे जिला अस्पताल सीतापुर रेफर कर दिया गया जहाँ पर रविवार को ईलाज के दौरान अखिलेश की मृत्यु हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजकर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप तिवारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

युवक की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या का आरोप

हरगांव सीतापुर। हरगाँव थाना क्षेत्र के परसेहरानाथ गांव निवासी अजीत (25) पुत्र वीरेन्द्र की विषाक्त पदार्थ के सेवन से संदिग्ध हालात में रविवार को मृत्यु हो गई। मृतक की शादी लगभग 7 वर्ष पूर्व कानाखेड़ा निवासी श्रीराम की पुत्री मंजू देबी के साथ हुई थी। मृतक की पत्नी एवं पिता ने गाँव के दो लोगों पर आरोप लगाया है कि दो माह पूर्व गाँव के दो लोगों से विवाद हुआ था जहरीला पदार्थ पिला कर हत्या कर दी गई है। किन्तु कोई भी तहरीर हरगाँव पुलिस को नही दी गई है थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप तिवारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।

विधायक ने किया पंचायत भवन का शिलान्यास

सीतापुर। विधायक ज्ञान तिवारी ने कहा कि भाजपा ने देश में शौचालय, बिजली, सड़क आदि पर कार्य कर देश को आगे बढ़ाने का काम किया है। सेवता विधानसभा की सभी बड़ी समस्याओ के समाधान पर विचार किया जा रहा है, इनको जल्द की खत्म किया जायेगा। विधायक ने बाढ़ प्रभावित रेउसा ब्लॉक के ग्राम असईपुर में पंचायत भवन का शिलान्यास किया। इस दौरान हवन पूजन का आयोजन किया गया, जिसके बाद विधि विधान के साथ पंचायत भवन का शिलान्यास किया गया। इस दौरान उन्होंने केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि बिजली आने के समस्या का समाधान होगा। विधायक ने कहा सपा सरकार में 6 जनपद वीआईपी थे, जिनको बिजली मिल रही थी, लेकिन अब पूरा उत्तर प्रदेश जगमग हो रहा है और प्रत्येक उपभोक्ता बिजली का भुगतान करता है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यो में पादर्शिता लाते हुए अब गांव में 18, कस्बे में 20, तहसील स्तर पर 22 तथा जनपद में 24 घंटे बिजली दी जा रही है। सेवता के बहुत गांव बिजली से महरूम थे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,मुख्यमंत्री योगी ने सभी गांवों को बिजली से जोड़ा है। भाजपा का उद्देश्य सबका साथ सबका विकास है। स्वच्छता के मामले में शौचालयों का निर्माण कराया गया। आगामी समय मे प्रत्येक ग्रामसभा में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने कहा प्रत्येक ग्राम सभा मे पंचायत भवन के लिए जो मांग की गई थी, उसको पूरा किया गया है। अब हर ग्रामसभा में पंचायत बिल्डिंग बनेगी जहाँ से सब कार्य एक ही जगह पर आसानी से हो सकेंगे। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश मिश्रा, प्रधान शिवबरन शुक्ल, अशोक बाजपेयी, पिंकू बाजपेई, ज्ञानेश,वेदप्रकाश आदि मौजूद रहे।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में फैलने लगी है संक्रामक बीमारी

सीतापुर-बाढ़ का पानी घुस रहा गांव में

सीतापुर। सीतापुर के गांजरी क्षेत्र में अब शारदा व घाघरा नदियां बाढ़ व कटान की तबाही के साथ ही संक्रामक बीमारियां भी फैलानी लगी हैं। तटवर्ती रिहायशी इलाकों में नई मुसीबत खड़ी होने लगी है। दरअसल तहसील लहरपुर के गांव नकहा, सेतुही व मीतमऊ में बुखार फैल गया है। बुखार प्रभावित गांवों में सेहत महकमे की टीम नहीं पहुंची है, हैण्डपम्प बाढ़ के पानी में डूब गए हैं। ऐसे में ग्रामीणों के समक्ष स्वच्छ पेयजल की समस्या भी खड़ी हो गई है। महमूदाबाद तहसील के गांव कनरखी, बलेश्वरपुरवा, चतधारी, अर्जुनपुरवा व चन्द्रिकापुरवा भी पानी से घिर गए हैं। उधर घाघरा खतरे से महज 15 सेंटीमीटर दूर है।

जिला मुख्यालय समेत तहसीलों में बने बाढ़ आपदा कंट्रोल रूम

सीतापुर। बाढ़ एवं अन्य आपदाओं के संबंध में राहत एवं बचाव हेतु जिला व तहसील स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए। जिलाधिकारी अखिलेश तिवारी बताया कि बाढ़ तथा अन्य आपदाओं के संबंध में राहत एवं बचाव हेतु जिला व तहसील स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नं0-05862-245753, 05862-240009, 9454417631, 7217245000, तहसील लहरपुर 05862-254654, तहसील बिसवां 05863-233234, तहसील महमूदाबाद 05864-252928, तहसील मिश्रिख 05865-222002, तहसील सिधौली 05864-273254, तहसील सदर 05862-273090, तहसील महोली 05861-235035 है। उक्त सभी दूरभाष नम्बर-247 क्रियाशील हैं तथा बाढ़ व अन्य आपदा संबंधी कोई भी सूचना उपरोक्त नम्बरों पर दी जा सकती है।

दहशतः बदमाशों ने असलहे की नोंक पर परिवार को बनाया बंधक, की लूटपाट

संवाददाता। कचनार/ऐलिया सीतापुर

- इमलिया क्षेत्र की घटना, पुलिस जांच में जुटी, एक नामजद युवक को हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ

थाना इमलिया सुल्तानपुर पुलिस की लचर कार्यशैली का सशस्त्र बदमाशों ने जमकर फायदा उठाया और असलहे की नोंक पर एक परिवार को बंधक बनाकर घर में रखा सामान लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। इससे पूर्व भी इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र में चोरियों की वारदात हुई थी जिसका खुलासा करने में पुलिस असफल रही थी। प्रमोद पुत्र विशेश्वर निवासी गांव रामेश्वरपुर ने तहरीर देकर बताया कि दीवार फांद कर करीब 7 लोग घर में घुसे और पूरे परिवार को असलहे की नोंक पर बंधक बनाकर कमरे में रखा 1 जोड़ी कान का झाला, सोने का कान का बुंदा, सोने की हाथ घड़ी, एक चाबी का गुच्छा चांदी 11 हजार नगद एक चांदी की थाली दो लोटा माल के एक फूल का बेलवा चार थाली फूल की आदि सामान बटोर ले गए। परिवार के लोगों का कहना है कि इन लोगों के हाथ में असलहा था और हम लोगों को बंधक बना कर लूटपाट की और धमकाया कि यदि शोर शराबा करोगे तो जान से जाओगे सुबह होते ही घर वालों ने चौकी काजीकमालपुर इंचार्ज शशांक पांडे को तहरीर दी। थानाध्यक्ष मनोज यादव, सीओ सदर एमपीं सिंह ने घटनास्थल पर जाकर जांच की और बताया कि पहले तो अज्ञात लोगों के खिलाफतहरीर दी गई थी जिसके बाद कुछ लोगों को नामजद किया गया। मामला संदिग्ध लगा रहा है। जिस युवक पर आरोप था उसको हिरासत में लिया गया है। पीड़ित की तहरीर पर जांच कर केस भी दर्ज किया जाएगा और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

103 हुई कुल मरीजों की संख्या, एक्टिव केस 38

चश्मा कारोबारी मिला कोरोना पॉजिटिव

- महोली का दुर्गापुर मिश्रिख का इस्लामनगर बना हॉटस्पाट, खैराबाद की महिला ने जीती कोरोना से जंग

सीतापुर। सोमवार को राहत भरी खबर यह रही कि लगातार फूट रहे कोरोना बमों की रफ्तार कम हुई, कोरोना का एक मामला महोली से प्रकाश में आया। खैराबाद की एक महिला ने कोरोना से जंग जीत ली है। एल-1 से उसे डिस्चार्जकर होमक्वारंटाइन किया गया। महोली के एक चश्मा व्यापारी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। उन्होंने अपनी जांच लखनऊ में कराई थी और लखनऊ के ही अस्पताल में भर्ती हैं। कस्बे में दुर्गापुर में संक्रमित के घर की 250 मीटर एरिया को कन्टेनमेंट कर दिया है। जनपद में कोरोना संक्रमितों की संख्या शतक पार कर गई है। जनपद में 103 कोरोना पीड़ित हो गए हैं। इनमें से 38 एक्टिव हैं, एक की मौत भी हो चुकी है। वहीं हरदोई में तैनात मिश्रिख इस्लामनगर निवासी डाककर्मी के मोहल्ले को भी हॉटस्पाट बनाया गया है।

नोडल अधिकारी ने किया निरीक्षण

लहरपुर सीतापुर। नोडल अधिकारी कोविड-19 कुमार विनीत ने चिकित्सकों को जुकाम, बुखार व खांसी को हल्के में न लेने की हिदायत दी है। सीएचसी रामपुरमथुरा का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि जुकाम, बुखार व खांसी से पीड़ित मरीजों के इलाज में लापरवाही न बरती जाए। नोडल अधिकारी ने डिलवरी रूम, पैथालॉजी, रजिस्टर, दवाई वितरण, शौचालयों का हाल भी देखा। उन्होंने अस्पातल परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, मरीजों व तीमारदारों को मास्क का प्रयोग कराने के साथ ही अन्य व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के निर्देष सीएचसी अधीक्षक को दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम महमूदाबाद गिरीश झा, सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुषील वर्मा, डॉ. दीपक भदौरिया, डॉ. अवधेष वर्मा व डॉ. लक्ष्मी नारायण आदि मौजूद रहे।

औचक निरीक्षण में डीएम को

कलेक्ट्रेट में नहीं मिला कोविड का पालन

- विकास भवन, ट्रेजरी में सिंगल एंट्री प्वाइंट बनाने के दिए निर्देश

संवाददाता। सीतापुर

डीएम अखिलेश तिवारी कलेक्ट्रेट, तहसील परिसर व विकास भवन के साथ ही बाजार का निरीक्षण करने के दौरान कहीं गरम तो कहीं नरम नजर आए। उन्होंने ट्रेजरी अफसर जान्हवी मोहन को एंट्री प्वाइंट पर सेनेटाइजर व थर्मलस्कैनर के साथ ही पल्सआक्सीमीटर रखने और डीडीओ को विकास भवन में एक ही प्रवेश द्वार बनाने का निर्देश दिया। डीएम ने बिना मास्क लगाए दुकान पर बैठे स्टांप वेंडर कृष्ण बिहारी मिश्रा की दुकान बंद करवा दी। वहीं दूसरी ओर डीएम ने लालबाग चौराहे के निकट खुली पान मसाला की दुकान भी बंद करवाई। इसीबीच चौराहे पर अन्नपूर्णा सेवा संस्थान के अध्यक्ष अनिल द्विवेदी, व्यापारी नेता सुनील टण्डन और अनिल भार्गव आ गए। उन्होंने डीएम से मिनी लॉकडाउन में दुकानें खोलने को लेकर स्पश्ट निर्देष जारी करने की मांग की है। इस पर जिलाधिकारी बोले कि अभी शनिवार दूर है, तब तक गाइड लाइन जारी कर दी जाएगी।

सीतापुर-निरीक्षण करते डीएम अखिलेष तिवारी

बैनामा विवाद में चली गोली, दो वकील घायल

अपने नाम कराने को लेकर खरीदार पक्ष के लोग भिड़े

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी।

सोमवार की सुबह तहसील परिसर गोलियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। चारों ओर अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में पहुंची पुलिस ने दो को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। जबकि मुख्य आरोपी असलहा लहराते हुए तहसील से फरार हो गये। घटना से आक्रोषित अधिवक्ताओं ने हड़ताल का ऐलान किया। मौके पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी रवींद्र कुमार वर्मा ने अधिवक्ताओं का समझा-बुझाकर शांत कराया।

जानकारी के तहसील गोला में सोमवार को सुबह डेढ़ डिसमिल जमीन का बैनामा होना था। जमीन के मालिक रामनरेश ने इसे बेंचने की अनुमति भी जिलाधिकारी खीरी से ली थी। जमीन के मालिक रामनरेश निवासी धौरहरा खुर्द को खरीददार सरदार हरभजन सिंह निवासी बांकेगंज खीरी के पक्ष में बैनामा करना था। इस बीच सरदार हरभजन सिंह के भतीजे सुखपाल सिंह, बलदेव सिंह पुत्रगंण करनैल सिंह निवासी बांकेगंज आ गए। उन्होंने अपने पक्ष में बैनामा कराने को लेकर कहासुनी और बाद में गाली-गलौज व तमंचे से गोली चलानी शुरू कर दी जिससे तहसील में अफरा-तफरी मच गई। घटना में अधिवक्ता नरेश सिंह भदौरिया व सरोज कुमार घायल हो गये। मुख्य आरोपी असलहा लहराते हुए तहसील से फरार हो गये जिनका पीछा कुछ अधिवक्ताओं ने किया पर कामयाब न हो सके। मौके से पुलिस ने दो सिखों को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। इसी के साथ दो कारें व दो बाइकें बरामद कर थाने ले आई है। घटना से आक्रोषित सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष लाल बिहारी वर्मा ने तहसील में मोर्चा निकालकर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किये। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में आपरेशन क्लीन चलाया जा रहा है पर गोला में अपराधियों को संरक्षण दिया जा रहा हैं। अधिवक्ता भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के हित के लिए जी जान से लड़ूंगा। इसी के साथ उन्होंने आरोपियों पर गैगेंस्टर लगाने की मांग की। कार्यवाही न होने तक कामकाज बंद करने का ऐलान भी किया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी रवींद्र कुमार वर्मा ने बताया कि मुख्य आरोपी फरार है जिनको पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है। शीघ्र ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा। पुलिस ने सुखपाल व करनैल सिंह सहित आठ-दस अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

फरार अभियुक्त गए जेल

गोला गोकर्णनाथ खीरी। रविवार को नगर के मोहल्ला ऊंची भूड़ निवासी प्यार के नाम पर शारीरिक एवं मानसिक शोषण किये जाने से एक बालिका ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर तीन को जेल भेजा था। जबकि दो अभियुक्त फरार थे पुलिस ने सोमवार को जाहिद और शाहिद को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।,

नामांकन पत्र जमा जांचे गए

संवाददाता। मितौली-खीरी

अधिवक्ता बार एसोसिएशन मितौली की वर्ष 2020 के चुनाव कार्यक्रम पूर्व नियोजन के अनुसार नामांकन पत्रों की बिक्री एवं भरे नामांकन पत्रों को जमा करने का कार्य समय 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया गया। इसमें सभी पदों के लिए एकल नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं जिनकी जांच 14 जुलाई 2020 को होना सुनिश्चित है। नामांकन पत्र इस प्रकार हैं:अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोहन लाल वर्मा, महामंत्री अजय कुमार मिश्र, संयुक्त मंत्री शरद यादव, संयुक्त मंत्री आनंदपाल सिंह, कोषाध्यक्ष दिवाकर नाथ श्रीवास्तव, गवर्नर काउंसिल सुरेंद्र नाथ, गवर्निंग काउंसिल मुकेश कुमार अवस्थी, पप्पू सिंह चौहान व हेमनाथ पद हेतु नामांकन कराये गये। एकल नामांकन पत्र होने से सभी पदो के लिए तय माना जाये।

कोरोना को लेकर शुक्लापुर सील

मोहम्मदी-खीरी। आज नगर में फिर कोरोना बम फूटा। जिसके चलते लोगों में चिंता की लकीरें साफ दिखाई दीं। शुक्लापुर में पाजिटिव निकला युवक स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हैं। सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार ज्ञान प्रकाश सिंह, डा. धर्मेंद्र वर्मा, कस्बा इंचार्ज जसपाल सिंह, लेखपाल दीपक वर्मा सहित पूरी टीम शुक्लापुर पहुंची। वहीं लैब टेक्नीशियन सत्यमान धीवान द्वारा 10 लोगों का सैंपल लेकर लखीमपुर भेजा गया है। परिवार के अन्य सदस्यों को होम कोरनटाइन किया गया है। उप जिलाधिकारी स्वाति शुक्ला ने बताया कि पूरे जोन को ढाई सौ मीटर की परिधि में सील कराया जा रहा है। सभी से सहयोग करने का अनुरोध किया गया है। वहीं उन्होंने कहा कि जरूरत की सामग्री के लिए पास जारी किए जा रहे हैं। वही इस क्षेत्र में दूध, सब्जी, फल तथा किराना का सामान घर-घर पहुंचाने का काम करेगा।

लॉकडाउन ने आम की बाग के मालिकों का किया बड़ा नुकसान

मोहम्मदी-खीरी। कोरोना वायरस के बढ़ते मामले को देखते हुए अचानक सरकार के फैसले पर पूरे प्रदेश में लाकडाउन होने की वजह से आम के बागों में भारी नुकसान हुआ है। परंतु कुदरत के आगे सब मजबूर हैं। जहां एक बाग में प्रतिदिन 150 से 200 क्विएट डाल का चुआन होता था। कस्बे व शहर में मंडी में आढ़त पर उसकी बिक्री होती थी तथा दूसरे शहरों में मोहम्मदी के दशहरी सहित अन्य आमों की काफी मांग रहती थी। अचानक 10 तारीख से लाकडाऊन का ऐलान होने के कारण जहां बाग मालिकों के दिलों की धड़कन बढ़ गयी। वहीं आम न अपने शहर में बिक पाया और कहीं बाहर भी नहीं जा पाया। बाग मालिक इस अचानक हुऐ लाकडाउन के नुकसान से बहुत ज्यादा परेशान हैं। जिसने एक बागमान दलवीर खान से बात हुई तो उन्होंने बताया कि हमारे ही बाग में लगभग 70 कुंटल माल सड़ रहा है। जिनके पास अभी भी 8 या 10 बाग मौजूद हैं। उनकी स्थिति और ज्यादा खराब है। एक तो नुकसान और दूसरा आम सड़ता जा रहा है। मोटी रकम लगाकर बाग खरीदते हैं। दवाई, स्प्रे, जुताई, खाद, पानी काफी खर्च करने के बाद उधार और कर्ज भी लेना पड़ जाता है। तब जाकर आम को तैयार कर पाते हैं और अब जब उससे पैसा खाली करने का सही टाइम आया तो स्थिति यह हुई कोरोना मरीजों की बढ़ती संख्या देखते हुए शासन द्वारा 10 तारीख से लाकडाउन का आदेश जारी कर दिया। उस वजह से माल बेचने के सभी रास्ते बंद हो गए। इससे बहुत ही ज्यादा बागमान परेशान है। उन्होंने शासन व प्रशासन से अपील की है कि बागमानों के लिए भी कोई रास्ता निकाला जाए जिससे इस नुकसान से बचा जाऐ।

महिला ने किया विषपान, मौत

ओयल-खीरी। कस्बा क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी विवाहिता ने अज्ञात कारणों के चलते बीती साम छह बजे विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया जिसकी इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार थाना खीरी की रिपोर्टिंग पुलिस चैकी ओयल अन्तर्गत मोहल्ला अम्बेडकर नगर चमरौधा निवासी डा. ब्रिजेश गौतम ने बताया कि उसकी पत्नी सुनीता देवी (35) ने बीती शाम अज्ञात कारणों के चलते किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर जब जानकारी हुई तो तत्काल उसे 108 एम्बूलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। वहीं चौकी इंचार्ज दिलीप प्रजापति ने बताया कि मामले की जानकारी मिली थी। अभी महिला की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। रिपोर्ट आने पर कारण साफ हो पायेगा। मृतका के एक बालिका समेत तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं।

पलिया नगर के वार्डों का किया गया निरीक्षण

सफाई, सेनेटाइजेशन पर दिया गया जोर

संवाददाता। पलिया कलां-खीरी

नगर पालिका परिषद के विभिन्न वार्डों में वेक्टर जनित रोगों के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान का मंडलायुक्त/नोडल अधिकारी मुकेश कुमार मेश्राम ने निरीक्षण किया। जिसमें मुख्य चौराहा, सिंगहिया, सीओ आफिस, पुराना बस अड्डा, पुलिस चौकी चैराहा, सिनेमा चौराहा व विभिन्न सड़कों व नालियों आदि की साफ-सफाई का निरीक्षण करने के साथ नगर में होने वाली फागिंगए ऐन्टीलार्वा, सोडियम हाइपोक्लोराइड व मैलाथियान आदि के छिड़काव व सेनेटाइजेशन की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद ने बताया कि नगर पालिका द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान की कार्य योजना तैयार कर सभी वार्डो में साफसफाई करायी जा रही है। नगर में कुल 25 वार्ड में जिसमें 150 सफाई कर्मचारी लगे है। वर्षा काल में संक्रामक बीमारियों को देखते हुए स्वच्छताध्सेनेटाईजेशन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जलभराव न हो इसके लिये नगर के समस्त नाले/नालियों की विशेष सफाई करायी गयी है। तदुपरान्त नियमित रूप से ब्लीचिंग पाउडरए एण्टीलार्वा एवं सोडियम हाइपोक्लोराइड का स्प्रे मशीन द्वारा छिड़काव कराया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी द्वारा बताया गया कि कोविड-19 के प्रकोप को देखते हुए दो टेऊक्टर चलित स्प्रे मशीन व 10 अन्य छोटी स्प्रे मशीन की व्यवस्था की गयी है। जिससे नियमित रूप से इस अभियान के दौरान भी सम्पूर्ण नगर में सेनिटाईजेशन आदि होता रहे तथा फागिंग भी करायी जा रही है ताकि संक्रामक रोगों के प्रकोप से बचा जा सके। नोडल अधिकारी ने नगरवासियों से पूछताछ के दौरान सफाई व्यवस्था एवं कूड़ा कलेक्शन नगर पालिका द्वारा नियमित रूप से कराये जाने की पुष्टि की। साथ ही निर्देश दिये कि स्वच्छता अभियान के वक्त कुछ दिनों तक ही सीमित न रहे बल्कि वार्डवार रोस्टर बनाकर नियमित रूप से सफाई की जाय तथा इसकी जानकारी जनसामन्य को भी उपलब्ध कराई जाय। इस दौरान डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, एसडीएम पूजा यादव व सीओ कुलदीप कुकरेती सहित नगर पालिका के ईओ मौजूद रहे।

शाहजहांपुर में कोरोना के दस और केस

स्वास्थ्य विभाग में हलचल तेज

संवाददाता। शाहजहांपुर

जिले में सोमवार को कोरोना संक्रमण के 10 पॉजिटिव मरीज मिलने से स्वास्थ्य विभाग में हलचल तेज हो गई इसके साथ ही जिले में अब कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या 195 हो गई जिनमे एक्टिव मरीज 65 है जबकि 130 का दूसरा टेस्ट निगेटिव आने के बाद इनको छुट्टी देकर घर भेजने की जानकारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीयों ने दी । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एस पी गौतम ने जानकारी देते हुए बताया सोमवार को शहर की आर्य नगर कालोनी में महिला(38) व उसके दसवर्षीय पुत्र में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई स्वाथ्य विभाग की टीम ने सैम्पिल लेकर जाँच के 09 जुलाई को लिए भेजा था ,महिला व उसका पुत्र परिवार में कोरोना संकर्मित व्यक्ति के सम्पर्क में आया था इसके साथ ही ब्लाक जलालाबाद में महिला हेल्थ केयर वर्कर (26) में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है । जबकि मेडिकल कालेज कैम्पस के रहने वाली महिला हेल्थ केयर वर्कर व पुरुष हेल्थ केयर वर्कर जाँच के उपरांत कोरोना पॉजिटिव पाए गए ब्लाक कटरा के मोहल्ला कायस्थान में हुई रेंडम सैम्पिंग में पति (38) व पत्नी (36) की जाँच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है जबकि ब्लाक जैतीपुर में पैतीस वर्षीय महिला को कई दिन से बुखार था स्वास्थ्य विभाग ने सैम्पिल लेकर जाँच के लिए भेजा था सोमवार को आई रिपोर्ट में महिला में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई इसके साथ ही नगर के मोहल्ला अंटा चौराहा में माजार के पास ब्रेन टीबी से पीड़ित युवती (28) की जांच रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई जबकि ब्लाक निगोही में युवक (28) में कोरोना संक्रमण की पुष्टि की जानकारी स्वास्थ्य विभाग ने दी स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए सभी कोरोना पॉजिटिव मरीजों को कोविद अस्पताल में आइसोलेट किया गया है जिले में अब कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या 195 हो गई जिनमे एक्टिव मरीज 65 है जबकि 130 का दूसरा टेस्ट निगेटिव आने के बाद इनको छुट्टी देकर घर भेजने की जानकारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीयों ने दी । जिला अधिकारी के आदेश पर ढाई सौ मीटर के दायरे में आने वाले क्षेत्र को सील कर सेनेटाइज किया गया । एरिया को सील कर लोगो को घरों से निकलने से मना किया गया है इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने लोगो का स्वास्थ्य चेकअप कर डाटा तैयार किया द्यजिले में 15 ब्लाकों में से 13 में कोरोना संक्रमित मरीज जिले में 15 ब्लाकों में 13 ब्लाक में कोरोना संक्रमित मरीजों मिलने से स्वास्थ्य विभाग की मुश्किलों में इजाफा हुआ है । अब केवल खुटार ,सिधौली ,जैतीपुर ब्लाक में कोरोना संक्रमित न पाए जाने से इन ब्लाकों में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व पुलिस तथा बाशिंदे कोरोना के संक्रमण न पाए जाने से कुछ रहत महसूस कर रहे है स्वास्थ्य विभाग की टीम इन ब्लाकों में आ रहे मजदूरों की जानकारी लेकर उनके सिस्टम पर पैनी नजर बनाए हैं।

शिक्षा के नये आयामों को लेकर अनुभव किये साझा

संवाददाता। ललितपुर

मिशन फॉर क्वालिटी एजुकेशन के तत्वाधान में एक ग्लोबल वेबीनार का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बेसिक शिक्षा के निदेशक डा.सर्वेंद्र विक्रम बहादुर सिंह उपस्थित रहे। अन्तर्राष्ट्रीय अतिथियों में टैक्सास अमेरिका से बंदना सिरौठिया, पेंसिलवेनिया अमेरिका से डा.स्वाति मिश्रा, सेंटिआगो चिली से अर्नेस्टो विवेन्को (डिप्टी डारेक्टर), शिव नाडर फाउंडेशन से विजय आनंद वर्मा, शिव नाडर फाउंडेशन के आईसीटी कंटेंट डेवलपर अनुज गोस्वामी, चिली से विक्टर सेंटर डोर, कोलंबिया से एरिका जेनीटा तथा मारिया लूना प्रमुख वक्ताओं के रूप में रहे।अन्तर्राष्ट्रीय अतिथियों ने वेबीनार में अपने उदबोधन में कोविड-19 के पीरियड में के समय में शिक्षा में चल रहे प्रयासों के बारे में बताया। अमेरिका से क्लीनिकल रिसचर डा.स्वाति मिश्रा ने बताया कि इस कोविड-19 पीरियड में शिक्षकों को

अन्तर्राष्ट्रीय वेबीनार में शिक्षकों को संबोधित करते अतिथि

विद्यार्थियों के साथ आत्मीयता के साथ जुड़ाव रखना होगा भावनात्मक लगाव के द्वारा ही उन्हें इस अवधि में मानसिक तनाव से दूर रखा जा सकता है। उन्होंने भारत में शिक्षा के क्षेत्र में लिंग भेद की समस्या को भी उठाया। उन्होंने कहा कि भारत को इस समस्या के निराकरण के लिए ठोस प्रयास करने चाहिए तथा महिलाओं को भी उच्च शिक्षा व शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में समान अवसर उपलब्ध कराना चाहिए। टेक्सास अमेरिका से वंदना सिरोठिया ने शिक्षा के क्षेत्र में अपने अनुभवों को शिक्षकों से साझा किया तथा भविष्य में भी अध्यापकों से शिक्षा निदेशक के अनुरोध पर भावी शिक्षकों से शिक्षा के नए आयामों के संबंध में अपने अनुभव साझा करने की बात कही। चिली के सेंटियागो से अर्नेस्टो ने शिक्षा में तकनीकी के प्रयोग की बात रखी। उन्होंने कहा की हमें तकनीकी के माध्यम से ऐसे प्रकरणों को और अधिक व्यापक ढंग से बच्चों के बीच में रखना चाहिए जो प्रकरण विषयों में अंतर्संबंधित हो, जैसे प्रदूषण, जल। शिव नाडर फाउंडेशन के आईसीटी कंसलटेंट डेवलपर अनुज गोस्वामी ने सूचना एवं

ग्लोबल वेबीनार में अन्तर्राष्ट्रीय अतिथियों ने विचार रखे

संचार प्रौद्योगिकी तकनीकी का शिक्षा के क्षेत्र में अधिकाधिक प्रयोग करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा सामान्यत: कंप्यूटर और कंप्यूटर से जुड़ी सामग्री को ही शिक्षक संचार प्रौद्योगिकी समझ लेते हैं। जबकि ऐसा नहीं है यह केवल इस तकनीकी के एक उपागम है। उन्होंने शिक्षा में प्रभावी अधिगम के लिए भावनात्मक लगाव को भी प्रमुख मुद्दा बताया। उन्होंने कहा की बालक की माता उसकी प्रथम शिक्षिका होती है तथा कोविड-19 के इस अवधि में अभिभावकों को भी बच्चों के साथ अधिकाधिक समय देते हुए उनकी समस्याओं का निराकरण करना चाहिए। बेसिक शिक्षा निदेशक डा.सर्वेंद्र विक्रम बहादुर सिंह ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय अतिथियों के विचार स्वागत योग्य हैं। उन्होंने कई अतिथियों से अपना अतिरिक्त समय देने के लिए भी आह्वान किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा आगामी समय में वह भावी अध्यापकों के डीएलएड पाठ्यक्रम में पाठ्यक्रम इत्तर गतिविधियों इंटर्नशिप के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय अतिथियों के अनुभवों से जुड़ने और उनके सुझावों के क्रियान्वयन के संबंधित प्रकरण भी समावेशित करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि लंबे अवकाश के बाद बालकों में विस्मरण की प्रवृत्ति के कारण भाषाई विषयों का विस्मरण सबसे अधिक होता है। यह बात विभिन्न अनुष्ठानों में भी सिद्ध हो चुकी है। अत: कोविड-19 के पीरियड के बाद जब विद्यालय विधिवत खुले तब शिक्षकों को भाषा शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए शिक्षण योजना एवं शिक्षण अधिगम सामग्री तैयार करने के लिए अभी से योजना बनाकर प्रयास शुरु कर देनी चाहिए। वेबीनार के इस आयोजन के लिए एससीईआरटी के ज्वाइंट डायरेक्टर अजय सिंह ने भी अपनी बधाई एवं शुभकामना संदेश दिया।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ उद्यान पार्क का उद्घाटन

शाहजहांपुर। सांसद ने जीएफकालेज की ओर डाक घर के पास ष्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ उद्यान पार्क का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया। इस दौरान सांसद अरुण कुमार सागर जिलाधिकरी इन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने संयुक्त रूप से पार्क में अशोक का पौधा रोपित किया। सांसद ने कहा है कि जनपद में बेटियों के नाम से (बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ उद्यान) पार्क हो जाने से जनपद की बेटियों का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा है कि केंद्र व प्रदेश की योगी सरकार ने बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की है और साथ ही उन्हें लाभान्वित भी कर रही है। श्री सागर ने कहा है कि बेटियों के लिए अगर किसी ने कुछ अच्छा किया है तो वर्तमान सरकार ने किया है। चाहे उनकी सुरक्षा की बात हो या फिर किसी योजना की बात हो जिसमें केंद्र व प्रदेश सरकार ने आगे आकर उनको एक नई उड़ान भरने का मौका दिया है । आज देश व प्रदेश की बेटियां वर्तमान सरकार के काम से खुद को सुरक्षित महसूस कर रही है और वर्तमान सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बन रही है। इस अवसर पर अधिकारी एवं कर्मचारी सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

खुद को विधानसभा अध्यक्ष बताने वाला गिरफ्तार

संवाददाता। शाहजहांपुर

पुलिस अधीक्षक एस आंनद से फोन पर खुद को विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित बताने वाले युवक ने गिरफ्तार कर लिया पुलिस की हिरासत में आया युवक पुवायां कस्बे का रहने वाला निकला एसपी को फोन पर वार्तालाप के लहजे पर शक हुआ। युवक की फोन की कॉल डिटेल से सारा सच उजागर हो गया पुवायां निवासी गौरव मिश्रा ने पुलिस कप्तान से फोन कर खुद को विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित बताकर फरियादी की मदद की बात कही । विधानसभा अध्यक्ष का नाम सुनकर एसपी भी एक पल के लिए सकते में पड़ गए, लेकिन शक होने पर एसपी ने काल डिटेल निकलवाई, जिसके आधार पर पुलिस ने गौरव मिश्रा नाम के युवक को गिरफ्तार किया। फर्जी विधानसभा अध्यक्ष को जिला अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह और एसपी ने अधिकारियों के सामने ही उठक बैठक लगवाई। एसपी का यह भी कहना है कि इससे पहले भी यह कई

पुलिस कार्यालय के कर्मचारियों का कोरोना टेस्ट के लिए सैंपल लिया गया

शाहजहांपुर। कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों का कोरोना संक्रमण जाँच के लिए सैंपल लिया गया। आपको बता दे कि बीते दिवस सदर बाजार थाना क्षेत्र के कचहरी चौकी इंचार्ज कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। इसके अतिरिक्त हरदोई जनपद में एक डीएसपी की कोरोना संक्रमण से मौत हो गई। जिससे पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। इसी के अंतर्गत सुरक्षा की दृष्टि से सभी पुलिस कर्मियों का सैंपल लिया गया है।

छात्रों की पढ़ाई का किसी भी दशा में न हो नुकसानः दुबे

शिक्षकों की बैठक को संबोधित करते डीआइओएस

सण्डीला(हरदोई)। जिलाविद्यालय निरीक्षक डॉ0 वी0के0 दुबे ने कहा कि छात्र छात्राओं को वर्चुअल क्लास शिक्षण के माध्यम से गुणवत्ता परख शिक्षा प्रदान की जाए। जिसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। डीआइओएस वी0के0 दुबे ने आइआर इंटर कॉलेज पहुंच कर सबसे पहले विद्यालय में चंदन के वृक्ष लगाए। इसके बाद उन्होंनें शिक्षकों के साथ बैठक की। उन्होंनें कहा कि देश में कोरोना की गंभीर समस्या को दृष्टिगत रखते हुए 31 जुलाई तक छात्र छात्राओं को विद्यालय नहीं बुलाया जा रहा है परन्तु छात्र छात्राओं की शिक्षा में किसी प्रकार का नुकसान न हो। इसके लिए ऑनलाइन कक्षाओं की व्यवस्था की गयी है। छात्र छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंनें कहा कि कॉलेज के शिक्षकों ने अप्रैल तथा मई मास में ऑनलाइन शिक्षण के माध्यम में श्रेष्ठता सिद्ध की है और संडीला तहसील जनपद में प्रथम रही है। उन्होंनें कहा कि शिक्षक अपने शिक्षण के वीडियो बनाएं और उन्हें अपलोड करें। साथ ही साथ छात्र छात्राओं से यह जानकारी भी प्राप्त करें कि उनके पास मल्टीमीडिया फोन अथवा टीवी हैं। उन्होंनें बताया कि प्रदेश सरकार दूरदर्शन के माध्यम से उत्कृष्ट शिक्षा की व्यवस्था कर दी है। इसी अवसर पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य अजय शुक्ला ने शिक्षकों के एमपीएस प्रक्रणों पर कार्रवाई करने की मांग की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अवधेश त्रिपाठी, शिक्षक नेता आशीष कुमार सिंह समेत समस्त शिक्षकगण मौजूद रहे।

दवा व्यापारी नेता की कोरोना संक्रमण से जयपुर में मौत

संवाददाता। कायमगंज फर्रुखाबाद

कोरोना संक्रमण के चलते नगर के प्रमुख दवा व्यवसायी व मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल का कोरोना संक्रमण के चलते निधन हो गया। खबर लगते ही पूरे कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। नगरध्यक्ष संजय गुप्ता, अमित सेठ आदि लोगों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर भावभीनी श्रृ;ांजलि दी।श्री अग्रवाल कोरोना संक्रमण से ग्रसित थे। जयपुर में उनका इलाज चल रहा था। जहां आज संक्रमण के चलते इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। इस बात की सूचना जैसे ही कस्बे में हुई तो दवा व्यवसायियों समेत उनके चाहने वालों में शोक की लहर दौड़ गई। सभी व्यापारी संगठनों व गणमान्य लोगों ने श्री अग्रवाल के निधन को अपूर्णनीय क्षति करार देते हुए गहरा दुख व्यक्त किया।

फर्रुखाबाद में 10 और कोरोना पॉजिटिव, 263 हुआ आंकड़ा, महिला की मौत

फर्रुखाबाद। जनपद में सोमवार को दोपहर बाद 10 और कोरोना संक्रमित मिलने से संख्या अब 263 हो गयी है। वही महिला की मौत हो गयी। जिससे मरने वालों की संख्या 9 हो गयी है।

कोरोना की रिपोर्ट के अनुसार कायमगंज की रेलवे रोड न्यू कालोनी में 18 वर्षीय युवक कोरोना संक्रमित निकला है। इसके साथ ही इसी कालोनी में 6 वर्षीय किशोर व 55 वर्षीय महिला कोरोना पॉजिटिव निकले। ग्राम चिलौली निवासी 28 वर्षीय युवक, फर्रुखाबाद के शांति नगर निवासी 44 वर्षीय वृद्ध, 39 वर्षीय युवक, 66 वर्षीय वृद्धा कोरोना संक्रमित निकली। इसके साथ ही शहर निवासी 41 वर्षीय युवक भी संक्रमित निकला है। शहर के मोहल्ला गणेश प्रसाद गली निवासी 67 वर्षीय महिला की कोरोना की चपेट में आने से उपचार के दौरान मौत हो गयी। उनके साथ ही 65 वर्षीय अधेड़ भी संक्रमित पाए गये। जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह नें बताया कि कुल आंकड़ा 263 हो गया है। सोमवार को कुल 10 मरीज मिले है। 177डिस्चार्ज हो चुके है। जबकि 9 लोगों की मौत हो गयी है।

आठ दिन से लापता महिला का शव तालाब में उतराता मिला, हत्या की आशंका

फर्रुखाबाद। बीते लगभग आठ दिन से गायब महिला का शव तालाब ने तैरता मिला। परिजनों नें हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम गदनपुर निवासी 30 वर्षीय राममूर्ति पाल पत्नी जवाहरलाल पाल का बीते 5 दिन से अपने घर से लापता हो गयी थी। ससुराल वाले कई दिन तक पुलिस के पास रिपोर्ट दर्ज कराने गये लेकिन पुलिस नें उन्हें चलता कर दिया। सोमवार को महिला राममूर्ति की लाश गाँव के ही निकट एक तालाब में तैरती मिली। लाश देखकर मौके पर भीड़ लग गयी। मामले की सूचना पुलिस को दी गयी। प्रभारी निरीक्षक अजय नारायण सिंह फेर्स के साथ मौके पर आ गये। उन्होंने पड़ताल की। राममूर्ति के चाचा रामविलास परिजनों के साथ मौके पर आ गये। उन्होंने उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस जाँच में जुटी है।

हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठे शिवालय

● घाटो पर रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़, उड़ी सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां

संवाददाता। उन्नाव

श्रावणमास के दूसरे सोमवार को गंगाघाट के घाटो पर गंगास्नान करने के लिये भी श्रद्धालुओं ने भारी संख्या पर भीड़ देखी गई। भीड़ अधिक होने के कारण खुलेआम सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ती रही। इस दौरान घाटों पर पुलिस कर्मी भी मौजूद नहीं रहे। घाटों पर आकर सुबह से लेकर दोपहर तक स्नान किया। इस दौरान घाट के किनारे बने बालू के शिव प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इसके अलावा नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के प्राचीन शिवालयों मन्दिरों पर श्रद्धालुओं के हर-हर महादेव के जयघोष से गुजांयमान हो गए। नगर व आसपास क्षेत्रो से श्रद्धालु ने गंगातट पर स्नान कर गंगा जल लेकर शिव मंदिरों में जलाभिषेक किया। राजमार्ग से दुर्गामन्दिर, पीपलेश्वर, महादेव मन्दिर, शिवमन्दिर, गांधीनगर नागेश्वर मन्दिर, महेश मार्ग शिव मन्दिर, बालू घाट आनन्देश्वर मन्दिर, गोपीनाथ पुरम भागेश्वर धाम मन्दिर, कंचन नगर, मिश्रा कालोनी शिव मन्दिर, देवारा में वर्षों पुराना श्री वीरभद्रेश्वर मन्दिर सहित विभिन्न मन्दिरों व शिवालयों में श्रद्धालुओं ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुये पूजा अर्चना की। जहां श्रद्धालुओ ने भगवान भोलेनाथ को दूध, दही, घी, भांग, बेलपत्र, पुष्प आदि का अर्पण कर मनोकामना पूर्ण होने का वर मांगा। वहीं राजधानी मार्ग स्थित श्री दुर्गा मंदिर में भगवान भोले नाथ का श्रृंगार कर आचार्यों द्वारा रूद्राभिषेक किया गया।

भक्तों ने जाली के बाहर से किए भोलेनाथ के दर्शन

बांगरमऊ। नगर के इतिहास में पहली बार ऐतिहासिक बाबा बोधेश्वर महादेव मंदिर परिसर में श्रावण मास का परंपरागत मेला नहीं लगा। सोमवार मंदिर के पुजारी सेवा चौतन्य ब्रह्मचारी महाराज ने पंचमुखी अद्भुत शिवलिंग का जलाभिषेक किया और पूजन तथा फूलों से श्रृंगार के बाद मंदिर का चौनल बंद कर दिया। पूरे दिन श्रद्धालु लोहे की जाली के बाहर से ही बाबा भोलेनाथ के दर्शन करते रहे।

उन्नाव में कोरोना के छह और मरीज मिले

संवाददाता। उन्नाव

जनपद में कोरोना संक्रमितों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। सोमवार को कोरोना के छह मरीज और बढ़ गए। संक्रमितों में शहर के मोहल्ला कांशीराम, पीताम्बर नगर व गंगाघाट के आर्यनगर के रहने वाले शामिल है। सभी को बिछिया कोविड एलवन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आर्यनगर में रहने वाले एक फार्मासिस्ट कोरोना पॉजिटिव पाया गया था। जिसके बाद उसके संपर्क में आने वाले ग्यारह लोगों को स्वास्थ्य विभाग ने आइसोलेट किया था। इस दौरान फार्मासिस्ट की पत्नी को सांस लेने में दिक्कत हुई। जिस पर उसे कोविड-19 अस्पताल में भर्ती कराया गया। आराम न मिलने पर उसे कानपुर हैलट ले गए। जहां से वह भाग निकली और अपने कानपुर स्थित मायके पहुंचे गई। सोमवार को फार्मासिस्ट की पत्नी, भाई और मां को कोरोना की पुष्टि हुई। जिस पर स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। फार्मासिस्ट के मायके में इसकी सूचना दी गई। जिस पर उसकी पत्नी आर्यनगर पहुंची और घर के बाहर बैठ गई। जिसके बाद उसे दोबारा कोविड 19 अस्पताल भिजवाया। इसके साथ ही फार्मासिस्ट का भाई महेशमार्ग में रहता है। उसके परिवार के आठ, वहीं डॉकतार कॉलोनी में पॉजिटिव के संपर्क में आने वाले दो लोगों को आइसोलेट किया गया है। उधर, शहर कोतवाली क्षेत्र के कांशीराम कालोनी की रहने वाली महिला व दो कोरोना पॉजिटिव पीताम्बर नगर के रहने वाले है। सभी को बिछिया कोविड एलवन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

युवक की संदिग्ध हालात में मौत

गुरसहायगंज (कन्नौज)। कोतवाली के पीछे नंगापुरवा रोड पर सोमवार की सुबह टहलने जा रहे ग्रामीणों ने एक युवक का शव पड़ा देखा। जिस की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा युवक के बारे में पूछताछ करते हुए शिनाख्त शुरू कर दी। स्थानीय लोगों ने युवक की शिनाख्त किदवई नगर निवासी दिलशाद पुत्र नफीस की है। कोतवाली पुलिस द्वारा उक्त युवक के परिजनों को बुलाकर युवक की शिनाख्त कराई गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के भाई मुन्ना ने बताया कि उसकी शादी नहीं हुई थी और नशे का आदी था। मृतक के भाई की सहमति पर शव का पंचनामा भरवाकर परिजनों को सौंप दिया।

अपर्णा और सौम्या बनी कन्नौज टॉपर

संवाददाता। कन्नौज

सीबीएसई सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजूकेशन 12वीं का रिजल्ट घोषित होते ही छात्रा-छात्राओं में उल्लास की लहर दौड़ गई। लॉकडाउन के कारण परीक्षाएं प्रभावित होने से छात्र-छात्राओं में ऊहापोह की स्थिति बनी थी लेकिन इस बार बोर्ड ने मेरिट लिस्ट जारी नहीं की है। रीजनवाइज रिजल्ट जारी किया है, वहीं जनपद स्तर पर स्कूलों के अनुसार टॉपर सामने आ रहे हैं। परीक्षा परिणाम में छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन बीते वर्ष की तुलना में काफी बेहतर रहा है।सेंट जेवियर्स की सौम्या पटेल और जागरण पब्लिक स्कूल की छात्रा अपर्णा दुबे ने 96 फीसद अंक हासिल करके संयुक्त रूप से जिले में टॉप किया। सेट जेवियर्स के छात्र उत्कर्ष सक्सेना ने 95.8 फीसद अंक पाकर जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं अधिकतर स्कूलों का परिणाम शत प्रतिशत रहा और परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। जागरण पब्लिक स्कूल से इण्टरमीडिएट की परीक्षा में सम्मिलित हुए सभी 64 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए जिसमें 16 परीक्षार्थियों के 90 फीसदी से अधिक अंक आए।

मनगढ़ंत बहानों से जांच में फंस रहा है फर्जी विकलांग शिक्षक

संवाददाता। उन्नाव

फर्जी विकलांगता प्रमाणपत्र के आधार पर पद हथियाने वाला चर्चित शिक्षक प्रतिदिन नए बहाने गढ़ रहा है। जिससे वह अपने ही जाल में बुरी तरह फंसता हुआ नजर आ रहा है। जानकारों का कहना है कि स्वघोषित रसूख का हश्र भी मामले का खुलासा होते ही हवा में उड़ता नजर आएगा। सूत्रों का कहना है कि पिछले दिनों वह अधिकारियों के पास मध्यप्रदेश का एक विकलांगता प्रमाणपत्र लेकर पहुचा। जिसे लेकर जब सवाल पूछे गए तब कहने लगा उसकी नियुक्ति ही सामान्य कोटे में मेरिठ के आधार पर हुई है। जबकि शिकायत कर्ता ने अपनी शिकायत के साथ इस शिक्षक की नियुक्ति आदेश की फोटो कॉपी भी लगाई है जिसमे शिक्षक के नाम के नीचे एक ही हस्तलिपि में विकलांग लिखा हुआ है।

गहराई से होगी जांच- बीएसए

आदेश पर तत्कालीन बीएसए शीला चौधरी व पटल सहायक के रूप में मिथिलेश पांडेय के साइन बताये जा रहे है। बताते है वह लगातार विकलांग भत्ता भी पा रहा है। जानकर सूत्रों का कहना है 1999 में अभिलेखों के सत्यापन जैसी कोई व्यवस्था नही थी उसी का लाभ इस शिक्षक ने उठाया था। बीएसए ऑफिस की नियुक्ति पत्रावली से मिलान करा लिया जाए सच्चाई बाहर आ जायेगी। सबसे बड़ा सवाल यह है उसकी नियुक्ति मेरिठ के आधार पर हुई थी तो एक साल से वह जांच से क्यो भाग रहा है? सेवा पंजिका व नियुक्ति आदेश की मूल प्रति क्यो नही दिखा रहा है ? बताते है वर्ष 1999 में हुई विशिस्ट वीटीसी के तहत नियुक्त सभी टीचरो के आदेश राजिस्टर्ड डाक से भेजे गए थे जिसमें बीएसए ने हरे रंग की स्याही से वर्जिनल साइन किये थे। आरोपित बहानेबाजी कर जांच में अड़ंगे लगा रहा है। पूर्ववर्ती बीईओ कुर्सी न बदल जाये इसके कारण किनारा करते रहे। वर्तमान बीईओ सपा शासन में इस ब्लाक में थे फिर मनचाहे ब्लॉक में है उन्हें भी भय है ब्लाक न बदल जाये जिससे किसी प्रकार की सख्ती नही कर पा रहे है। शिक्षको में चर्चा है कि क्या कुर्सी के मोह में एक फर्जी शिक्षक बचा दिया जाएगा। विभाग एक साल से यह साबित नही कर पाया है कि शिकायत निराधार है या फर्जी शिक्षक की जांच जान बूझकर नही कराई जा रही है। बीएसए प्रदीप कुार पांडेय ने कहाकि विकलांगता के मामलों में समय समय पर जांचे होती रहती है। इस मामले की गहराई से जांच कराई जाएगी जो भी सच होगा बाहर लाया जाएगा।

पचपन घंटे बाद भी नहीं खुल सके बाजार

संवाददाता। कन्नौज।

उत्तर प्रदेश में शनिवार व रविवार को मिनी लॉकडाउन के बाद सोमवार को शहर की बाजार तो कुछ देर के लिए खुल सकी। पुलिस ने लेफ्ट-राइट फार्मूले पर बाजार न खोलने बाले दुकानदारों को डराया तो व्यापारी दुकानें बंद कर विरोध में आ गए।

गौरतलब है कि जिले में अनलॉक वन में लेफ्ट-राइट फार्मूले पर बाजार खुलने के दिशा निर्देश प्रशासन ने दिए थे। वहीं दो दिनों पूर्व प्रदेश में मिनी लॉकडाउन लगाया गया। जिसके बाद सोमवार को बाजार खुली तो सभी दुकानदार अपनी दुकानों पर पहुंच गए। पुलिस को जैसे ही इसकी सूचना मिली तो पुलिस भी बाजार में पहुंच गई और दुकानों को पूराने नियम के आधार पर खोलने के लिए दबाव बनाने लगी। व्यापारियों ने विरोध किया तो पुलिस कर्मी वीडियो बनाने लगे। हालॉकि बाद में व्यापारी नेताओं ने एसडीएम सदर से मुलाकात कर प्रतिदिन दुकान खोलने की अनुमति देने की मांग की। व्यापारी नेताओं ने कहा कि जब प्रदेश में दो दिनों के लिए मिनी लॉकडाउन प्रत्येक सप्ताह लगाया गया है तो अब लेफ्ट राइट फार्मूला चलना असंभव है।

जिले में भले ही प्रशासन ने व्यापारियों को लेफ्ट राइट फार्मूले पर बाजार खोलने के लिए बाध्य किया हो, शासन ने इस सम्बन्ध में स्पष्ट दिशा निर्देश दिए हैं। शासन द्वारा प्रदेश में शनिवार व रविवार को बाजार पूर्णतय: बंद रखने के निर्देश दिए हैं, इसके अतिरिक्त 5 दिन पूरी बाजार खोले जाने की अनुमति है। हालॉकि व्यापारियों को सोशल डिस्टेसिंग व मास्क लगाने से सख्त निर्देश दिए गए हैं।

विवाहिता को गायब करने का आरोप

फर्रुखाबाद। ससुरालियों पर विवाहिता को गायब कर देने का आरोप उसमें पिता ने लगाते हुए पुलिस से आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।विवरण के अनुसार थना मऊ दरवाजा के गांव नटवरा नगला गड़रियान के निवासी कप्तान सिंह पुत्र प्रताप सिंह ने दिये गये शिकायती पत्र में कहा कि उसने अपनी पुत्री राममूर्ति की शादी लगभग 12 वर्ष पूर्व कमालगंज के गदनपुर देवराजपुर निवासी जवाहर पुत्र गिरन्द सिंह से की थी। पिछले दिनों पता चला कि उसकी पुत्री को ससुरालियों ने गायब कर दिया है जिस पर वह पुत्री के ससुराल पहुंचा और राममूर्ति के बारे में ससुरालियों से जानकारी की लेकिन किसी ने भी सही जानकारी नहीं दी। रिश्तेदारों में भी पता की लेकिन राममूर्ति का कोई पता नहीं चला। कप्तान सिंह ने बताया कि उसे शक है राममूर्ति के ससुरालियों ने उसे गायब कर दिया है। पुलिस से आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

पुलिस नें ट्रक लूट कांड के आरोपियों को दबोचा

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

● कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल

स्थानीय कोतवाली के निकट विगत दिनों एक ट्रांसपोर्ट पर खड़े ट्रक में अज्ञात चोर द्वारा चालक व परिचालक से मारपीट कर ट्रक में रखी नकदी पार कर के फरार हो गए थे। जिसके बाद हरकत में आई कोतवालीपुलिस ने दो आरोपियों को दबोच कर लूट का माल बरामद करते हुए मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

सोमवार को कस्बा चौकी प्रभारी प्रेम सिंह राजपूत द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा है कि विगत दिनों जीटी रोड स्थित दुर्गा ट्रांसपोर्ट के निकट ट्रक चालक से नगदी लूट में शामिल विनीश पुत्र रामचंद्र निवासी थाना तिर्वा ग्राम बालानपुर एवं सोनू पुत्र रूप सिंह काशीराम कॉलोनी थाना मकरंद नगर कन्नौज को पूर्वी बाईपास के निकट गस्त करते दबोच कर कोतवाली ले आए। जहां पूछताछ के बाद विनीश के घर से पुलिस 9000 की नकदी, अवैध चाकू व मोबाइल बरामद किया। शानू के पास से पुलिस ने 13 चोरी किए गए मोबाइल एवं 9400 रुपए की नगदी सहित एक तमंचा 12 वोर एवं दो जिंदा कारतूस बरामद किए। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

घर के पीछे युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

उन्नाव। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के ऊंचगांव किला गांव में रहने वाले शिवकुमार के बत्तीस वर्षीय बेटा अनिल का सोमवार की सुबह संदिग्ध हालत में घर के पीछे शव मिलने से हडकंप मच गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर डॉक्टरों ने विसरा सुरक्षित करवाया है। रिपोर्ट में गले और सीने में चोट के निशान मिले हैं। पिता ने बताया कि बेटा जो रविवार की शाम घर से निकला था। रात में घर नही आया। सोमवार की सुबह उसका शव घर के पीछे शौचालय के पास संदिग्ध हालत में पड़ा मिला। उन्होंने बताया कि उसके शरीर पर खरोच के निशान थे। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि मृतक शराब का लती था। परिजनों ने कोई आरोप नही लगाया है। मौत का कारण स्पष्ट न होने से शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है।

क्विक न्यूज

इटावा में मिले 17 कोरोना संक्रमित

इटावा। जिले में आज 17 कोरोना संक्रमित मरीज मिलने से लोगों में कोरोना को लेकर भय बढ़ता जा रहा है। जिसमें आश्चर्य की बात यह है कि अब संक्रमित मरीज शहरी क्षेत्र की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक पाएं जा रहे है। जिला प्रशासन द्वारा जारी की गयी सूची के अनुसार 5 फक्करपुरा, 8 लुधपुरा, 1 बजरिया छैराहा, 1 चंदरपुरा, 1 रिटोला बसरेहर, 1 सिविल लाइन में कोरोना संक्रमित मरीज पाएं गए है। पाएं गए मरीजों में सबसे अधिक संख्या जसवंतनगर क्षेत्र में है।

परिवारियों में चले लाठी-डंडे, महिला का सिर फटा

नवाबगंज फर्रूखाबाद। थाना क्षेत्र के गांव बमरूलिया नगला मनी में एक ही परिवारी के लोगो में जमकर मारपीट हुई। लाठी डंडे चलने से एक महिला का सिर फूट गया।जानकारी के अनुसार बमरूलिया नगला मनी निवासिनी सुनीता देवी पत्नी रिंकू ने आरोप लगाया कि गांव के भूपेन्द्र सिंह पुत्र बाबू राम, चमेली पत्नी बाबू राम, किरन पत्नी भूपेन्द्र, पुष्पा पत्नी रवि, सुबह भैंस बांधने को लेकर विवाद कर दिया और इन एकराय होकर हमला कर दिया जिससे मेरा सिर फूट गया। घायल महिला का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहा है। सुनीता देवी ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

अजगर मिलने से ग्रामीणो में दहशत

बांगरमऊ,उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के लतीफ्पुर गांव के निकट जंगल में सोमवार सुबह चरवाहों को एक भारी-भरकम अजगर विचरण करते दिखाई दिया। अजगर को देखते ही चरवाहों में दहशत फैल गई। गांव के निकट अजगर होने की सूचना जंगल मे आग की तरह फैल गई। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने अजगर को कब्जे में लिया और काफी दूर जाकर कटरी क्षेत्र के घने जंगल में छोड़ दिया।

प्रवासियों की हुई पूल टेस्टिंग

मौरावां,उन्नाव। हिलौली के गांव रंजीतखेड़ा स्थित क्वारटींन सेन्टर जालपा सिंह महाविद्यालय में सोमवार को पूर्व निर्धारित बाहर अन्य प्रांतों से आए प्रवासियों की पूल टेस्टिंग जांच जिला अस्पताल स्वास्थ्य टीम के द्वारा किया गया। टीम ने क्षेत्र में बाहर अन्य शहरों से आए 100 प्रवासियों की जांच प्रक्रिया शाम चार बजे तक चली। पूल टेस्टिंग में जिले की टीम व पीएचसी हिलौली प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. राकेश यादव के द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट दो दिन बाद आएगी। जिसमें पॉजिटिव व निगेटिव की पुष्टि होगी।

दो दिन बाद खुले बैंक

उन्नाव। राष्ट्रीय बैंकों में ग्यारह जुलाई को शनिवार व बारह जुलाई को रविवार पड़ने से अवकाश रहा। दो दिन की बंदी के बाद सोमवार को बैंकों के खुलने से भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बैंकों में भीड़भाड़ की सूचना पर एसपी रोहन पी कनय ने तत्काल जिले की पुलिस टीम को अपने-अपने सर्किल के बैंकों की शाखाओं में चेकिंग करने का फरमान जारी किया। एसपी के निर्देश पर जिले के सभी थानेदार सक्रिय हो गए। सभी थानेदारो ने अपने-अपने क्षेत्र में स्थित बैंक शाखाओं में चेकिंग की। उन्होंने लाइन में लगे लोगों का बैंक पासबुक, जमा व निकासी पर्ची आदि की जांच की। वहीं बैंक परिसर में संदिग्ध दिखने वाले लोगों से भी पूछताछ की।

युवक के खाते से उड़ाए 40 हजार

नवाबगंज,उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के सधीरा निवासी गोविंद कुमार पुत्र नन्हके का खाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया नवाबगंज में है। युवक के अनुसार सोमवार की सुबह किसी युवक का फोन आया था। जिसने मुझसे फोन पर कैशबैक प्राप्त होने की बात कही और उसके दिए गए निर्देशों का पालन करने को कहा। मैंने उसके निर्देशों का पालन किया और उसने कहा कि आपके फोन पर एक ओटीपी आएगी इस ओटीपी को खोल कर अपना अकाउंट चेक कर लेना। युवक के खाते से चालीस हजार रूपए कट गए।

तमंचे से गोली चलाने का वीडियो वायरल होने के बाद आरोपी गिरफ्तार

फर्रुखाबाद। दोस्त के जन्मदिन की पार्टी में तमंचे से फायरिंग करने का युवक का वीडियो वायरल हो गया था। पुलिस ने वीडियो वायरल होंने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

कोतवाली फत्तेहगढ़ के मोहल्ला ग्वालटोली निवासी प्रशांत यादव पुत्र सुनील यादव नें अपने दोस्त की पार्टी में तमंचे से फायरिंग कर दी थी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसके बाद एएसपी अजय प्रताप नें मामले में संज्ञान लिया और कोतवाली पुलिस को कार्यवाही के आदेश दिये। सोमवार को दोपहर बाद पुलिस ने आरोपी प्रशांत को तमंचा सहित गिरफ्तार कर लिया।

व्यापारी नेताओं ने की पांच दिन दुकान खुलवाने की मांग

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

प्रदेश की योगी सरकार द्वारा कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए सप्ताह में दो दिन संपूर्ण लॉकडाउन के आदेश के बाद नगर के व्यापारियों में आर्डइनवन फार्मूले के तहत दुकान खोलने को लेकर असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई। व्यापारियों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपकर दोनों तरफ की दुकानें खोलने की मांग की है।

सोमवार को तीन दिवसीय लॉकडाउन खुलने के बाद प्रदेश शासन द्वारा जारी प्रत्येक सप्ताह में दो दिन के सम्पूर्ण लॉकडाउन का आदेश आते ही व्यापारियों में ऑर्डइनवन फार्मूले के तहत दुकानें खोलने को लेकर असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सुशील दुबे, राम कुमार पाठक सहित अखिल भारतीय व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शिवम राज वर्मा ने स्थानीय कोतवाली में उप जिलाधिकारी छिबरामऊ गौरव शुक्ला से वार्ताकर नगर में प्रतिदिन दोनों तरफ दुकानें खोलने के आदेश पारित करने की मांग उठाई। जिस पर उप जिलाधिकारी ने पांच दिन दोनों तरफ दुकान खोलने से इंकार करते हुए सोशल डिस्टेंसिंग के तहत व्यापार करने की सलाह दी। जिस पर व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपकर समस्या के निस्तारण करने की मांग की है। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष अनुराग गुप्ता, उ0 प्र0 उद्योग व्यापार मण्डल के नगर अतुल गुप्ता, शिवम शर्मा, अतुल कुमार गुप्ता, संदीप त्रिवेदी, विजय दुबे, राकेश चन्द्र वर्मा, विकास गुप्ता सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

छेड़छाड़ का विरोध करने पर दबंगों ने पीटा

फर्रुखाबाद। थाना क्षेत्र के गांव सिरोली के मौझा मानपुर निवासी रामचहती देवी पत्नी बच्चन लाल ने थाने में दिए गए प्रार्थना पत्र में गांव के दबंगो द्वारा घर में घुसकर बेटी व ननद से छेडछाड करने का आरोप लगाया। कहा कि जब उन लोगो ने शोर मचाया तो दबंगो ने गाली गलौज करके बेटी, ननद, विकलांग चाचा प्रकाश व मुझे मारपीट कर घायल कर दिया।प्रार्थनी ने कहा कि सुबह आठ बजे वह अपने चबूतरे पर झाड़ू लगाकर रही थी तो उसकी पुत्री दिव्या व ननद सुमन घर के अंदर खाना बना रही थी। उसी समय छत के रास्ते गांव के साहिब सिंहए आदेश सिंह पुत्रगण फूल सिंह घुस आए और छेडछाड करने लगे। शोर मचाने पर मारापीटा भी है। पीडिता ने आरोपियों के विरू; कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

बीआरसी केन्द्र व प्राथमिक स्कूल से चोरों ने पार किया हजारों का सामान

फत्तेहपुरचौरासी,उन्नाव। थाना क्षेत्र के हफीजाबाद में स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र व उसी परिसर के प्राथमिक पाठशाला का ताला तोड़कर चोरों ने आफिस में लगे कम्प्यूटर सेट व पंखे को चोरो ने पार कर दिया। उन्नाव-हरदोई मार्ग पर हफीजाबाद में स्थित है। खण्डशिक्षाधिकारी नें बताया कि चोरों नें रविवार की रात बीआरसी कार्यालय में लगे प्लाई बोर्ड के दरवाजे का हत्था को तोड़कर उसमें रखा एक कम्प्यूटर सेट व पंखा चोर चुरा ले गए। वहीं बीआरसी परिसर में बने प्राथमिक पाठशाला का भी ताला तोड़कर दो अन्य पंखों को भी चोर चुरा ले गए। जिसकी जानकारी प्रधान शिक्षिका निशाशुक्ला नें दी। वहीं खण्ड शिक्षाधिकारी ने थानें में प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग उठाई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

शादी में समारोह में एक ही परिवार के आठ लोग कोरोना पॉजिटिव मिले

संवाददाता। मौदहा, हमीरपुर

नगर में एक परिवार के आठ लोगों के कोरोना पॉजिटिव निकलने से नगर में हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य टीम ने मौके पर पहुंच सभी पीड़ितों को एंबुलेंस द्वारा इलाज के लिए बाँदा भेज दिया है। यह पूरा परिवार एक सप्ताह पूर्व बाँदा में एक विवाह समारोह में शामिल होने गया था। इस घटना के चलते नगर पालिका परिषद में पीड़ितों के घर व आसपास के स्थान को सैनिटाइज कराया उक्त क्षेत्र को कमेंटमेन्ट जोन घोषित कर दिया गया। अब मौदहा क्षेत्र में कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या 19 पहुंच गई है। बताते चलें कि नगर में करो ना दिनोंदिन अपने पैर पसार रहा है नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में दिनोंदिन करुणा के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसी क्रम में आज एक व्यवसाई के परिवार के आठ लोगों को की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव होने से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। लोग अपने घरों में दुबक गए । स्वास्थ्य टीम ने पीड़ितों के घर पहुंच सभी को एंबुलेंस के माध्यम से इलाज हेतु बाँदा भेज दिया है।

कोरोना पॉजिटिव पाए जाने वालों में अंकुर शिवहरे 28 वर्ष आनंद प्रकाश 41 वर्ष वीरेंद्र शिवहरे 40 वर्ष चंद्रभान 62 वर्ष वर्तिका 9 वर्ष अन्नपूर्णा 38 वर्ष अभियान 5 वर्ष बुआ अंकित शिवहरे 34 वर्ष हैं। इसके अलावा महोबा जनपद के ग्राम बन्नी पुरा निवासी विपिन पाल 17 वर्ष की भी रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आने पर उसे भी इलाज के लिए बाँदा भेजा गया है।

नगर पालिका परिषद ने पीड़ितों के घरों के आसपास के स्थान को व नगर के मुख्य मार्ग को विधिवत सैनिटाइज किया ।पूरे क्षेत्र को कमेंट मेंट जोन घोषित कर दिया गया ।एक एक साथ व्यवसाई के घर से आठ करो ना पॉजिटिव निकलने से उनके मिलने जुलने वालों व आसपास के लोगों में दहशत फैल गई है। करोना पीड़ित परिवार एक सप्ताह पूर्व बाँदा में एक विवाह समारोह में शामिल होने गया था वहां एक व्यक्ति के कोरोना पॉजिटिव निकलने के कारण सभी लोगों ने नौ जुलाई को सरकारी अस्पताल मौदहा में अपनी-अपनी सेंपलिंग कराई थी।

वहीं विपिन पाल भी अपना इलाज कराने मौदहा आया था तभी उसका सैंपल लिया गया था। नगर में कोरोना बम फूटते ही पुलिस प्रशासन में मालिकुंवा चौराहे से गुढाही बाजार तक पूरी बाजार बंद करवा दी। जिससे दो दिन के लॉकडाउन के बाद ग्रामीण क्षेत्रों से बाजार करने आए ग्रामीणों को बाजार बंद रहने से इधर उधर की दुकानों से सामान लेने के लिए भटकना पड़ा।

353 ग्राम पंचायतें ई-ग्राम स्वराज पोर्टल से हुई डिजिटल

संवाददाता। बांदा

ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों में अब धांधली की गुंजाइश नहीं रहेगी। ई.ग्राम स्वराज पोर्टल इस पर अंकुश लगाएगा। सभी ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों और भुगतान का ब्योरा इसी पोर्टल पर मिलेगा। विकास कार्यों का भुगतान कैश या चेक से नहींए बल्कि इसी पोर्टल के जरिए ही ऑनलाइन होगा। ग्राम पंचायतों में फीडिग का कार्य तेजी से चल रहा है। 70 फीसद फीडिग का कार्य पूरा हो गया है।

जिले में 470 ग्राम पंचायतों में चतुर्थ राज्य वित्त और 14वें वित्त के अलावा राज्य वित्त से हर वर्ष करोड़ों रुपये दिए जा रहे हैं। ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों में यह धनराशि खर्च की जा रही है। अभी तक ग्राम पंचायतों में पहले एरिया प्रोफाइल, जीपीडीपी, एक्शन प्लान, एक्शन साफ्ट, प्रिया नामक सॉफ्टवेयर में पंचायतों से जुड़े अलग.अलग कामों की फीडिग होती रही है। लेकिन अब ई.ग्राम स्वराज पोर्टल पर भी पूरा डाटा फीड होगा। इसमें ग्राम पंचायतों की परसंपत्तियों के अलावा शासन से मिली धनराशि, खर्च धनराशि, कराए गए विकास कार्य और कराए जा रहे कार्यों का पूरा विवरण भी इसी में फीड होगा।

साथ ही किस कार्य में कितनी धनराशि खर्च की गई और कितनी बची है। इसकी भी पूरी जानकारी होगी। ई.ग्राम स्वराज पोर्टल से पंचायतों को डिजिटल बनाने की तैयारी है। पंचायतों का लेखा.जोखा रखने का यह इकलौता माध्यम बनेगा। जनपद में अभी तक 353 ग्राम पंचायतों का डाटा ई.ग्राम स्वराज पोर्टल पर फीड हो चुका है। डीपीआरओ ने सभी प्रधान व सचिवों को एक सप्ताह का समय शेष बची ग्राम पंचायतों को दिया है।

नदी में उतराता मिला लापता युवक का शव

बांदा। तीन दिन से लापता युवक का शव केन नदी में उतराता मिला। स्वजनों ने मछली मारते समय पानी में डूबे की आशंका जाहिर की। हमीरपुर जनपद के सिसोलर थाना अंतर्गत ग्राम खैर का डेरा निवासी 36 वर्षीय लालमन 8 जुलाई की सुबह गांव से निकली केन नदी में मछली मारने गया था। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। इससे स्वजन उसकी नदी में खोजबीन कर रहे थे। लालमन के भाई गयाप्रसाद ने उसके लापता होने की सूचना पैलानी थाने में भी दी थी। दोपहर में उसका शव ग्रामीणों को पैलानी कस्बे की केन नदी में दियाबानी देवस्थान के पास उतराता मिला। इससे चौकीदार रमेश ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शव पानी से निकलवाया तो उसकी पहचान हुई। स्वजनों ने बताया कि वह 20 जून को कौशांबी से ईंट भट्ठे की मजदूरी कर वापस लौटा था। थाना प्रभारी बलजीत सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से घटना की स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगी।

क्विक न्यूज

युवक को दबंग पिता पुत्र ने पीटा

राठ। दबंग पिता पुत्र ने पड़ोस के एक युवक की जमीन पर लगा नीम का पेड़ काट दिया। जब युवक ने नीम का पेड़ काटने का विरोध किया तो दोनो दबंग भाईयों ने उसे जमकर मारा पीटा और दबंग के पिता व बहन ने युवक के सिर पर ईटा मारकर उसे घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। मुहल्ला फरसौलियाना राठ निवासी नारायण पुत्र मुन्ना ने थाना राठ में तहरीर दी है कि सोमवार की सुबह वह अपने घर के बाहर बैठा था और उसकी जमीन पर नीम का पेड़ लगा हुआ था। जिसे मुहल्ले के ही दबंग पिता पुत्र ने मिलकर उसकी जमीन पर लगा नीम का पेड़ काट लिया। जब युवक को मालूम हुआ की उसकी जमीन पर लगा पेड़ पड़ोस के ही पिता पुत्र ने मिलकर नीम का पेड़ काट लिया तो उसने पेड़ काटने का विरोध किया। इसी बात से आक्रोशित दबंग पिता पुत्र ने उसे जमकर मारा पीटा और दबंग पिता की पुत्री ने युवक के सिर पर पीछे से ईटा मार दिया जिससे उसके सिर में गम्भीर चोट आ गयी। पीड़ित नारायण ने घटना की तहरीर थाना राठ में देकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई है।

ढाई किलो गांजे के साथ महिला गिरफ्तार

चित्रकूट। राजापुर पुलिस ने खनिज अधिनियम एवं लोक सम्पत्ति निवारण अधिनियम के वांछित प्रधान सुरवल शब्बीर अहमद पुत्र फजल अहमद निवासी बेहननपुरवा व राजा सिंह पुत्र त्रिभुवन सिंह निवासी देवारी को महेन्द्रा ट्रैक्टर के साथ दबोचा है। राजापुर पुलिस के दरोगा श्याम सुन्दर यादव की टीम ने गणेश केवट पुत्र बसंता केवट निवासी कनकोटा को एक तमंचा 315 बोर व एक कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। राजापुर पुलिस को दरोगा सुरेन्द्रनाथ राम की टीम ने उदय सोनकर पुत्र रजपाल निवासी कुसियापुरवा थाना राजापुर के कब्जे से दस लीटर महुआ की शराब बरामद कर चालान किया है। कोतवाली कर्वी के दरोगा शेषनाथ यादव ने तेजा पुत्र जमुना रैदास के कब्जे से दस लीटर महुआ की शराब बरामद कर चालान किया है। मानिकपुर थानाध्यक्ष केके मिश्रा की टीम ने मीरा पत्नी राजेश रैदास निवासी बाल्मीकनगर पूर्वी कस्बा को गांजा की बिक्री करते हुए दबोचा है। उसके कब्जे से दो किलो 350 ग्राम गांजा व गांजा की 149 पुडिया तथा 5840 रुपये बरामद कर एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजा है।

रंजिशन पिता-पुत्र ने की मारपीट

जालौन (उरई)। रंजिश के चलते पिता पुत्र द्वारा गाली, गलौज व मारपीट करने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उरगांव निवासी सोनू उर्फसुमित ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही धूराम व उनके पुत्र मलखान उससे रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते अक्सर उसके साथ गाली, गलौज करते रहते हैं। पीड़ित ने बताया कि सोमवार की सुबह उक्त धूराम व उनका पुत्र मलखान उनके घर के बाहर आए और उसके साथ गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर दोनों ने मिलकर मारपीट शुरू कर दी। शोरगुल सुनकर आसपास के लोगों को आता देख दोनों जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस ने टापटेन शातिर अपराधी को दबोचा

असोथर फतेहपुर। असोथर थानाध्यक्ष आशीष सिंह रविवार की रात अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखने के उद्देश्य से क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी उनके खास मुखबिर ने सूचना दिया कि शातिर अपराधी नीरज कुमार पुत्र सुरेन्द्र कुमार लोधी निवासी तिवारीपुर मजरे सातों धरमपुर थाना असोथर किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से अपने साथी का इंतजार कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष हकरत में आ गये और हमराही सिपाहियों के साथ मुखबिर के बताये स्थान की ओर रवाना हो गये। पुलिस जीप आती देख अपराधी ने पुलिस पार्टी पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जिस पर थानाध्यक्ष व उनके हमराही सिपाहियों ने घेराबंदी कर हल्की मुठभेड़ के बाद शातिर टाप-10 अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। जिसके कब्जे से पुलिस ने एक 315 बोर का तमंचा व दो जिन्दा कारतूस बरामद किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त शातिर किस्म का है। इसके खिलाफथरियांव थाने में कई मुकदमें दर्ज है जिनमें यह जेल भी जा चुका है।

यमुना नदी मे नहाने गए दो किशोर डूबे, एक की मौत

गाजीपुर (फतेहपुर)। गाजीपुर थाना क्षेत्र सेवरामऊ गांव के दो किशोर यमुना मे नहाते समय सुबह डूब गए एक किशोर किसी तरह तैर कर बाहर निकल आया जबकि दूसरे की डूबने से मृत्यु हो गई जानकारी के अनुसार शत्रुघ्न उर्फ(पुत्तू) 14 वर्ष पुत्र पवन मिश्रा अपने दोस्त पुत्तन 11वर्ष के साथ सुबह 10रू30 बजे गांव से जुड़कर बहने वाली यमुना नदी मे नहाने गया था, यमुना मे इस समय बहुत तेज बहाव है, बहाव मे फंस कर दोनों किशोर गहरे पानी मे चले गए और डूबने लगे पुत्तन किसी तरह तैर कर किनारे पर आ गया लेकिन शत्रुध्न की डूबने से मौत हो गयी। सुचना पर पहुँचे परिजनों ने मछुवरो के सहयोग से डूबे शत्रुघ्न को निकाला और सामुदायिक स्वास्थ केंद्र गाजीपुर लेकर गए जहाँ डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

तालाब में डूबकर आईटीआई छात्र की मौत

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के चक्की गांव में आईटीआई छात्र अपने चार अन्य साथियों के साथ सोमवार को तालाब में नहाने गया था। जो गहरे पानी में डूब गया। परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे। तालाब में खोजबीन करके शव बरामद कर लिया। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा है। चक्की गांव निवासी अमन 19 वर्ष पुत्र विद्या सागर आईटीआई का छात्र है। वह गांव के ही कल्लू, महेंद्र, हिमांशु व सनी के साथ दसियान तालाब में नहाने गये थे। साथी कल्लू ने बताया अमन तैरकर तालाब पार कर रहा था तभी गहरे पानी में डूब गया। साथियों ने अमन को डूबता देखा चीख पुकार मच गई। गांव आकर परिजनों को जानकारी दी। तालाब में खोजबीन करने लगे करीब डेढ़ घंटे बाद अमन मिला। तब तक सांसे थम चुकी थी।

बारह लोग और निकले कोरोना पॉजिटिव

फतेहपुर। जनपद में आज 12 और अप्रवासी की कोरोना रिपोर्ट पाजीटिव आने के बाद कुल कोरोना पाजीटिव लोगों की संख्या बढ़कर 229 हो गई है। जिनमे कोविड एल-01 हास्पिटल से 149 संक्रमितो के ठीक होकर डिस्चार्ज हो जाने के कारण जिले में ऐक्टिव कोरोना केसो की संख्या 80 बची है, जिनका उपचार चल रहा है। कोरोना अपडेटः फतेहपुर- कुल सैंपल 8469, कुल प्राप्त जांच रिपोर्ट 7608, आज प्राप्त पॉजिटिव रिपोर्ट 12, कुल कोरोना पॉजिटिव व्यक्ति 229, अब तक अस्पताल से डिस्चार्ज मरीज 144, कोरोना के एक्टिव केस 80 हैं।

गैंगरेप प्रकरण में आया नया मोड़, क्रास रिपोर्ट की तैयारी

फतेहपुर। हुसैनगंज थाने के हाईप्रोफाइल नौगाँव के नाबालिग गैंग रेप मामले में आज उस समय नया मोड़ आ गया जब आरोपी पक्ष की ओर से पीडिता के परिजनों पर छेड़खानी की तहरीर दे दी। बकौल एसओ दोनो पक्ष से एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। इस मामले में क्षेत्रीय पुलिस की भूमिका को लेकर सवाल उठ रहे हैं। पिछडी जाति की पीडिता के परिजन कई दिनो से थाने के चक्कर लगा रहे थे और तीन दिन से इस बड़े प्रकरण की तहरीर पर पुलिसिया सिस्टम के तहत माथापच्ची चल रही थी और आज क्रास रिपोर्ट ने तमाम सवाल खड़े कर दिये।

अब बिना आय प्रमाणपत्र के नहीं बनेगा राशन कार्ड

बांदा। राशन कार्ड बनवाने के लिए अब आय प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से लगाना होगा। प्रमाण पत्र एक वर्ष के अंदर तहसील से बना हो। नगर में तीन लाख व ग्रामीण क्षेत्रों में दो लाख से अधिक आय वालों के राशन कार्ड खुद निरस्त हो जाएंगे। जनपद में करीब सवा तीन लाख राशन कार्ड हैं। इनमें 48354 अंत्योदय कार्ड धारक हैं। नए राशन कार्ड के लिए आवेदन किए जा रहे हैं। अब राशन कार्ड आय छिपाकर नहीं बनवा सकते है। आवेदक को तहसील से प्रदत्त आय प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से लगाना होगा। वह भी एक वर्ष के अंदर का बना हो। इसके अलावा जो भी कार्ड बने हैं यदि नगर क्षेत्र में तीन लाख व ग्रामीण क्षेत्र में दो लाख वार्षिक आय अधिक तो ऐसे लोगों के कार्ड स्वत: ही निरस्त हो जाएंगे। खाद्य आयुक्त ने कहा है कि अब राशन कार्डों में किसी भी तरह का संशोधन यूनिट जोड़ना, यूनिट हटाना, नाम में संशोधन आदि सीधे पूर्ति निरीक्षक नहीं कर सकेंगे। वह डीएसओ को लागिन पर भेजेंगे। उनके अनुमोदन के बाद पूर्ति निरीक्षक डिजिटल हस्ताक्षर करेंगे। यही प्रक्रिया नए राशन कार्ड बनवाने में होगी। प्रदेश के खाद्य एवं रसद आयुक्त मनीष चौहान ने राशन वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए कई संशोधन किये हैं। इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश जारी किए गए हैं।

जिला पूर्ति अधिकारी राजीव तिवारी ने बताया कि जो कार्डधारक हर माह बायोमेट्रिक व्यवस्था असफल होने पर प्रॉक्सी व ओटीपी आधारित ट्रांजक्शन के जरिए खाद्यान्न ले रहे हैं, उन्हें अब पूर्ति निरीक्षक के यहां से लेकर एक फार्म भरना होगा। इसमें मोबाइल नंबर, बायोमेट्रिक व्यवस्था असफल होने का कारण भी देना होगा। डीएसओ के अनुमोदन के बाद कार्डधारक के मोबाइल पर ओटीपी जाएगी। इसी के आधार पर अगले माह राशन का वितरण होगा।

सेठ छोटेलाल के छात्र- छात्राओं ने सीबीएसई की बारहवीं की परीक्षा में मारी बाजी

राठ। सीबीएसई की घोषित बारहवीं कक्षा के परिणामों में नगर क सेठ छोटेलाल एकेडमी के विद्यार्थियों ने शानदार सफलता हासिल कर विद्यालय व अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। अनमोल अग्रवाल ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया है। गुरबानी कौर व जशन प्रीत सिंह ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है। रजतराज गौतम व ज्ञानेन्द्र राठौरर ने 94.8 प्रतिशत अंक हासिल किये है। जीतेन्द्र सिंह ने 94.2 प्रतिशत अंक, भास्कर जय कश्यप व अविरल त्रिपाठी ने 93.6 प्रतिशत, विकास आनन्द ने 93.4 प्रतिशत तथा शिवानी वर्मा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है। चेयरमैन केजी अग्रवाल, संस्थापक सदस्य डा. आर जी गुप्ता, विद्यालय के प्रबंधक धीरेन्द्र श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष हरी प्रकाश गुप्ता व विद्यालय की प्रधानाचार्य ने सफलता प्राप्त करने पर सभी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुये सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

फर्जी किसान से सात बार में खरीदा 167 कुंतल चना

बांदा। यूपीपीसीयू को इस वर्ष दो केंद्र खोलकर चना खरीद का जिम्मा दिया गया था। खरीद में शुरू से ही घोटाला हुआ। जांच में नरैनी में खुले दलहन खरीद केंद्र में फर्जी किसानों के नाम हुई खरीद का राजफाश हुआ है। मंडलीय क्रय प्रबंधक ने सहायक आयुक्त व सहायक प्रबंधक सहकारिता को जांच अपनी आख्या सौंपी है। जांच में एक ही किसान से सात बार 167 क्विंटल चना खरीदने सहित कई तथ्य सामने आए हैं। शासन ने किसानों को दलहन व तिलहन का सही मूल्य दिलाने के लिए पीसीएफ व यूपीपीसीयू को खरीद की जिम्मेदारी सौंपी थी। यूपीपीसीयू ने नरैनी व जिला मुख्यालय स्थित विशिष्ट मंडी स्थल में केंद्र खोले थे। नरैनी में एजेंसी ने खुद केंद्र खोलने के बजाए अत्रि एग्रीकल्चर एंड एलाइड कॉपरेटिव सोसायटी लिमिटेड झांसी को नामित कर दिया था। संस्था ने नियम विरुद्ध एक आढ़ती की दुकान में बैनर लगा खरीद शुरू कर दी। फर्जी किसानों के नाम सैकड़ों क्विंटल चना खरीदे जाने की शिकायत

घोटाला हुआ उजागर

शासन.प्रशासन तक पहुंची। डीएम के निर्देश पर मई माह में एसडीएम नरैनी ने केंद्र में छापामार कर जांच की थी। प्रथम द्रष्टया गड़बड़ी पाए जाने पर केंद्र को बंद करा दिया गया। सोसायटी प्रबंधकए संचालक व केंद्र प्रभारी सहित चार लोगों के विरुद्ध 22 मई को नरैनी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। केंद्र में 328 किसानों का 652ण15 मीट्रिक टन चना खरीदे जाने की जांच के निर्देश दिए थे। यूपीपीसीयू के मंडल के वरिष्ठ सहायक व मंडलीय क्रय प्रबंधक दिनेश तिवारी को जांच सौंपी गई थी। मंडलीय क्रय प्रबंधक ने जांच पूरी कर सहायक आयुक्त को पिछले दिनों जांच रिपोर्ट सौंप दी। जांच के मुताबिक चित्रकूट जनपद के पीलीकोठी निवासी स्वामी दिव्यानंद की 07 हेक्टेयर जमीन ग्राम बुढुली गांव में है। नरैनी केंद्र में उनसे सात बार में 167, 50 क्विंटल चना खरीदा गया। अभिलेखों में यह दर्शाया गया है। जबकि हल्का लेखपाल की रिपोर्ट में खसरे में रबी फसल में 07 हेक्टेयर भूमि में गेंहू फसल बोया जाना दर्शाया गया है। ऐसे ही तहसील अतर्रा के पिड़खर गांव से अतर्रा केंद्र में तीन बार में 75 कुंतल चना बेचा गया है। जबकि पिडखर के हल्का लेखपाल ने खसरे में 2ण683 हेक्टेयर में चना बोये जाने की बात अंकित की है। शासन से निर्धारित मानक के अनुसार एक हेक्टेयर में 11 कुंतल चना की बिक्री की जा सकती है। जिसके अनुसार उक्त जमीन में मात्र 29ण513 क्विंटल चना की बिक्री हो सकती है। क्रय प्रबंधक ने भेजी रिपोर्ट में यह भी लिखा है कि दिव्यानंद के नाम उक्त ग्रामों में जमीन न होकर ट्रस्ट के नाम जमीन दर्ज है। केंद्र संचालक ने आढ़तिया के यहां से चना खरीद कर दिव्यानंद के नाम से फर्जी दर्शाया है। यह तो अभी महज बानगी है। जब अभिलेखों में दर्ज सभी किसानों की जांच पड़ताल होगी तो बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आएगा। किसानों के नाम पर किन व्यापारियों ने बिक्री किया है इसका भी खुलासा होगा।

असलहे के जोर पर गरीब की भूमि पर कर रहा कब्जा

चित्रकूट। मानिकपुर थाने के गढचपा गांव के मजरा पहरतरा के दबंग एक गरीब की भूमि पर असलहों के जोर पर जमीन पर अवैध ढंग से कब्जा कर रहे हैं। पीड़ित परिवार ने मय बच्चों के पुलिस अधीक्षक से दबंग के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर न्याय की गुहार लगाई है।

सोमवार को मानिकपुर थाने के गढचपा गांव के मजरा पहरतरा के मिर्चीलाल पुत्र भैरमा कुम्हार ने मय बाल-बच्चों के पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल से उनके कार्यालय में भेंट की। उन्हें बताया कि 11 जुलाई को गांव के दबंग अशोक कुमार सिंह उर्फराजा सिंह पुत्र शिरोमणि सिंह ने अपनी लाइसेंसी राइफल लेकर ट्रैक्टर से उसकी जमीन पर अवैध ढंग से कब्जा कर रहा है। अवैध कब्जा धारक दबंग गुण्डे किस्म का व्यक्ति है। उसके विरोध जताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए कह रहा है कि वह पूरे परिवार को नष्ट कर देगा।

पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि दबंग हाथ-पैर तोडने की धमकी देते हुए कहता है कि पचास लाठी मारकर दफ्न कर देगा। पीड़ित ने एसपी से कानूनी कार्यवाही कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। इसी क्रम में गढचपा पतेरिया के घनश्याम चौकीदार व राधेश्याम आरख पुत्रगण बब्बू आरख को दबंग अशोक उर्फ राजा सिंह ने अपनी लाइसेंसी राइफल के जोर पर बुरी तरह बेरहमी से मारापीटा है। ग्रामीणों को गम्भीर चोटें आई हैं। पीड़ितों ने पुलिस चौकी सरैंया में घटना की शिकायत की है। पुलिस ने दबंग राजा सिंह के खिलाफ उचित कार्यवाही नहीं की है।

एसपी से गुहार लगाने आया पीड़ित परिवार।

प्रेमिका की हत्याकर प्रेमी ने लगाई फांसी

चित्रकूट। कोतवाली कर्वी के छिपनी गांव में रविवार रात डेढ़ बजे प्रेमी ने प्रेमिका को उसके घर के बाहर धारदार हथियार से गला रेत दिया। दम तोडने से पहले प्रेमिका ने खून से कागज पर कातिल प्रेमी का नाम लिख दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस को प्रेमिका के घर से कुछ दूरी पर प्रेमी का शव लटकता मिला। उसकी जेब से मिले पत्र ने युवती से प्रेम संबंधों का खुलासा किया है। रविवार को देर रात छिपनी गांव में प्रेमी अजय उर्फपट्टू वर्मा अपनी प्रेमिका नीलम कोटार्य से मिलने उसके घर गया था। प्रेमिका मिलने को घर से बाहर आई। किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। प्रेमी ने धारदार हथियार से प्रेमिका का गला रेतकर भाग खड़ा हुआ। खून से लथपथ युवती चींखती हुई घर के भीतर भागी। नीलम की हालत देखकर परिजन इलाज कराने जिला अस्पताल भागे। यहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। वह बोल नहीं पा रही थी। उसने एक कागज पर अपने खून से कातिल प्रेमी का नाम लिख दिया।

हत्या और लूट में फरार दो इनामी पुलिस ने दबोचे

चित्रकूट। जिला पुलिस के कार्यों में आई अचानक मुस्तैदी के चलते पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर पहाड़ी थाना पुलिस ने 25-25 हजार रुपये के दो ईनामी अपराधी मुठभेड़ में दबोचे हैं। आठ साल से फरार अपराधी शिवचरन उर्फ होंडा पुत्र हीरालाल निवासी भैसौंधा थाना भरतकूप व अर्जुन रैदास पुत्र श्रीपत रैदास निवासी तौरा थाना पहाड़ी को एक-एक तमंचा व कारतूस तथा लूटी गई ट्रैक्टर ट्राली के साथ पुलिस ने मुठभेड़ में दबोचा है।

रविवार की रात पहाड़ी थानाध्यक्ष सुशीलचन्द्र शर्मा को सूचना मिली कि वर्ष 2012 में एक कारोबारी की हत्या कर उसका ट्रैक्टर मय ट्राली के दो लोग लूट ले गये थे। दोनों अपराधी साईंपुर होते हुए भैसौंधा की ओर जा रहे हैं। पुलिस टीम रमयापुर तिराहे पर पहुंचकर दोनों अपराधियों के इंतजार में बैठ गई। कुछ देर बाद एक ट्रैक्टर पर दो लोग आते नजर आये। पुलिस ने ट्रैक्टर रोकने का प्रयास किया तो उसमें सवार अपराधियों ने पुलिस पार्टी पर गोली चला दी।

पुलिस ने खुद को गोली से बचाते हुए घेरकर दोनों को पकड़ लिया। पूंछताछ में दोनों ने अपने उक्त नाम-पते बताये। इनके कब्जे से पुलिस ने एक-एक तमंचा व कारतूस बरामद किये। पूंछताछ में दोनों ने बताया कि 2012 में तौरा गांव के पास जय कुमार केशरवानी पुत्र गनपत निवासी इलाहाबाद रोड़ कर्वी की हथौड़ा मारकर हत्याकर ट्रैक्टर लूटकर फरार हो गये थे। इनकी गिरफ्तारी पर 25-25 हजार रुपये का ईनाम घोषित था। आरोपीगण अपना नाम बदलकर गोरखपुर में रहते थे। गुप्ता परिवार में शादी कर लिया था। दोनों आरोपी गोरखपुर, जौनपुर, मिर्जापुर व प्रयागराज आदि जिलों में रहते रहे हैं। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है।

बाइक सवारों पर बदमाशों ने किया हमला, एक की मौत

फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अमनी के समीप सोमवार की सुबह बाइक से जा रहे तीन लोगों को अज्ञात लोगों ने लाठी-डण्डों से पीट दिया। गम्भीर अवस्था में उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां एक को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतक के साथी ने अपने ससुर, सास पर जानलेवा हमला कराने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के महेशपुर मठेठा निवासी ओम प्रकाश का 22 वर्षीय पुत्र दीपू रैदास व उसका छोटा भाई श्यामू रैदास व गांव के ही लल्लू सिंह सेंगर का पुत्र ननका उर्फ ननबुद 35 वर्ष के साथ आज सुबह मोटरसाइकिल द्वारा दीपू अपनी पत्नी संध्या देवी का अल्ट्रासाउंड कराने के लिए जा रहा था। तभी अमनी गांव के समीप घात लगाये बैठे दो अज्ञात लोगों ने पीछे बैठे ननका उर्फननबुद सिंगरौर पर लाठी से वार कर दिया। जिससे अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने के कारण ननका अचेत हो गया। दोनों भाई चुटहिल हो गये। आनन-फानन में उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने ननका को मृत घोषित कर दिया। दीपू ने बताया कि आज वह अपनी पत्नी संध्या का अल्ट्रासाउंड कराने के लिए विजयीपुर सरकारी अस्पताल आ रहा था। उसने अपने ससुर कंचनलाल निवासी टेनी कोतवाली खागा को बुलवा लिया। अल्ट्रासाउंड न होने पर किसी बात को लेकर ससुर व दामाद में बहस होने लगी। वह अपनी पत्नी को ननका सिंगरौर की पत्नी सुषमा देवी के साथ ई-रिक्शा में बैठाकर निजी नर्सिंग होम भेज रहा था। दोनों भाई व ननका मोटरसाइकिल से जा रहा था। जैसे ही यह लोग अमनी गांव के समीप पहुंचे तभी लाठी लेकर खड़े दो अज्ञात लोगों ने हमला बोल दिया। दीपू ने बताया कि वह अपने ससुर, सास व दो अज्ञात लोगों के खिलाफथाने में हत्या का मुकदमा दर्ज करायेगा।

ग्राम मदोखीपुर के लोगों को नहीं मिल पा रहा योजनाओं का लाभ

फतेहपुर। बिन्दकी तहसील अंतर्गत मलवां ब्लाक क्षेत्र के मदोखीपुर गांव में ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी की मिलीभगत के चलते जहाँ एक और गांव विकास से कोसो दूर है। वहीं शासन की योजनाओं का लाभ भी ग्रामीण जनता को नहीं मिल पर रहा है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी पर आरोप लगाते हुए बताया की गांव के एक प्रमुख मार्ग का निर्माण कार्य का पैसा तो करीब दो वर्ष पूर्व ही निकाल लिया गया, किन्तु करीब 30 मीटर मार्ग का निर्माण आज तक नहीं कराया गया है जिससे गांव के लोगो के साथ ही क्षेत्र के लोगो को आने-जाने में अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया की यह मार्ग सीधा उन्नाव एवं रायबरेली जिले को भी जोड़ता है। बताया की इस मार्ग से क्षेत्र के गोविंदपुर, दूधीकगार, मवइया, गुनीर, नूरपुर, भौनखेड़ा, जुगुतखेड़ा, शिवराजपुर व बसंतखेड़ा के लोगो का सबसे आवागमन होता है। ग्रामीणों ने बताया की इस मार्ग के निर्माण व प्रधान तथा सेक्रेटरी के भ्रष्टाचार की शिकायत कई बार खंड विकास अधिकारी, तहसील प्रशासन व जिले के अधिकारियो से की गयी, किन्तु आज तक किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने मामले पर गंभीरता नहीं दिखाई, जिसकी वजह से प्रधान व सेक्रेटरी से हौसले बुलंद है और धमकी देते हुए कहते है जहाँ शिकायत करनी हो कर दो कुछ नहीं होगा। उक्त मामले को लेकर जब ग्राम प्रधान विजय प्रकाश निषाद से बात की गयी तो उनका कहना रहा की ग्रामीण मार्ग के साथ नाली निर्माण की मांग कर रहे थे जिसकी वजह से काम रुक गया। वही उन्होंने बिना काम के पैसे निकलने के मामले में चुप्पी साध ली और बताया की केंद्रीय राज्यमंत्री से पुन: मार्ग निर्माण के लिये अनुरोध किया है। कोरोना महामारी की वजह से काम नहीं हो पाया बजट मिलते ही बनवा दिया जायेगा। उधर ग्राम पंचायत विकास अधिकारी नीलम सिंह से दूरभाष में बात की गयी तो उनका कहना रहा की ग्रामीणों की आपसी कलह की वजह से निर्माण नहीं हो सका, किन्तु वह भी पैसा निकाले जाने के प्रश्न पर चुप्पी साध गए। सवाल ये उठता है की जब करीब 30 मीटर मार्ग का निर्माण हुआ ही नहीं तो पैसा कैसे खाते से निकल गया और अगर पैसा निकला तो इस खेल में कौन-कौन शामिल है। ये बड़ा विषय है, जिसका जिला प्रसाशन को स्वयं संज्ञान लेना होगा, अन्यथा इसी तरह गड़बड़ झाला होता रहेगा और जिले के अधिकारी मूकदर्शक बनकर तमाशा देखते रहेंगे।

फांसी लगाकर युवक ने दी जान

संवाददाता। फतेहपुर

सदर कोतवाली क्षेत्र के जैदून मुहल्ले में सोमवार की दोपहर परिवारिक कलह के चलते लगभग 25 वर्षीय एक युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जानकारी के अनुसार जैदून मुहल्ला निवासी प्रदीप कुमार के पुत्र अजय कुमार उर्फ अज्जू घरेलू कलह के चलते काफी दिनों से मानसिक तनाव में था। आज दोपहर लगभग दो बजे उसने घर के अंदर कमरे में पंखे के हुक से रस्सी का फंदा डाल फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों की नजर पड़ी तो उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक डा. आशीष कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताते हैं कि मृतक इससे पूर्व एम्बुलेन्स चालक था। काफी दिनों से घरेलू कलह के चलते काफी समय से मानसिक तनाव में था। घटना के बाबत जानकारी मृतक के भाई राहुल ने दी।

सीबीएसई इंटर में एल्ड्रिच के छात्र आर्यन देव ने किया टॉप

दूसरे पर छात्रा रिया सिंह व तृतीय स्थान मिला पूर्वी गुप्ता को

उरई (जालौन)। बीकेडी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल झांसी रोड उरई में 12 वीं सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर से अपना परचम फहराया जिसमें साइंस स्ट्रीम में विद्यालय के छात्र आर्यन देव ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाया जबकि द्वितीय स्थान पर छात्रा रिया सिंह ने 95.6 व तृतीय स्थान पर पूर्वी गुप्ता ने 95.4 प्रतिशत अंक हासिल किये। कोमर्स स्ट्रीम में प्रथम स्थान युग अग्रवाल ने 95.8 प्रतिशत अंक, द्वितीय स्थान सुवेता शेख 94.8 प्राप्त कर जनपद में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आर्यन देव ने फिजिक्स, कैमिस्ट्री, मैथ में 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

विद्यालय में साइंस स्ट्रीम एवं कोमर्स स्ट्रीम में 202 छात्र-छात्रायें इंटर की परीक्षा में शामिल हुये थे जिसमें 45 छात्रों ने 90 से 96 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किये। 78 छात्र-छात्राओं ने 80 से 90 प्रतिशत के बीच में अंक प्राप्त किये। 59 छात्र-छात्राओं ने 70 से 80 प्रतिशत के बीच में अंक प्राप्त किये। शेष छात्र-छात्राओं ने 60 से 70 प्रतिशत के बीच अंक हासिल किये। विद्यालय की छात्र-छात्राओं में सर्वश्रेष्ठ अंक छात्र आर्यन देव ने 96.6 प्रतिशत, रिया सिंह ने 95.6, युग अग्रवाल ने 95.8, पूर्वी गुप्ता ने 95.4, मानव सिंह ने 95, हर्ष रूसिया ने 95, सुवेता शेख ने 94.2, अंशिका अग्रवाल 94.2, मानस पालीवाल ने 94.2, सुमित कुमार ने 94.2, हर्षित गुप्ता ने 94, तनिष्का गुप्ता ने 93.2, मानसी मिश्रा ने 93.6, आयुषी पाण्डे ने 93.6, विकास पुरोहित ने 93.6, अर्जुन गुप्ता ने 93.6, सृष्टि पटेल ने 93.6, करूनेंद्र ने 93 प्रतिशत, आशुतोष तिवारी ने 92.8, संस्कार वर्मा ने 92.6, वैभव शुक्ला ने 92.6, रिषभ मिश्रा ने 92.6, सिद्धार्थ चौधरी ने 92.4, रितिक श्रीवास्तव ने 92.4, जय खरे ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। विद्यालय के अध्यक्ष राधेश्याम निगौतिया, डायरेक्टर डा. आनंद इटौरिया, प्रबंधक इं. अजय इटौरिया, प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा श्रीखंडे, उप प्रधानाचार्य आशीष तिवारी ने छात्र-छात्राओं की खूब पीठ थपथपाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। प्रबंधक इं. अजय इटौरिया ने छात्र-छात्राओं के उनके प्रदर्शन के लिये बधाई देते हुये कहा कि हम कामना करते हैं कि सभी छात्र-छात्रायें आगे चलकर उरई का नाम रोशन करेंगे एवं शिक्षा का स्तर हमेशा ऊंचा रहेगा। प्रधानाचार्या सीमा श्रीखंडे ने कहा कि विद्यालय परिवार ने हमेशा शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान दिया है उसी का परिणाम है कि उन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन अच्छा किया। विद्यालय के शिक्षक पुरुषोत्तम पुरवार, केके चतुर्वेदी, गोविंद सिंह, देवेश पाठक, दीक्षा दूरवार, महेश कुशवाहा, महेंद्र वाजपेयी, शिवम गुप्ता, शनी वर्मा, शिव शर्मा, उपेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

संक्रामक रोग से किसान समेत तीन लोगों की मौत

संवाददाता। ऊंचाहार

संक्रामक रोग की चपेट मे आने पर किसान समेत तीन की मौत हो गई जिसमे मरने वालो मे दो महिलाए है। जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी व अधिकारियो मे हड़कंप मच गया है। बताते चले कि ऊंचाहार कोतवाली के गंगाकटरी गांव गोकना निवासिनी बिटाना देवी पत्नी रामशरन की एकाएक पेट मे दर्द होने के बाद मौत हो गई जिनकी मौत के बाद परिजनो मे रो रोकर बुरा हाल था।मृतक महिला के पति ने बताया कि मेरी बेटी नीतू की शादी 26 जून को गदागंज थाना के गांव पूरे मुराइन से थी जहां से 29 जून को बेटी को विदा करने के बाद घर लाया गया।जिसके बाद से पत्नी की हालत गंभीर चल रही थी।जिनके पेट मे दर्द होने के बाद मौत हो गई है।मृतका के परिजनो मे रो रोकर बुरा हाल था।दूसरी मौत का मामला इसी गांव से दो किलोमीटर दूर गांव कोटियाचित्रा की है।जहां की निवासिनी शशी 45वर्ष पत्नी अशोक की भी पेट की बिमारी से ग्रसित होने पर उनको बछरावां के अस्पताल मे भर्ती करवाया गया जहां पर उनकी उपचार के दौरान मौत एकाएक हो गई।तीसरा मौत कोतवाली के गांव पूरे पलऊ निवासी रामबहादुर 60वर्ष की भी एकाएक पेट मे दर्द होने के बाद मौत हो गई है।जिसमे तीनो मौतो की सूचना आशाबहू व ग्रामीणो के द्वारा स्वास्थ्य विभाग को दिया गया जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग मे हड़कंप मच गया है।उधर सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि गांव मे टीम भेजकर दवा वितरण व दवा की छिड़काव के साथ साथ सैंपल लेकर जांच हेतु भेजा जाएगा।

गोंडा जिला अस्पताल की बड़ी लापरवाही

संदिग्ध मरीज का शव परिजनों को सौप दिया

संवाददाता। गोंडा

जिले में लगातार बढ़ रहे कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या को देखते हुए भी जिला प्रशासन लापरवाही करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा। विगत दो दिनों से जारी सूचना में दर्जनों की तादाद में कोरोना संक्रमित मिल रहे हैं। बावजूद इसके रविवार को जिला अस्पताल में एक बड़ी लापरवाही सामने आई। जहां मनकापुर से आया एक संदिग्ध मरीज की मौत होने पर जांच रिपोर्ट आने से पहले उसके शव को परिजनों को सौप दिया गया। वहीं परिजन भी शव लेकर आनन-फानन में वहां से रफूचक्कर हो गए। रविवार बाबू ईश्वर शरण जिला अस्पताल में एक बड़ी लापरवाही सामने आई। जहां एक संदिग्ध के शव को सांठगांठ कर परिजनों के हवाले कर दिया गया। सूत्रों के मुताबिक शनिवार शाम को मनकापुर के रायशी गांव से एक मरीज को अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में भर्ती कराया गया था। मरीज सांस व अन्य संक्रमण से ग्रसित था। संदिग्ध होने के नाते उसका सैंपल जांच के लिए भेजा गया। लेकिन तभी रविवार की सुबह उसकी मौत हो गई। मरीज की मौत पर परिजनों का अस्पताल कर्मचारियों से शव ले जाने की सांठगांठ शुरू हो गई। उसी बीच बात बनते ही परिजन सैंपल की जांच रिपोर्ट आने पहले शव को एक निजी एम्बुलेंस में लादकर रफूचक्कर हो गए। इमरजेंसी में तैनात डा0 जितेंद्र ने बताया कि शव को प्रोटोकॉल के तहत सेनेटाइज कर परिजनों को सौपां गया है।

सदर विधायक अदिति ने राजकीय जिला पुस्तकालय को लिया गोद

संवाददाता। रायबरेली

जनपद रायबरेली की जनप्रिय विधायक अदिति सिंह ने राजकीय जिला पुस्तकालय को गोद लेने का निर्णय लिया है। इसकी घोषणा कल उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से की। बताते चलें कि सदर विधायक अदिति सिंह सन 2017 में पहली बार सदर सीट से विधायक निर्वाचित हुई हैं, तब से विशेष रूप से शहर के विकास के लिए प्रयत्नशील हैं। एक ओर जहाँ नगर पालिका परिषद रायबरेली के माध्यम से शहर की कायाकल्प का बीड़ा उठा रखा है, तो दूसरी ओर अब अपने निजी प्रयासों से शहर के मध्य स्थित राजकीय पुस्तकालय को सुसज्जित व आधुनिक बनाने की पहल की है। उन्होंने फेसबुक लाइव के माध्यम से अपने फॉलोअर से अपील की है कि वह सभी भी अपने-अपने स्तर से स्वेच्छा से उनका सहयोग कर सकते हैं। अदिति सिंह ने बताया कि उनके पिता स्व. अखिलेश सिंह जी को खाली समय में किताबों को पढ़ना बहुत ही पसंद था, उनका जो भी संग्रह है वो अब पुस्तकालय को दान कर दिया जायेगा। अदिति सिंह ने जनपदवासियों से अपील की है, कि वह सभी अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर पुस्तकालय का लाभ ज्ञानार्जन के लिए ले सकते हैं। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छोटे भाई - बहनों को अध्ययन हेतु अनुकूल वातावरण मिलेगा।

सुलतानपुर में कोरोना पॉजिटिव 243 मरीजों में 185 हो गए ठीक

संवाददाता। सुलतानपुर

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमाकांत त्रिपाठी ने बताया कि वर्तमान में नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व रोकथाम के लिए पूरा देश अनलॉकडाउन है। जनपद सुलतानपुर मे मेडिकल क्वारंटाइन मे रखे गये 2100 व्यक्तियो मे से 2061 व्यक्तियो को स्वस्थ्य होने पर डिस्चार्ज किया गया तथा 39 व्यक्ति शेष है। ग्रामीण क्षेत्रो मे 124007 व्यक्तियो एंव शहरी क्षेत्र में 1757 व्यक्तियो को होम क्वारंटाइन मे रखा गया है, जिसमे से क्रमश: 1867 व 110 व्यक्ति निगरानी मे है। जनपद मे विभिन्न स्थलो पर कुल 49 आश्रय स्थल (शेल्टर होम) बनाये गये है, जिसे चिकित्सीय सुविधा व सैनिटाइजर व अन्य सुविधाओं से लैस किया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक 2802 व्यक्तियो को आश्रय स्थल मे रखा गया था, जिसमे से 2779 व्यक्तियो को क्वारंटाइन अवधि पूर्ण होने पर उन्हे मुक्त किया जा चुका है, 23 व्यक्ति अभी भी आश्रय स्थलो मे क्वारंटाइन है तथा 01 मई, 2020 से अन्य राज्यध्जनपदो से अब तक कुल 65975 व्यक्ति आये जिन्हे स्क्रीनिंग के पश्चात् उनको होम कोरंटाइन किया गया। उक्त सभी आये प्रवासी श्रमिको को ग्रामीण क्षेत्रध्शहरी क्षेत्र मे होम क्वारंटीन किया गये सभी व्यक्ति निगरानी मे है। नगरीय क्षेत्रो मे कुल 56 वोर्डो एंव ग्रामीण क्षेत्र मे 986 ग्राम पंचायतो मे निगरानी समिति का गठन कर उपरोक्त व्यक्तियो का निगरानी करायी जा रही है। सीएम निर्देशानुसार जनपद मे कुल एक सामुदायिक रसोई संचालित है, जिसमे आज तक सरकारी कुल 714364 फूड पैकेट का वितरण निराश्रित असहाय व्यक्तियो के मध्य किया गया है। जनपद मे कोई भी व्यक्ति इस संकट की घडी मे पका भोजन व सूखा राशन से वंचित नही है। जनपद मे नियमित खाद्यान्न वितरण के अन्तर्गत माह जुलाई में 236050 राशन कार्ड लाभार्थियों में खाद्यान्न का वितरण किया गया है। शासन की मंशानुसार जनपद मे अनलाकडाउन दो का पालन कराया जा रहा है। जनपद मे कोरोना पाजिटिव क्षेत्र को कन्टेनमेन्ट जोन बनाया गया है तथा कोई भी हाट स्पाट के रूप मे चिन्हित नही है। अब तक लाकडाउन व अनलाकडाउन का पालन न करने वाले 760 व्यक्तियो के विरूद्ध एफ0आई0 आर0 करायी गयी है, 210 वाहन सीज किये गये है तथा 2354 व्यक्तियो को गिरफ्तार किया गया है। इसके अतिरिक्त महामारी अधिनियम के अन्तर्गत अब तक कुल 506 एफ0आई0आर0 तथा अबतक 1171 गिरफ्तारी की गयी है। जिले में कोरोना वायरस की जॉच के लिए अब तक कुल 10491 नमूना लिया गया, जिसमे से 9446 नमूना की जाँच प्राप्त हुयी। 1045 नमूनो की जॉच रिपोर्ट आना शेष है। जनपद मे कोरोना पॉजिटिव मरीजो की कुल संख्या 243 है, जिसमे से 185 मरीज ठीक हो गये तथा सात व्यक्ति की मृत्यु हो गयी है। अवशेष 51 मरीज का इलाज चल रहा है।

एसजेएस पब्लिक स्कूल, रायबरेली के छात्र अंकुर सिंह ने कक्षा 12 में साबित की श्रेष्ठता

संवाददाता। रायबरेली

जनपद में शिक्षा स्तम्भ के रूप में चर्चित , बहुप्रतिष्ठित स्थानीय एस. जे. एस. पब्लिक स्कूल के मेधावी बच्चों ने एक बार पुन: इतिहास रचते हुए धमाकेदार परीक्षा परिणाम देकर जनपद के शिक्षा जगत में सनसनी फैला दी।विद्यालय के विशाल परिसर की छटा आज बेहद निराली लग रही थी। चारों ओर खिलखिलाते बच्चों के झुण्ड व उनकी चर्चाएं आकर्षण का केन्द्र रही, विदित हो इस सत्र के बहु-प्रतिक्षित परीक्षफल में विद्यालय के मेघावी अंकुर सिंह ने 98.2: अंक लेकर विद्यालय वरीयता सूची में प्रथम स्थान बनाया जबकि छात्र सार्थक श्रीवास्तव ने 97.4 प्रतिषत अंक लेकर द्वितीय स्थान बनाया तो वहीं छात्र शिवांस भरद्वाज ने भी 96.8 प्रतिषत अंक लेकर तालिका में तृतीय स्थान विस्तृत जानकारी देते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या डा0 बीना तिवारी जी ने बताया कि जनपद के तमाम सी. बी. एस. ई. से सम्बद्ध स्कूलों के परीक्षा परिणामों में विद्यालय के 46 मेधावी छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिषत से अधिक अंक लेकर अपनी दक्षता साबित की। यही नहीं परीक्षा फल का विश्लेषण करते हुए डा0 तिवारी जी ने बताया कि शारीरिक शिक्षा विषय में विद्यालय के छात्र शिवांस भरद्वाज, छात्रा श्रेया चौरसिया ने 100 में 100 अंक प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता साबित की। विद्यालय के इस अभूतपूर्व परीक्षा परिणामों से अभिभूवित विद्यालय प्रबंधतंत्र के प्रबंधक निदेशक श्री रमेश बहादुर सिंह, विद्यालय प्रबंधतंत्र के प्रशासनिक सचिव श्री अग्रज सिंह व डा.अनुश्री तथा वित्त सचिव श्री अनुज सिंह व श्रीमती प्रियंका सिंह के साथ-साथ विद्यालय प्रधानाचार्या डा0 बीना तिवारी ने विद्यालय में आए तमाम छात्रों व अविभावकों को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

सीबीएसई बोर्ड में बक्सी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के बच्चो ने लहराया परचम

लालगंज रायबरेली। कस्बे के अग्रणी शिक्षण संस्थान बक्सी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय की छात्रा शिवानी सिंह ने 96 प्रतिशत अंक अर्जित कर बैसवारे का नाम रोशन किया। मेधावियों की इस सफलता पर प्रबधन ने बच्चो का उत्साह वर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

95.5 प्रतिशत अंक हासिल कर राजशेखर वर्मा ने हासिल किया पहला स्थान

सुलतानपुर। सीबीएसई बोर्ड का रिजल्ट आते ही मेधावी छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई। कूरेभार के इछूरी स्थित बी इंडियन पब्लिक स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के मेधावी छात्र राजशेखर वर्मा ने 95.5 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान हासिल किया तो नाजरीन बानो ने 89 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरे स्थान पर रहीं। वहीं प्राची दूबे ने भी 84.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान लिया। मेधावी छात्र-छात्राओं की सफलता पर विद्यालय प्रबंधक कमलनयन वर्मा व अन्य अध्यापकों ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जल भविष्य की कामना की है।

सरस्वती विद्या मन्दिर के अनिरूद्ध साहू ने मारी बाजी

संवाददाता। सुलतानपुर

केन्द्रीय माध्यमिक षिक्षा बोर्ड की इण्टरमीडिएट का परीक्षाफल सोमवार को घोषित कर दिया गया। जिसमें सरस्वती विद्या मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय विवेकानन्दनगर के कामर्स वर्ग के छात्र अनिरूद्ध कुमार साहू ने 97 प्रतिशतत अंक हासिल कर जिले में अपना दूसरा स्थान बनाया है। इस उपलब्धि पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक प्रवेश, विद्यालय के प्रधानाचार्य राम सिंह सहित आचार्य परिवार ने मेधावियों का माला पहनाकर सम्मान किया।

विद्यालय के उप प्रधानाचार्य व परीक्षा प्रमुख आचार्य सभाजीत वर्मा ने बताया कि कक्षा 12 की परीक्षा में इस विद्यालय के 478 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे, जिसमें 453 परीक्षार्थी सफल घोशित किये गये हैं। इनमें सर्वाधिक 485 अंक कार्मस वर्ग के अनिरूद्ध कुमार साहू को मिला है। इसके अलावा 04-04 परीक्षार्थी 96 व 95 प्रतिषत से अधिक अंक अर्जित कियें है। जबकि 67 परीक्षार्थी 90 फीसदी, 161 परीक्षार्थियों ने 75 प्रतिषत से अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। 95 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने परीक्षार्थियों में अभिनव राय (96.4), शुभ्राशु मिश्र (96.4), कमल कृश्ण तिवारी (96.4)आयुश सोमवंशी (96.2), सागर मिश्र (95.4), हिंमाशु त्रिपाठी (95.4) हैं। इस उपलब्धि पर विद्यालय के अध्यक्ष भोलानाथ अग्रवाल, प्रबन्धक डॉ. एच.डी.राम व कोषाध्यक्ष आलोक कुमार आर्य ने मेधावियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविश्य की कामना की है। जिले के दूसरे टॉपर अनिरूद्ध कुमार साहू का कहना है कि वह आगे की अच्छी तैयारी करके सी.ए. बनना चाहता हूँ। अनिरूद्ध बताता है कि जब वह एल.के.जी. में पढ़ाई कर रहा था तभी पिता अर्जुन कुमार साहू का साया उसके सिर से उठ गया था। पहले चाचा और फिर भाई ने उसके पढ़ाई आदि की जिम्मेदारी सम्भाली। बड़ा भाई डायनियर कम्पनी में नौकरी कर रहा है। दूसरा भाई एस.एस.सी की तैयारी कर रहा है। दोनो बड़े भाई भी विद्या मन्दिर में पढ़े थे। सामान्य रूप से अपनी पढ़ाई की और जरूरत पड़ने पर विद्यालय के आचार्यों की मदद से सभी विशयों में बराबर तैयारी की। इस सफलता के लिए वह विद्यालय के आचार्यों को ही श्रेय देता है।

दुकानदार पर लॉकडाउन उल्लंघन का मामला दर्ज

खीरों, रायबरेली। खीरों थाने के एक आरक्षी ने खांडेपुर निवासी एक दुकानदार पर लॉक डाउन का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है । थाना खीरों में उक्त दुकानदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है । आरक्षी विवेक कुमार पाल ने आरोप लगाया है कि खांडेपुर निवासी सोमनाथ शर्मा ने शासन द्वारा जारी किए गए 55 घण्टे के लॉक डाउन का उल्लंघन करते हुए रविवार को शाम लगभग 4 बजे अपनी किराना की दुकान खोल रखी थी । उन्होंने बिना सोसल डिस्टेंसिंग का पालन किये और बिना मास्क पहने अपनी दुकान पर बड़ी संख्या में भीड़ एकत्र कर रखी थी । प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि आरक्षी की तहरीर के आधार पर धारा 188 व 269 आईपीसी के तहत दुकानदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है । अग्रिम कार्यवाही की जा रही है ।

नामजद अभियुक्त की गिरफ्तारी पर डलमऊ पुलिस की पकड़ हुई ढीली

संवाददाता। डलमऊ रायबरेली

पुलिस द्वारा राजनीति मे शामिल अभियुक्तों का संरक्षण कर उन्हे पालपोष कर उनमे अपराध और गिरफ्तारी का डर खत्म करती है जिसे अपराधी मे कानून या कानून के रखवालों का डर खत्म हो जाता है और परिणाम मे कानपुर जैसी अकल्पनीय घटना अंजाम मे आ जाती है कुछ ऐसी ही सरपरस्ती डलमऊ कोतवाली मे देखने को मिल रही है डलमऊ कोतवाली क्षेत्र मे विरोध करना या अपने अधिकार की बात करना कानून विरोधी है इसके लिए आपको जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया जा सकता है लेकिन ये सिर्फ आम आदमी के लिए है नेतृत्वकर्ता के लिए नहीं है रसूखदार लोगों के लिए नहीं सत्ता पक्ष की छोटी सी पकड़ भी आपको प्रभारी की नजर से सुरक्षित करने के लिए काफी है सत्ता पक्ष के छोटे से छोटे कार्यकर्ता पर पुलिस का ऐसा संरक्षण की अपराध और मुकदमा दर्ज होने के बाद भी गिरफ्तारी की जहमत नहीं उठाई जा रही है इतना ही नहीं जबकि नामजद कोतवाली के कई चक्कर लगाता रहता है और उसे बड़े अदब व सम्मान के साथ कुर्सी सौंपी जाती है. जबकि दूसरी ओर सिकरोड़ी,नकहीं,मिर्जा का पुरवा,लालजी जी का पुरवा,कनहा आदि गांव के लोगों को कोतवाली डलमऊ पहुंचने में डर लगने लगा है जैसे ही यहां पर उक्त गांव का नाम लिया जाता है वैसे ही उसकी शिनाख्त और नजरबंदी शुरू हो जाती है जो गिरफ्तारी पर खत्म होती है डलमऊ कोतवाली में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 389ध्19 मैं नामजद अभियुक्त दिनेश सुरेश सूरज संजय रामखेलावन चंद्रपाल सुनील रिंकू अरुण प्रताप सिंह नेता अनुराग ते जाना तेज बहादुर महेंद्र पटेल व 60 से 70 महिला व पुरुष शामिल हैं नामजद और अज्ञात लोगो मे अब तक डलमऊ पुलिस 8 से ज्यादा की संख्या में गिरफ्तार कर अभियुक्तों को जेल भेज चुकी वहीं उक्त प्रकरण पर नामजद महेंद्र पटेल पर हाथ डालने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही इतना ही नहीं उक्त नामजद पर पुलिस की कमजोर पकड़ समझ से परे है वहीं सीधे साधे गाँव वालों के साथ पुलिस पूरी सख्ती के साथ पकड़ कर जेल भेजती है पूर्व की एक घटना में पैसों की वसूली से संदर्भित मामले में भी महेंद्र पटेल का नाम पत्रकार अनुज शर्मा के साथ मारपीट में आया था जिस पर भी किसी प्रकार की कोई कार्यवाही डलमऊ पुलिस के द्वारा नहीं की जा सकी जिससे डलमऊ पुलिस पर सभासद होने का दबाव स्पष्ट रूप से दे

एसपी की सराहनीय पहल वृद्ध को पहनाया मास्क

संवाददाता। सुलतानपुर

पुलिस अधीक्षक शिवहरि मीणा ने नगर क्षेत्र में भ्रमण कर लॉकडाउन के नियमों का जायजा लिया। उन्होंने बिना मास्क घूम रहे गरीब बुजुर्ग को खुद अपने हाथों से मास्क पहनाकर लोगों को लाकडाउन के नियमों का पालन करने की नशीहत दी। एसपी ने कहा कि कोरोना संक्रमण से जागरूकता ही बचाव का सही तरीका है। लोग बिना वजह घर से बाहर न निकलें, यदि जरूरत हो तो ही बाहर निकलें और मास्क का हमेशा प्रयोग करें। उन्होंने दुकानदारों व राहगीरों को भी जागरूक किया। पुलिस टीम ने कप्तान के नेतृत्व में विभिन्न मार्गों का भ्रमण किया। इस दौरान पुलिस टीम ने मास्क नही लगाने वालों पर जुर्माना भी ठोका। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र में एक दिन में बिना मास्क पहने लोगों से 32 हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया गया है।

लापरवाही बरतने पर सफाई कर्मियों को थमाया नोटिस

संवाददाता। डलमऊ रायबरेली

नगर पंचायत डलमऊ में सफाई व्यवस्था को लेकर लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों एवं शासन द्वारा सफाई और स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने की प्राथमिकता के क्रम में आज सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़ द्वारा नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों के साथ गंगा तट डलमऊ के विभिन्न स्नान घाटों का निरीक्षण किया गया जहां पर पर्याप्त रूप से सफाई और स्वच्छता ना मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत डलमऊ को सफाई व्यवस्था में लापरवाही करने वाले सफाई कर्मियों पर कार्रवाई के आदेश दिए नगर पंचायत डलमऊ अध्यक्ष ब्रिजेश दत्त गौड़ के निर्देश पर नगर पंचायत डलमऊ के अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह ने दो आउटसोर्सिंग कर्मचारी आशु और किशन को तत्काल प्रभाव से हटाए जाने के निर्देश दिए हैं वही सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले संविदा सफाई कर्मी पुत्तन को अंतिम नोटिस जारी की गई है नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रिजेश दत्त गौड़ ने बताया कि कोविड-19 महामारी के चलते नगर पंचायत में साफ सफाई और स्वच्छता व्यवस्था मैं किसी प्रकार की लापरवाही या हीला हवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधित कर्मचारी पर कार्रवाई की जाएगी वही अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत दमोह को निर्देश देते हुए कहा कि सफाई विद्युत और पेयजल व्यवस्था में लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई करते हुए अवगत कराया जाए इस मौके पर सोहराब अली शुभम गौड़ अंबिका प्रसाद सतीश जयसवाल आदि मौजूद रह

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दुकानों का किया निरीक्षण

सुलतानपुर। चांदा क्षेत्र के कस्बे के खाद्य सामाग्री की दुकानों का खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश कुमार शुक्ला ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को मास्क का प्रयोग व शोशल डिस्टेंसिंग के पालन का निर्देश दिया। सोमवार दोपहर पहुँचे खाद्य अधिकारी ने चांदा कस्बे के दीपक किराना स्टोर धीरज चाय समोसा कार्नर जगदीश ट्रेडर्स अम्न ट्रेडर्स व अनस बेकरी एण्ड चॉकलेट कार्नर का निरीक्षण कर दुकानदारो को सख्त हिदायत दी कि अगर शासन के मंशा का पालन न हुआ तो वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। अधिकारी के निरीक्षण से दुकानदारों में अफरा-तफरी दिखी और व्यापारियों के लाकडाउन क नियमों का पालन करने की बात कही।

हिस्ट्रीशीटर चढ़ा पुलिस के हत्थे

सुलतानपुर। पुलिस अधीक्षक शिवहरि मीणा के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफचलाए जा रहे धर पकड़ अभियान में कुड़वार पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थानाध्यक्ष ने इनामिया हिस्ट्रीशीटर को धर दबोचा है। गौरतलब हो कि पुलिस कप्तान शिवहरि मीणा ने अपराधियों के खिलाफधर पकड़ अभियान छेड़ रखा है। कप्तान के निर्देश पर जिले भर के थानों की पुलिस अपराधियों, वांछितों पर नजर रखे हुए है। इसी क्रम में कुड़वार एसओ अरविंद पाण्डेय ने 25 हजार के इनामिया व हिस्ट्रीशीटर बदमाश ओमप्रकाश जायसवाल निवासी सगरा सुंदरपुर, थाना लालगंज जिला प्रतापगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस भी बरामद किया है। उसके खिलाफ संगीन धाराओं में कई मुकदमे पंजीकृत हैं। जिसे पुलिस सरगर्मी से तलाश रही थी।

तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार

बल्दीराय पुलिस ने शातिर अपराधी को तमंचा व कारतूस संग गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह सहयोगियों के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर ने सूचना दी कि एक शातिर अपराधी धूनी मेला मोड़ पर खड़ा है। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर पकड़ लिया। जिसकी पहचान शिवकुमार पुत्र रामलाल निवासी ऊँचा, भवानीपुर के रूप में हुई। उसके पास से पुलिस ने 315 बोर का तमंचा व एक कारतूस बरामद किया है।

एचडीएफसी के दो कर्मी कोरोना पॉजिटिव, बैंक में तीन दिन बंदी

संवाददाता। बस्ती

लॉकडाउन का उल्लघंन बैंक किस हद तक कर रही हैं, इसका उदाहरण एचडीएफसी बैंक में निकले दो बैंक कर्मियों के पाजिटिव से पता चलता है। कई व्यापारी और बैंक कर्मी के पाजिटिव होने की आषंका जताई जा रही है। इसके लिए 38 लोगों का नमूना जांच के लिए भेजा गया है। सोमवार को पहले पूरे बैंक को सेनेटाइज किया गया, उसके बाद तीन के लिए बैंक को नो वर्किंग कर दिया गया गया। बताया जाता है कि इस बैंक में कोरोना से बचाव के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई, जबकि प्रशासन का स्पष्ट निर्देश था कि बैंकें ग्राहकों और बैककर्मियों की सुरक्षा का पूरा इंतजाम करें। कहा जाता है कि बैंक कर्मी न तो मास्क का इस्तेमाल करते थे, और न बैंक के बाहर थर्मल स्क्रीनिंग की ही कोई व्यवस्था थी। यहां तक ग्राहकों को बैंक में घुसने से पहले उन्हें सेनेटाइज ही किया जाता था। गोष्ठी की तरह मजमा लगता था। नियम के तहत सिर्फ पांच को ही एक साथ अंदर जाने का है मगर इस बैंक में चाहे जितना ग्राहक अंदर जाए कोई रोक टोक नहीं था, जिसका नतीजा दो बैंक कर्मियों का पाजिटिव निकलना रहा है। अब देखना है कि जिन 38 लोगों का जिसमें बैंक कर्मी से लेकर व्यापारी तक शामिल है, उनकी रिपोर्ट क्या आती है। इसी तरह की लापरवाही एसबीआई में भी देखी जा रही है। आलम यह है कि यहां पर चेक क्लीयरेंस के लिए आने वाले 28 बैंकों के प्रतिनिधियों ने लिख कर दिया था, कि यहां पर कभी भी कोई भी कोरोना पाजिटिव हो सकता है।

बस्ती में मरीजों की संख्या हुई 430, 16 मौतें

बस्ती। जिले में कोरोना संक्रमितों की संख्या 430 तक पहुंच गई है, जबकि 16 की मौत हो चुकी है। इनमें से 11 मेरठ, अयोध्या, दिल्ली, लखनऊ, मुम्बई, गुजरात के संक्रमित मरीज भी शामिल हैं। डीएम आशुतोष निरंजन ने बताया कि आनलाइन टोटल केस में यह 11 संख्या जुड़ी हुई है, जबकि जिले में संक्रमित मरीजों की कुल संख्या 419 है। इनमें से 345 ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किए जा चुके हैं। वर्तमान में एक्टिव केसों की संख्या 58 है। जिनमें से जेएनयू रूधौली में 14, ओपेक हास्पिटल कैली में 40 को भर्ती मरीजों का उपचार चल रहा है। अब तक 16846 का सेम्पल जांच के लिए भेजा गया है। जिसमें से 15332 का सेम्पल प्राप्त हो चुका है, जबकि 1514 के सैम्पल रिपोर्ट की प्रतीक्षा है।

470 प्रवासियों का बनाया जा रहा गोल्डनकार्ड

मिर्जापुर। कोरोना-19 के दौर में प्रदेश व जिले में आने वाले प्रवासियों व उनके परिवार के सदस्यों को अब आयुष्मान गोल्डनकार्ड बनाया जा रहा है। इस विषय पर जिले स्तर पर स्वास्थ्य विभाग ने कार्य शुरू कर दिया है। जिला कार्यक्रम सूचना प्रबन्धक राहुल मिश्र ने बताया कि शासन से विभाग को 500 से भी अधिक लाभार्थियों की सूची भेजा गया है। जिनका आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाने का निर्देश दिया गया है। इन प्रवासियों के प्रत्येक सदस्य का इलाज इस योजना में पैनल अस्पतालों में मिलेगी। इस योजना के तहत नौ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र 44 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के अलावा 186 सब सेंटरों पर कैम्प लगाकर कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिले में आने वाले प्रवासी के मोबाइल पर आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी पंजीकृत अस्पतालों में नियुक्त आरोग्य मित्र के माध्यम से फोन करवाने का कार्य किया।

कलेक्ट्रेट के दस करोड़ के भवन की गुणवत्ता पर सवाल

एक साल बाद ही उजड़ने लगी मेन गेट की टाइल्स

संवाददाता। बस्ती

दस करोड़ से अधिक की लागत से बनाए गए कलेक्टेट भवन के निर्माण की गुणवत्ता पर शुरु से ही सवाल उठते रहे। इस भवन की छतें पहली ही बरसात में टपकने लगी थी। कई बार इसके लिए कार्यदाई संस्था को डीएम की ओर फटकार लगाई जा चुकी है। आज भी कई स्थानों पर पानी का रिसाव हो रहा है। लगाए गए टायल्स का यह हाल है कि उगड़कर इधर उधर छिटक गया है। मेन गेट पर लगाए गए टायल्स इस बात की गवाही दे रहे हैं कि कार्यदायी संस्था की ओर से भवन निर्माण में भारी गड़बड़ी की गई। लोकल सामान लगाने तक आरोप लग चुका है। इस कार्यदाई संस्था पर आडिओरिएम के निर्माण पर भी सवाल उठ चुके है। इसे लेकर प्रशासन की काफी बदनामी हो चुकी है। इस आडिटोरिएम का निर्माण सांसद निधि से हुआ। इस आडिटोरिएम पर लगभग नौ करोड़ खर्च हो चुका है। जांच के लिए बनाई गई कमेटी ने आजतक अपनी रिपोर्ट नहीं दी, जबकि जांच का आदेश देने वाली डीएम माला श्रीवास्तव का तबादला हुए लगभग एक साल हो चुका है।

वृक्षारोपण कर पर्यावरण संतुलन का दिया संदेश

संवाददाता। सोनभद्र

बीजेपी के वरिष्ठ नेता व राज्य वन्यजीव बोर्ड उत्तर प्रदेश सरकार के सदस्य श्रवण सिंह गोड़ वृक्षारोपण कर पर्यावरण संतुलन का संदेश दिया। डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती से चलने वाले वृक्षारोप कार्यक्रम के तहत हर बूथ पर वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत श्री गोड़ अनपरा मण्डल के औडी सेक्टर के कहुआनाला छठ घाट बुथ संख्या 194 में वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे थे।

उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए श्री गोड़ ने कहा कि पर्यावरण संतुलन किसी पार्टी विशेष या व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि यह सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि सभी अपने अपने बूथों पर न सिर्फवृक्षारोपण करें बल्कि लगाए गए पौधे को बड़ा होने तक उसकी देखभाल भी करें। कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के इस दौर में वृक्ष ही पर्यावरणीय सन्तुलन को बनाते हुए पृथ्वी पर जीवन को बचा सकते हैं, इसलिए खुद के साथ साथ अन्य लोगों को भी वृक्षारोपण करने को प्रेरित करें।इस अवसर मण्डल अध्यक्ष अभिषेक विश्वकर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता केसी जैन, जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह गौतम मण्डल महामंत्री प्रमोद शुक्ल ,पूर्व मण्डल अध्यक्ष प्रभाशंकर मिश्र थाना अध्यक्ष अनपरा विजय प्रताप सिंह, प्रदीप कालरा आदि मौजूद रहे।

संचारी रोग व कोविड-19 से बचाव को लेकर जागरूक कर रही स्वास्थ्य विभाग की टीम

आशाएं घर-घर जाकर बच्चों को बता रहीं हाथ धोने के तरीके

जनपद के सभी ब्लॉकों में संक्रामक रोगों से बचाव को दिया जा रहे सुझाव

संवाददाता। सोनभद्र

जिले में संचारी रोग नियंत्रण अभियान का द्वितीय चरण चलाया जा रहा है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम लोगों को साफ-सफाई, घरों के पास पानी इकट्ठा न होने देने, मच्छरों के प्रजनन स्थल को नष्ट करने तथा कोरोनावायरस संक्रमण के बचाव हेतु जागरूक किया जा रहा है। जिससे आम जनमानस संक्रमक बीमारियों की चपेट में न आने पाए। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के नोडल अधिकारी शुभम ने बताया कि जनपद के सभी ब्लॉकों मे संक्रामक रोगों से बचाव के लिए लोगों को जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है । इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की आशाएं घर-घर जाकर लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करने के साथ ही बच्चों के हाथ धोने के तरीके, बुखार रोगियों की निगरानी तथा आवश्यकता अनुसार बुखार मरीजों हेतु वाहनों की व्यवस्था करने तथा कोविड-19 से बचाव के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान कर रही हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त जिला पंचायत राज विभाग, बाल विकास पुष्टाहार, कृषि विभाग, पशुपालन, नगर पालिका एवं नगर पंचायत तथा शिक्षा विभाग के सहयोग से संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य साफ सफाई के प्रति लोगों को जागरुक करना, कूलर का पानी बदलने व घरों के आसपास पानी इकटठा न होने दें और जो मच्छरों के प्रजनन स्थल हैं उन्हें नष्ट करने तथा कोविड-19 महामारी से आम जनमानस को जागरुक करना है। कहा कि नगरिय क्षेत्रों में नगर पालिका तथा नगर पंचायतों द्वारा वार्डो में नालियों की साफसफाई एवं खुली नालियों को और गड्ढों को भरने का कार्य कराया जा रहा है ताकि उसमें जल एकत्रित न होने पाए ।इसके अलावा कृषि विभाग द्वारा कीटरोगो के नियंत्रण के लिए आवश्यक संवेदीकरण बैठ के कर लोगों में जागरूकता लाई जा रही है।

तीन दिनों से अंधेरे में हैं दर्जनों गांव

संवाददाता। बस्ती

कुदरहा ब्लाक के दर्जनों गांवों में दो दिन से अंधेरा छाया हुआ है। विद्युतीकरण के लिए लगाए गए मानकविहीन विद्युत पोल तेज हवा और बरसात के चलते धराशाई हो गए। विद्युत पोलों के गिरने के साथ तार भी टूट गर गिर गए जिसके चलते विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। लालगंज से बेलाड़ी को जोड़ने वाले मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। जागरूक ग्रामीणों ने विद्युत विभाग को फोन कर विद्युत आपूर्ति ठप कराया तब कहीं जाकर लोगों ने चैन की सांस लिया।

गांव- गांव विद्युतीकरण के लिए लगाए गए मानकविहीन खम्भों ने ग्रामीणों की मुसीबत बढ़ा दी। रात में हुई बरसात और हवा के झकोरों के बीच मात्र खानापूर्ति कर खड़े किए गए विद्युत पोल सड़कों पर धराशायी हो जाने से केवल गांवों में अंधेरा छाया हुआ है।

फिर निकला शौचालय निर्माण में घोटाला,22.80 लाख की बंदरबांट

विक्रमजोत ब्लॉक के ग्राम सिंकदरपुर का मामला

कायाकल्प योजना का भी दो लाख रुपये हड़पा

संवाददाता। बस्ती

जिले में एक करोड़ से अधिक के शौचालय मद में आए धन के बंदरबांट में अधिकारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। एक दिन पहले विक्रमजोत ब्लॉक के दूसरे सबसे बड़ी ग्राम सभा सिंकदरपुर में 22.80 लाख रुपये का घोटाला करने का मामला सामने आया है। इसके लिए प्रधान, सक्रेटरी और एडीओ पंचायत को दोषी माना जा रहा है। इसकी जांच जिला समन्यवक स्वच्छ भारत मिशन राजाशेर सिंह ने की। जिले में अब तक जितने भी घोटाले उजागर हुए हैं, उनमें राजाशेर सिंह और विष्णुदेव तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इनके पारदर्शी और निडर कार्रवाई के चलते अब तक सरकार को लाखों रुपये का फायदा हो चुका है।

कार्रवाई के लिए की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि इस ग्राम सभा को कुल 535 लाभार्थियों के लिए 70,50 लाख रुपये जारी किया गया। इनमें ग्राम पंचायत ने 56 शौचालयों का लगभग 6.72 लाख रुपया यह कहते हुए सरेंडर कर दिया कि उक्त नाम लाभार्थियों का नाम गलती से डुप्लीकेट हो गया। इस तरह ग्राम पंचायत को 487 शौचालयों का निर्माण करना था। मगर जब इसकी जांच राजाशेर सिंह ने की तो पता चला कि 184 शौचालय का निर्माण कराया ही नहीं गया और लाभार्थियों को धन नही दिया गया। इस तरह 22.80 लाख का बंदरबांट पकड़ा गया। इसी तरह कायाकल्प योजना के तहत प्राइमरी और जूनियर स्कूलों के जर्जर षौचालयों का मरम्मत करना था, इसके लिए दो लाख जारी किए गए। पता चला कि उक्त दो लाख ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी ने दो साल पहले ही निकालकर आपस में बांट लिया था।

सात वर्षीय बालिका और किशोरी से अश्लील हरकत

दोनों मामलों में छेड़खानी, पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता। बस्ती

एक सात वर्षीय बालिका और एक नाबालिग किशोरी के साथ अश्लील हरकत और छेड़खानी करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। परसरामपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी सात वर्षीय बालिका के साथ अश्लील हरकत करने के मामले में पीड़ित के पिता की तहरीर पर गांव निवासी अशोक उपाध्याय के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पीड़ित बालिका के पिता का आरोप है कि खेलने के बहाने आरोपी उसकी पुत्री को अपने साथ लेकर गया और उसके साथ अश्लील हरकत की। अपने साथ हुए अश्लील हरकत की जानकारी पीड़ित बालिका ने परिजनों को दी। जिसके बाद थाने पर तहरीर दी गई। वहीं दुबौलिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी के साथ छेड़खानी करने और विरोध करने पर मारने पीटने, जानमाल की धमकी देने के मामले में पुलिस ने चार के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित नाबालिग किशोरी की मां का आरोप है कि गांव निवासी गुलशन ने उसकी पुत्री के साथ छेड़खानी की। जब इस बात का विरोध करने पर आरोपी समेत फुल्ई, किंकर, राम नरायन ने मिलकर मारा पीटा, गाली और जान से मारने की धमकी दी। दोनों मामलों में पुलिस ने छेड़खानी, पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

गायत्री ने 96.2 फीसदी अंक अर्जित कर किया सोनभद्र का नाम रोशन

संवाददाता। बीजपुर (सोनभद्र)

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं के परीक्षाफल में सेंट जोसेफ रिहंदनगर की छात्रा गायत्री बेहरा ने विज्ञान वर्ग में 96.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने विद्यालय व माता पिता के साथ साथ रिहंद का नाम रोशन किया है। इसी विद्यालय की विज्ञान वर्ग की छात्रा दीसी कोरंगा ने 95.4 प्रतिशत अंक हाशिल करके अपने विद्यालय में दूसरा स्थान बनाने में कामयाब रही। विज्ञान वर्ग के ही खुशी द्विवेदी व आलेख श्रीवास्तव ने 95.2 प्रतिशत बराबर अंक लेकर अपने विद्यालय में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। इस बात की जानकारी देते हुए विद्यालय प्राचार्य फादर रावर्ट सुनील नरोन्हा व विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक भावेश कुमार तिवारी ने बताया कि इस वर्ष उनके विद्यालय में बारहवीं कक्षा के विज्ञान वर्ग में कुल 41 परीक्षार्थियों ने बोर्ड की परीक्षा में भाग लिया था जिसमे सभी परीक्षार्थी उत्तीर्ण रहे। उनके विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के परीक्षार्थियों ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। 12 परीक्षार्थियों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक अर्जित करके विद्यालय उचित पठन पाठन व्यवस्था को दर्शाया है। केन्द्रीय विद्यालय रिहंदनगर के प्राचार्य एल साह से मिली जानकारी के अनुसार उनके विद्यालय के बारहवीं कक्षा का परीक्षाफल भी शत प्रतिशत रहा। इस वर्ष उनके विद्यालय में विज्ञान वर्ग में चार तथा वाणिज्य वर्ग में कुल 14 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था। जिसमे सभी उत्तीर्ण रहे। विज्ञान वर्ग में 83.8 प्रतिशत अंक पाकर आलोक कुमार अपने वर्ग में प्रथम,81.2 प्रतिशत अंक लेकर रिया मिश्रा द्वितीय एवं 77.6 प्रतिशत अंक हाशिल करने वाली शिखा कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं।

बच्चन परिवार के लिए पूजा-अर्चना

विंध्याचल। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन सहित उनके परिवार को स्वस्थ रहने के लिए तीर्थ पुरोहित समाज के द्वारा मां विंध्यवासिनी मंदिर प्रांगण में पूजाण्पाठ अर्चना की गई तथा मंगला आरती में विशेष पूजाण्पाठ आराधना किया गया।

रविवार की दोपहर 2रू00 बजे आदिशक्ति मां विंध्यवासिनी के दरबार में सदी के नायक अमिताभ बच्चन परिवार को स्वस्थ रखने के लिए आराधना की गई तीर्थ पुरोहितों ने बताया कि विगत साल अमिताभ बच्चन अपनी पत्नी एवं पुत्र के साथ मां विंध्यवासिनी मंदिर में दर्शन पूजन करने के लिए आए थे उसी दौरान अपने पुत्र अभिषेक बच्चन एवं बहू ऐश्वर्या राय का सिंदूरदान मां विंध्यवासिनी मंदिर के गर्भ गृह में हुआ था।अमिताभ बच्चन मां विंध्यवासिनी के दरबार में दो बार से हाजिरी लगा चुके हैं और उनके परिवार के सदस्य प्रतिवर्ष कोई न कोई सदस्य मां के दरबार में हाजिरी लगाने के लिए पहुंचता है।

चुना छिड़काव हो रहा है, लगता है साहब आने वाले है:विन्ध्याचल, मीरजापुर । विन्ध्याचल कस्बा क्षेत्र में कभी कभार जब ब्लीचिंग पॉवडर का छिड़काव होता है ए तो सभी की जुबान पर एक ही बात होती है कि चुना छिड़क रहा है लगता है साहब आने वाले है । संचारी संक्रमण के रोकथाम के लिए प्रदेश सरकार द्वारा सखूत रवैया अपनाए जाने के पश्चात प्रत्येक जनपद में नोडल अधिकारियों द्वारा साफ सफाई की समीक्षा की जा रही है । जिलाप्रशासन उन्हें जहाँ जहाँ ले जा रहा है ए वहाँ कुछ घंटे पूर्व से ही साफ सफाई व चुना इत्यादि का छिड़काव कराकर झूठी कार्यकुशलता की प्रस्तुति करने में लगी है । ऐसा ही कारनामा जिलाप्रशासन ने शनिवार को विन्ध्याचल क्षेत्र में किया । विन्ध्याचल स्थित पक्का घाट से मीरजापुर नारघाट तक मोटरबोट की सैर कराकर जिलाप्रशासन ने नोडल अधिकारी के समक्ष नगरपालिका को स्वच्छता हेतु कड़े निर्देश जारी किया । इसके कुछ महीनों पूर्व में मीरजापुर से विन्ध्याचल स्थित अखाड़ा घाट तक वर्तमान जिलाधिकारी ने अपने पूरे दल बल के साथ भ्रमण कर ईओ नगरपालिका को कड़े स्वरों में साफ सफाई का निर्देश जारी किया था ए पर उनके निर्देशों के बावजूद जमीन पर कोई भी कार्य नही हुआ । जैसी दयनीय दशा तब थी वैसा आज भी है । हाँ जिलाप्रशासन ने नेताओं की राह पर खुद को भी अग्रसित कर लिया है । जैसे वर्तमान सरकार में कोई भी जिम्मेदार जनप्रतिनिधि प्रेस वालों से सीधी बात न करके प्रेस नोट जारी करने का चलन कायम किया है ए उसी प्रकार अधिकारी गण भी स्थानीय मीडिया को कोई सूचना दिए बगैर मंशानुरूप सूचनाएं प्रस्तुत करते रहते हैं । पिछली यात्रा के दौरान स्थानीय मीडिया ने जिलाप्रशासन को काफी कमियां गिनाई थी ए शायद इसीलिए साहब लोग बड़ी जल्दीबाजी में गुपचुप तरीके से निकल लिए ।

सीआरपीएफ ने किया वृक्षारोपण का आयोजन

सोनभद्र। बल मुख्यालय द्वारा केऔसुब इकाई एनटीपीसी विंध्याचल को 2200 वृक्षों के वृक्षारोपण हेतु टारगेट दिया गया था। टारगेट के अनुसार कुल केऔसुब इकाई विन्ध्यनगर एवं इसके आस पास के क्षेत्र में लगभग 1800 वृक्षों का वृहद रूप से वृक्षारोपण कराया गया है।

इसी के मद्देनजर गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सभी केन्द्रीय सशस्त्र बलों को वृहद रूप से वृक्षारोपण करने का निर्देश दिया गया था, जिसके अंतर्गत केऔसुब इकाई वीएसटीपीपी विन्ध्यनगर के अधिकारियों एवं जवानों द्वारा इस इकाई में भी वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। एनटीपीसी संयंत्र परिसर में 250 वृक्ष लगाये गये साथ ही साथ आने वाले दिनों में भी सीआईएसएफ द्वारा वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाएगा। गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार गत 12 जुलाई को देश भर के सभी केऔसुब इकाईयों मे पेड़ लगाये गये।

क्विक न्यूज़

जमीनी विवाद मौत के मामले में चार हिरासत में

बीजपुर (**सोनभद्र**)। स्थानीय थानाक्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम सभा जरहां के टोला राजो में रविवार को धारा 20 के बंजर भूमि पर कब्जे को लेकर हुए दो पक्षों में मारपीट व एक के मौत के मामले में सोमवार को बीजपुर पुलिस द्वितीय पक्ष के चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। रविवार को पूर्वाहन प्रथम पक्ष के लगभग 42 वर्षीय राजो निवासी वाशीत खान पुत्र स्व. मोहम्मद यार खान की मौत इलाज के लिए मध्य प्रदेश प्रान्त के नेहरू चिकित्सालय ले जाने के दौरान रास्ते मे हो जाने पर मृतक के भाई व मारपीट के दौरान घायल जाहिर खान ने स्थानीय थाने में द्वितीय पक्ष के कुल पांच आरोपियों के ऊपर आरोपयुक्त प्रार्थना पत्र देकर प्रभारी निरीक्षक श्याम बहादुर यादव से विधिक कार्रवाई करने की गुहार लगाई थी।

गोबर रखने के विवाद में जमकर मारपीट

बस्ती। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के चड़सरा गांव में गोबर रखने के विवाद को लेकर जमकर लाठियां चली। एक पक्ष ने एकजुट होकर कमलावती और उसके परिवार के अन्य सदस्यों पर जमकर कहर बरपाया। घारी, जानवर बांधने का खूंटा, हौदी, चूल्हा तोड़फोड़ डाला और छप्पर उजाड़ दिया। विरोध करने पर कमलावती, चन्द्रावती और राम उजागिर पर लाठी डंडो से हमला कर दिया। चोट लगने से राम उजागिर का सर फट गया। बीच बचाव करने आई बहू विद्यावती के गले से सोने की माला छीन लिया। मौके पर पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी फरार हो गए। दी गई तहरीर को पुलिस ने एफआईआर की जगह एनसीआर दर्ज कर खानापूर्ति कर दी।

कैंसर पीड़ित बालक का बना गोल्डन कार्ड

मिर्जापुर। जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह के हस्तक्षेप के बाद सीएमओ डॉ. ओपी तिवारी ने जिगना थाना क्षेत्र निवासी दिहाड़ी मजदूर मुटून के ब्लड कैंसर से पीड़ित पांच वर्षीय पुत्र विपिन का एक घण्टे के अन्दर ही गोल्डेन कार्ड बनवा दिया। कैंसर से पीड़ित बालक के पिता ने अपनी व्यथा बताकर गोल्डेन कार्ड बनाये जाने की जिलाधिकारी से गुहार लगायी। डीएम को जब यह पता चला कि उसका उपचार इलाहाबाद में चल रहा है और बेहतर इलाज के लिये लखनऊ के लिए रेफर किया जा चुका है। पीड़ित बालक का पिता मजदूरी करता है और उसका चाचा विकलांग है। मजदूरी के अलावा उसके पास आय का कोई दूसरा स्रोत नही है। धनराशि के अभाव में कैंसर से पीड़ित बालक का उपचार सम्भव ही नहीं है। लाभार्थियों की सूची में परिवार के मुखिया व परेशान श्रमिक का नाम देखकर डिस्ट्रिक्ट इन्फार्मेशन सिस्टम मैनेजर राहुल ने प्रयास कर तत्काल कार्ड बनवा दिया। जिससे अब वह राहत महसूस करना प्रारम्भ कर दिया है।

प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए करें आवेदन

सोनभद्र। उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र सोनभद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना वर्ष 2020-21 के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कार्यालय में प्राप्त हुये ट्रेड दर्जी, कुम्हार, हलवाई, लोहार एवं राजमिस्त्री अभ्यर्थियों के आवेदन पत्रों पर साक्षात्कार के लिए उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, सोनभद्र की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा 16 जुलाई को होना सुनिश्चित है। शेष अन्य ट्रेड के अभ्यर्थियों के साक्षात्कार की सूचना अलग से तिथि निर्धारित होने पर दी जाएगी। उन्होंने अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित तिथि स्थान एवं समय पर आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक एवं मूल अभिलेखों सहित साक्षात्कार में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

चार विद्यालयों का प्रवेश शुल्क किया माफ

बस्ती। कोरोना महामारी में लॉक डाउन के कारण अभिभावकों के आर्थिक संकट को देखते हुए समाजसेवी वरिष्ठ होम्योपैथी चिकित्सक डा. वीके वर्मा ने अपने चार विद्यालयों में प्रवेश शुल्क न लेने का निर्णय लिया है। आर्थिक रूप से समृद्ध अभिभावक चाहे तो प्रवेश शुल्क देने के साथ विद्यालयों के संचालन में योगदान कर सकते हैं। गौतम बुद्ध मुराली देवी बालिका इण्टर कालेज गोटवा, गौतम् बुद्ध कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोटवा, गौतमबुद्ध विद्या मंदिर गोटवा, श्रीश्यामलाल वर्मा पूर्व माध्यमिक विद्यालय लोहरौली तिलकपुर के प्रबंधक डा. वर्मा ने कहा कि कोरोना संकट काल में किसी गरीब विद्यार्थी का शैक्षणिक अहित न होने पाए इस दिशा में विद्यालय परिवार गंभीर है। प्रवेश शुल्क माफी के साथ ही आवश्यकता पड़ी तो गरीब विद्यार्थियों को विशेष रूप से आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

सोनभद्र में मिले 18 कोरोना संक्रमित

सोनभद्र। कोरोना वायरस काविड-19 का संक्रमण जनपद सोनभद्र में अब रफ्तार पकड़ने लगा है। सोमवार को आयी रिर्पोट में कुल 18 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाये गये है। जिसे लेकर जिले में हड़कम्प की स्थित उत्पन्न हो गई है। जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी एस के उपाध्याय ने जानकारी देते हुये बताया कि जिले में संक्रमित मरीजों की संख्या 103 हो गई है। सोमवार को मिले कोरोना पॉजिटिव मरीजों के क्षेत्रों को सेनिटाइज कराये जाने के साथ ही 18 कोरोना संक्रमित मिले मरीजों को इलाज के लिये कोविड-19 हॉस्पिटल भेजा जायेगा।

सुहासिनी संघ ने किया नई अध्यक्ष का स्वागत

सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल सुहासिनी संघ के सदस्यों द्वारा क्लब की नई अध्यक्षा मृदुला जौहरी का स्वागत किया गया। एनटीपीसी विंध्याचल के आवासीय परिसर स्थित बालभवन में सलाहकार टाइनी टाट्स सुमन भाटिया, सलाहकार वेलफ़ेयर विनीता सूबेदार तथा बालभवन, प्रौढ़ शिक्षा एवं मेन कमेटी की पदाधिकारी सदस्याओं नें पुष्प गुच्छ प्रदानकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर नयी अध्यक्षा सुहासिनी संघ श्रीमती जौहरी नें सभी उपस्थित सदस्याओं से परिचय के उपरांत अपने अनुभवों को साझा किया।

दो चोर को रंगे हाथ गिरफ्तार

सिरौलीगौसपुर (बाराबंकी)। लॉकडाउन के सन्नाटे का फायदा उठाते हुए विद्युत पोलों की चोरी कर रहे दो लोगों को ट्रैक्टर और हाइड्रा मशीन के साथ विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। विद्युत उपकेंद्र सिरौलीगौसपुर से अद्रा जाने वाली 11000 विद्युत लाइन जो काफी समय से डेड पड़ी हुई है। इसके चार खंभों को दिन में ही बेखौफ होकर तीन लोग दो ट्रैक्टर ट्राली हाइड्रा मशीन के साथ खुद कर ले जा रहे थे। इसकी सूचना विद्युत विभाग के कर्मचारियों को मिल गई। पावर हाउस पर तैनात विद्युत विभाग के सभी कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचकर सभी लोगों को खंभों के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया। और इसकी सूचना बदोसराय पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस सभी लोगों को मैं खंभों के पावर हाउस पर लाई और यहां पर खंबे उतर आते समय एक ट्रैक्टर ट्राली को चालक लेकर फरार हो गया जबकि दो लोगों को ट्रैक्टर हाइड्रा मशीन के साथ पुलिस पकड़ कर थाने ले गई है।

मासूम की नाले में गिरने से मौत

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। खेलते समय अचानक पैर फिसलने से मासूम गहरे पानी मे समा गई। परिजन आनन-फानन में मासूम को लेकर अस्पताल पहुंचे लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उदयपुर थाना के रेहुआ लालगंज के ओरीपुर निवासी धीरेन्द्र सिंह की पांच वर्षीया पुत्री तृप्ति सोमवार को घर के बाहर खेल रही थी। खेलते खेलते वह घर से दो सौ मीटर दूर मटटन नाले मे पैर फिसल जाने से गिर गई। गहरे पानी मे मासूम के समा जाने को देख साथ खेल रहे बच्चों ने परिजनों को जानकारी दी। काफी देर तक परिजन खोजबीन करते हुए किसी तरह मासूम को बाहर निकाला और उसे लेकर सांगीपुर सीएचसी पहुंचे। अस्पताल में चिकित्सकों ने तृप्ति को मृत घोषित कर दिया।

तीन दिवसीय विशेष स्वच्छता अभियान चला

बहराइच। वर्षा काल में कोविड-19, डेंग, चिकनगुनिया, जेई एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के उद्देश्य से गत 10 से 12 जुलाई तक साफ-सफरई एवं सेनिटाइजेशन हेतु स्वच्छता अभियान के दौरान नगर पालिका परिषद बहराइच अन्तर्गत समस्त वार्डो को चार-चार सेक्टरों में विभाजित कर सम्पूर्ण नगर क्षेत्र की सफाई करायी गयी।

शाह फैज पब्लिक स्कूल का वर्चस्व बरकरार

निहालिका ने हासिल किया 97.2 % अंक

संवाददाता। गाजीपुर

सीबीएसई 12वीं के घोषित रिजल्ट में शाह फैज पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर अपना वर्चस्व कायम रखा है। स्कूल के रिजल्ट पर नजर डाले तो निहालिका श्रीवास्तव ने कॉमर्स में 97.2 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप पर रहीं जबकि दूसरे स्थान पर शिवम पांडे ने साइंस में 96.8 फ़ीसदी अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया है। इसके अलावा स्कूल में कॉमर्स के सिद्धार्थ रघुवंशी 94०6ए प्रज्वल पटेल 93, मानदेवी रघुवंशी 92 फ़ीसदी अंक प्राप्त कियाए जबकि साइंस में सलोनी राय 96.2 वैभव कुमार 95.8 आयुषी उपाध्याय 95, विवेक कुमार यादव 94.8, ईशानी दुबे 94०8ए अनुष्का राय 94०6ए गौरव जी श्रीवास्तव 94०6ए अनुष्का गुप्ता 94.2 प्राची सिंह 94.2,राहुल 94, रिफ़्ता आरा 93.8,देवेश सिंह ने 93.6फ़ीसदी अंक हासिल किया है। स्कूल के निदेशक डॉ नदीम अदहमी ने सभी छात्र छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

एमजेआरपी पब्लिक स्कूल के छात्र- छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन

गाजीपुर। सीबीएसई बोर्ड के आए कक्षा बारहवीं के नतीजे में एमजेआरपी पब्लिक स्कूल जगदीशपुरम के छात्र छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार स्कूल का परीक्षा परिणाम 99.6ः रहा। जिसमें स्मिता मौर्या ने 96०8 प्रतिशत पाकर प्रथम स्थान पर रही। दूसरे स्थान पर शिवम राय और मयंक राय ने 95.2ः अंक हासिल किए जबकि तीसरे स्थान पर कुंवर तुषार ने 94.8ः अंक हासिल किया है। इसके अतिरिक्त हिमांशु राय 94.6ए दीप्ति कुशवाहा 94०6ए पवन कुमार 94.2, प्रियांशी अग्रवाल 93०6ए अभिलाषा गुप्ता 93ए आशुतोष कुशवाहा 92.6, आस्तिक यादव 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। विद्यालय में 90 फ़ीसदी या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या 23 बताई गई है। फिजिकल एजुकेशन में स्मिता मौर्या ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। विद्यालय के संस्थापक जगदीश कुशवाहा और प्रबंधक राजेश कुशवाहा समेत समस्त विद्यालय परिवार ने सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

वर्चुअल सम्मेलन में बतायी गयी सरकार की उपलब्धियां

संवाददाता। चकिया -चन्दौली

सोमवार को भाजपा वर्चुअल सम्मेलन जूम एप्लीकेशन के द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि व वक्ता के रूप में जिले के प्रभारी वह ऊर्जा राज्य मंत्री रमाशंकर पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा चलायी जा रही तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं से किसान एवं गरीब वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे है। कोरोना काल मे भी लोगों के जरूरत के हिसाब से सरकार योजनाएं चला रही है जो जनता के हित में है।कार्यक्रम में जिले व विधानसभा एवं मण्डल स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।सम्मेलन में नगर पंचायत के सभासद रहे भाजपा के पदाधिकारी राजकुमार सिंह के निधन पर दो मिनट का मौन रख कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस दौरान जिला अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ,जिला महामंत्री उमाशंकर सिंह, मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप, भाजयुमो अध्यक्ष संदीप गुप्ता आशु एमंडल उपाध्यक्ष अरविंद मोदनवाल,विजय विश्वकर्मा एशुभम मोदनवाल, सारांश केशरी, कृष्णा चौहान, सुशील पांडे ,रवि गुप्ता ,सौरभ रंजन इत्यादि लोग मौजूद रहे।

क्विक न्यूज

कांग्रेस पार्टी की पंगुता के कारण देश की दशा व दिशा विक्षिप्त व दयनीय थीः लक्ष्मण आचार्य

देवरिया । भारतीय जनता पार्टी देवरिया के विधानसभा रामपुर कारखाना के वर्चुअल सम्मेलन को संबोधित कर रहे मुख्य अतिथि व वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण आचार्य ने कार्यकर्ता एवं प्रबुधजनो को संबोधित करते हुए कहा की भाजपा का कार्यकर्ता रीड की हड्डी के समान है, इसके बिना पार्टी खड़ी नहीं हो सकती। पार्टी का कार्यकर्ता जनमानस का प्रहरी है। प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण आचार्य ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की पंगुता के कारण भारत देश की दशा व दिशा विक्षिप्त व दयनीय होती गई। वंशवाद की राजनीति के कारण देश पिछड़ गया। किंतु आज मोदी सरकार के 6 वर्ष के कार्यकाल में विश्व पटल पर देश की जय जय कार हो रही। आज॑ंभ्व्, और बिल गेट्स ने भारत की प्रशंसा किया। वैश्विक महामारी कोरोना ने विश्व की कमर तोड़ दी, वहीं माननीय मोदी जी के दृढ़ निश्चय एवं अच्छी सूझबूझ की देन है कि आज अपना देश कोरोनावायरस से लड़ने में सफल है। योगी जी ने कोरॉना की लड़ाई में जीतने का कार्य किया। संकट के इस महा दौर में भाजपा के कार्यकर्ताओं को एक कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन देने के लिए प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह एवं प्रदेश के संगठन मंत्री मा सुनील बंसल जी का आभार प्रकट किया, जिनके नेतृत्व में प्रदेश में कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्य को बखूबी अंजाम दिया। श्री आचार्य ने कहा कि कोरोना महामारी के संकट में कांग्रेस ने नीति तो बनाई लेकर नियत नहीं बना पाई। आज उत्तर प्रदेश की सरकार प्रधानमंत्री के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहा है। 80 करोड़ भारतवासियों को नवंबर तक मुफ्त राशन देने का कार्य किया, 59 चीनी ऐप को बंद करना ऐतिहासिक कदम रहा, आज अन्य देश भी चीनी ऐप को बंद करने का कार्य कर रहे। चीन की आर्थिक स्थिति दिन-प्रतिदिन गिरती जा रही है। यह सब प्रधानमंत्री जी के दूरदर्शिता का परिणाम है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से माननीय मोदी जी के विशेष आह्वान आत्मनिर्भर भारत को और गति देने का आग्रह किया । रामपुर कारखाना के विधायक श्री कमलेश शुक्ला जी ने कहां की आज माननीय मोदी और योगी जी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास का कार्य तेजी से हो रहा है। हम सभी को मिलकर माननीय मोदी जी और योगी जी के सपनों को साकार करना है देश को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने में हम सभी एकजुट होकर के कार्य करेंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष डॉक्टर अंतर्यामी सिंह ने सभी का आभार प्रकट किया एवं संचालन जिला महामंत्री श्री रमेश सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान विधानसभा के सम्मेलनों में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सज्जन मणि त्रिपाठी, क्षेत्रीय मंत्री जितेंद्र प्रताप राव, पूर्व जिला अध्यक्ष महेंद्र यादव, अरुण सिंह प्रमोद शाही, रामाशीष प्रसाद मौर्य, सत्येंद्र मणि त्रिपाठी, अंबिकेश पांडे, दिलीप जायसवाल, दीपक जायसवाल, रामेश्वर पांडे, नागेश पति त्रिपाठी, योगेश प्रजापति, कमलेश सिंह, सुनील निषाद, भानु प्रताप सिंह, सहित सभी मंडल प्रभारी गण, सेक्टर प्रमुख, सेक्टर प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, प्रभारी गण उपस्थित रहे।

अंतरराजीय बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, 19 मोटर साइकिल बरामद, 7 अभियुक्त गिरफ्तार

देवरिया । पुलिस अधीक्षक डॉ. श्रीपति मिश्र ने पुलिस लाइन के मंनोरजन गृह में बताया कि अन्तर्राजीय बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश हुआ जिसमें सात लोग गिरफ्तार किया जिनके पास से 19 बाइक चोरी की मिली । प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मय पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि मुखबिर की सूचना पर पूरवा तिराहे के पास से दो मोटसाईकिलों पर सवार चार व्यक्तियों को पकड़ा गया जिनके द्वारा अपना नाम पता परशुराम यादव पुत्र नर्वदा यादव निवासी-राघव पट्टी पड़री थाना झंगहा जनपद गोरखपुर, .दिलीप यादव पुत्र विजय यादव निवासी-राघव पट्टी थाना झंगहा जनपद गोरखपुर, दीनानाथ यादव पुत्र महन्थ यादव निवासी-माडापार थानाा खोराबार जनपद गोरखपुर ,राकेश यादव पुत्र लाल बहादुर यादव निवासी-पिड़रा थाना-हाटा जनपद कुशीनगर, बताया गया पुलिस टीम द्वारा वाहन के कागजात मांगे जाने एवं कड़ाई से पूँछ-तॉछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि दोनों उपरोक्त मोटरसाईकिल चोरी की हैं तथा उनकी निशानदेही पर पॉलटेक्निक कॉलेज देवरिया के आस-पास विभिन्न स्थानों से कुल 17 चोरी की मोटर साईकिल बरामद करते हुए 03 व्यक्तियों को पकड़ा गया जिनके द्वारा अपना नाम पता .मोनू शर्मा पुत्र विश्राम शर्मा निवासी-पटनी थाना अहिरौली जनपद कुशीनगर, अजय कुमार मौर्य पुत्र कोमल मौर्य निवासी-बनगही थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर .अखिलेन्द्र यादव पुत्र राजेन्द्र यादव पुत्र पिपरपाती थाना-हाटा जनपद कुशीनगर बताया गया। इस प्रकार पुलिस टीम द्वारा कुल 19 मोटरसाईकिलों को कब्जे में लेते हुए 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गाजीपुर में जल्द ही शुरू होंगी संजीवनी सेवाएं

गाजीपुर। कोविड-19 के बढ़ते हुए संक्रमण के खतरे को देखते हुये सरकार द्वारा कई योजनाओं और पहल का संचालन किया जा रहा हैए ताकि लोगों को इलाज के साथ.साथ कोविड-19 से बचाव भी किया जा सके। इसी को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार और स्वास्थ्य विभाग आने वाले समय में ई.संजीवनी सेवाएं शुरू करने का मन बनाया है जिसके संबंध में डीजी यूपी पूजा पांडे के द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी व मुख्य चिकित्साधीक्षक पुरुष व महिला अस्पताल को पत्र जारी कर इस संबंध में जानकारी मांगी गई है। एसीएमओ डॉ केके वर्मा ने बताया कि इस संबंध में शासन का पत्र आया है जिसके संबंध में नॉन कोविड चिकित्सालय में टेलीमेडिसिन के माध्यम से की संजीवनी सेवा प्रारंभ किए जाने के संबंध में जानकारी मांगी गई है । इसको लेकर सीएचसी और पीएससी स्तर पर डॉक्टरों की लिस्ट बनाकर शासन को भेजे जाने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि ई संजीवनी सेवाओं के लिए ऐसे चिकित्सक जिन्हें कंप्यूटरए लैपटॉप चलाने की पूर्ण रूप से जानकारी है ऐसे डॉक्टरों को वरीयता क्रम में रखा जा रहा है।

ग्राम प्रधान पर दिनदहाड़े गोली चलाने के दो दिन बाद समर्थक पर भी प्राणघातक हमला

गाजीपुर। जनपद में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि पहली बार ग्राम प्रधान पर गोली चलाने के बाद अब उनके समर्थक का गला काटकर हत ?या करने का प्रयास किया। बरेसर थाना क्षेत्र अंतर्गत भोपतिपुर न्यायीपुर के ग्राम प्रधान भरत कुमार उर्फ भागी पर बीते गुरुवार को दिनदहाड़े गोली चला दी गयी थी। रविवार की रात्रि में अपराधियों ने फिर वारदात को अंजाम देने की सोची। जिसमे ग्राम प्रधान के साथ रहने वाले गोपाल प्रजापति उम्र 24 पुत्र रामा प्रजापति पर धारधार हथियार से गला काटने का प्रयास किया गया। सूचना के अनुसार गोपाल रात्रि में अपने दरवाजे पर अकेले सो रहा था। तथा परिजन घर के अन्दर सो रहे थे।तकरीबन एक बजे अज्ञात व्यक्ति ने उसके ऊपर धारधार हथियार से हमला कर गला काटने का प्रयास किया। लेकिन गला पूरा कट नही पाया। गोपाल सोर मचाया परिजन तथा अगल बगल के लोग दौडकर मौके पर तथा हमलावर का खोजबिन किये लेकिन उसका कही अता पता नही चला परिजनो ने इस घटना की सुचना बरेसर पुलिस को दिया। बरेसर पुलिस मौके पर पहुचकर घायल को परिजनों के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाराचवर पर ले आये।जहा स्थिति को देखते हुए चिकित्सको ने गोपाल को जिला चिकित्सालय के लिये रेफर कर दिया गया।प्राप्त सुचना के अनुसार स्थिति नाजूक होने पर जिलाचिकित्सालय से भी उसे बी एच यू ट्रांमा सेन्टर के लिये रेफर कर दिया गया।इस सम्बंध मे एस ओ बरेसर संजय कुमार मिश्रा से पुछने पर उन्होने कहा की वारदात की सुचना मिली है रात मे पुलिस मौके पर गयी थी लेकिन अभितक कोई तहरीर नही प्राप्त हुई है।

बाल-बाल बचे सभासद

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर। नगर डुमरियागंज पंचायत के वार्ड नं 8 लोहिया नगर के सभासद घन्यस्याम गौड़ अपने चारपहिया वाहन से साहहपुर से अपने घर लोहिया नगर अपने गांव जा रहे थे लेकिन गांव के मोड़ पर पहुचने के बाद गाड़ी का स्टेरिंग अचानक न कटने की वजह से सड़क के दाहिने तरफ गहरे खेत मे बारिश की वजह से गहरे पानी मे गाड़ी चली गई।जिसे देखकर आसपास रह रहे लोगो की निगाहें पड़ी तो दौड़ कर स्थानीय लोगो की मदद से सभासद घनस्याम गौड़ व गाड़ी को बड़ी मसक्कत से निकाला।इस बारे में सभासद ने बताया कि अचानक गाड़ी का स्टेरिंग जैसे जाम होगया जिसकी वजह से गाड़ी सहित खेत के पानी मे गाड़ी आधा डूब गया उसके बाद स्थानीय लोगो की मदद से मुझे और गाड़ी को निकाला गया। बड़ी घटना घटने से बच गई।

तड़ीपार जेल से फरार

जौनपुर । जिला बदर का उलंघन करने के आरोपी रविवार की रात जेल से फरार हो गया कैदी के भागने की खबर से जेल प्रशासन और पुलिस प्रशासन में हड़कम्प मच ए उसकी गिरफ्तारी करने के लिए जगह जगह दबिश दी जा रही है । मिली जानकारी के अनुसार बीते 7 जुलाई को बख्शा थाने की पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर जिला बदर अपराधी 1ण् अनिल यादव पुत्र केदारनाथ यादव नि0 गोपालापुर थाना बक्सा जनपद जौनपुर 2ण् फारुख नट पुत्र दुरन नट निवासी सुंगुलपुर थाना बक्सा जनपद जौनपुर उपरोक्त को धारा 10 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 का अपराध करने के कारण गिरफ्तार किया गया था । दोनो को पचहटिया में बने अस्थायी जेल में बंद किया गया था । रविवार की रात फारुख नट जेल से फरार हो गया ।

सीबीएससी परीक्षाफल देखने को छात्र रहे परेशान, घंटों बाद खुली साइट

देवरिया। सीबीएसई ने 12वीं कक्षा के परिणाम आज घोषित कर दिए लेकिन सीबीएसई की रिजल्ट वेबसाइट में तकनीकी गड़बड़ी होने के कारण छात्र अभी तक अपना रिजल्ट नहीं चेक कर पा रहे। छात्रों की इसी दिक्कत को देखते हुए सीबीएसई ने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट कर बताया कि एनआईसी से जानकारी मिली है कि रिजल्ट वेबसाइट पर रिजल्ट देखने में कोई तकनीकी गड़बड़ी है। यह गड़बड़ी अगले दो घंटे में ठीक हो जाएगी तब छात्र अपना रिजल्ट चे कर सकेंगे। हालांकि सभी छात्रों का कम्प्लीट रिजल्ट उनके संबंधित स्कूलों को भेज दिया गया है। छात्र अपने रिजल्ट स्कूल से भी अब प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही डिजिलॉकर पर भी यह रिजल्ट उपलब्ध कराया जा रहा है। सीबीएसई की वेबसाइट ठीक होने के बाद स्टूडेंट्स नीचे दिए रिजल्ट चेक कर सकते हैं।

2 किलो 250 ग्राम गांजा के साथ दो गिरफ्तार

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन में उनि राकेश कुमार राय मय हमराह फोर्स के साथ अभियुक्त बीनू सिंह पुत्र राममूरत सिंह ग्रा धीराजपुर थाना बक्शा जनपद जौनपुर को व उनि सुनिल कुमार तिवारी मय हमराह फोर्स के साथ अभियुक्त अशोक कुमार केवट उर्फ गोली को नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

आफताब पर लगा रासुका

जौनपुर । थाना सरायख्वाजा क्षेत्र स्थित ग्राम भदेठी कान्ड के मामले को लेकर पुलिस एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए जेल में निरूद्ध अभियुक्तो के प्रति आज भी कानूनी सिकंजा कसती ही जा रही है । यह किसके इसारे पर हो रहा है समझना कठिन तो नहीं है लेकिन मार पीट एवं आगजनी की इस घटना में एक पक्ष पर कानून के हर डन्डे बरसाये जा रहे हैं वहीं एक पक्ष की तहरीर लेकर मुकदमा लिखाने की जरूरत नहीं समझा गया है जो चर्चा का बिषय बना है। सपा जावेद सिद्दीकी के उपर रासुका लगाने के बाद अब थाना सरायख्वाजा की पुलिस ने भदेठी काण्ड में अभियुक्त बनाये गये आफताब आलम उर्फ नूर आलम उर्फ हिटलर के विरुद्ध रासुका लगाने की कार्यवाही की है।

देवरिया में एक साथ 64 नए कोरोना पॉजिटिव मिले

नगर पालिका के ईओ भी शामिल

संवाददाता। देवरिया

रविवार को नगर पॉलिका परिषद देवरिया के ईओ समेत 64 लोग कोरोना पॉजिटिव मिले। नगर पालिका के तीन अन्य कर्मचारी भी संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा डीपीआरओ कार्यालय में तैनात स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। जिला कारागार देवरिया में भी कोरोना ने दस्तक दे दी है। यहां एक बंदी रक्षक व आठ बंदी संक्रमित मिले हैं। संक्रमितों में 4 महिलाएं शामिल हैं। इसके साथ ही जिले में कोरोना मरीजों की संख्या बढ़कर 440 हो गई है। नगर पालिका परिषद देवरिया के ईओ के संक्रमित मिलने से जिले के प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया है। ईओ शनिवार को अपर मुख्य सचिव की बैठक समेत कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। दो दिन पूर्व कार्यालय के कर समाहर्ता की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद नगर पालिका को सील कर दिया गया था। डीपीआरओ कार्यालय में तैनात स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। कार्यालय के दो लिपिकों की रिनोर्ट शनिवार को पॉजिटिव मिली थी। जिला कारागार में भी कोरोना ने दस्तक दे दी है। यहां एक बंदी रक्षक व आठ बंदी कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। जेल में बंदी रक्षक व बंदियों के संक्रमित मिलने की खबर के बाद आनन-फानन में सभी बैरकों को सेनेटाइज करने का काम शुरू कर दिया गया। सीएचसी सलेमपुर के चिकित्सा प्रभारी का रसोइया और सीएचसी पर तैनात एक बेसिक हेल्थ वर्कर भी कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। न्यू पीएचसी भिंगारी में तैनात एक स्वास्थ्यकर्मी भी कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। भटनी के रायबारी में एक और हरिकीर्तन मोहल्ला में दो लोग कोराना पॉजिटिव मिले हैं। रामपुर कारखाना के गोविंदपुर में दो और रघवापुर एक कोरोना पॉजिटिव मिला है। पथरदेवा के बंजरिया में भी एक कोरोना पॉजिटिव है। सलेमपुर के नाजिर पिपरा में भी एक व्यक्ति संक्रमित मिला है। लार के गढ़वा खास में एक और रुद्रपुर में दो लोग संक्रमित हैं। बरहज कटइलवा में चार, तडिया, बढ़या फुलवरिया, उत्तरी बरहज मोहल्ला, पचौहा, भलुअनी के बरौली चौराहा और परिसिया निरंजन में भी एक-एक संक्रमित पाए गए हैं।

मऊ में दिल्ली से लौटा युवक मिला पाजिटिव

जिले में मिले पाजिटिव मरीजों की संख्या हुई 260

122 संक्रमित मरीज स्वस्थ होकर जा चुके है घर

संवाददाता। मऊ

मऊ जिले के थाना चिरैयाकोट अंतर्गत असलपुर गांव में सोमवार दिल्ली से लौटे 35 वर्षीय युवक की कोरोना रिपोर्ट आने से गांव में हड़कम्प मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर तहसीलदार और स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंच गई। संक्रमित युवक को उपचार के लिये कोविड अस्पताल कोपागंज में भर्ती कराया गया। साथ ही परिवार के सदस्यों को नगर स्थित क्वारन्टीन सेन्टर में क्वारन्टीन कर उनका सैम्पल जांच के लिये भेजा जा रहा है। कलेक्ट्रेट सभागार परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सतीश चंद्र सिंह ने बताया कि रानीपुर के असलपुर गांव निवासी 35 वर्षीय युवक दिल्ली में रहकर सिक्योरिटी गार्ड का काम करता था। वह पांच जुलाई को अपने घर आया था। सात जुलाई को रानीपुर सीएचसी पर उसका सैम्पल लेकर जांच के लिये भेजा गया, जिसकी रिपोर्ट पाजिटिव आई है। उसे कोपागंज स्थित बापू आयुर्वेदिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि परिवार के 12 सदस्यों को नगर स्थित फातिमा कान्वेंट स्कूल में क्वारन्टीन किया गया है। बताया कि अबतक जिले से 10181 लोगों का सैम्पल जांच के लिये भेजा गया है। 8672 लोगों की रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है। इसमें से 8425 लोगों की रिपोर्ट निगेटिव रही है। जिले में अबतक कुल 260 कोरोना के संक्रमित मिले हैं। 122 ठीक होकर घर जा चुके हैं। जिले में 135 एक्टिव कोरोना मरीज हैं। जिले में हाटस्पाट की संख्या 47 है।

सात दिन से गांव में घूम रहा था संक्रमित

मऊ। दिल्ली से पांच जुलाई से लौटे युवक की 13 को रिपोर्ट पाजिटिव आने के बाद असलपुर गांव में हड़कम्प मचा हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि युवक दिल्ली से आने के बाद से ही गांव में खुलेआम घूम रहा था। सात जुलाई को उसका सैम्पल जांच के लिये भेजा गया था। पांच दिन बाद उसका रिपोर्ट पाजिटिव आई। उसके संक्रमित मिलने के बाद से गांव में उसके सम्पर्क में आये लोगों की ट्रेसिंग की जा रही है। गांव में उसके घर के 250 मीटर की परिधि को हाटस्पाट घोषित करने के साथ कंटेनमेंट की कार्रवाई की जा रही है।

डोर टू डोर हुआ गांव और कस्बे में थर्मल स्कैनिंग

सकलडीहा-चन्दौली। कोविड 19 के बढ़ते प्रकोप को लेकर जिला प्रशासन गंभीर है। जिलाधिकारी के निर्देश पर कोरोना की लक्षण को पहचाने के लिये डोर टू डोर थर्मल स्कैनिंग शुरू होगया है। इस क्रम में सोमवार को सकलडीहा कस्बा में स्वास्थ्य कर्मी द्वारा डोर टू डोर थर्मल स्कैनिंग किया। कोरोना जैसी महामारी की चपेट में जनपद में दो सौ से अधिक की संक्रामित हो चुके है। दो से अधिक कोरोना संक्रामितों की मौत होगयी है। जनपद में लगातार बढ़ते कोरोना संक्रमण को लेकर जिलाधिकारी द्वारा बीते 5 जुलाई से अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत सोमवार को सकलडीहा कस्बा में प्रशिक्षित आशा और आगनबाड़ी कार्यक त्री द्वारा दर्जनों परिवार का थर्मल स्कैनिंग कराया गया। इस बाबत सीएचसी अधीक्षक डाण् योगेन्द्र दास ने बताया कि कोरोना संक्रमण की पहचान के लिये 15 जुलाई तक महाअभियान चलाया जा रहा है। घर घर कोरोना के लक्षण की पहचान कर उनका इलाज कराया जायेगा।

नगर पंचायत क्षेत्र में तीन दिन तक रहेगा पूर्णतया प्रतिबंध

संवाददाता। रुद्रपुर/ देवरिया

बढ़ते कोरोना पॉजिटिव मामले को देखते हुए नगर पंचायत क्षेत्र में तीन दिन तक पूर्णतया प्रतिबंध लागू रहेगा जिसके लिए जिलाधिकारी अमित किशोर ने रविवार की शाम निर्देश जारी कर दिए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि नगर व्यापारियों के अनुरोध पर यह निर्णय लिया गया है । नगर पंचायत रुद्रपुर में 13 ,14 व 15 जुलाई तक पूर्ण रहेगा कस्बा रुद्रपुर को संक्रमित होने के कारण कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है। एसडीएम संजीव कुमार उपाध्याय ने बताया है। कि कंटेनमेंट जोन के अंतर्गत सभी निजी व सार्वजनिक प्रतिष्ठान एवं मार्ग अग्रिम आदेश तक पूरी तरह बंद रहेंगे आवागमन पूरी तरह से बन्द रहेगा उन्होंने कहा है। कि प्रभारी निरीक्षक को इसका कड़ाई से पालन कराने के लिए निर्देश जारी कर दिया गया है। जिस को ध्यान में रखते हुए चेयरमैन प्रतिनिधि वीरेंद्र शर्मा व अधिशासी अभियंता उपेंद्र नाथ सिंह के नेतृत्व में रुद्रपुर के मुख्य मार्गो जिनसे नगर के अंदर प्रवेश किया जाता है वहां वहां पर बैरिकेडिंग कर सील कर दिया गया है। जिससे इस संक्रमण को रोकने में मदद मिल सके चेयरमैन प्रतिनिधि वीरेंद्र शर्मा ने कहा की एरिया सील करने के बाद भी लोग एहतियात नहीं बरत रहे हैं वे लोग सरकार को नहीं बल्कि खुद को धोखा दे रहे हैं। अभी भी समय है संभल जाइए शायद फिर मौका ना मिले यह हमारी और आपकी जिम्मेदारी है कि हम जबरदस्ती ना करें गवर्नमेंट के बताए हुए नियमों का पालन करें ईओ उपेंद्र नाथ सिंह ने कहा अगर जरूरी ना हो तो घर के बाहर बिल्कुल ना निकले और अगर बहुत ज्यादा जरूरत हो तो मास्क और सेनीटाइजर के साथ ही घर के बाहर निकले क्योंकि जान है तो जहान है जब तक आम जनता प्रशासन का सहयोग नहीं करेगी तब तक कुछ नहीं हो सकता हम सभी को जागरूक होना पड़ेगा।

सोशल डिस्टेंसिंग की उड़ाई गई धज्जियां

मुग़लसराय-चन्दौली। तीन दिनो के संपूर्ण लॉकडाउन के बाद दिन सोमवार को नगर में काफी भीड़ देखने को मिली वही लोग विभिन्न जगहों पर सोशल डिस्टेंसिंग का उल्लंघन करते व मुंह पर बिना मास्क लगाए पाए गए । बताते चलें कि तीन दिनों के संपूर्ण लॉकडाउन के बाद सोमवार को नगर में स्थित एक पटरी के तरफ की दुकानें खुली रही और दूसरी पटरी के तरफ की दुकाने बंद रही । सुरक्षा की दृष्टि से स्थानीय प्रशासन चक्रमण करते लोगों को विभिन्न नियमों का पालन करने की बात बताते रहे।वहीं नगर में स्थित इलाहाबाद बैंक शाखा को पहले पूरी तरह से सेनीटाइज किया गया उसके बाद ही बैंक शाखा को खोला गया । नगर के जीटी रोड स्थित सब्जी मंडी में लोगों की काफी भीड़ इकट्ठा रही लोग सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ाते देखे गए वही सब्जी फल विक्रेता मुंह पर बिना मास्क लगाए सामानों को बेचते रहे । इसी तरह नगर का गल्ला मंडी क्षेत्र भी पूरी तरह से भीड़ भाड़ में तब्दील रहा।

कांग्रेस विधि विभाग के जिला अध्यक्ष राजन का हुआ स्वागत

जौनपुर। कांग्रेस विधि विभाग के जिला अध्यक्ष बनाए गए राजन तिवारी ने कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व विधायक श्री नदीम जावेद जी से कि मुलाकातएजनपद की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर कि विस्तार पूर्वक चर्चाए जनपद में कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन.जन तक पहुंचाने के लिए की गई विस्तार पूर्वक चर्चाए मुलाकात के दौरान कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व विधायक नदीम जावेद जी ने श्री तिवारी को पार्टी का पटका पहनाकर किया सम्मानितए ज्ञात हो कि राजन तिवारी पं0 भगवती दीन तिवारी व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं भूतपूर्व विधायक व स्व0 गिरिजा देवी तिवारी वरिष्ठ कांग्रेस नेत्रीए पूर्व जिला पंचायत सदस्यएपूर्व प्रत्याशी विधान सभा मछली शहर के पौत्र हैं वे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता स्वरू रत्नेश तिवारी जी के पुत्र हैं। इस मौके पर यूथ कांग्रेस अध्यक्ष सत्यवीर सिंह,अल्पसंख्यक शहर अध्यक्ष शाहनवाज़ खान,कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के प्रदेश सचिव कलेंदर बिन्द,सद्दाम शमसाद, अंकुल मौर्य, सुरेंद्र शर्मा, उपस्थित रहे ।

सेवाभाव की राजनीति ही भाजपा का संस्कार : डॉ. धर्मेन्द्र

संवाददाता। देवरिया

मात्र सत्ता प्राप्त करना लक्ष्य नहीं, सत्ता के माध्यम से एकात्म मानववाद की प्रेरणा से अंतिम व्यक्ति का उत्थान, दरिद्र नारायण की सेवा ही भाजपा के कार्यकर्ताओं का उद्देश्य है। गांव, गरीब, किसान और उनके जीवन का उत्थान ही भारतीय जनता पार्टी का मूल मंत्र है। उक्त उदगार बतौर मुख्य अतिथि और वक्ता भारतीय जनता पार्टी के गोरखपुर के क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ0 धर्मेंद्र सिंह विधानसभा रुद्रपुर में वर्चुअल सम्मेलन में कार्यकर्ताओं एवं प्रबुद्ध जनों को व्यक्त कर रहे थे। डॉ0धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि सेवा भाव की राजनीति ही भाजपा का संस्कार है। वैश्विक महामारी कोरोना के कारण देश में हुए लाक डाऊन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दीन दुखियों, गरीबों, मजलूमों, की अथक सेवा किया और हर संभव मदद करने का प्रयास किया। केंद्र व प्रदेश की दोनों सरकारों ने लॉकडाउन में अत्यधिक परिश्रम किया। जहां प्रारंभ में टेस्टिंग लैब नहीं था, कोविद अस्पताल नहीं थे, लाक डाउन में अल्प अवसर प्राप्त हुए, जिसके कारण आज देश में 800 के आसपास लैब हैं, जहां प्रतिदिन 5 लाख कोरोना का टेस्टिंग हो रहा है। प्रत्येक जनपदों में वेंटिलेटर की व्यवस्था, मरीजों के समुचित इलाज हेतु उपकरणों की व्यवस्था किया गया। लेबल 1,2,3 के लगभग डेढ़ लाख बेड उपलब्ध है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने कोरोना से बचाव हेतु अकल्पनीय योगदान दिया। जहां स्थानीय स्तर पर स्वयंसेवी संगठनों ने भी बढ़-चढ़कर लाक डाउन में सेवा कार्य में अपार सहयोग किया, वहीं केन्द्र की मोदी सरकार ने 8 करोड़ उज्जवला गैस 3 महीने के लिए निशुल्क देने का कार्य किया।

गाइड लाइन के उल्लंघन पर व्यापारियों का प्रदर्शन

संवाददाता। सकलडीहा-चन्दौली

जिला प्रशासन द्वारा जारी गाइड लाइन का स्पष्ट रूप से पालन न होने पर व्यापारियों में उहापोह की स्थिती है। दो दिन की लॉक डाउन समाप्त होते ही कुछ व्यापारी आवश्कता वाली वस्तु का हवाला देते हुए दोनों पटरी की दुकान खोल दिया।

इससे कस्बा में दोनो तरफ भीड़ उमड़ पड़ी। जिसे लेकर अन्य दुकानदारों ने जारी गाइड लाइन का पालन न होने का आरोप लगाते हुए सड़क पर उतकर प्रदर्शन करने लगे। इसकी जानकारी होते ही स्थानीय प्रशासन ने दुकानों को बंद कराते हुए सख्ती से गाइड लाइन का पालन कराने का निर्देश दिया। व्यापारियों ने बताया कि एक ओर जिला प्रशासन कोविड 19 के बढ़ते प्रकोप को लेकर रोस्टर से दुकान खोलने का निर्देश दिया है। वही दूसरी ओर स्थानीय तहसील और पुलिस प्रशासन की शिथिलता के कारण आधे से अधिक व्यापारी आवश्कता वाली वस्तु का हवाला देकर दोनो पटरी की दुकान खोल रहे है। जबकि अन्य व्यापारियों ने कहा कि बाजार में हर दुकान पर आवश्यकता वाली सामान बिकता है। कस्बा में आधा से अधिक दोनों पटरी में परचुन, मिठाई,कृषियंत्र,सब्जी की दुकान है। दोनो पटरी में उक्त दुकान खुलने से अचानक भीड़ हो जाने से व्यापारियों में दहशत है।

आक्रोशित व्यापारियों ने गाइड लाइन का पालन कराने की मांग को लेकर नारेबाजी किया। चेताया कि शीघ्र प्रशासन द्वारा दुकान खोलने का निर्धारण नही किया गया तो सभी दुकान खोल दिया जायेगा। इस मौके पर विरोध जताने वालों में दिलीप गुप्तए कृष्णा सेठए आनंद सेठ, चंदा,ए रमाकांत चौरसिया, राजेन्द्र सैनी, राहुल जायसवाल, संजय जायसवाल, संतोष सेठ, विनय,मनोज गुप्ता, हिमांशु आदि व्यापारी मौजूद रहे।

कोविड 19 से बचाव को दृष्टिगत सड़क के एक पटरी वन की दुकान सप्ताह में सोमवारए बुधवार और शुक्रवार को खोला जायेगा। पटरी टू की दुकान मंगलवार और गुरूवार के दिन खुलेगी। दूसरे सप्ताह में पटरी टू की दुकान सोमवार को खुलेगी। पटरी वन की दुकान बंद रहेगी। जिसका सख्ती से पालन कराया जायेगा।

-वंदना सिंह, कोतवाल सकलडीहा

मामूली कहासुनी में युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या

सात लोगों के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज

संवाददाता। मुसाफिरखाना (अमेठी)।

कोतवाली क्षेत्र के पूरे सिद्धि औरंगाबाद गांव में मामूली कहासुनी में दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसके बाद दूसरे पक्ष के लोगों ने एक युवक को चाकुओं से गोदकर लहूलुहान कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल आनन-फानन में स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने घायल युवक की गम्भीर हालत को देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया। घायल युवक को इलाज के लिए लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के पूरे सिद्धि मजरे औरंगाबाद गांव में रविवार दोपहर धान के खेत में पानी लगाते समय दो पक्षों में कहासुनी व मारपीट हो गई। जिसके बाद दूसरे पक्ष के लोगो ने देर शाम एक पक्ष के कंसराज उम्र 24 वर्ष पुत्र राम जियावन को शौच कर घर वापस लौटते समय रास्ते मे पहले से घात लगाकर बैठे लोगों ने हमला कर दिया। हमले में चाकू से गोदकर कंसराज को लहूलुहान कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल कंसराज को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुसाफिरखाना पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने घायल युवक की गम्भीर हालत को देखते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। परिजन उसे ट्रामा सेंटर लेकर जा रहे थे कि रास्ते में हैदरगढ़ के पास युवक ने दम तोड़ दिया ।मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक दयाराम सरोज पुलिस क्षेत्राधिकारी सन्तोष सिंह प्रभारी निरीक्षक अवधेश यादव भारी पुलिस बल के साथ गांव पहुंचकर घटना से जुड़े पहलुओं की बारीकी से पड़ताल की । अपर पुलिस अधीक्षक दयाराम सरोज ने कोतवाली पुलिस को जल्द से जल्द घटना के खुलासे के निर्देश दिए।

वहीं पूरे मामले पर क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना संतोष कुमार सिंह ने बताया कि रविवार देर शाम पूरे सिद्धि मजरे औरंगाबाद गाँव में दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। जिसमें एक युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। मृतक के मामा की तहरीर के आधार पर सात लोगों के खिलाफहत्या सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

सांसद, विधायक व जिलाधिकारी ने आवंटित जमीन का किया निरीक्षण

संवाददाता। प्रतापगढ़

जनपद प्रतापगढ़ में भारत सरकार द्वारा एक केन्द्रीय विद्यालय खोले की अनुमित के बाद सोमवार को सांसद संगम लाल गुप्ता, विधायक रानीगंज धीरज ओझा एवं जिलाधिकारी डा. रूपेश कुमार ने तहसील रानीगंज के शिवसत ग्राम में आवंटित केन्द्रीय विद्यालय की जमीन का निरीक्षण किया। भारत सरकार द्वारा इस जमीन के सम्बन्ध में तीन बिन्दुओं पर आख्या प्रेषित किये जाने की अपेक्षा की गयी है। जिलाधिकारी ने संबधित अधिकारियों को अविलम्ब सर्वे कर तत्काल आपत्ति निस्तारित कर रिपोर्ट जिला विद्यालय निरीक्षक को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। जमीन के समतलीकरण के सम्बन्ध में विधायक रानीगंज द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में समतलीकरण कराने का पत्र प्रेषित किया गया है, पुन: उनके द्वारा विधायक निधि से समतलीकरण कराने का प्रस्ताव प्रेषित कर दिया जायेगा जिससे इस समस्या का समाधान हो जायेगा। इस दौरान सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि आने वाले समय में यह स्थल इंजीनियरिंग कालेज, स्वास्थ्य विभाग के अस्पताल एवं वेयरहाउस तथा विकलांग विभाग का भवन निर्माणाधीन है। इनके संचालन होने से क्षेत्र का विकास सुनिश्चित हो सकेगा। सांसद ने कहा कि जल्द से जल्द आपत्ति दूर कर भारत सरकार को पत्र प्रेषित किया जाये ताकि मेरे स्तर से इस सम्बन्ध में धनराशि निर्गत हेतु अपेक्षित कार्रवाई करायी जा सके।

स्मृति ईरानी ने ई-चौपाल के जरिए जनसमस्याएं सुनीं

संवाददाता। अमेठी

केंद्रीय मंत्री व सांसद स्मृति जुबिन ईरानी ने ई.चौपाल के माध्यम से आज जनपद अमेठी के विकासखंड गौरीगंज अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय शहबाजपुर, विकासखंड जामों अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बलभद्रपुर, विकासखंड शाहगढ़ अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय दुलापुर खुर्द तथा विकासखंड मुसाफिरखाना अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय भीखीपुर में ऑनलाइन संवाद कर जन समस्याएं सुनी तथा उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। ई-चौपाल में शिकायतकर्ताओं ने पीने के पानी की समस्याएं नाली-खड़ंजा मरम्मत, रोजगार हेतु ऋ ण दिलाने, आवास सहित अन्य समस्याएं को सांसद ने त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देश दिया। ई-चौपाल के माध्यम से प्राथमिक विद्यालय शहबाजपुर में लगभग 50 से अधिक लोगों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई। श्रीमती ईरानी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनसमस्याओं की शिकायतों के प्रति गंभीर रहें। उनका त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। इसके साथ ही अमेठी सांसद ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत जन सामान्य से संवाद स्थापित करने तथा उनकी समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के उददेश्य से ई-चौपाल का आयोजन किया गया है। इस दौरान जिलाधिकारी अरुण कुमार ने सांसद को आश्वस्त करते हुए कहा कि आज की ई.चौपाल के दौरान प्राप्त शिकायतों का संबंधित अधिकारियों से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा ।

आत्मनिर्भरता भारत को विश्व गुरु बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगी: राज्यमंत्री

अमेठी। भारतीय जनता पार्टी ने अमेठी विधानसभा वर्चुअल सभा कर केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां व संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आवाहन किया। वर्चुअल सभा में राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार सतीश द्विवेदी ने अमेठी विधानसभा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व बूथ अध्यक्षों सहित लोगों को संबोधित किया। भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने बताया कि वर्चुअल सभा में वीडियो कांफ्रेंसिग के जरिए जुड़े हुए लोगों को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए 20 लाख करोड़ रुपये का पैकेज घोषित किया। इस पैकेज के माध्यम से गरीब, प्रवासी मजदूर, किसान, मध्यमवर्ग व व्यापारी वर्ग को बड़ी राहत मिलेगी तथा लोकल ही वोकल के माध्यम से लोकल प्रोडक्ट व मेक इन इंडिया प्रोडक्ट को बढ़ावा मिलेगा। आत्मनिर्भर भारत ही भारत को विश्व गुरु बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा ।

बाढ़ पीड़ितों पर पड़ी मुसीबतों की मार

सिरौलीगौसपुर (**बाराबंकी**)। बाढ़ पीड़ितों को इस बार कोरोना और बाढ़ की दोहरी मार से गुजरना पड़ रहा है। सरयू नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंचे से लगभग दो दर्जन से अधिक गांव प्रभावित हुए हैं। जिमसें सरदहा टाटेरवा, कमियार, घुटरू, सिरौली, गुंग, बबुरी, लालपुरवा, परसा ,ढेकवा ,सनावा, कहारनपुरवा, भायकपुर, कोठीडीहा, बघौलीपुरवा, भैरवकोल, तेलवारी, गोबरहा, सरयसुर्जन, इटहुआ, पूर्व नव्वन पुरवा, मझारायपुर, परसवाल, बेहटा, रेता आदि गांव नदी में के पानी मे डूब चुके हैं। गांव से लोगो ने पलायन शुरू कर दिया है। बघौलीपुरवा गांव में सभी के घरों में पानी पूर्ण रूप से भर गया है लोग अपने छतों व ऊँचे स्थान पर बैठ कर दिन काट रहे है। लोगो को अभी भी प्रशासन की ओर से राहत का इंतजार है। लोगों के पशुओं का चारा घर मे रखा अनाज सब भीग गया है। बांध पर बनाये गए त्रिपाल से घर हवा में उड़ जाता है। यहां के स्थानीय रामावतार भवानी कुंवारा रामरती बुधना बेचू आदि लोगो ने बताया की हम लोग तो जस तस बसर कर लेंगे, मगर इन छोटे छोटे बच्चों को पान दू बिस्कुट नहीं मिल पा रहा है। जिससे अब समस्या बढ़ रही है। नदी का जलस्तर स्थिर होने के बाद तहसील सिरौलीगौसपुर के गांवो में समस्या बढ़ भैया नदी मा बहिया हर साल आवत हय मगर ई बार बहुत पहले आय गय हय जिसे हम लोगन की यह हालत हुई है। सरकार अबही कुछु ध्यान नही दियत है। तेलवारी गांव जाने वाला मार्ग नदी के तेज बहाव में पूरा बह गया है। लोगो को आने जाने का रास्ता बन्द हो गया है। लोग नाव से आ जा रहे है। बघौलीपुरवा गांव का एक बुजुर्ग व्यक्ति रघुनाथ जो नदी के पानी बढ़ने के चलते निकल नही पा रहा है। उससे पूछा गया तो बताया कि अपर पुलिस अधी ने किया बाढ़ क्षेत्र का एडिशनल एसपी मनोज कुमार पांडेय सीओ रामसनेहीघाट पवन गौतम ने दौरा किया है।

नवविवाहित दम्पतियों को जागरूक करना आशा की पहली प्राथमिकता

संवाददाता। बाराबंकी

जनसंख्या स्थिरता पखवारे के दौरान गत 11 से 31 जुलाई तक घर-घर पहुँचने वाली आशा और एएनएम के अलावा स्वास्थ्य इकाइयों पर पहुंचने वाले नवविवाहित दम्पत्तियों को जागरूक करना पहली प्राथमिकता में होगा। इसके तहत उनको श्पहले एक-दूसरे को जानेंगे और आगे की राह आसान बनाएंगे। सूत्र वाक्य को जीवन में उतारने के बारे में समझाया जाएगा । सीएमओ डा रमेश चंद्र ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने निर्देश दिया है कि गृह भ्रमण के दौरान आशा कार्यकर्ता उस घर को प्राथमिकता दें जहां कोई नवविवाहित दंपत्ति हों। ऐसे दम्पत्तियों से इस बात पर चर्चा करेंगी कि अनचाहा गर्भ आपके सपनों और आपके पास मौजूद संसाधनों को सीमित करता है । इसके साथ ही उनकी आवश्यकतानुसार गर्भ निरोधक साधन भी उन्हें उपलब्ध कराएंगी। इसके अलावा परिवार नियोजन की अंतराल विधियों का संचालन पहले की तरह जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं । कोविड-19 वाले क्षेत्रों में फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से कोविड 19 से बचाव का पूर्ण पालन करते हुए अंतराल विधियों का वितरण किया जाये । सभी नॉन कोविड स्वास्थ्य इकाइयों पर परिवार नियोजन संबंधी परामर्श व अस्थायी गर्भ निरोधक साधनों की उपलब्धता जरूर हो।

क्षेत्रीय विधायक ने किया सुंदरीकरण कार्यों का लोकार्पण

संवाददाता। फतेहपुर (बाराबंकी)

14वें वित्त आयोग के तहत नगर पंचायत फतेहपुर द्वारा कस्बे में कराये गये विभिन्न कार्यो व जनसहयोग से कराये गये क्षेत्राधिकारी कार्यालय के सौन्दर्यीकरण व मरम्मत कार्य का क्षेत्रीय विधायक द्वारा सीओ ऑफिस परिसर मे लोकार्पण किया गया। इस दौरान विधायक ने कस्बे के कई आवश्यक विकास कार्यों को भी जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए है। मालुम हो कि नगर पंचायत फतेहपुर द्वारा कस्बे मे चौदहवे वित्त के तहत सीओ कार्यालय परिसर मे इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण सहित कुल तीन विकास कार्य कराये गये है, वहीं जनसहयोग से क्षेत्राधिकारी कार्यालय का भी कायाकल्प किया गया है।

सांसद जन सुविधा केंद्र का शुभारम्भ

संवाददाता। प्रतापगढ़

जनपद के विकास भवन में सोमवार को सांसद संगम लाल गुप्ता जी ने सांसद जन सुविधा केन्द्र का उद्घाटन किया। इस जन सुविधा केन्द्र पर भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण किया जायेगा। यहां पर कम्प्यूटर सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। यह कार्यालय विकास भवन के ग्राउण्ड फ्लोर ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के निकट बनाया गया है। इस दौरान विधायक रानीगंज धीरज ओझा, विधायक सदर राजकुमार पाल, डीएम डा. रूपेश कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, सीडीओ सुदामा प्रसाद, परियोजना निदेशक डीआरडीए आरसी शर्मा, सांसद प्रतिनिधि अभिषेक पाण्डेय, विवेक उपाध्याय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

सरकारें गिराने और बनाने का अनैतिक खेल बंद करे भाजपा: प्रमोद तिवारी

संवाददाता। लालगंज (प्रतापगढ़)

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि बीजेपी की केन्द्रीय सत्ता इस समय कोरोना की जंग से लडने के बजाय गैर भाजपा शासित राज्यों में सत्ता हासिल करने की अनैतिक जंग मे लगी हुई है। प्रमोद तिवारी ने दावा किया कि भाजपा के सत्ता हासिल करने के अनैतिक खेल का राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर रत्ती भर भी असर नही पड़ेगा। सोमवार को नगर स्थित विधायक आराधना मिश्रा के कैम्प कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि राजस्थान की जनता ने कांग्रेस को जो जनादेश दिया है। उसके तहत कांग्रेस अपने पूरे पांच वर्ष के कार्यकाल को राजस्थान मे जनता की सेवा तथा विकास की दृढ़ता से पूरा करेगी। उन्होने कहा कि देश का दुर्भाग्य है कि जब शताब्दी की सबसे बड़ी त्रासदी कोरोना महामारी का सामना कर रहा है तो भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने पहले मध्यप्रदेश मे कांग्रेस की सरकार गिराने मे लगा रहा और अब राजस्थान मे कांग्रेस की सरकार अस्थिर करने मे जुटा हुआ है। प्रमोद तिवारी ने कहा कि इससे साफ जाहिर है कि भाजपा की नरेन्द्र मोदी सरकार को देश के आम आदमी की चिंता नही है। उन्होने बीजेपी नेतृत्व पर कटाक्ष किया कि कोरोना से जंग लडने के बजाय वह इसमे समय जाया कर रहा है कि सरकार कैसे गिरे और सरकार अपनी कैसे बने। पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि राजस्थान का घटनाचक्र लोकतंत्र में दुर्भाग्यपूर्ण एवं शर्मनाक है। उन्होने दावे भरे अंदाज मे यह भी स्पष्ट किया कि राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार को पूर्ण बहुमत हासिल है। श्री तिवारी ने कहा कि इस समय कोरोना संक्रमितों की बढ़ती संख्या भयावह स्थिति मे है। बकौल प्रमोद तिवारी यदि समय रहते केन्द्र सरकार ने कोरोना को लेकर रोडमैप नही दिया तो देश मे कोरोना संक्रमितो के डरावने आंकडे को भी पार कर जाएगी। श्री तिवारी ने यूपी मे शनिवार व रविवार के 55 घण्टे के लॉकडाउन को बेकार ठहराया। कहा कि जबसे लाकडाउन समाप्त करके अनलाक शुरू किया गया है तबसे कोरोना संक्रमितों की संख्या हर रोज तेजी से बढ़ रही है। सरकार को सवालिया घेरे मे लेते हुए प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह स्थिति इसलिए नियंत्रण के बाहर होती जा रही है क्योंकि रोज कमाने खाने वाले लोग घरो से निकलने को मजबूर हो रहे है और छोटे दुकानदारो को जीविकोपार्जन के लिए दुकाने खोलनी पड रही है तथा बेरोजगार बाहर जाने को विवश है। श्री तिवारी ने सरकार के समक्ष फिर दोहराया कि कोरोना को काबू मे करने के लिए सोशल डिस्टेसिंग तभी कारगर होगी जब प्रत्येक जरूरतमंद को न्याय योजना के तहत पचहत्तर सौ रूपये अविलंब दिये जाय। कानपुर प्रकरण पर भी प्रमोद तिवारी ने सरकार को लेकर तल्ख टिप्पणी की। इसके तहत उन्होने कहा कि इस प्रकरण मे जैसे जैसे राज खुलते जा रहे है विकास दुबे के मददगारो की सूची लंबी होती जा रही है। श्री तिवारी ने सरकार को कटघरे मे खड़ा करते हुए कहा कि देश सहित विदेशों में भी विकास दुबे की सम्पत्ति का अब पता चल रहा है। कांग्रेस नेता के मुताबिक इससे यह तथ्य आइने की तरह साफ हो गया है कि अपराध मुक्त उत्तर प्रदेश बनाने का भाजपा सरकार का दावा झूठा और खोखला है। श्री तिवारी ने कहा कि वगैर सत्तारूढ़ दल के वरदहस्त के विकास दुबे इतनी सम्पत्तियो को अर्जित नही कर सकता था। उन्होने राज्य की भाजपा सरकार पर हमलावर होते हुए कहा कि चारो तरफ देश विदेश मे कानपुर प्रकरण पर आलोचना झेल रही भाजपा सरकार सुप्रीम कोर्ट मे लंबित याचिकाओ के चलते सर्वोच्च न्यायालय के आदेश तथा मानीटरिंग से बचने के लिए हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस अग्रवाल का गठन किया है। श्री तिवारी ने कहा कि पुलिसकर्मियो की कायरतापूर्ण हमले मे शहादत तथा अपराधी को राजनीतिक स्वार्थ के लिए संरक्षण एवं आत्मसमर्पण कराने से लेकर उसकी मौत तक के संपूर्ण घटनाचक्र की सुप्रीम कोर्ट की देखरेख मे निष्पक्ष जांच कराई जाए। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस न्यायिक जांच से ही गुनाहगार सभी चेहरे बेनकाब हो सकेगें। इसके पूर्व प्रमोद तिवारी ने जलेशरगंज मे व्यापार मण्डल के अध्यक्ष रहे हरीलाल केसरवानी तथा लालगंज के पण्डित का पुरवा मे सभासद संदीप गौतम के पिता के निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना जताई।

ग्रामीणों ने तिवारी के योगदान को सराहा

लालगंज (प्रतापगढ़)। कोरोना महामारी मे क्षेत्र के लोगों की लाकडाउन के बीच रामपुरखास के प्रवासियो तथा स्थानीय स्तर पर लगातार मदद तथा क्षेत्र मे भी विधायक आराधना मिश्रा मोना के साथ महामारी से बचाव के लिए प्रमोद तिवारी के योगदान को सराहा। इस मौके पर चंद्रमौलि शुक्ल, सुधाकर पाण्डेय, दयाराम वर्मा, उदयशंकर दुबे, अजय सरोज, रामराज वर्मा, अवधेश सिंह, पप्पू तिवारी, छोटेलाल सरोज, रामबोध शुक्ल, प्रदीप मिश्र, राजू मिश्र, संजीत तिवारी, आशुतोष मिश्र, डा. अमिताभ शुक्ल, सत्येन्द्र सिंह, त्रिभु तिवारी, अबुज मिश्र, शास्त्री सौरभ, अंशुमान तिवारी, मुरलीधर तिवारी, धीरेन्द्र पाण्डेय, सिंटू मिश्र, सुजीत कोरी आदि रहे।

क्विक न्यूज

कोरोना पाजिटिव पांच स्थल सील

प्रतापगढ़। नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) की जांच में ग्राम तखई का पुरवा थाना बाघराय निवासी संजय उपाध्याय सुत इन्द्र नारायण उपाध्याय, ग्राम बरई थाना कुण्डा निवासिनी हमयुन निशा पत्नी स्व. रशीद उल्ला शेख, मोहल्ला अष्टभुजा नगर थाना कोतवाली निवासी आलोक कुमार पुत्र संतोष पाण्डेय, अजीतनगर ठकुरईया थाना कोतवाली निवासी रमेश चन्द्र पाण्डेय पुत्र ओम प्रकाश पाण्डेय तथा 236 पल्टन बाजार जिला सहकारी बैंक के सामने थाना कोतवाली नगर अविनाश कुमार सिंह पुत्र अवधेश सिंह के कोरोना पाजीटिव पाये जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी डा. रूपेश कुमार ने अग्रिम 14 दिनों तक अस्थाई रूप से सील कर दिया है तथा परिसर में प्रवेश व निकास एवं वाहनों के संचालन को प्रतिबंधित किया है।

भ्रांति फैलाने के विरोध में प्रधान संघ ने दिया ज्ञापन

गौरीगंज (अमेठी)। विकासखंड गौरीगंज के प्रधान संघ अध्यक्ष बृजेश मिश्र के नेतृत्व में दर्जनों प्रधानों द्वारा मुख्य विकास अधिकारी अमेठी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि सोशल साइट पर विभिन्न प्रकार की भ्रांतियां प्रधान जनप्रतिनिधियों के खिलाफ फैलाई जा रही हैं। जिसमें नौ से 10 लाख रुपये प्रति ग्राम सभा में मास्क व सेनीटाइजर के लिए पैसा आया है। जो कि पूरी तरह झूठ बात है। इसकी जानकारी प्रशासन को भी है कि कोई इस प्रकार का फंड ग्राम प्रधानों के खातों पर नहीं आया है। इस प्रकार की भ्रांतियां फैलाने वाले लोगों के खिलाफ प्रशासन द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाए। ज्ञापन के दौरान राकेश कश्यप, नंदलाल, रामकेवल मौर्य, शैलेंद्र प्रताप सिंह, रामराज पांडेय, दिनेश कुमार, कृष्णा देवी, रवींद्र यादव सहित दर्जनों प्रधान उपस्थित रहे।

पुजारी की हत्यारोपियों का कोई सुराग नहीं

बाराबंकी। लगभग एक माह पूर्व मंदिर के पुजारी की गोलियां मारकर की गई निर्मम हत्या का आरोपी ईनामिया बदमाश आज भी पुलिस की पकड़ से दूर है । पुलिस सिर्फ इनाम घोषित करने तक की सीमित होकर रह गई है जो चर्चा का विषय बना है विदित हो कि फतेहपुर कोतवाली इलाके में एक माह पूर्व मंदिर के पुजारी विक्रम की दिनदहाड़े गोलियों से छलनी कर उसकी निर्मम हत्या कर दी गई थी। भरे बाजार हुई इस घटना से चौराहे पर दुकानदार अपनी-अपनी दुकानें बंद कर भाग खड़े हुए थे। फिल्मी अंदाज में हुई इस घटना की जानकारी जब पुलिस को हुई थी तो वह भी दंग रह गई थी। तब से पुलिस नामजद हत्यारोपी को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रह है। ईनाम घोषित करने के बाद भी पुलिस पकड़ने में नाकाम है।

पांच हॉट-स्पाट क्षेत्र प्रतिबन्ध मुक्त

प्रतापगढ़। कोरोना पॉजिटिव व्यक्ति पाये जाने के फलस्वरूप कोविड-19 के फैलाव को रोकने एवं बचाव व नियंत्रण हेतु ग्राम मझिलगांव थाना कुण्डा, ग्राम बिहरिया थाना हथिगंवा, ग्राम अठगंवा थाना अन्तू, ग्राम वीरपुर सिंह का पुरवा भटनी थाना लालगंज तथा मोहल्ला दहिलामऊ दक्षिणी थाना कोतवाली नगर को हॉट-स्पाट क्षेत्र पर लगाये गये प्रतिबन्ध को समाप्त कर दिया है और निर्देशित किया किया है कि इस क्षेत्र में सोशल डिस्टेसिंग बनाए रखते हुए निर्धारित समय तक दुकानें तथा सामान्य गतिविधियां संचालित की जा सकेंगी।

कोविड अस्पताल मे तीन नए मरीज भर्ती

लालगंज (प्रतापगढ़)। नगर के कोविड एल-वन अस्पताल में सोमवार को तीन नए कोरोना संक्रमितों को भर्ती किया गया। इससे अब अस्पताल मे संक्रमितों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। अधीक्षक डा. अरविंद गुप्ता ने बताया कि सोमवार को रानीगंज थाना के भवानीगढ़ के एक 24 वर्षीय युवक तथा अचलपुर कादीपुर के 40 वर्षीय तथा निर्मल पैलेस प्रतापगढ़ नगर के एक 23 वर्षीय युवक को कोरोना संक्रमित के रूप मे इलाज के लिए भर्ती कराया गया। अधीक्षक ने बताया कि कोविड एल-वन मे भर्ती सभी मरीज स्वस्थ है। पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा सभी मरीजों का सोमवार को बुखार तथा शुगर व बीपी का परीक्षण किया गया।

सई में उतराता मिला व्यापारी पुत्र का शव

लालगंज (प्रतापगढ़)। नगर के सांगीपुर वार्ड निवासी बंशीलाल के पुत्र राजकुमार जायसवाल का शव सई नदी में सोमवार को दूसरे दिन उतराया मिला। गोताखोरो के अथक प्रयासो के बीच दोपहर बाद बाबा घुइसरनाथ धाम के पम्प कैनाल से थोडी दूर उपाध्यायपुर घाट पर युवक का शव मिलने से हडकंप मच गया। राजकुमार (27 वर्ष) रविवार की दोपहर बाइक से घर से निकला था। युवक के काफी देर तक घर वापस न आने पर परिजन परेशान हो उठे। घुइसरनाथ मे उसकी बाइक मिलने की सूचना परिजनों को मिली तो बदहवाश परिजन सई पुल पर पहुंचे। इधर सूचना पर सांगीपुर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जानकारी मिलने पर सीओ जगमोहन यादव तथा लालगंज कोतवाल भी फोर्स के साथ सई पुल पर पहुंचे। स्थानीय युवको के अलावा क्षेत्रीय गोताखोर देर रात तक नाव से युवक की तलाश मे जाल बिछाये रहे। देर रात तक युवक का पता नही चल सका। सोमवार की सुबह से ही फिर पुलिस ने युवक की खोजबीन शुरू कराई। प्रयागराज से भी गोताखोर पहुंचे तथा युवक की तलाश मे जुट गये। मृतक राजकुमार का अभी दो वर्ष पूर्व ही विवाह हुआ था। मृतक अपने पीछे पत्नी शशी तथा डेढ माह की मासूम बेटी को छोड़ गया है।

सन्दिग्ध परिस्थतियों में विवाहिता लापता

मसौली (बाराबंकी)। एक पखवारा पूर्व सन्दिग्ध परिस्थतियों में लापता हुई विवाहिता के पति ने गुमशुदगी की रिपोट दर्ज कराई है। मामला मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम डेढ़वा निवासी रमेश लोधी की लापता पत्नी गीता का है जो बीते एक पखवारे से अपने चार वर्षीय पुत्र के साथ लापता है। लापता महिला के भाई श्रवण कुमार पुत्र मोहनलाल निवासी ग्राम बहरेलाडीह थाना रामसनेहीघाट ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि 12 वर्ष पूर्व मेरी बहन गीता का विवाह हुआ था। शादी के बाद से ही पति, जेठ, जेठानी, देवर, देवरानी दहेज को लेकर मानसिक एव शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहते थे और मेरे बहन एक पुत्री व एक पुत्र है तथा बहनोई दूसरी शादी करने के कारण मेरी बहन व चार वर्षीय भांजे को गायब कर दिया है। शिकायतकर्ता ने बहन के साथ किसी अनहोनी घटना की आशंका जताई है। वही लापता महिला के पति ने मसौली थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है।

प्रवासी मजदूरों को राशन किट वितरित किया

शिवगढ़ (रायबरेली)। शहरों से पलायन करके गांव पहुंचे प्रवासी मजदूरों को ग्राम प्रधान अनुपमा तिवारी ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए राशन किट वितरित की। विदित हो कि विभिन्न शहरों से पलायन करके ग्राम पंचायत पिपरी पहुंचे 28 प्रवासी मजदूरों को ग्राम प्रधान अनुपमा तिवारी, ग्राम पंचायत सचिव सीताराम ने शासन की ओर से भेजी गई राशन किट देकर होम क्वारंटाइन रहने के लिए कहा। ग्राम प्रधान अनुपमा तिवारी ने सभी प्रवासी मजदूरों से अपील करते हुए कहा कि होम क्वारंटाइन के दौरान परिवार से अलग रहे ताकि किसी भी प्रकार के संक्रमण की स्थित पाए जाने पर परिवार का कोई दूसरा सदस्य संक्रमित ना हो। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि नंदकिशोर तिवारी, ग्राम रोजगार सेवक अशोक कुमार सहित लोग मौजूद रहे।

संकट की घड़ी में धैर्य बनाए रखें प्रवासी

महराजगंज। प्रवासी भारतीय इस घड़ी में धैर्य बनाए रखें। क्योंकि सभी प्रवासी कामगारों को उनके घरों तक सुरक्षित पहुंचाना सरकार का काम है। सरकार बखूबी अपना काम कर रही है। यह बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सभासद व पत्रकार विजय कुमार धीमान उर्फ विजय ढोनी ने कस्बे के पुलिस चौकी के पास प्रवासियों में भोजन पैकेट व फ्ल वितरण करते हुए व्यक्त किए हैं। आपको बता दें कि विजय धोनी के नेतृत्व में कस्बे के रमेश अवस्थी, लक्ष्मी शंकर श्रीवास्तव, सोनू यज्ञ सैनी, अमित यज्ञ सैनी, श्याम लाल, सोनू जायसवाल, आशीष कुमार, अभिषेक श्रीवास्तव आदि लोग विगत कई दिनों से प्रवासियों से भरी आ रही बसों को रोक कर भोजन पैकेट, फल तथा मिठाई वितरित कर रहे हैं। यही नहीं प्रवासियों के साथ आ रहे बच्चों को चॉकलेट, टॉफी व बिस्किट भी प्रदान कर रहे हैं।